जैन विश्व भारती काशन

तेरापंथ दिग्दर्शन
१९८५-८६

॰ मुनि सुमेरमल "लाडनू"

सपादक

सं० मुनि सुमेरमल "लाडनू"

युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी के अमृत-महोत्सव के उपलक्ष मे
चगलपेठ (तमिलनाडु) निवासी प्रसन्नमल सुरेन्द्रकुमार
गादिया द्वारा सचालित श्रीमति शान्ता बाई
चैरिटीज ट्रस्ट द्वारा सप्रेम भेंट

मूल्य : पेंतीस रुपये / प्रथम सस्करण १९८६ / : जैन विश्व भारती, लाडनू, नागौर (राजस्थान)/मुद्रक . जैन विश्व भारती प्रेस, लाडनू-३४१ ३०६ ।

TERAPANTH DIGDARSHAN 1985-86
San Munı Sumermal 'Ladnun'
Rs. 35.

आशीर्वचन

वर्तमान की हर आहट पर समय का पहरा बैठा है। वह उसे अतीत मे ले जाता है और उस पर मौन की अमिट छाप लग जाती है। कुछ व्यक्ति ऐसे होते है जो उस आहट को स्थायित्व देने का काम करते है। इतिहास उन्ही के दिमाग की उपज है। 'तेरापन्थ दिग्दर्शन' तेरापन्थ धर्मसघ का वार्षिक इतिहास है। इतिहास की एक छोटी सी झलक इसमे दिखाई दे सकती है।

'तेरापन्थ दिग्दर्शन' का यह दूसरा वर्ष है। इसका प्रथम वर्ष अपने आप मे एक नया प्रयोग था। कोई भी नई धारा आगे बढती है तो उसमे कुछ छूटता है, कुछ जुडता है। 'तेरापन्थ दिग्दर्शन' १९८५, ८६ मे भी कुछ छोडने और कुछ जोडने का सलक्ष्य प्रयास किया गया है। पिछले वर्ष के इतिहास मे रही कमियो को परिमार्जित करने के बाद भी इसमे परिष्कार की सभावना सदा रहेगी। किसी भी लेखन या सम्पादन मे परिष्कार की दृष्टि जितनी स्पष्ट और उदार होती है, कृति का महत्त्व उतना ही बढता है।

पाठको का यह दायित्व है कि वे पुस्तक को पैनी दृष्टि से पढे और उसकी तटस्थ समीक्षा-समालोचना करे। पाठको की आलोचना की धार जितनी तीखी होगी, लेखक और सपादक की उतनी ही सजगता बढेगी। लेखक, सपादक भी अपने पुरुषार्थ को परिमार्जित करने मे अपनी सफलता समझे और विकास की सभावना देखे, यह आवश्यक है।

इतिहास के सकलन और सम्पादन का काम पूरी तरह से श्रम और शक्ति के नियोजन की अपेक्षा रखता है। आन्तरिक लगन और उत्साह के बिना ऐसा काम होना बहुत कठिन है। प्रस्तुत इतिहास के सकलन, सम्पादन मे मुनि सुमेरमल (लाडनू) ने निष्ठा और श्रमशीलता के साथ काम किया है। मै चाहता हू कि 'तेरापन्थ दिग्दर्शन' एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज बने, जो आने वाली पीढियो को युग-युग तक प्रेरणा दे सके। इसके लिए एक बात की ओर विशेष ध्यान देना है कि इसमे प्रशस्ति न हो, केवल प्रस्तुति हो। यथार्थ को प्रस्तुत करने का दृष्टिकोण ही इतिहास को एक निष्कलक दर्पण बना सकता है, जिसमे अतीत की प्रत्येक आकृति का सही रूपाकन सभव है।

२८-६-८६

—आचार्य तुलसी

स्वास्थ्य निकेतन, जैन विश्व भारती

लाडनू

मंगल-संदेश

पूरे मार्ग पर साथ चलना सम्भव नही होता, इतना ही बहुत है, कि कोई सही-सही दिशा दिखा दे। तेरापथ अनुगामिन और प्रगतिशील धर्मसघ है और उसे आचार्यश्री तुलसी जैसे प्रगतिशील आचार्य का नेतृत्व उपलब्ध है। उसने शतशाखी वट वृक्ष की भाति सभी दिशाओ मे विस्तार किया है। उसका समग्रता से लेखा-जोखा प्रस्तुत करना किसी लेखक के वश की बात नही, फिर भी उसका दिशादर्शन कर देना अपने आपमे एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। मुनि सुमेरमलजी 'लाडनू' तथा उनके सहयोगी मुनि उदितकुमार ने दिशा सूचन के लिये जो प्रयत्न किया है, वह प्रशस्य है। इससे ऐतिहासिक तथ्यो की सुरक्षा होगी, यह ग्रथ अगले वर्ष तथा चिर भविष्य के लिये प्रेरणासूत्र बना रहेगा।

२६-६-८६ —युवाचार्य महाप्रज्ञ

लाडनू, जैन विश्व भारती

प्राक्कथन

तेरापथ जैन धर्म का अर्वाचीन सस्करण है । भगवान महावीर के सिद्धान्तो पर पूर्ण समर्पित यह तेरापथ धर्मसघ अपने सस्थापक आचार्य भिक्षु के प्रति इस बात के लिए अत्यन्त आभारी रहेगा कि उन्होने धर्मसघ मे कुछ ऐसी लक्ष्मण रेखाए खीची हैं, जिसके भीतर किसी भी रावण की घुसपैठ नही होती । आचार्य भिक्षु ने एक आचार्य, एक आचार, एक विचार जैसे महत्व-पूर्ण सूत्र तेरापथ को दिये । जिनके बदौलत यह धर्मसघ एक आचार्य के नेतृत्व व मार्गदर्शन मे एक आचार और एक विचार की मौलिकता को कायम रखते हुए निरतर गतिमान है ।

सम्प्रति आचार्यश्री तुलसी के गतिशील नेतृत्व मे वर्तमान का तेरापथ विविधमुखी प्रवृत्तियो का केन्द्र बन गया है । आचार्यश्री ने साधु-साध्वियो के लिए जहा नूतन आयाम उद्घाटित किये है वहा उन्होने समाज को एक नई दिशा दी है । तेरापथ का मुख्य ध्येय आत्म-साधना है । इसके साथ शिक्षा, सेवा, यात्रा, जनसपर्क आदि भी साधु-साध्वियो के जीवन के अग हैं । वे अपनी साधना मे अहर्निश सलग्न रहते ही हैं, साथ ही अपने सपर्क मे आने वालो को अपनी अनुभूतिया बाटते हैं, दिशादर्शन करते हैं, उनके चरित्र-उन्नयन की प्रेरणा देते है । कुल मिलाकर 'तिन्नाण-तारयाण' के आगम वाक्य को चरितार्थ करते हुए वे स्व-कल्याण के साथ पर कल्याण की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है ।

पूरे वर्ष मे हुये कार्यक्रमो तथा घटित घटनाओ का समग्र सकलन किसी लेखक के लिए सभव नही है । उनमे से कुछ प्रतिशत सकलन भी हो जाये, तो इतिहास की अपूर्व थाती बन सकती है । तथ्यो के सकलन मे तेरापथ मे सदैव सजगता रही है, तब ही तरापथ के आदि से अब तक हुए साधु-साध्वियो का विवरण सुरक्षित है ।

पूर्व वष की भाति इस वर्ष भी तेरापथ की बहुआयामी प्रवृत्तियो के सकलन का प्रयास किया गया है । आचार्यश्री जहा स्वय की साधना मे सजग हैं—नियत समय पर उठना, ध्यान स्वाध्याय करना, साधु-साध्वियो को पढाना,

व सभाल करना आदि। वहा हजारो-हजारो लोगो के नैतिक जीवन को उन्नत बनाने, व्यसन मुक्त बनाने, दूर दूर से समागत अध्यात्म प्रेमियो को मार्गदर्शन करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य भी उनकी जीवन-चर्या के अग है। बहत्तर बसन्त पार करने के बावजूद वे पन्द्रह-बीस किलोमीटर चल लेते है। दो-तीन सभाओ को सबोधित करते हैं। क्षेत्रगत बुराई को मिटाने का सलक्ष्य यत्न करते है। इन सारे कार्य-कलापो के सपादन मे अनेको मधुर प्रसग घटित हो जाते हैं। जो न केवल रोचक, प्रेरणादायक व गुदगुदी पैदा करने वाले होते है, अपितु इतिहास की अमूल्य धरोहर बन जाते है।

जनसपर्क की दृष्टि से आलोच्य वर्ष बहुत महत्त्वपूर्ण रहा। हजारो-हजारो देहाती लोगो से सपर्क हुआ। भोले-भाले देहाती लोग आचार्यश्री को घटो-घटो घेरे रहते, अपने जीवन की समस्या का समाधान पूछते, अपनी ही भाषा मे आचार्यश्री से समाधान सुनकर गद्गद हो उठते। बहुतो के मुख से अनायास निकल पडता—'भगवान आये हैं, भगवान। पैसे टके को छूते नही, भेट पूजा लेते नही, केवल खोट मागते हैं, दो, इनको खोट दो'। देखते-देखते बीडियो के बडल टूट जाते, तबाखू की डिबिया फेंक दी जाती, वर्षो से शराब पी रहे लोगो की शराब छूट जाती। सैकडो-सैकडो सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता सम्पर्क मे आते रहे है। आचार्यश्री का द्वार सबके लिए खुला है। कोई भी आकर मार्गदर्शन पा सकता है। आज आचार्य तुलसी नैतिक अभियान के पर्याय बन गये है। सार्वजनिक स्वच्छता के प्रतीक बन गये हैं।

देश की जटिल समस्या के समाधान मे आचार्यवर निरन्तर सक्रिय रहते है। उलझी हुई पजाब-समस्या के समाधान हेतु अकाली दल के दोनो नेता श्री लोगोवाल व श्री बरनाला से आचार्यवर की महत्वपूर्ण बातचीत हुई। बातचीत के बाद एक सप्ताह के भीतर पजाब समझौता हो गया। पूरे राष्ट्र ने राहत की सास ली। उसके तत्काल बाद गृहमत्री ने आचार्यश्री के पास आकर आभार व्यक्त किया।

प्रस्तुत ग्रथ ८ नवबर १९८४ से १७ फरवरी, १९८६ तक के ४६७ दिनो की पूरी गतिविधियो, कार्यक्रमो का सकलन है। इस अवधि मे आचार्यवर के कार्यक्रमो, सस्मरणो, यात्रा-प्रसगो, भेटवार्ताओ का विवरण खड एक का मुख्य प्रतिपाद्य है। यह वर्ष अमृत महोत्सव का वर्ष है। आचार्यवर की पचास वर्षीय धर्मशासना की महानतम उपलब्धियो को यत्किचित प्रस्तुति देने हेतु युवाचार्यश्री ने अमृत महोत्सव के समायोजना की

व सभाल करना आदि। वहा हजारो-हजारो लोगो के नैतिक जीवन को उन्नत बनाने, व्यसन मुक्त बनाने, दूर-दूर से समागत अध्यात्म प्रेमियो को मार्गदर्शन करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य भी उनकी जीवन-चर्या के अग ह। वहत्तर बसन्त पार करने के बावजूद वे पन्द्रह-बीस किलोमीटर चल लेते है। दो-तीन सभाओ को सबोधित करते है। क्षेत्रगत बुराई को मिटाने का सलक्ष्य यत्न करते है। इन सारे कार्य-कलापो के सपादन मे अनेको मधुर प्रसग घटित हो जाते हैं। जो न केवल रोचक, प्रेरणादायक व गुदगुदी पैदा करने वाले होते हैं, अपितु इतिहास की अमूल्य धरोहर बन जाते है।

जनसपर्क की दृष्टि से आलोच्य वर्ष बहुत महत्त्वपूर्ण रहा। हजारो-हजारो देहाती लोगो से सपर्क हुआ। भोले-भाले देहाती लोग आचार्यश्री को घटो-घटो घेरे रहते, अपने जीवन की समस्या का समाधान पूछते, अपनी ही भाषा मे आचार्यश्री से समाधान सुनकर गद्गद हो उठते। बहुतो के मुख से अनायास निकल पडता—'भगवान आये है, भगवान। पैसे टके को छूते नही, भेट पूजा लेते नही, केवल खोट मागते है, दो, इनको खोट दो'। देखते-देखते बीडियो के बडल टूट जाते, तबाखू की डिबिया फेक दी जाती, वर्षो से शराब पी रहे लोगो की शराब छूट जाती। सैकडो-सैकडो सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता सम्पर्क मे आते रहे है। आचार्यश्री का द्वार सबके लिए खुला है। कोई भी आकर मार्गदर्शन पा सकता है। आज आचार्य तुलसी नैतिक अभियान के पर्याय बन गये है। सार्वजनिक स्वच्छता के प्रतीक बन गये हैं।

देश की जटिल समस्या के समाधान मे आचार्यवर निरन्तर सक्रिय रहते है। उलझी हुई पजाब-समस्या के समाधान हेतु अकाली दल के दोनो नेता श्री लोगोवाल व श्री बरनाला से आचायवर की महत्वपूर्ण बातचीत हुई। बातचीत के बाद एक सप्ताह के भीतर पजाब समझौता हो गया। पूरे राष्ट्र ने राहत की सास ली। उसके तत्काल बाद गृहमत्री ने आचार्यश्री के पास आकर आभार व्यक्त किया।

प्रस्तुत ग्रथ ८ नवबर १९८४ से १७ फरवरी, १९८६ तक के ४६७ दिनो की पूरी गतिविधियो, कार्यक्रमो का सकलन है। इस अवधि मे आचार्यवर के कार्यक्रमो, सस्मरणो, यात्रा-प्रसगो, भेटवार्ताओ का विवरण खड एक का मुख्य प्रतिपाद्य है। यह वष अमृत महोत्सव का वर्ष है। आचार्यवर की पचास वर्षीय धर्मशासना की महानतम उपलब्धियो को यत्किचित प्रस्तुति देने हेतु युवाचार्यश्री ने अमृत महोत्सव के समायोजना की

समय पर अपेक्षित सामग्री को जुटाने मे पूरा पूरा सहयोग रहा । मुनि किशनलालजी ने प्रेक्षाध्यान व जीवन-विज्ञान की रिपोर्ट तैयार की । मुनि धनजय कुमार जी ने युवाचार्यश्री की यात्रा व अन्य विवरण को अपनी कलम से उकेरा । मुनि बालचदजी व मुनि मधुकरजी का समय-समय पर योग मिला । आदर्श साहित्य सघ से प्रकाशित होने वाली साप्ताहिक विज्ञप्ति का यथोचित उपयोग हुआ । इसके अलावा अन्य सघीय पत्र-पत्रिकाओ जैन भारती, अणुव्रत, युवादृष्टि, पाथेय, प्रेक्षाध्यान से भी सामग्री प्राप्त हुई । ग्रथ की अवधारणा मे श्री प्रेमप्रकाश अग्रवाल का योग रहा । मैं इन सबके प्रति हार्दिक आभार मानता हू ।

मेरे सहयोगी मुनि उदित कुमार का इसमे सर्वाधिक श्रम रहा है । मेरा तो केवल मार्गदशन व तथ्य सकलन रहा है । शेष सारा काय उसके द्वारा हुआ है । उसकी लेखनी ओर सशक्त बने, इसी मगल भावना के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हू ।

तेरापथ दिग्दशन का यह दूसरा वर्ष है । इसमे काफी कुछ परिष्कार हुआ है, फिर भी इसमे सशोधन-परिवर्धन का अवकाश है । आशा है आने वाले वर्ष मे ओर अधिक तथ्यो का सकलन होगा । धर्मसघ के प्रत्येक साधु-साध्वियो का धार्मिक, आध्यात्मिक प्रवृत्तियो का लेखा-जोखा इसमे अकित होगा । पुस्तक पाठको के लिये प्रेरक बने, इसी शुभाशसा के साथ ।

२९-६-१९८६ —मुनि सुमेर 'लाडनू'

स्वास्थ्य निकेतन (भिक्षु विहार)
जैन विश्व भारती, लाडनू

कर्षण

- जसोल मे मर्यादा-महोत्सव पर श्री शिवाजी भावे को सन् १९८४ का अणुव्रत पुरस्कार समर्पित ।
- मेवाड प्रवेश पर टॉडगढ मे मेवाड प्रदेशीय स्वागत ।
- गगापुर मे अमृत-महोत्सव का प्रथम चरण आयोजित व अमृत-कलश पदयात्रा का शुभारभ ।
- आमेट चातुर्मासिक प्रवेश पर अमृत-कलश मे भरे ३५ हजार ४६० सकल्प पत्र आचार्यवर को समर्पित ।
- मुमुक्षु बहिनो व समणियो का साप्ताहिक प्रेक्षा शिविर ।
- अकाली दल के अध्यक्ष श्री लोंगोवाल की आचार्यवर से पजाब-समस्या के समाधान मे महत्वपूर्ण बातचीत ।
- पजाब समझौते के तत्काल बाद केन्द्रीय गृहमत्री श्री श० भा० चह्वान का आगमन ।
- अमृत-महोत्सव के द्वितीय-चरण पर चतुर्विध धर्मसघ द्वारा भावभरा अभिनन्दन ।
- साधु-साध्वियो का नवाह्निक प्रेक्षा-प्रयोग ।
- कानोड मे पचदिवसीय श्रावक सम्मेलन ।
- उदयपुर मे मर्यादा महोत्सव व अमृतम-होत्सव के तृतीय चरण का समायोजन ।
- महामहिम राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिह द्वारा आचार्यवर को 'भारत ज्योति' अलकरण प्रदत्त ।
- पूव गृहमत्री श्री गुलजारी लाल नदा को सन् १९८५ का अणुव्रत पुरस्कार समर्पित ।
- साध्वी श्री यशोधराजी का साध्वी नियोजिका के रूप मे मनोनयन ।
- मुनि श्री मुदित कुमार की युवाचार्यश्री के आतरिक काय मे व्यक्तिगत सहयोगी के रूप मे महत्वपूण नियुक्ति ।

खण्ड-१

खण्ड-२

परिशिष्ट

खण्ड १

एक महान् परिव्राजक

आचार्यश्री के चरण जहा टिकते है, वहा धम का पवित्र प्रवाह प्रारम हो जाता है। वातावरण मे नवीनता आ जाती है। भारी भीड जमा हो जाती है। आचार्यश्री अपने जनोपयोगी कार्यक्रमो से जनता को अवगत कराते है। वे आचरण की शुद्धि को मुख्यता देते है। अनुशासन एव ईमानदारी के गिरते हुए स्तर को ऊचा उठाने के लिए उन्होने अणुव्रत आदोलन का सूत्रपात्र किया, जिससे नैतिकता की पुर्नस्थापना को एक नया आयाम मिला।

आचार्यश्री तुलसी महान् परिव्राजक है। उन्होने अपने छोटे-छोटे कदमो से धरती के छोर को नापा है, हजारो लोगो से सपक साधा है, तथा लाखो उनके सपर्क मे आये है। शहरो की पढी-लिखी जनता को वे जीवन के सही माग की ओर गति करने का इगित करते है, वहा गावो की भोली-भाली जनता को व्यसन मुक्त एव रुढि मुक्त बनाने का सलक्ष्य प्रयास करते है। चार महीने का एक स्थान तथा शेप आठ महीनो मे पाद-विहार करते है। इस दौरान वे जनता को सयम का पाठ पढाते है।

चातुर्मास एक यादगार बन गया

जोधपुर का ऐतिहासिक चातुर्मास द नवम्बर को सानन्द सपन्न हो गया। इस चातुर्मास की सबसे बडी विशेपता यह थी सभी जाति और सभी वग के लोगो ने बिना किसी भेदभाव के आचार्यवर को सुना। राजनीति, धम, समाज एव शिक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रो के लोग आचार्यश्री के सपक मे बराबर आते रहे। वे आचार्यश्री के असाम्प्रदायिक एव स्पष्ट विचारो से बहुत प्रभावित हुए। मरु-अनुसधान केन्द्र (काजरी) मे वैज्ञानिको के बीच आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री का 'धर्म और विज्ञान' विषय पर मार्मिक वक्तव्य हुआ। केन्द्र के इतिहास मे यह अपने ढग का पहला कार्यक्रम था। हजारो-हजारो लोग सपर्क मे आये, उनमे व्यसन मुक्ति की दिशा मे अनुठा काम हुआ। अनेक अनुसूचित परिवार सत्सस्कारी बने।

आचायवर का चातुर्मास जोधपुर के ही एक उपनगर सरदारपुरा मे हुआ। आधुनिक ढग से बसे इस उपनगर मे सौ से भी अधिक तेरापथी परिवार रहते है, छठी पाल रोड पर श्री छगनलाल तातेड के पुत्र द्वयश्री जिनेश्वर

कुमार एव श्री अमृतलाल के दो वगले है, जो परस्पर सटे हुए है, वहा आचार्यवर का चातुर्मास हुआ। पार्श्व मे मेघ गेस्ट हाउस है, जहा चातुर्मास व्यवस्था समिति का प्रधान कार्यालय था। जोधपुर वासियो द्वारा ८ नवम्बर को भावभीनी विदाई दी गई। ९ व १० को आचार्यवर जोधपुर के ही उपनगर शास्त्री नगर एव हाउसिंग बोर्ड विराजे। ११ नवम्बर को जोधपुर नगर परिषद् की सीमा समाप्त हो गई।

बाडमेर जिला मे प्रवेश

१४ नवम्बर। कोरणा / जोधपुर जिला की सीमा पारकर बाडमेर जिला मे प्रवेश किया। दूसरे दिन जिले की ओर से भावपूर्ण स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बाडमेर के जिलाधीश श्री के० एस० मणी ने कहा—'नैतिक मूल्यो मे दिन-प्रतिदिन आ रही गिरावट एक चिन्ता का विषय है, किन्तु इस सदर्भ मे अणुव्रत एक आशा की किरण है। आचार्य तुलसी देश के एक मात्र आचार्य है जो नैतिक जागरण के लिए अनवरत प्रयत्नशील हैं।'

पचपदरा क्षेत्र के विधायक श्री अमराराम चौधरी ने कहा—'आचार्यश्री तुलसी धर्म की साक्षात् गगा है। बाडमेर के रेगिस्तानी क्षेत्र को सब प्रकार से हराभरा बनाने के लिए आपका शुभागमन हुआ है। आचार्यश्री जैन धर्म के एक सप्रदाय विशेष के आचार्य है, किन्तु आपके कार्यो को किसी वर्ग विशेप मे विभक्त नही किया जा सकता।'

पत्रकार श्री भूरचद जैन ने कहा—'मानव उत्थान के लिए आचार्यश्री जो कार्य कर रहे हैं, उसका वर्णन हमारे लिए शब्दातीत है। बाडमेर एक सीमात क्षेत्र है। आपकी कृपा से यहा कुछ ऐसे कार्य होगे, जिससे आपकी यह बाडमेर जिले की यात्रा ऐतिहासिक बन जायेगी।'

उपजिलाधीश श्री रामपालसिह चौहान, बालोतरा जिला के उपजिलाधीश श्री गुरुदयाल आर्य, विकास अधिकारी श्री रणछोडदास नामा, उपपुलिस अधीक्षक श्री विनोद बागड, कोरणा गाव के सरपच श्री सुरेन्द्र सिह तथा बाडमेर नगरपालिका के उपाध्यक्ष श्री नेमीचन्द गोलच्छा ने आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया।

आचार्यश्री ने अभिनन्दन के प्रत्युत्तर मे कहा—'यह स्वागत या अभिनन्दन किसी व्यक्ति का नही, त्याग का अभिनन्दन है, भारतीय सस्कृति का

अभिनन्दन है। हमारा सच्चा स्वागत तभी होगा, जब मानवीय मूल्यो को ऊपर उठाने मे आप सहयोगी बनेगे।'

१८ नवम्बर। आचार्यप्रवर के प्रवचन से प्रभावित होकर सैकडो ग्रामीणो ने मद्य, मास, धूम्रपान आदि का परित्याग किया।

शोक विमोचन

रायपुर मध्यप्रदेश के निवासी ३२ वर्षीय नौजवान वसन्त कुमार दुगड एव उसकी आठ वर्षीय पुत्री चन्द्रकला की स्टोव फट जाने से तत्काल मृत्यु हो गई। दो सगी बहिने आग से बुरी तरह झुलस गई। उनको अस्पताल मे दाखिल किया। इस दु खद घडी मे उसके माता-पिता व धर्मपत्नी ने दुर्घटना के मात्र चौवीस घटे के बाद आगोलाई मे गुरुदेव के दर्शन किये आचार्यवर ने पारिवारिक सदस्यो को सबल प्रदान किया।

श्री भवरलाल मालू गगाशहर की माताजी का ८२ वर्ष की वृद्धावस्था मे ५० मिनट अनशन मे स्वर्गवास। पारिवारिक जनो ने आचार्यवर के दर्शन किये। आचार्यवर ने माताजी की भावना के अनुरूप रूढि को प्रश्रय न देने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

१८ नवम्बर। पाटोदी / किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमे सैकडो किसानो ने आचार्यश्री के उपदेश को सुना। व्यसनमुक्त बने।

चार बार स्थान परिवर्तन

२० नवम्बर। गोपडी से पचपदरा के बीच मात्र पाच कि० मी० की दूरी थी, इसलिए पचपदरा के लोगो का दिनभर ताता लगा रहा। आज आचार्यवर को चार बार स्थान परिवर्तन करना पडा। यह आचार्यवर के जीवन का सभवत प्रथम अवसर था। स्थान परिवर्तन का कारण गाववासियो की अनुदारता नही थी। उन्होने तो अपने पूरे घर हमारे लिए खोल दिये थे। आचार्यवर सवप्रथम जहा ठहरे थे, वहा 'इलिया' आदि क्षुद्र जीवो की बहुलता होने से हिंसा की सभावना थी, इसलिए वह स्थान छोड दूसरे मकान मे पधारे, उस मकान की छत टीन की थी। दोपहर मे टीन के गर्म होते ही आचार्यवर को शीघ्र जुकाम होने की सभावना रहती है। अत उसे भी छोडना पडा। तीसरा स्थान इतना छोटा था कि जिसमे मुश्किल से चार आदमी ही बैठ सकते थे। गोपडी गाव एव पचपदरा के लोगो का बहुत आवागमन था, इसलिए रात्रि प्रवास बडे स्थान पर किया। बार-बार परिवर्तन करने से

आचार्यवर को कोई कष्टानुभूति नही हुई, प्रत्युत एक नैसर्गिक आनन्द का अनुभव हुआ।

पचपदरा मे भावभरा स्वागत

२१ नवम्बर। प्रात गोपडी से विहार कर आचार्यवर पचपदरा पधारे। पाच कि० मी० लम्बा यह माग जनाकीर्ण हो गया था। पचपदरा की प्रमुख गलियो से होते हुए एक भव्य जुलूस के साथ आचार्यवर नवनिर्मित प्रवचन पण्डाल मे पहुचे। श्री मोहनलाल दम्माणी का वगला आचार्यवर का प्रवास-स्थल वना। समागत बहिर्विहारी साधु-साध्वियो तथा स्थानीय सस्थाओ की ओर से आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया गया। श्री सोहनलाल सालेचा ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया।

आचायवर ने सभी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियो मे सतुलित रहने का उपदेश दिया तथा गोपडी मे चार वार स्थान परिवतन की घटना का जिक्र करते हुए कहा—'गोपडी मे छोटी सी कुटिया मे हमारा मुकाम हुआ और आज इस आलीशान कोठी मे, पर साधना का परिणाम है कि हमारी मन स्थिति मे कोई अन्तर् नही आया। इस सदर्भ मे आचार्यवर ने दो पद्य भी फरमाये।

कोठी हो चाहे कुटी, समुचित सत अदीन।
पचपदरो और गोपडी, देखो दोनू सीन।
कोठी ओपे आज ओ, जनता रो उमडाव।
काल कुटी मे म्हे कियो, चार बार ।

२३ नवम्बर/प्रात कालीन प्रवचन मे आचायवर ने कहा—'मै आस्तिक उसे मानता हू जो धर्म, कर्म और परमात्मा के प्रति आस्थावान् होता हुआ भी गलत काम करते समय प्रकम्पित होता है। पापभीरुता आस्तिक का लक्षण है।'

२४ नवम्बर / जसोलवासी श्रीशकरलाल मेहता (बाबूजी) के ज्येष्ठ भ्राता श्री रायचद मेहता का निधन हो गया। पारिवारिक जनो ने आचार्यवर के दशन किये।

रायचदजी एक धार्मिक श्रावक थे—आचार्यवर ने उनके बारे मे ये पद्य भी फरमाए—

शकर रो बड भ्रात, रायचद श्रावक रसिक।
सचमुच बण्यो सनाथ, सुध धार्मिक जीवन जियो ॥

तोडी रूढ परपरा, दृढ मेहता परिवार।
उदाहरण सब सामने, रख्यो सहज साकार।।

श्री मानमल सिघवी की धर्मपत्नी श्रीमती उगमकवर (जोधपुर) के देहान्त के एक दिन पश्चात् ही शोक समाप्त कर आचार्यवर के दर्शन किये। आचार्यश्री ने इस अवसर पर कहा—'बहिन उगमकवर एक धर्मनिष्ठ महिला थी। गुरुभक्ति उसकी रग-रग मे रमी हुई थी। सघवी परिवार परपरा मे वैष्णव रहा है, पर बहिन उगमकवर ने अपने परिवार को धार्मिक एव जैनत्व के सस्कारो से रगा। पारिवारिक जनो का यह दायित्व है कि वे बहिन मे प्राप्त सस्कारो को सजोकर रखे और अधिक विकसित करे।

पुत्र-जन्म पर गुरु-दर्शन

सुख-दुख हर्ष-विषाद के समय सतुलन स्थापित रहे, इसलिए गुरु का मार्ग-दर्शन जरूरी है।इन वर्षो मे समाज मे एक अच्छी परपरा चल रही है। शादी, मृत्यु, तपस्या आदि अवसरो पर प्राय पूरा परिवार गुरु-चरणो मे पहुचता है, और विशेष पाथेय प्राप्त करता है। अन्टालिया (मेवाड) के एक परिवार ने एक नई परपरा का सूत्रपात किया है। वह है पुत्र-जन्म के उपलक्ष मे गुरु-चरणो मे उपस्थित होना।

अण्टालिया निवासी श्री सागरमल राठोड के छह पुत्र है। उनके तीन पुत्रो के तीन-तीन पुत्रिया है। उन्होने यह सकल्प किया कि इस बार पुत्र-रत्न की प्राप्ति होगी तो, यथाशीघ्र गुरु-दर्शन करेगे। सयोग से तीनो को पुत्र-लाभ हुआ। श्रद्धालु जन इसे आस्था का चमत्कार मान सकते है खैर कुछ भी हो, तीन बसो से इस परिवार के सैकडो भाई-बहिन आचार्यवर की सन्निधि मे पहुचे।

रात्रि मे आचार्यवर के सान्निध्य मे कवि-सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमे अनेक प्रमुख कवियो ने भाग लिया।

२५ नवम्बर/आचार्यवर ने प्रात प्रवचन के दोरान कहा—"दहेज एक भयकर बीमारी है, समाज का कोढ है, बहुत बडा अपराध है। मैं इसे मानवता के खिलाफ मानता हू।"

२७ नवम्बर को रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वीप्रमुखाश्री के सान्निध्य मे हुआ। २८ नवम्बर को पचपदरावासियो द्वारा आचार्यवर को भावपूर्ण विदाई दी गई।

आचार्यवर को कोई कष्टानुभूति नही हुई, प्रत्युत एक नैसर्गिक आनन्द का अनुभव हुआ ।

पचपदरा मे भावभरा स्वागत

२१ नवम्बर। प्रात गोपडी से विहार कर आचार्यवर पचपदरा पधारे। पाच कि० मी० लम्बा यह मार्ग जनाकीर्ण हो गया था। पचपदरा की प्रमुख गलियो से होते हुए एक भव्य जुलूस के साथ आचार्यवर नवनिर्मित प्रवचन पण्डाल मे पहुचे। श्री मोहनलाल दम्माणी का बगला आचार्यवर का प्रवास-स्थल बना। समागत वहिर्विहारी साधु-साध्वियो तथा स्थानीय सस्थाओ की ओर से आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया गया। श्री सोहनलाल सालेचा ने आजीवन ब्रह्मचय व्रत स्वीकार किया।

आचार्यवर ने सभी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियो मे सतुलित रहने का उपदेश दिया तथा गोपडी मे चार बार स्थान परिवर्तन की घटना का जिक्र करते हुए कहा—'गोपडी मे छोटी सी कुटिया मे हमारा मुकाम हुआ और आज इस आलीशान कोठी मे, पर साधना का परिणाम है कि हमारी मन स्थिति मे कोई अन्तर् नही आया। इस सदर्भ मे आचार्यवर ने दो पद्य भी फरमाये।

कोठी हो चाहे कुटी, समुचित सत अदीन।
पचपदरो और गोपडी, देखो दोनू सीन।
कोठी ओपे आज ओ, जनता रो उमडाव।
काल कुटी मे म्हे कियो, चार बार बदलाव।

२३ नवम्बर/प्रात कालीन प्रवचन मे आचार्यवर ने कहा—'मैं आस्तिक उसे मानता हू जो धर्म, कर्म और परमात्मा के प्रति आस्थावान् होता हुआ भी गलत काम करते समय प्रकम्पित होता है। पापभीरुता आस्तिक का लक्षण है।'

२४ नवम्बर / जसोलवासी श्रीशकरलाल मेहता (बाबूजी) के ज्येष्ठ भ्राता श्री रायचद मेहता का निधन हो गया। पारिवारिक जनो ने आचार्यवर के दशन किये।

रायचदजी एक धार्मिक श्रावक थे— आचार्यवर ने उनके बारे मे ये पद्य भी फरमाए—

शकर रो बड भ्रात, रायचद श्रावक रसिक।
सचमुच बण्यो सनाथ, सुघ धार्मिक जीवन जियो ॥

तोडी रूढ परपरा, दृढ मेहता परिवार।
उदाहरण सब सामने, रख्यो सहज साकार ।।

श्री मानमल सिघवी की धर्मपत्नी श्रीमती उगमकवर (जोधपुर) के देहान्त के एक दिन पश्चात् ही शोक समाप्त कर आचार्यवर के दर्शन किये। आचार्यश्री ने इस अवसर पर कहा—'बहिन उगमकवर एक धर्मनिष्ठ महिला थी। गुरुभक्ति उसकी रग-रग मे रमी हुई थी। सघवी परिवार परपरा से वैष्णव रहा है, पर बहिन उगमकवर ने अपने परिवार को धार्मिक एव जैनत्व के सस्कारो से रगा। पारिवारिक जनो का यह दायित्व है कि वे बहिन से प्राप्त सस्कारो को सजोकर रखे और अधिक विकसित करे।

पुत्र-जन्म पर गुरु-दर्शन

सुख-दु ख, हर्ष-विषाद के समय सतुलन स्थापित रहे, इसलिए गुरु का मार्ग-दर्शन जरूरी है। इन वर्षो मे समाज मे एक अच्छी परपरा चल रही है। शादी, मृत्यु, तपस्या आदि अवसरो पर प्राय पूरा परिवार गुरु-चरणो मे पहुचता है, और विशेष पाथेय प्राप्त करता है। अन्टालिया (मेवाड) के एक परिवार ने एक नई परपरा का सूत्रपात किया है। वह है पुत्र-जन्म के उपलक्ष मे गुरु-चरणो मे उपस्थित होना।

अण्टालिया निवासी श्री सागरमल राठोड के छह पुत्र है। उनके तीन पुत्रो के तीन-तीन पुत्रिया है। उन्होने यह सकल्प किया कि इस बार पुत्र-रत्न की प्राप्ति होगी तो, यथाशीघ्र गुरु-दर्शन करेगे। सयोग से तीनो को पुत्र-लाभ हुआ। श्रद्धालु जन इसे आस्था का चमत्कार मान सकते है खैर कुछ भी हो, तीन बसो से इस परिवार के सैकडो भाई-बहिन आचार्यवर की सन्निधि मे पहुचे।

रात्रि मे आचार्यवर के सन्निध्य मे कवि-सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमे अनेक प्रमुख कवियो ने भाग लिया।

२५ नवम्बर/आचार्यवर ने प्रात प्रवचन के दौरान कहा—"दहेज एक भयकर बीमारी है, समाज का कोढ है, बहुत बडा अपराध है। मै इसे मानवता के खिलाफ मानता हू।"

२७ नवम्बर को रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वीप्रमुखाश्री के सान्निध्य मे हुआ। २८ नवम्बर को पचपदरावासियो द्वारा आचार्यवर को भावपूर्ण विदाई दी गई।

जोधपुर से पचपदरा तक यात्रा सघ की व्यवस्था का भार जोधपुर वासियो पर था। उनके पास टेण्ट, माइक, जेनरेटर आदि की पूरी व्यवस्था थी, जिसे उन्होने बडी जिम्मेवारी के साथ निभाया। साथ मे चलने वाले सेवार्थियो को किसी प्रकार असुविधा नही होने दी।

हम रेत मे जन्मे है

३० नवम्बर / बागुडी/स्कूल का स्थान बहुत सीमित था। आचार्यवर स्कूल के छोटे से कमरे मे ठहर गये। युवाचार्यश्री उससे सलग्न कोठरी मे ठहर गए। सत-जन सामने टूटे फूटे बरामदे मे तथा कुछ यत्र-तत्र कच्चे-झोपडो मे ठहर गये। साध्वियो ने स्थानाभाव के कारण स्कूल के पीछे हरे-भरे बबूल के वृक्षो की छाया मे रेतीली जमीन पर अपना आसन लगा लिया। व्यवस्थापको एव यात्रियो द्वारा अपने लिये निर्मित तबुओ मे ठहरने का निवेदन करने पर साध्वी प्रमुखाश्री जी ने कहा—"हम रेत मे जन्मे, रेत मे खेले और बडे हुए है फिर आज रेत का ही आनन्द क्यो न ले ?" इस प्रकार आज साध्वियो ने रेतीले गद्दे और बबूल की छाया मे दिन का विश्राम लिया।

बायतू का चतुर्दिवसीय प्रवास :

२ दिसम्बर/तेवीस बर्षो की प्रलम्ब अवधि के बाद बायतू पधारने पर आचायवर का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर बाडमेर-जैसलमेर क्षेत्र के सासद श्री वृद्धिचद जैन ने कहा—"आचार्यश्री एव युवाचायश्री से जो धर्म की व्याख्याये सुनी है, उनसे मै बहुत प्राभावित हू। आपने धर्म को व्यापकता प्रदान की हे, इसलिए जैन-अजॅन सभी आपके प्रवचनों से लाभान्वित होते हे।',

आचार्यवर ने कहा—जो व्यक्ति बदलना नही जानता, वह गति नही कर सकता, पिछड जाता हे। आवश्यकता इस बात की हे कि परिवर्तन (बदलाव) के साथ मौलिकता सुरक्षित रहे।"

३ दिसबर/प्रात प्रवचन मे आचायवर ने कहा—"हलवा बनाने के लिए जिस प्रकार आटा, घी ओर चीनी का होना नितान्त जरूरी हे ठीक वैसे ही दाता, देय और पात्र तीनो के विशुद्ध होने से ही पवित्र दान का लाभ मिल सकता हे।"

४ दिसबर को जयपुर चातुर्मास सपन्न कर उग्रविहार करते हुए मुनि श्री मोहनलाल "आमेट" ने अपने सहयोगी मुनि द्वय के साथ आचार्यवर के

दर्शन किये। रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वी प्रमुखाश्री के सान्निध्य मे चला। कवास गाव मे ७ दिसबर को श्री रूपमचद छाजेड ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया।

८ दिसबर/उत्तरलाई/कुछ सुलझे हुए विचारो के अध्यापक आचार्यवर की सन्निधि मे उपस्थित हुए। उन्होने आचार्यवर से प्रश्न पूछे। अध्यापको के प्रश्न व आचार्यवर के उत्तर प्रस्तुत है—

प्राध्यापक—हिन्दु धर्म के बारे मे आपका क्या अभिमत है ?

आचार्यश्री—मेरी दृष्टि मे हिन्दु कोई धर्म नही है। भारत मे मुख्यरूप से धर्म की तीन धाराए प्रवाहित हुई—जैन, बौद्ध और वैदिक। हिन्दुस्तान मे रहने वाला फिर चाहे वह किसी भी धर्म का अनुयायी क्यो न हो, हिन्दू अवश्य है। यदि वह व्यापक दृष्टिकोण सबकी समझ मे आ जाए तो देश का बहुत बडा हित हो सकता है। वैसी स्थिति मे हिन्दू शब्द किसी धर्म का प्रतीक न बनकर देश का प्रतीक बन जाएगा। आज जिसे हिन्दू धर्म कहा जाता है, वस्तुत वह वैदिक धर्म है।

प्राध्यापक—जातिवाद के सदर्भ मे आपकी क्या मान्यता है ?

आचार्यश्री—जैनदर्शन जाति के आधार पर किसी को ऊच-नीच नही मानता है। व्यक्ति जाति से नही चरित्र से ऊचा बनता है। ब्राह्मण कुल मे जन्म लेने वाला सदा पूज्य ही होता है और शूद्र कुल मे जन्म लेने वाला अस्पृश्य ही होता है, यह मान्यता उचित नही है। भगवान् महावीर ने जातिवाद और छुआछूत को कभी महत्व नही दिया। छुआछूत के कारण लाखो लोगो को हमने खो दिया। अब भी समय है कि हम जाति के आधार पर किसी को अस्पृश्य न माने। बौद्धिक वर्ग का कर्तव्य है कि वह इस दिशा मे एक सशक्त आवाज उठाए और स्वस्थ दृष्टिकोण का निर्माण करे।

प्राध्यापक—क्या भगवान् किसी को साक्षात् मिलते है ?

आचार्यश्री—सबसे पहले आप यह समझे कि भगवान् क्या है ? मेरे अभिमत से आत्मा ही परमात्मा है। ज्यो ज्यो आप साधना करेगे आपकी आत्मा सपूर्ण रूप से विशुद्ध बनेगी। जब आत्मा विशुद्ध बन जाएगी तो आप परमात्मा बन जाएगे। जैनदर्शन के अनुसार कोई एक ऐसी ईश्वरीय सत्ता नही है, जो सर्जन और विनाश करती हो।

विशुद्ध आत्मा ही परमात्मा है ।

प्राध्यापक—धर्म और मप्रदाय मे क्या अतर हे ?

आचार्यश्री—धम और सप्रदाय दोनो एक नही, अलग-अलग ह।धर्म जीवन का तत्त्व हे, पवित्र बनने का सावन हे, जवकि सप्रदाय धम की सुरक्षा का साधन ह । आज तक जितनी भी लडाइया हुई है, मप्रदाय के नाम पर हुई हे । धर्म किसी को लडना नही सिखाता। वह सदा प्रेम और मैत्रीकी भावना वढाता ह । धर्म और मजहव को पृथक्-पृथक् मानकर चलेगे तो हमारे सामने कोई कठिनाई नही होगी ।

सीमान्त क्षेत्र बाडमेर मे :

६ दिमवर/दो दशक के वाद प्रात एक विशाल स्वागत जुलूस के साथ आचार्यवर वाडमेर पधारे । अनेक सस्थाओ के द्वारा आचायवर का भावभीना स्वागत किया गया । वाडमेर नगर परिपद के अध्यक्ष श्री सुल्तान-मल जैन ने नगर की ओर से आचार्यवर का अभिनन्दन किया । युवाचाय श्री तथा साध्वीप्रमुखाश्री जी ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये । आचार्यश्री ने वर्म को सकीर्ण दायरे से निकालकर आचरण मे लाने की वात कही ।

११ दिमबर/महिला जन-जागृति परिपद के तत्वावधान मे जैन छात्रा-वास मे साध्वी प्रमुखाश्री के सान्निध्य मे एक कार्यक्रम आयोजिन हुआ ।

दीक्षा-दिवस का समायोजन

१३ दिसबर/पौप कृष्णा पचमी का दिन हमारे वर्मसघ के लिए महत्व का दिन ह । इस दिन लाडनू की पावन धरा पर आचायवर पूज्य कालूगणी के करकमलो से दीक्षित हुए थे । आज के दिन पूज्य गुरुदेव ने साधनाकाल के ५९ वर्ष पार कर ६०वे वर्प मे प्रवेश किया । महापुरुपो के जीवन से जुडकर हर तिथि पुण्यमयी वन जाती हे । आज के दिन को निमित्त मानकर युवावर्ग विशेष प्रेरणा ले तथा अपने कार्यक्षेत्र मे गति करे । इस दृष्टि से पिछले वर्षो से यह युवा-दिवस के रूप मे मनाया जाता है ।

युवाचार्यश्री ने आचार्यवर को युवा मस्तिप्क वाला वताया । साध्वी प्रमुखाश्री ने युवको से आचार्यवर के सकेतो के अनुसार चलने का आह्वान किया । इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यश्री एम० आर० जैन तथा उपजिला विकास अधिकारी श्री के०के० सिंघल ने भी अपने

विचार रखे।

दीक्षा दिवस को सौभाग्य दिवस मानते हुए आचार्यवर ने कहा—"पारिवारिक सहयोग एव पूज्य कालूगणी की असीम कृपा का ही यह परिणाम था कि दीक्षा के भाव जगने के एक महीने के भीतर-भीतर मेरी दीक्षा हो गई।"

१४ दिसबर/रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वी प्रमुखाश्री की सन्निधि मे आयोजित हुआ।

१५ दिसबर/१३ दिसबर को होने वाले लोकसभा चुनावो को मद्दे-नजर रखते हुए आचार्यश्री ने विशेष सदेश मे कहा—"लोकसभा के सात आम चुनाव हो चुके है। यह आठवा आम चुनाव हो रहा है। पहले के चुनावो से इस चुनाव का वातावरण और माहौल कुछ भिन्न है। प्रधानमत्री श्रीमती इन्दिरागाधी की हत्या और साम्प्रदायिक उत्तेजना की घटनाओ के बाद भी स्थितिया काफी उलझी हुई है। यद्यपि विकास हुआ है, उद्योग और उत्पादन बढा है, सपत्ति बढी है, फिर भी नही कहा जा सकता कि सारी समस्याए सुलझ गई है। यथार्थ के धरातल पर गरीबी आदि की समस्याए आज भी विद्यमान है। इससे भी अधिक भयकर समस्याए है विचारो, धारणाओ और रूढ सस्कारो की। हिन्दुस्तान की अखण्डता को चुनौती रोटी की समस्या के लिए नही दी जा रही है, किन्तु जातीयता, साम्प्रदायिकता के आधार पर दी जा रही है। इस स्थिति मे चुनाव का उद्देश्य गरीबी को मिटाना, आर्थिक विकास करना ही नही हो सकता। उसके साथ अखण्डता की बात भी जुडी हुई है। वह तभी सभव है, जब जातीयता और साम्प्रदायिकता उन्माद का स्वरूप न ले। उस पर नियत्रण पाने के लिए कोई दण्डशक्ति कामयाब नही हो सकती। नैतिक शक्ति का होना बहुत जरूरी है। इस चुनाव का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा होना चाहिए, राष्ट्र को नैतिक विकास की दिशा मे आगे बढाना।

लोकसभा पूरे राष्ट्र की सर्वोच्च प्रतिनिधि सस्था है। उतना ही मूल्य है ससद के सदस्यो का। इस आधार पर उनका चुनाव भी एक साधारण घटना नही है। इसलिए नैतिकता की बात बहुत महत्त्वपूर्ण बन जाती है। यदि सासदो का चुनाव नैतिकता को बल देने वाला होता है, तो लोकसभा की गरिमा बढती है और साथ-साथ राष्ट्र की प्राणशक्ति भी बढती है। यदि ऐसा नही होता है तो दोनो की शक्ति का ह्रास होता है, फिर राष्ट्रीय-चरित्र और

नैतिकता के विकास की आवाज कोरी आवाज रह जाती हे ।

एक धर्म-गुरु के नाते हम चाहते है, भारत की त्याग प्रधान परम्परा दुर्बल और क्षीण न बने । उसकी अपराजेय शक्ति मे हमारी आस्था बनी रहे । इसी आधार पर हमने नैतिकता का आन्दोलन शुरू किया । उस अणुव्रत आन्दोलन की पृष्ठभूमि से हम जनता और उम्मीदवार दोनो से विनम्र अनुरोध करना चाहते है कि वे चुनाव को एक पवित्र सस्कार का रूप दे । हम अपेक्षा रखते हे कि साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षक आदि सभी बुद्धिवादी लोग इस ओर देखे, वातावरण का निर्माण करे, जिससे हिसा, अपराध तथा अनुशासनहीनता मे कमी आए, अहिसा का वातावरण शक्तिशाली बने ।"

बाडमेर का सप्त दिवसीय प्रवास कई दृष्टियो से महत्त्वपूर्ण रहा, यहा तेरापन्थ के घर कोई अधिक नही हे, किन्तु जैन परिवार हजारो की सख्या मे हैं । नगर के सभी वर्ग के लोगो ने बिना किसी भेदभाव के आचार्यवर के प्रवास का लाभ उठाया । रात्रि मे होने वाले युवाचार्यश्री के विषयबद्ध प्रवचनो मे भी उल्लेखनीय उपस्थिति होती थी ।

१६ दिसबर/मध्याह्न मे स्थानीय लोगो द्वारा आचार्यवर को भावभीनी विदाई दी गई । सायकाल तेरापथ सभा भवन से विशाल जुलूस के साथ आचार्यवर ने विहार किया । आज का रात्रिकालीन प्रवास सहकारी बैंक मे हुआ । बैंक के चेयरमेन श्री चपालाल जैन ने बैंक परिवार की ओर से आचायवर का स्वागत किया ।

सर्दी का प्रकोप

१७ दिसबर/प्रात १३ कि०मी० का विहार कर आचार्यवर 'मगने की ढाणी' पधारे । बडे रेत के टीलो से घिरी हुई यह ढाणी सडक से दो कि०मी० अन्दर थी । सडक पर उतने बडे सघ के लिए वैसा स्थान नहीं था । अत दो कि०मी० का अतिरिक्त चक्कर लेना पडा । उस दिन रात्रि मे सर्दी के गहरे प्रकोप से साधु-साध्वियो एव यात्रियो को काफी शीत परिषह रहा । आचार्यवर ने इस वृत्त को ऐतिहासिकता प्रदान करते हुए काव्य की भाषा मे कहा—

बाडमेर सूँ पहली मजिल, मगने जी की ढाणी ।
जात्री टेंटा मे ठठरग्या, सेवा री सहनाणी ।।
दो जाणो दो आवणो, बे ढाणी रा धोर ।
मुश्किल सू मजिल मिली, बा रदखल सी रोड ।।

२० दिसबर/प्रात सरणु से विहार कर आचार्यवर धन्ने री ढाणी पधारे। यात्रा व्यवस्थापको के पूर्व कथनानुसार विहार साढे सोलह कि०मी० का था, अत आचार्यवर समेत सभी साधु-साध्विया इसी अनुमान के आधार पर चल रहे थे। जब ढाणी मात्र दो कि०मी० रही, तब अहमदावाद के प्रमुख श्रावक श्री जीतमल भसाली ने आचार्यवर के दर्शन किये और निवेदन किया यहा से गाव सिर्फ दो कि०मी० है। जबकि साढे सोलह कि०मी० के हिसाब से तीन कि०मी और होना चाहिए था, पर कुछ ही क्षणो मे श्री जीतमल की बात प्रमाणित हो गई। किलोमीटर के पत्थर की सख्या गलत थी। उसी समय इस घटनाक्रम को एक सोरठे के माध्यम से व्यक्त करते हुए आचार्यवर ने कहा—

धार्‌यो साढा सोल, साढे पनरे मे सर्‌यो।
बोल निभायो कोल, जीतो बाजी जं तर्‌यो॥

पोकरजी पुनवान

सरदारपुरा/जोधपुर/निवासी श्री पोकरचद तातेड ने बातचीत के दौरान निवेदन किया। गुरुदेव! जब से मैने शासन की सेवा मे अपने आपको नियोजित किया, तब से सभी दृष्टियो से मेरे वृद्धि होती रही है। मै धर्मसघ की सेवा को अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हू।

उस समय आचार्यवर के मुख से सहज ही एक पद मुखरित हो गया—

शासन सेवा मे लग्यो, जब स्यु अन्तर् ध्यान।
तब स्यु बढतो ही गयो, पोकरजी पुनवान॥

पचपदरा से बाडमेर तथा बाडमेर से टापरा तक आचार्यवर का प्राय प्रात और रात्रि को नियमित प्रवचन होता, जिसमे सैकडो ग्रामीण भाई-बहिन सोत्साह भाग लेते।

बाडमेर से बालोतरा के मध्य कई परिवार शोक विमोचन हेतु आचार्यवर की पावन सन्निधि मे उपस्थित हुए और उन्होने आचार्यवर से सबल प्राप्त किया। स्वर्गस्थ व्यक्तियो मे नोखामडी निवासी श्री चैनरूप नवलखा का लन्दन मे हृदय की सफल शल्य चिकित्सा के अनन्तर अकस्मात् निधन हो गया। सघ व सघपति के प्रति दृढ आस्था रखने वाले नवलखा जी के मन मे हमेशा गुरु-दर्शन की उत्कठा बनी रहती थी।

बडनगर-मध्यप्रदेश के श्री सूरजमल चौधरी ने पूज्य कालूगणी की

मालवा यात्रा के समय अच्छी सेवा की थी । उस क्षेत्र के वे जाने-माने विशिष्ट श्रावक थे ।

श्री वालचद तलेसरा (काकरोली) शासनभक्त और निष्ठाशील कार्यकर्ता थे । श्री हसराज नाहटा (राजगढ) गण और गणी के प्रति अटूट आस्था रखते थे । श्री नाहटा जी का पूरा परिवार धार्मिक सस्कारो मे ओत-प्रोत है ।

श्री गुमानमल सुराणा (जयपुर) आचार्यश्री के शब्दो मे—"कठिन परिस्थिति मे उनकी श्रद्धा मजबूत बनी रही यह महत्त्वपूर्ण वात है ।

२ जनवरी (आपाढा) साध्वियो के प्रवास-स्थल पर साध्वियो को सबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा—"साध्विया हमारे सघ की सपदा है । साध्वी-समाज की श्रद्धा और समर्पण-भाव अनन्य है । जब-जब मैं इस श्वेत सेना को देखता हू, सात्विक प्रसन्नता का अनुभव होता हे ।

आचार्यवर ने आगे कहा—"मै साध्वियो से कहना चाहता हू कि सभी-साध्विया ज्ञान, दर्शन और चारित्र की आराधना के साथ-साथ प्रसन्न रहने का विशेप अभ्यास करे । अनुकूलता मे प्रसन्न वन जाना और प्रतिकूलता मे उदासीन बन जाना साधना का लक्षण नही हे । साधक वह कहलाता है, जो प्रतिकूलता मे भी प्रसन्न रहता हे । प्रतिकूलता सब के जीवन मे आती है । यहा तक कि मुझे सवसे अधिक प्रतिकूलताओ का सामना करना पडता है । शारीरिक ओर मानसिक दोनो स्तर पर समता सधे, यह वहुत आवश्यक हे । यह तभी सभव है, जव हम सवेदन से ऊपर उठेगे ।"

बालोतरा मे भव्य स्वागत .

५ जनवरी / सिवाणची-मालाणी मे सवसे वडा क्षेत्र वालोतरा ही हे । इस नवोदित औद्योगिक नगरी मे पिछले वर्प आचार्यश्री का चातुर्मास भी हुआ था । वालोतरा के उस ऐतिहासिक चातुर्मास की यादे अभी भी ताजा थी । वालोतरा पदार्पण से पूर्व इस क्षेत्र के अन्य कस्वे, टापरा, आपाढा, आसोतरा मे भी आकर्पक कार्यक्रम हुए । आपाढा मे वडी हाजरी व किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ । वालोतरा पहुचने पर स्थानीय जनता द्वारा आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया गया ।

नयापुरा स्थित नाहटा चौक मे नवनिर्मित वर्धमान समवसरण मे आयोजित स्वागत कायक्रम मे नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनन्दकिशोर खत्री,

तेरापथी सभा के अध्यक्ष एव पूर्व न्यायाधीश श्री सोहनराज कोठारी ने अपने विचार रखे। आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे गुणग्राहकता की ओर तत्पर रहने का उपदेश दिया।

साप्ताहिक प्रवचन माला :

पौष एव माघ का महिना हमारे धर्मसघ के लिए, विशेषत साधु-साध्वियो के लिए महत्वपूर्ण होता है। पूर्व मे कृत कार्यो का गुरु-चरणो मे समर्पण एव आगामी वर्ष के लिए नूतन पाथेय प्राप्त करते है। साधना के बहुमुखी विकास व रत्नत्रय की दृष्टि से एक विशेष प्रवचनमाला का आयोजन किया गया। इस प्रवचनमाला मे निर्धारित विषयो पर युवाचार्य श्री का विशेष प्रवचन होता। अ त मे आचार्यश्री का उद्बोधन होता। उन प्रवचनो का क्रम इस प्रकार था—

तारीख	विषय	तारीख	विषय
६ जनवरी	कैसे चले ?	१० जनवरी	कैसे खाये ?
७ जनवरी	कैसे ठहरे ?	११ जनवरी	कैसे बोले ?
८ जनवरी	कैसे बैठे ?	१२ जनवरी	कैसे श्वास ले ?
९ जनवरी	कैसे सोए ?		

मध्यान्ह मे युवाचार्यश्री ध्यान के विभिन्न प्रयोगो का प्रशिक्षण देते। इस विशेष प्रवचनमाला मे प्राय सभी साधु-साध्वियो ने भाग लिया।

वर्धमान महोत्सव :

१३ जनवरी / बालोतरा / आचार्यवर के सान्निध्य मे वर्धमान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मुनिश्री मधुकर आदि सतो ने सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की। साध्वी श्री सघमित्रा आदि साध्वियो ने भी एक सामूहिक गीत प्रस्तुत किया।

युवाचार्यश्री ने अपने प्रवचन मे कहा—"सिद्ध बनने के लिए तीन बाते आवश्यक है—निर्मलता, तेजस्विता और गभीरता। तेरापथ धर्मसघ मे तीनो की आराधना होती है। इसीलिए यह वर्धमान है। यहा आत्मानुशासन, आत्मनिरीक्षण और आत्म-सयम की भावना ही प्रधान है इसीलिए यह वर्धमान है।"

आचार्यश्री ने इस अवसर पर कहा—वर्धमान महोत्सव वह पर्व नही है, जिसकी कोई तिथि निश्चित हो। पहले इसका कोई व्यवस्थित रूप नही

था। हमने इन वर्षो मे इसे कार्यक्रम का रूप दे दिया और अब परपरा प्रारभ हो गयी और आगे भी चलती रहेगी।"

आचार्यश्री ने तेरापथ को मर्यादित बताते हुए मर्यादा को जीवन का प्राण बताया तथा श्रावक समाज को मर्यादा से परिचित कराने की दृष्टि से मर्यादा का वाचन किया जाये और सभी को जानकारी दी जाये।

१४ जनवरी को रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वी प्रमुखाश्री के सान्निध्य मे आयोजित हुआ।

तत्त्वज्ञान-प्रतियोगिता :

साधु-साध्वियो मे तात्विक एव सैद्धान्तिक ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए मर्यादा महोत्सव के प्रसग पर एक उपक्रम प्रारभ किया गया। वह उपक्रम था जैन तत्त्व प्रवेश (भाग-१) का, यह परीक्षा आषाढा मे ली गई थी। ८ जनवरी मध्यान्ह बालोतरा मे मुनि सुमेरमल ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। कुल ३९ परीक्षार्थियो मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान इस प्रकार रहे—

प्रथम—मुनिश्री दिनेशकुमार
द्वितीय—साध्वी श्री चित्रलेखा,
तृतीय—मुनि धर्मेश कुमार, मुमुक्षु हसमुख
साध्वी श्री शारदाश्री, साध्वी श्री शातिलता
साध्वी श्री उर्मिला कुमारी साध्वी श्री वर्धमानश्री
साध्वी श्री विशुद्धप्रभा

इससे पूर्व साधुओ मे 'तत्त्व चर्चा' नामक थोकडे की परीक्षा हुई, जिसमे १३ मुनियो ने हिस्सा लिया, जिसमे मुनिश्री दिनेश कुमार, मुनिश्री धर्मेश कुमार, मुनिश्री ऋषभकुमार क्रमश प्रथम, द्वितीय एव तृतीय रहे।

शोक-विमोचन

श्री मिलापचद रुणवाल (जयसिंहपुर) ६६ वर्ष की उम्र मे हृदय गति रुक जाने से स्वर्गवास हो गया। श्री रुणवाल एक धर्मनिष्ठ श्रावक थे। धार्मिक एव सामाजिक कार्यो मे बडी रुचि व निष्ठा के साथ भाग लेते थे।

श्री नेमचद दूगड (नोहर) का ३० सितम्बर ८४ को स्वर्गवास हो गया। भक्तिमान व साधु-साध्वियो की अच्छी सेवा करने वाले श्री दूगड ने साध्वीश्री कमलूजी से अतिम समय मे अनेक त्याग-प्रत्याख्यान स्वीकार किये।

श्रीमती माली देवी वाफणा (कलकत्ता) तेईस दिन के तिविहार अनशन मे ४ जनवरी, प्रात १०.१५ पर स्वर्गस्थ हुई। अतिम समय मे परिणाम ऊचे थे। कलकत्ता मे इस अनशन से धर्मसघ की उल्लेखनीय प्रभावना हुई।

श्रीमती केसरदेवी सेठिया (भीनासर) धार्मिक सस्कारो से ओत-प्रोत महिला थी। परिवार के सदस्यो पर उनके धार्मिक सस्कारो की अच्छी छाप है। उन्होने अपने पूर्व कृत सकल्प के अनुसार अनशन किया और वर्धमान परिणमो मे उसे सपन्न किया।

श्रीमती जमनादेवी लिगा (बीदासर) का सथारे मे स्वर्गवास हो गया। वह अपनी धार्मिक क्रिया के प्रति जागरूक थी। इन सबके पारिवारिक जनो ने बालोतरा मे आचार्यश्री के दर्शन किये व आध्यात्मिक सबल प्राप्त किया।

ोल मे जोरदार स्वागत :

१६ जनवरी/आचार्यश्री बृहद् साधु-साध्वी समुदाय के साथ बालोतरा से प्रस्थान किया। बालोतरा व जसोल के बीच की दूरी मात्र ५ कि० मी० है। दोनो ही क्षेत्रो तथा सिवाणची-मालाणी के हजारो नर-नारी आचार्यवर के साथ गगनभेदी नारो के साथ चल रहे थे। बालोतरा से विदाई व जसोल की ओर से स्वागत हो रहा था। वहा विदाई एव स्वागत का सगम हो गया।

तेरापथ धर्मसघ के १२१ वे मर्यादा महोत्सव की समायोजना के लिए एक विशाल जुलूस के साथ आचार्यवर ने जसोल की पावन धरती पर अपने चरण रखे। श्री मज्जयाचार्य के साथ सबधित 'धक्के जाओ' के इतिहास प्रसिद्ध प्रसग से जुडे इस जसोल कस्बे मे तेरापथ के सौ से अधिक परिवार है। 'पारस अणुव्रत भवन' के पीछे निर्मित विशाल 'मर्यादा समवसरण' मे स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमे रानी लक्ष्मी कुमारी चूडावत, स्थानीय विधायक श्री अमराराम चौधरी व जसोल के सरपच श्री नाहरसिह ने अपने विचार रखे। आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे उपस्थित जनसमूह को सयमी व अनुशासित बनने का आह्वान किया।

अष्टाह्निक-प्रवचन माला

मर्यादा महोत्सव के पावन प्रसग पर सैकडो साधु-साध्वियो व हजारो श्रावक-श्राविकाओ की सहज ही अधिक उपस्थित होती है। तेरापथ धर्मसघ

की गतिविधिया व सैद्धान्तिक तथ्यो की यथाथ अवगति हस्तगत हो सके, इस दृष्टि से प्रात -काल इस प्रवचनमाला की आयोजना हुई जिसमे युवाचार्य श्री व आचायश्री का प्रवचन होता। उसका क्रम इस प्रकार है —

तारीख	विपय	विपय प्रवेश
१८ जनवरी	प्रेक्षाध्यान और शरीर विज्ञान	मुनिश्री किशनलाल
१९ जनवरी	तेरापथ और अनुशासन	मुनि सुमेरमल "लाडनू"
२० जनवरी	तेरापथ और आचार्य भिक्षु	साध्वीश्री जतनकुमारी "कनिष्ठा"
२१ जनवरी	श्रावक के वारह व्रत और अणुव्रत आचार-सहिता	मुनि सुमेरमल "लाडनू"
२२ जनवरी	,, ,,	,,
२३ जनवरी	जैन विद्या—तत्त्ववाद	साध्वीश्री सघमित्रा
२४ जनवरी	जैन विद्या—पराविद्या (पुनर्जन्म)	मुनिश्री महेन्द्र कुमार
२५ जनवरी	जैन विद्या—कर्मवाद	

रात्रि मे भी युवाचार्यश्री के महत्वपूर्ण वक्तव्य हुए।

१२१ वा मर्यादा महोत्सव

१६ जनवरी/प्रथम दिवसीय कार्यक्रम।

मर्यादा महोत्सव का कार्यक्रम त्रिदिवसीय होता है। जो बसतपचमी से प्रारभ हो जाता है। मगलाचरण व सामूहिक वदन के बाद कार्यक्रम का प्रारभ हुआ। साध्वीश्री फूलकुमारी (लाडनू) ओबरा (उत्तर प्रदेश) चातुर्मास सपन्न कर ६१ दिनो मे १४०० किलोमीटर की यात्रा कर आचार्यश्री के दर्शन किये। इससे पहले दिन मुनिश्री राजकरण ने मात्र ७७ दिनो मे १८०० कि० मी० यात्रा परिसपन्न कर आचार्यश्री के चरणो मे पहुचे।

युवाचार्यश्री ने अपने मगल प्रवचन मे कहा—"सम्वत्सरी का सबध जैन समाज से है, किन्तु मर्यादा महोत्सव का सबध पूरे ससार से है। आज की सबसे बडी समस्या है अनुशासन की। राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक इन तीनो क्षेत्रो मे अनुशासन की बहुत बडी माग है। बिना अनुशासन एव मर्यादा के किसी भी कार्य की निष्पत्ति सभव नही है।"

आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—"हमारे धर्मसघ मे कला को, विद्या को तथा अन्य आधुनिक विद्याओ को स्थान प्राप्त है, किन्तु सबमे

अधिक स्थान सेवा को दिया जाता है। रुग्ण और वृद्ध साधु-साध्वियो की सेवा करना हमारे यहा सर्वश्रेष्ठ कार्य माना जाता है और उनकी सेवा करना सभी अपना पुनीत धर्म मानते हे।"

मध्याह्न मे विराट महिला सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे आचार्यश्री, युवाचार्यश्री एव साध्वी प्रमुखाश्री के महत्वपूर्ण उद्बोधन हुए। रात्रि मे दीक्षार्थिनी बहिनो को भावभीनी विदाई दी गई।

द्वितीय दिवस/विराट श्रावक सम्मेलन

२७ जनवरी/समणी वृन्द के मगलाचरण के पश्चात् कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। जैन श्वेताम्बर तेरापथी महासभा के अध्यक्ष श्री विजयसिंह सुराणा आदि वक्ताओ के भाषण हुए। व्यवस्था निकाय प्रमुख मुनि श्री बुद्धमल जी ने श्रावक-समाज को अपनी जिम्मेवारी को परिपूर्णता के साथ निभाने के लिए सदैव जागरूक रहने का आह्वान किया।

युवाचार्यश्री ने अपने वक्तव्य मे कहा—"साधु-साध्वियो का जितना मूल्य रहा है, सघीय दृष्टि से श्रावक-श्राविकाओ का उससे कम मूल्य नही रहा। तेरापथ धमसघ के अनुशासन, सगठन और व्यवस्था को चलाने मे श्रावक-श्राविकाओ का बहुत बडा योगदान है।"

युवाचार्यश्री ने विस्तार से धम सघ के साहित्य और अन्य प्रवृत्तियो पर प्रकाश डाला।

आचार्यश्री ने श्रावको को आह्वान किया—"अपनी सारी कुठाओ, सकीर्णताओ एव उलझनो को छोडकर कुछ करने का सकल्प लेना चाहिए। श्रावक समाज हमारे धमसघ का एक महत्वपूर्ण अग है। हमारे पूर्वाचार्यो ने श्रावको को बहुत महत्व दिया हे।"

दीक्षा-समारोह

दीक्षा का ऐसा सस्कार है जो बहिर्मुखता से अन्तर्मुखता की ओर ले जाता है, अधकार से प्रकाश की ओर ले जाता हे, भोग से योग की ओर ले जाता है। ऐसे तो सभी धर्मो मे दीक्षा-सस्कार दिया जाता है, पर जैन-दीक्षा काफी कठिन और घोर है। जीवन भर पदयात्रा करना, पाच महाव्रतो का पालन करना, रात्रि भोजन विरमण करना, आदि अनेक विषयो से आबद्ध होता है। तेरापथ-दीक्षा इससे भी कठिन है। इसमे इन विषयो के अतिरिक्त कठिन कार्य यह है गुरु-चरणो मे मन को सर्वात्मना समर्पित कर देना। कहा

जाना, कहा रहना, किसके साथ रहना, आदि का निर्णय गुरु के निर्देश से ही होता हे।

आज मध्याह्न मे बीस हजार की महती उपस्थिति मे दीक्षा-समारोह का भव्य आयोजन हुआ। सर्व प्रथम दीक्षार्थिनी वहिनो का परिचय प्रस्तुत किया गया। आचार्यप्रवर ने दीक्षा सस्कार पर सक्षेप मे प्रकाश डाला।

युवाचार्यश्री एव साध्वी प्रमुखाश्री के भावपूर्ण वक्तव्य हुए। उसके बाद आचार्यश्री ने आगम-वाणी का उच्चारण करते हुए दोनो बहिनो को दीक्षा प्रदान की, उनका परिचय इस प्रकार हे।

नाम	पूर्व नाम	आयु	अध्ययन	सस्था मे
साध्वीश्री लब्धि प्रभा	मुमुक्षु लता गर्ग	२९	स्नातक प्रथम वर्ष	६ वर्ष
साध्वीश्री अमित रेखा	मुमुक्षु अभिलापा छाजेड	१८	प्राग् स्नातक प्रथम वर्ष	१½ ,,

इनमे प्रथम टिटिलागढ (उडीसा) तथा द्वितीय जसोल की है।

रात्रि मे भी आचार्यवर के सान्निध्य मे कार्यक्रम चला। अनेक वक्ताओ ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

मर्यादा महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम

२८ जनवरी, माघ शुक्ला सप्तमी, दोपहर १२ ३० बजे, उपस्थिति साधु ६७, साध्विया १६७, भाई-बहिन लगभग २५०००।

- मगलाचरण-मुनिश्री विजयकुमार आदि मुनि वृन्द।
- सुप्रसिद्ध गाधीवादी चिन्तक, विचारक एव श्री विनोवाभावे के अनुज श्री शिवाजी भावे को सन् १९८४ का अणुव्रत पुरस्कार दिया गया।
- केन्द्रीय शिक्षा मत्री श्री कृष्णचद पत, राजस्थान नहर मत्री श्री चदनमल वैद, पूव मत्री श्री मथुरादास माथुर, सासद श्री मोहरसिह आदि उपस्थित थे।

श्रीपत ने कहा—"दुनिया मे पुरस्कार कई तरह के मिलते है। हमारे देश मे भी कई तरह के पुरस्कार दिये जाते है। लेकिन चरित्र-निर्माण के लिए किसी प्रकार का पुरस्कार नही मिलता, जवकि मैं इसे आवश्यक मानता हू। देशवासियो के चरित्र को उन्नत वनाने मे गाधीजी ने वहुत काम किया। मुझे प्रसन्नता है कि आचार्यश्री तुलसी इस दिशा मे स्तुत्य प्रयास कर रहे हैं और उसका देशवासियो पर अच्छा असर पडा है।"

दैनिक जनसत्ता के सपादक श्री प्रभाप जोशी ने कहा—"अब जमाना विज्ञान और अध्यात्म का आया है। आजकल के बहुत सारे वैज्ञानिक अध्यात्म की मूल धारणाओ को सिद्ध करने मे लगे हुए है। अहिंसा की सार्वभौम शक्ति को वैज्ञानिक लोग भी स्वीकार करते हैं। जो समाज सबसे अधिक अहिंसक होगा, वही सबसे अधिक टिकाऊ होगा। मैंने आचार्यजी से इन बातो पर खुली बातचीत की है।"

दैनिक हिन्दुस्तान के सपादक श्री विनोद कुमार मिश्र ने कहा—"सत्ता और राजनीति के बिना यह दुनिया न पहले चली है, न वर्तमान मे चल रही है और न भविष्य मे चलने वाली है। हमारे यहा राम और कृष्ण की पूजा होती है, वाल्मीकि और तुलसी की पूजा नही होती। यह जीवन का एक बहुत बडा सत्य है। लेकिन साथ ही यह भी सत्य है कि राजनीति की अतिशयता समाज और देश को बर्बाद कर देती है। उसे विनाश की ओर ले जाती है राजनीति और अध्यात्म के समन्वय से ही यह समाज चल सकता है। आचार्य श्री तुलसी से दिल्ली मे मैं कई बार मिला हू। आप अणुव्रत के द्वारा बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।"

- जय तुलसी फाउन्डेशन के अध्यक्ष श्री धर्मचद चौपडा ने फाउन्डेशन की प्रवृत्तियो पर प्रकाश डाला।
- श्री शिवाजी भावे ने पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहा—"परिवर्तन की प्रक्रिया मे सबसे पहले स्वय का परिवर्तन होना चाहिये। उसके बाद समाज-परिवर्तन तथा राष्ट्र-परिवर्तन की बात होगी। सर्वोदय एव अणुव्रत समाज ने इस दिशा मे कुछ काम किया है। आचार्यश्री तुलसी का विनोबाजी से बहुत गहरा सबध था। जब आप पवनार पधारे थे, उस समय विनोबाजी दो कि० मी० आगे आकर आगवानी की तथा हाथ पकडकर अपने आश्रम तक ले गये। उस समय के फोटो आज भी सुलभ है।"
- साध्वी प्रमुखा श्री ने कहा—"चेहरे को सुन्दर बनाने के लिए रग का उपयोग किया जाता है, वैसे ही जीवन की आकृति को सुन्दर बनाने के लिए सर्वोत्कृष्ट उपयोगी तत्त्व है—चरित्र व अनुशासन"।
- युवाचार्यश्री ने अपने प्रवचन मे कहा—"मर्यादा महोत्सव हमारे जीवित अनुशासन का परीक्षण है यह परीक्षा की एक कसौटी है। आज सघ और सस्थाओ की बहुलता है, किन्तु यह जीवित अनुशासन कही-कही

ही देखने को मिलता ह । जीवित अनुशासन वह होता ह, जिसमे अहकार ओर ममकार के परिष्कार की क्षमता होती ह। आग्रह के परिष्कार की क्षमता होती ह । अपनी असमथता को स्वीकार करने की क्षमता हाती ह । अपने घनिष्ठ से घनिष्ठ व्यक्ति को भी सिद्धान्त च्युत होने पर छोडने की क्षमता होती ह ।"

- आचायश्री ने अपन महत्वपूण उद्‌वोधन मे कहा—"मर्यादा महोत्सव कवल साधु-साध्वियो तथा श्रावक-श्राविकाओ के लिए ही नही, मानव मात्र के लिए है। हर व्यक्ति के लिये मर्यादा आवश्यक ह । हर व्यक्ति को मर्यादित जीवन जीन का प्रयास करना चाहिये ।"

आचायश्री ने विस्तार से अणुव्रत एव सम-सामयिक समस्याओ पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही आचायवर के सद्य रचित एक भावपूर्ण गीत* से पडाल मे समा बध गया। आचायवर ने आगामी मर्यादा महोत्सव उदयपुर मे मनाने की घोषणा की तथा होली चौमासा टाडगड, महावीर जयति आसीन्द, अक्षय तृतीया गगापुर करने की घोषणा की । आचायश्री ने कुछ साधु-साध्वियो के आगामी चातुर्मासो की नियुक्तिया की ।

श्री विजयसिह सुराना श्री जेन श्वे० तेरापथी महासभा तथा श्री खेमचन्द सेठिया जैन विश्व भारती के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये ।

शोक विमोचन

श्री झीटुलाल दूगड (राजलदेसर) एक सघनिष्ठ श्रावक थे । अपने क्षेत्र मे साधु-साध्वियो की पूरी सार सभाल रखते थे ।

- श्री केसरीचद सेठिया शार्दुलपुर के जाने माने सेठिया परिवार के प्रमुख सदस्य व वरिष्ठ श्रावक थे । वे साधु-साध्वियो की अच्छी सेवा करते थे । उनकी धमपत्नी एक धमनिष्ठ महिला ह ।
- श्रीमती छोगीवाई सुराणा (सुजानगढ) मुनिश्री सुमेरमल "सुमन" की ससार पक्षीया माता थी । कुछ समय सवा करके मुनिश्री "सुमन" को अच्छी तरह विदाई दी और उसके वाद स्वय इस ससार से विदा ले ली ।
- श्री मोहनलाल कावडिया (राजनगर) ८० वर्ष की अवस्था मे दिवगत हो गये । वे राजनगर के अच्छे श्रावको मे थे ।
- श्री धर्मचन्द दूगड (सरदारशहर)—उनकी सघ-सघपति के प्रति गहन

---

* देखे परिशिष्ट १ ।

आस्था एव भक्ति थी।

- श्री मोहनलाल सेठिया (चाडवास) का कलकत्ता मे निधन हो गया। शीघ्र गुरुदेव के दर्शन कर उनकी धर्मपत्नी ने बडी हिम्मत का परिचय दिया।
- श्री मागीलाल वैगानी (बीदासर) पिछले कई वर्षो मे जलोदर की की बीमारी से पीडित होते हुए भी बडी हिम्मत और साहस का परिचय देते रहते थे। वे गाव मे दाठीक व दबग व्यक्ति थे। मातुश्री वदनाजी के अनन्य सेवा भावी श्रावक थे। धर्मसघ के प्रति उनकी गहरी निष्ठा थी।

इन सभी के पारिवारिक जनो ने जसोल मे आचायवर के दर्शन किये और उन्होने आध्यात्मिक सबल प्राप्त किया।

जसोल से विहार

५ फरवरी को बीस दिवसीय सफल प्रवास व्यतीत कर आचार्यवर ने जसोल से विहार किया। बालोतरा के पार्श्व से गुजरते हुए एक विशाल जुलूस के साथ आचार्यवर जाणियाणा पधारे। मार्गवर्ती काणाणा, पारलू, समदडी, रासी, खाण्डप आदि गावो का स्पर्श किया। सभी जगह हजारो लोगो ने आचार्यवर को सुना और अपने जीवन को व्यसन मुक्त बनाने का प्रयास किया।

१३ फरवरी को जालौर जिला पार कर पाली जिला मे प्रवेश किया। कुलथाना मे पाली जिला की ओर स्वागत करने के लिए विशेष रूप से जिलाधीश श्री पी० के० देव, पाली से विधान सभा के लिए काग्रेस प्रत्याशी श्री शौकतअली, पुलिस अधीक्षक श्री परमानन्द रछोइया तथा न्यायाधिकर्ता दण्डनायक श्री वसतिलाल बावेल आदि ने आचायश्री का भावभीना स्वागत किया। आचायश्री ने अणुव्रत को मानव धर्म की प्रक्रिया उजागर करने वाला तत्त्व बताया।

पाली मे भव्य स्वागत

१६ फरवरी/कुछ भक्तजनो की मार्गगत फैक्ट्रियो का स्पर्श करते हुए विशाल जन समूह के साथ पाली नगर मे प्रवेश किया। जालोरी गेट, गजानन्द मार्ग, जैन मार्केट, राणा प्रताप चौक आदि को पार करता हुआ स्वागत जुलूस नेहरु नगर मे भगवान महावीर समवसरण मे स्वागत सभा के

ही देखने को मिलता है। जीवित अनुशासन वह होता ह, जिसमे अहकार और ममकार के परिष्कार की क्षमता होती ह। आग्रह के परिष्कार की क्षमता होती ह। अपनी असमथता को स्वीकार करने की क्षमता हाती ह। अपने घनिष्ठ से घनिष्ठ व्यक्ति को भी सिद्धान्त च्युत होने पर छोडने की क्षमता होती ह।"

- आचायश्री न अपन महत्वपूण उद्‌वोधन मे कहा—"मर्यादा महोत्सव कवल साधु-साध्वियो तथा श्रावक-श्राविकाओ के लिए ही नही, मानव मात्र के लिए है। हर व्यक्ति के लिये मर्यादा आवश्यक ह। हर व्यक्ति को मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिये।"

आचायश्री ने विस्तार से अणुव्रत एव सम-सामयिक समस्याओ पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही आचायवर के सद्य रचित एक भावपूर्ण गीत* से पडाल मे समा वध गया। आचायवर न आगामी मर्यादा महोत्सव उदयपुर मे मनाने की घोपणा की तथा होली चौमासा टाडगड, महावीर जयति आसीन्द, अक्षय तृतीया गगापुर करने की घोषणा की। आचार्यश्री ने कुछ साधु-साध्वियो के आगामी चातुर्मासो की नियुक्तिया की।

श्री विजयसिह सुराना श्री जैन श्वे० तेरापथी महासभा तथा श्री खेमचन्द सेठिया जैन विश्व भारती के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये।

शोक विमोचन

श्री भीखूलाल दूगड (राजलदेसर) एक सघनिष्ठ श्रावक थे। अपने क्षेत्र मे साधु-साध्वियो की पूरी सार सभाल रखते थे।

- श्री केसरीचद सेठिया शार्दुलपुर के जाने माने सेठिया परिवार के प्रमुख सदस्य व वरिष्ठ श्रावक थे। वे साधु-साध्वियो की अच्छी सेवा करते थे। उनकी धमपत्नी एक धमनिष्ठ महिला है।
- श्रीमती छोगीवाई सुराणा (सुजानगढ) मुनिश्री सुमेरमल "सुमन" की ससार पक्षीया माता थी। कुछ समय सेवा करके मुनिश्री "सुमन" को अच्छी तरह विदाई दी और उसके वाद स्वय इस ससार से विदा ले ली।
- श्री माहनलाल कावडिया (राजनगर) ८० वप की अवस्था मे दिवगत हो गये। वे राजनगर के अच्छे श्रावको मे थे।
- श्री वमचन्द दूगड (सरदारशहर)—उनकी सघ-सघपति के प्रति गहन

---

* देखे परिशिष्ट १।

आस्था एव भक्ति थी।

- श्री मोहनलाल सेठिया (चाडवास) का कलकत्ता मे निधन हो गया। शीघ्र गुरुदेव के दर्शन कर उनकी धर्मपत्नी ने वडी हिम्मत का परिचय दिया।
- श्री मागीलाल वैगानी (वीदासर) पिछले कई वर्षो से जलोदर की की बीमारी से पीडित होते हुए भी बडी हिम्मत और साहस का परिचय देते रहते थे। वे गाव मे दाठीक व दवग व्यक्ति थे। मातुश्री वदनाजी के अनन्य सेवा भावी श्रावक थे। धमसघ के प्रति उनकी गहरी निष्ठा थी।

आचार्यवर ने सर्वप्रथम इस यात्रा के प्रथम यात्री दल को सामूहिक रूप से पाच सकल्प कराये। आचार्यवर, युवाचार्यश्री, साध्वी प्रमुखाश्री तथा साधु-साध्वी परिवार के साथ अमृत-कलश-पदयात्रा का शुभारभ किया। आकाश जयनारो से गूज उठा और वातावरण खुशियो से झूम उठा।

प्रात कालीन अमृत-महोत्सव के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम ठीक साढे आठ बजे प्रारभ हुआ। अनेको साधु-साध्वियो ने गीतिका, मुक्तक, एव कविताओ के द्वारा आचार्यवर का गुणानुवाद किया। साध्वीश्री कमलूजी, साध्वीश्री जिनप्रभा, साध्वीश्री कल्पलता आदि ग्यारह साध्वियो ने 'तब से अब' शीर्षक से एक रोचक परिसवाद प्रस्तुत किया, जिसमे समावेश था आचार्यवर के आचार्य पट्टाभिषेक के समय की साध्वियो की स्थिति तथा वर्तमान मे साध्वियो की स्थिति। परिसवाद मे भाग लेने वाली सभी साध्वियो को आचार्यवर ने १३ दिनो की षट् विगय वर्जन की बख्शीश की। इस अवसर पर साध्वी प्रमुखाश्री ने साध्वियो द्वारा गृहीत सकल्पो से युक्त एक अमृत-कलश आचार्यवर को भेट किया।

युवाचार्यश्री एव आचार्यश्री के इस अवसर पर महत्वपूर्ण उद्बोधन

हुए । श्री शुभकरण दसाणी, श्री सीताशरण शर्मा ने भी अपने विचार रखे । श्री चपालाल आचलिया (कलकत्ता) द्वारा प्रेपित पत्र सुनाया गया । पत्र मे इस वात का विशेप उल्लेख था कि कलकत्ता स्थित विश्व विख्यात मस्था एसिकाटिक सोसायटी ने अपने यहा जैन चेयर की स्थापना की ह । मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट' तथा मुनिश्री कमलकुमार ने स्थान-स्थान पर होने वाली तपस्याओ का विवरण देते हुए तप-जप मे सवको नियोजित होने की प्रेरणा दी । इस तरह अमृत-महोत्सव के प्रथम चरण का यह द्विदिवसीय कार्यक्रम वडे ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया ।

३० अप्रैल/रात्रि मे 'पीछे मुडकर देखना होगा' विषय पर युवाचाय श्री का विशेप प्रवचन हुआ । विपय प्रवेश मुनि सुमेरमल 'लाडनू ने किया ।

१ मई / 'अनेकान्तवाद' पर युवाचार्यश्री का दार्शनिक प्रवचन हुआ । शुरू मे मुनिश्री किशनलाल ने विपय की पृष्ठभूमि पर अपने विचारो की प्रस्तुति दी ।

पट्टाभिषेक स्थल-रग भवन मे

२ मई / प्रात विद्यालय से विहार कर आचायवर रग भवन पधारे। यह वही भवन हे जहा अष्टमाचार्य पूज्य कालूगणी का स्वर्गवास हुआ था ।

रग भवन के मुख्य हाल मे ज्योही आचायवर पट्ट पर विराजे, सभी साधु-साध्विया वहा वैठ गए । आचायश्री ने पचास वर्ष पूर्व के प्रसगो का मार्मिक एव सजीव वर्णन किया । एक घटे चली इस गोष्ठी मे आचायवर ने भाव-विभोर होकर घटना प्रसगो की प्रस्तुति दी ओर साधु-साध्वियो ने भी एकाग्रता से सुना । आचार्यवर ने भवन के उन भागो के वारे मे भी वताया कि आचार्य वनने से पूव मैं कहा वैठा करते थे, कहा सोते थे, और कहा सतो को पटाते थे ।

श्री गणपतलाल हिरण ने आचायवर के रग भवन पधारने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की व पूरे परिवार की ओर से स्वागत किया । श्री भवरलाल हिरण ने अष्टमाचार्य श्री कालूगणी की वैकुण्ठी मे चादी के कलश तथा उछाल के लिए निर्मित चादी के फूल, कपडे की फरिया व अत्येष्ठी मे काम आया चदन दिखाया । रग भवन मे आचार्यवर का त्रिदिवसीय प्रवास हुआ । साध्वी प्रमुखाश्री जी ने ५ मई को शिवरति के लिए विहार कर दिया । रात्रि-कालीन प्रवास वही हुआ ।

शोक विमोचन

टाडगढ व गगापुर के वीच ३ माच से २१ अप्रैल के मध्य शोक विमोचन हेतु कई परिवार आचायवर के दशनाथ पहुचे। अपने पारिवारिक सदस्य के बिछुडने पर सबको दुख होता है, पर आचायवर की पावन सन्निधि से सबको तोष मिला, प्रेरणा मिली, सबल मिला। जो स्वर्गस्थ हुए वे निम्नोक्त है—

श्रीमती सेवा बाई चिण्डालिया आरकोणम-तमिलनाडु के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री सोवनराज की धर्मपत्नी थी। वे कुछ वर्षो से केसर रोग से पीडित थी। असह्य शारीरिक वेदना के क्षणो मे भी वे सहनशील बनी रहती थी। गुरुदेव व साधु-साध्वियो की उपासना व दान देने की उनकी भावना वेजोड थी। अन्तिम समय मे उनको साध्वीश्री किस्तुराजी का आध्यात्मिक सबल भी प्राप्त हो गया।

'दीवानजी' उपनाम से प्रसिद्ध तथा साध्वीश्री रूपा के ससार पक्षीय भाई श्री जयचदलाल छाजेड (सरदारशहर) सघ-सघपति के प्रति समर्पित थे। वे जीवन भर इकरगे रहे।

श्री भूरामल बावलिया (पुर) एक श्रद्धालु श्रावक थे। उनमे पात्र-दान देने की अभिलाषा सतत बनी रहती थी।

श्रीमती रायकवरी बैगानी (बीदासर) श्री मेघराज की पत्नी थी। वह एक धमनिष्ठ महिला थी।

श्री मदनचद बोरड (लाडनू) एक धार्मिक व्यक्ति थे। उनकी एक पुत्री वर्तमान मे पारमार्थिक शिक्षण सस्था मे अध्ययनरत है।

श्रीमती भवरीदेवी बैगानी (लाडनू) का ८५ वप की अवस्था मे ४३ दिनो के तिविहार व २ दिनो के चौविहार अनशन मे दिल्ली मे स्वर्गवास हो गया। इस अनशन से दिल्ली मे उल्लेखनीय प्रभावना हुई। दो समणिया भी वहा गई। आचार्यश्री ने बैगानी परिवार को शासन भक्त परिवार बताते हुए उनकी सघीय सेवाओ का उल्लेख किया। श्रीमती भवरीदेवी धर्म की धोरिणी (श्रद्धालु) महिला थी। गुरु के नाम से तो वह सोती जाग जाती।

श्री नेमीचद गोगड (बालोतरा) एक तपस्वी, श्रद्धालु और भक्तिमान श्रावक थे। विवाह के १० वप बाद ही पत्नी का देहावसान होने के बाद शेष जीवन अध्यात्म-साधना मे लगा दिया।

श्री शातिभाई मूलत वाव निवासी थे, अब अहमदाबाद मे बस चुके

थे। वे अच्छे धार्मिक रुचि वाले व्यक्ति थे। प्रेक्षाध्यान के प्रति उनकी विशेष अभिरुचि थी। वे हार्ट के मरीज थे।

मास्टर गुलावचदजी मनोत (अजमेर) सहज सस्कारी श्रावक थे। वे जहा भी गए, अपने सपर्क मे आने वालो मे धार्मिक सस्कार भरते रहे। लगभग पचास वर्षो तक वे अध्यापक रहे। उन्होने अपने पूरे परिवार को बौद्धिक दृष्टि से परिसपन्न बनाने के साथ धर्म के गहरे सस्कारो से सस्कारित भी किया।

श्री सूरजमल वाठिया (राज्लदेसर) आयुर्वेदिक, एलोपैथिक तथा होमियोपैथिक औषधियो के काफी अनुभवी थे। साधु-साध्वियो की औषधि के रूप मे अच्छी सेवा करते थे। सेवाकेन्द्र मे सेवारत साध्वीश्री भीखाजी दर्शन देने उनके घर गई। उनके रहते-रहते श्री वाठिया जी का देहान्त हो गया।

श्रीमती वोलिया (पुर) श्री हीरालाल वोलिया की धर्मपत्नी थी। वह एक जागरूक व सस्कारी महिला थी।

श्री मिश्रीमल सेठिया (पूना) एक जिम्मेदार श्रावक थे। उस क्षेत्र मे आने वाले साधु-साध्वियो की पूरे दायित्व के साथ सेवा करते थे।

श्री चैनरूप मुसरफ (राजगढ) एक श्रद्धालु श्रावक थे। इस परिवार के कुछ व्यक्ति सघ-बहिर्भूत साधुओ के सपर्क के कारण गुमराह भी हुए, पर उन पर उसका कोई असर नही हुआ। वे बराबर इकरगे श्रावक रहे।

श्री गोपीचद चोपडा गगाशहर का जैन विश्व भारती के प्रागण मे ६ अप्रैल को अकस्मात् बीमारी मे स्वर्गवास हो गया। आचार्यश्री के शब्दो मे—'गोपीचदजी तेरापथ धर्मसघ के प्रथम समाज-भूषण, विशिष्ट विद्वान, कर्मनिष्ठ श्रावक श्री छोगमल चौपडा के ज्येष्ठ पुत्र थे। वे भी पिता की तरह कर्मठ और विद्वान थे। हिन्दी, अग्रेजी, सस्कृत व बगला भाषा के अच्छे ज्ञाता थे। वे अनुभवी, सूझबूझ वाले तथा पत्र-प्रेषण मे दक्ष थे। अस्सी वर्ष की अवस्था मे भी वे परवश नही हुए। विगत सात वर्षो से वे जैन विश्व भारती को अपनी सेवाये दे रहे थे।'

अणुव्रत ग्राम आमली मे

६ मई / अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री के अणुव्रत ग्राम आमली पधारने पर भावभीना स्वागत किया गया। गगापुर से आमली तक पूरा मार्ग जनाकीर्ण हो गया था। आमली प्रवेश पर अणुव्रत द्वार का उद्घाटन हुआ। सन् १९६२ से आमली को अणुव्रत ग्राम बनाने का प्रयास चल रहा था।

अमृत-महोत्सव के इस पावन प्रसग पर इस आयाम को एक आकार मिला। गाव के सभी लोगो मे अच्छा साम्प्रदायिक सौहार्द हे। गाव की ९५ प्रतिशत जनता मद्य-मुक्त है। आपसी मामलो को कोर्ट के बजाय पारस्परिक समझौते के जरिये सुलझाया जाता हे। गाव मे कोई भी भूमि हीन एव वेघरबार नही है। शिक्षा एव चिकित्सा की समुचित व्यवस्था ह। हर वर्ग का व्यक्ति अणुव्रत के साथ जुडा हुआ है और उसके प्रति आस्थाशील है।

आमली ग्राम को सस्कारी बनाने मे वहा चतुर्मास करने वाले साधु-साध्वियो मे स्वर्गीय मुनिश्री नेमीचन्द ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुनिश्री सुखलाल का भी इस दिशा मे सक्रिय प्रयास रहा। आमली ग्राम मे अणुव्रत पुस्तकालय व वाचनालय, साक्षरता केन्द्र, अणुव्रत न्याय समिति आदि अनेक प्रवृत्तिया चल रही है। आचार्यवर ने आमली के प्रमुख कार्यकर्त्ता श्री राम-नारायण चेचानी की सेवाओ को ध्यान मे रखते हुए 'अणुव्रत सेवी के रूप मे सम्मानित किया।

आमली से महेन्द्रगढ, कारोई, सागवा, वागौर, घोडास, भादू, पिथास होते हुए आचार्यवर पुर पधारे। इन गावो मे आचार्यवर के प्रवचनो से प्रभा-वित होकर सैकडो लोगो ने धूम्रपान व मद्यपान का परित्याग किया। 'हम लोग रोटी पानी छोड सकते हे, पर शराव को नही छोड सकते'—ऐसा कहने वालो ने जव शराव न पीने का सकल्प लिया और तो जनता के आश्चर्य का पार नही रहा। घोडास ग्राम मे शराव के पच प्यारो द्वारा शराव को सदैव के लिये अलविदा करने का पूरे गाव पर गहरा असर पडा।

मेवाड मे हर पाच-सात किलोमीटर पर कोई न कोई गाव आ जाता है —काफी ग्रामो मे तेरापथ के एक-दो परिवार मिल जाते हे। युगीन प्रभाव से अछूते मेवाडी लोगो की श्रद्धा वेजोड है। उनके लिये १०-१५ कि०मी० चलना साधारण सी बात है। आचार्यवर की यात्रा मे जिस ग्राम मे पडाव होता उसके चारो ओर से १०-१५ कि०मी० पैदल चलकर दर्शन, प्रवचन-श्रवण के लिये आ जाते।

१५ मई / पुर/यहा आचार्य भिक्षु ने दो चतुर्मास किये, तब से केवल दो चातुर्मास छोडकर निरतर साधु-साध्वियो का चातुर्मासिक प्रवास हो रहा हे। आचार्य प्रवर के स्वागत समारोह मे बोलते हुए राजस्थान के भू० पू० सिचाई मत्री श्री रामप्रसाद लड्ढा ने कहा कि—"आज विश्व मे हिसात्मक उपकरणो का निर्माण तेजी के साथ हो रहा हे चारो ओर भय, आतक एव

थे। वे अच्छे धार्मिक रुचि वाले व्यक्ति थे। प्रेक्षाध्यान के प्रति उनकी विशेष अभिरुचि थी। वे हार्ट के मरीज थे।

मास्टर गुलावचदजी मनोत (अजमेर) सहज सस्कारी श्रावक थे। वे जहा भी गए, अपने सपर्क मे आने वालो मे धार्मिक सस्कार भरते रहे। लगभग पचास वर्षो तक वे अध्यापक रहे। उन्होने अपने पूरे परिवार को बौद्धिक दृष्टि से परिसपन्न बनाने के साथ धर्म के गहरे सस्कारो से सस्कारित भी किया।

श्री सूरजमल बाठिया (राजलदेसर) आयुर्वेदिक, एलोपैथिक तथा होमियोपैथिक औषधियो के काफी अनुभवी थे। साधु-साध्वियो की औषधि के रूप मे अच्छी सेवा करते थे। सेवाकेन्द्र मे सेवारत साध्वीश्री भीखाजी दर्शन देने उनके घर गई। उनके रहते-रहते श्री बाठिया जी का देहान्त हो गया।

श्रीमती बोलिया (पुर) श्री हीरालाल बोलिया की धर्मपत्नी थी। वह एक जागरूक व सस्कारी महिला थी।

श्री मिश्रीमल सेठिया (पूना) एक जिम्मेदार श्रावक थे। उस क्षेत्र मे आने वाले साधु-साध्वियो की पूरे दायित्व के साथ सेवा करते थे।

श्री चैनरूप मुसरफ (राजगढ) एक श्रद्धालु श्रावक थे। इस परिवार के कुछ व्यक्ति सघ-बहिर्भूत साधुओ के सपर्क के कारण गुमराह भी हुए, पर उन पर उसका कोई असर नही हुआ। वे बराबर इकरगे श्रावक रहे।

श्री गोपीचद चौपडा गगाशहर का जैन विश्व भारती के प्रागण मे ६ अप्रैल को अकस्मात् बीमारी मे स्वर्गवास हो गया। आचार्यश्री के शब्दो मे—'गोपीचदजी तेरापथ धमसघ के प्रथम समाज-भूषण, विशिष्ट विद्वान, कर्मनिष्ठ श्रावक श्री छोगमल चौपडा के ज्येष्ठ पुत्र थे। वे भी पिता की तरह कर्मठ और विद्वान थे। हिन्दी, अग्रेजी, सस्कृत व बगला भाषा के अच्छे ज्ञाता थे। वे अनुभवी, सूझबूझ वाले तथा पत्र-प्रेषण मे दक्ष थे। अस्सी वर्ष की अवस्था मे भी वे परवश नही हुए। विगत सात वर्षो से वे जैन विश्व भारती को अपनी सेवाये दे रहे थे।'

अणुव्रत ग्राम आमली मे

६ मई / अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री के अणुव्रत ग्राम आमली पधारने पर भावभीना स्वागत किया गया। गगापुर से आमली तक पूरा मार्ग जनाकीर्ण हो गया था। आमली प्रवेश पर अणुव्रत द्वार का उद्घाटन हुआ। सन् १९६२ से आमली को अणुव्रत ग्राम बनाने का प्रयास चल रहा था।

अमृत-महोत्सव के इस पावन प्रसग पर इस आयाम को एक आकार मिला। गाव के सभी लोगो मे अच्छा साप्रदायिक सौहाद है। गाव की ६५ प्रतिशत जनता मद्य-मुक्त है। आपसी मामलो को कोट के बजाय पारस्परिक समझौते के जरिये सुलझाया जाता है। गाव मे कोई भी भूमि हीन एव बेघरबार नही है। शिक्षा एव चिकित्सा की समुचित व्यवस्था है। हर वग का व्यक्ति अणुव्रत के साथ जुडा हुआ है और उसके प्रति आस्थाशील है।

आमली ग्राम को सस्कारी बनाने मे वहा चतुर्मास करने वाले साधु-साध्वियो मे स्वर्गीय मुनिश्री नेमीचन्द ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुनिश्री सुखलाल का भी इस दिशा मे सक्रिय प्रयास रहा। आमली ग्राम मे अणुव्रत पुस्तकालय व वाचनालय, साक्षरता केन्द्र, अणुव्रत न्याय समिति आदि अनेक प्रवृत्तिया चल रही है। आचार्यवर ने आमली के प्रमुख कार्यकर्त्ता श्री रामनारायण चेचानी की सेवाओ को ध्यान मे रखते हुए 'अणुव्रत सेवी के रूप मे सम्मानित किया।

आमली से महेन्द्रगढ, कारोई, सागवा, वागौर, घोडास, भादू, पियास होते हुए आचार्यवर पुर पधारे। इन गावो मे आचार्यवर के प्रवचनो से प्रभावित होकर सैकडो लोगो ने धूम्रपान व मद्यपान का परित्याग किया। 'हम लोग रोटी पानी छोड सकते है, पर शराब को नही छोड सकते'—ऐसा कहने वालो ने जब शराब न पीने का सकल्प लिया और तो जनता के आश्चर्य का पार नही रहा। घोडास ग्राम मे शराब के पच प्यारो द्वारा शराब को सदैव के लिये अलविदा करने का पूरे गाव पर गहरा असर पडा।

मेवाड मे हर पाच-सात किलोमीटर पर कोई न कोई गाव आ जाता है—काफी ग्रामो मे तेरापथ के एक-दो परिवार मिल जाते है। युगीन प्रभाव से अछूते मेवाडी लोगो की श्रद्धा बेजोड है। उनके लिये १०-१५ कि०मी० चलना साधारण सी बात है। आचायवर की यात्रा मे जिस ग्राम मे पडाव होता उसके चारो ओर से १०-१५ कि०मी० पैदल चलकर दर्शन, प्रवचन-श्रवण के लिये आ जाते।

१५ मई / पुर/यहा आचाय भिक्षु ने दो चतुर्मास किये, तब से केवल दो चातुर्मास छोडकर निरतर साधु-साध्वियो का चातुर्मासिक प्रवास हो रहा है। आचाय प्रवर के स्वागत समारोह मे बोलते हुए राजस्थान के भू० पू० सिचाई मत्री श्री रामप्रसाद लड्ढा ने कहा कि—"आज विश्व मे हिसात्मक उपकरणो का निर्माण तेजी के साथ हो रहा है चारो ओर भय, आतक एव

अशाति का वातावरण बना हुआ है। इस सदर्भ मे आचार्यश्री तुलसी हमे यही बात बतला रहे है कि शाति तो स्वय अत करण मे विद्यमान है। अपेक्षा है उसे सही रूप मे पहचाने।"

आचार्यवर ने महापुरुषो द्वारा प्रदर्शित माग पर चलने का उपदेश दिया।

पुर मे तत्व ज्ञान प्रशिक्षण शिविर

आचार्यवर के सान्निध्य एव मुनि सुमेर मल "लाडनू" के निर्देशन मे एक सप्त दिवसीय शिविर (१२ मई से १८ मई) का आयोजन किया गया। इस शिविर मे मेवाड के ८२ बालको ने भाग लिया। शिविर समय मे बालको को विशेष रूप से तीन विषयो का प्रशिक्षण दिया गया। (१) तत्त्व-ज्ञान (२) अनुशासन (३) व्यावहारिक ज्ञान।

१८ मई को शिविर समापन कार्यक्रम मे शिविर सचालक श्री हस्तीमल सेठिया ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा शिविर की समस्त प्रवृत्तियो पर अपने सक्षिप्त विचार रखे। इन ७ दिनो मे अधिकाश बच्चे तीनो कसोटियो पर खरे उतरे। कार्यक्रम के बीच पूछे गये प्रश्नो के प्रदत्त उत्तरो से सबको यही अनुभूति हो रही थी कि शिविर से बालको मे सस्कार कितने गहरे एव परि-पक्व हो जाते है। तीनो कसौटियो मे प्रथम, द्वितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो को भीलवाडा गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसीपल श्रीमती वडेरा ने पुरस्कार प्रदान किये।

अपने आशीर्वचन मे आचार्य प्रवर ने शिविरार्थियो से कहा—"वे शिविर मे प्राप्त तत्त्वज्ञान, अनुशासन व सुसस्कारो को सजोगकर रखे जिससे दूसरे बालको के लिये अनुकरणीय बन जाए। मुनि सुमेर मल "लाडनू" तथा इनके दोनो सहगामी मुनि विजय व उदित ने इस शिविर मे अच्छा श्रम किया है।" आचार्यप्रवर ने सस्कारो की सुरक्षा हेतु ऐसे शिविरो के समायोजन पर बल दिया।

१६ मई / पुर / सस्कार निर्माण सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे स्थानीय बेरवा जाति (हरिजन) के लोगो ने विशेष रूप से भाग लिया। अनेको ने अपने विचार रखे। आचार्यवर का इस अवसर पर महत्वपूर्ण उद्बोधन हुआ। लगभग २६ वर्षो पूर्व मुनिश्री कानमल के विशेष प्रयत्नो से बेरवा जाति मद्य, मास से विमुक्त बनी तथा तेरापथ की गुरुधारणा स्वीकार की थी। आचार्य श्री इनके मोहल्ले मे भी पधारे। आचार्यश्री के उद्बोधन

से इस जाति के लोगो को गहरा आत्मतोष मिला ।

१८ मई/पुर/यहा तीन सामाजिक विग्रह शात हुए । पहला विग्रह था बावलिया परिवार व नैनावटी परिवार के बीच । यह कई वर्षो से चला आ रहा था । आचार्यश्री की विशेष प्रेरणा से वर्षो का मनोमालिन्य समाप्त हो गया तथा परस्पर क्षमा याचना की । दूसरा विग्रह था समूचे तेरापथी समाज से । उसका मूल था-मृत्युभोज । मृत्युभोज कोई करे और कोई न करे, यह मनोभेद का कारण बना । आचार्यवर के प्रयास से सबने सर्वसम्मत सकल्प किया कि भविष्य मे वे मृत्यु भोज नही करेगे । तीसरा बेरवा जाति से था, जो तेरापथी है । उनके विवाद का मुद्दा था—जमीन । विवाद इतना बढा कि मामला कोर्ट मे पहुच गया । आचार्यवर के समझाने से सबने श्री गणेशमल चोरडिया को अपना मध्यस्थ बना लिया और उनके किसी भी फैसले को स्वीकार्य मान लिया ।

पुर प्रवास के दौरान रात्रि मे युवाचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण प्रवचन हुवे । जिनमे १५ मई को 'अन्दर का खजाना खोजे' १६ मई को 'धर्म और नैतिकता, तथा १७ को 'हिंसा आज की ज्वलन्त समस्या' विषय थे । १६ मई को स्थानीय कन्यामण्डल की कन्याओ ने दहेज पर एक रोचक परिसवाद किया ।

भीलवाडा मे भव्य स्वागत

२० मई/आचार्यवर के भीलवाडा प्रवेश पर आचार्यवर का भव्य स्वागत किया गया । बापू नगर से जवाहर रोड, सागानेरी दरवाजा, तथा मुख्य बाजार मार्ग होते हुए राजेन्द्र मार्ग स्थित रा० उ० मा० विद्यालय पहुचे । वहा आयोजित स्वागत समारोह मे आचार्यश्री ने उपस्थित जन समूह से अणुव्रत के नियमो को स्वीकार करने का आग्रह किया । युवाचार्यश्री ने समस्या के समाधान मे हिंसा को स्पष्ट शब्दो मे नकारा । कार्यक्रम के प्रारभ मे राजस्थान के पूर्व नहर मत्री श्री चदनमल बैद, पूर्व सिंचाई मन्त्री श्री राम प्रसाद लढ्ढा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये । अभिनदन समारोह के साथ जीवन-विज्ञान प्रशिक्षण शिविर का प्रारभ हो गया । वर्तमान के परिप्रेक्ष्य मे शिक्षा के प्रारूप पर आचार्य श्री, युवाचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण उद्बोधन हुए । उन्होने बदलते समीकरण मे भावनात्मक विकास करने वाली शिक्षा प्रणाली की जोरदार वकालत की ।

२१ मई को 'भारतीय दर्शन मे समग्र जीवन की कल्पना' विषय पर युवाचार्य श्री का विशेष वक्तव्य हुआ । मुनि सुमेरमल "लाडनू" ने विषय

प्रवेश किया ।

आचार्यश्री कैदियो के बीच

२६ मई/भीलवाडा/ आचार्यवर सेन्ट्रल जेल के अधिकारियो एव अपराधियो के विशेप निवेदन पर वहा पधारे । जेल अधिकारियो ने मुख्य गेट पर स्वागत किया । आचायवर ने अपराधियो को महत्त्वपूर्ण उद्बोधन दिया, जिससे अनेको कैदियो ने मद्यपान का परित्याग किया तथा अपनी बुराइयो का जिक्र करते हुए भविष्य मे उन्हे न दोहराने का सकल्प लिया । रात्रि मे "सयम ही जीवन हे" विपय पर युवाचार्यश्री का सारगर्भित वक्तव्य हुआ । प्राग् वक्तव्य मुनि सुमेरमल "लाडनू" का हुआ ।

रात्रि मे मुनि श्री मधुकर के सान्निध्य मे 'काव्य सन्ध्या' का कार्यक्रम रखा गया, जिसमे अनेको मतो तथा मुमुक्षु बहिनो की भावपूर्ण गीतिका, कविता, मुक्तक हुए । जनता को भावविभोर बना देने वाले इस कार्यक्रम का सयोजन मुनि श्री मोहजीत कुमार 'निभय' ने कुशलता के साथ किया ।

२८ मई/आचार्यवर ग्राम भारती पधारे, जहा युवाचार्यश्री के निर्देशन मे २० मई को जीवन-विज्ञान प्रशिक्षण शिविर का प्रारभ हुआ था । शिविरार्थियो को सबोधित करते हुए साध्वी प्रमुखाश्री ने कहा—"श्रद्धेय युवाचार्यश्री का ऊजस्वल व्यक्तित्व आपकी चेतना को आन्दोलित कर रहा हे । आप लोगो ने आठ दिनो मे जो कुछ प्राप्त किया हे उसका अभ्यास जारी रखे क्योकि वह आपके जीवन की अमूल्य थाती हे । युवाचार्य श्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—"इस शिविर का उद्देश्य अध्यापको को प्रशिक्षित करना हे । वतमान शिक्षा पद्धति मे आध्यात्मिक, नैतिक और भावनात्मक कायक्रम को और जोड दिया जाये, तो निश्चय ही एक नया मोड आएगा । पर इसके लिये लोगो को खपना पडेगा ।"

आचार्यश्री ने अपने मगल प्रवचन मे कहा—"शाति,सुख, आनद प्राप्ति के लिये तीन अपेक्षाये है—जीवन प्रकाशमय बने, मोह का आवरण दूर करे, राग द्वेप को क्षीण कर वीतराग बने ।"

जीवन-विज्ञान प्रशिक्षण शिविर का समापन

२६ मई/इस शिविर मे देश के विभिन्न भागो से समागत १३० शिविरार्थियो ने भाग लिया । इसमे अधिकाश शिक्षक थे । डा० धर्मानन्द जैन ने शिविर की रिपोट प्रस्तुत की । मुनिश्री सुखलाल, मुनिश्री किशनलाल,

आचार्यवर, युवाचार्य श्री, डा० महावीर गेलडा, प्रो० विपिन भाई, श्री रामेश्वर प्रसाद जैन, सुदशना खन्ना आदि ने अपने विचार व्यक्त किये ।

माध्यमिक शिक्षा बोड, अजमेर द्वारा स्वागत समिति भीलवाडा के आमत्रण पर आयोजित की गई २२ से २५ मई के मध्य शिविर मे जीवन-विज्ञान पुस्तक लेखन सगोष्ठी हुई । इसमे बोर्ड के अध्यक्ष श्री जगन्नाथ सिंह मेहता, सचिव श्री मागीलाल जैन ने विशेष रूप से भाग लिया । जीवन-विज्ञान के पाठ्यक्रम के सदर्भ मे सर्वसम्मति से निणय लिया गया कि शीघ्रातिशीघ्र जीवन-विज्ञान की पाठ्यपुस्तके तैयार की जाये । कक्षा ६ से ११ तक के जीवन विज्ञान पाठ्यक्रम पर पुस्तके लिखने हेतु दो दलो का गठन किया गया । पहले दल के सयोजन का दायित्व डा० महावीर गेलडा तथा दूसरे दल का डा० शिवकुमार शर्मा को सौपा गया । समागत लेखको ने भी शिविर-समापन के प्रसग पर अपने विचार व्यक्त किये ।

पारदर्शी दृष्टिकोण

३० मई/भीलवाडा रोटरी क्लब तथा लायन्स क्लब के सयुक्त तत्त्वावधान मे एक सगोष्ठी का आयोजन हुआ । टाऊन हॉल मे आयोजित इस सगोष्ठी का विषय था "पारदर्शी दृष्टिकोण" । दोनो क्लबो के पदाधिकारियो, सक्रिय कायकर्ताओ के अलावा अनेको बुद्धिजीवियो एव पत्रकारो ने भी भाग लिया । रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री के० एन० भसाली तथा लायस क्लब के उपाध्यक्ष श्री बशीलाल जेन ने सस्था की ओर से स्वागत किया । कायक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाडा जिलाधीश श्री सत्यप्रिय गुप्ता ने कहा—"वर्तमान माहौल मे आचायश्री का सदेश न केवल भारत के लिये, अपितु सपूर्ण विश्व के लिये महत्त्वपूण है । आवश्यकता इस बात की ह कि लोग इनसे प्रेरणा लेकर शोषण, छल, कपट व गरीबी से मुक्त आदर्श राष्ट्र के निर्माण मे सहयोग करे ।

श्री माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाडा के प्राचार्य डा० महावीर राज गेलडा ने आचायश्री का परिचय देते हुए कहा कि—"सूरज आकाश मे सतत गतिमान रहता है । वहा पाव-पाच चलने वाला सूरज जन-जन की चेतना को जागृत करने के लिए अविराम गति से उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम घूम रहा है । लगभग समूचे भारत को आपने अपने कोमल पैरो से नापा है । आज अपेक्षा है कि ये पावन चरण विदेशी धरती पर टिके, जिससे वहा की जनता आपका पथ प्रदर्शन प्राप्त कर सके ।"

दीक्षा-समारोह

१ जून/भीलवाडा/स्थान-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, समय-८ ३० बजे/उपस्थिति-१० हजार।

प्रात काल से हो रही वर्षा से कार्यक्रम मे विघ्न उपस्थित होने का अदेशा था, पर कार्यक्रम के पूर्व ही वर्षा प्राय थम गई। कई दिनो की भीषण गर्मी सुहावने मौसम मे परिवर्तित हो गई। सरदारशहर निवासिनी दीक्षार्थिनी बहिनो का सर्व प्रथम परिचय प्रस्तुत किया पारमार्थिक शिक्षण सस्था की बहिन मुमुक्षु शाता जैन ने। दोनो के पिताओ ने लिखित आज्ञा पत्र पूज्य गुरुदेव को समर्पित किया। इन दोनो बहिनो ने अपने मजे हुए विचार रखते हुए शीघ्र दीक्षा देने का निवेदन किया।

इस दीक्षा समारोह मे केन्द्रीय गृह राज्य मत्री श्रीमती रामदुलारी सिन्हा भी उपस्थित थी। उन्होने अपने भाषण मे कहा—"सत्य और अहिंसा के उपदेश का जमाना लदगया है, अब उसका हमारे जीवन मे प्रयोग होना चाहिये। भाषा, जाति प्रात और धर्म के नाम पर आज जो हिंसा का वातावरण बन रहा है, उसका मुकाबला हम आचार्यश्री के बताये हुए मार्ग पर ही चलकर कर सकते है।" युवाचार्य श्री एव साध्वी प्रमुखाश्री के प्रेरक प्रवचन हुए। आचार्यश्री ने आर्ष वाणी का उच्चारण करते हुए उन्हे अपनी अन्तरग परिषद मे शामिल किया। उनका परिचय इस प्रकार है—

नाम	पूर्वनाम	आयु	अध्ययन	सस्था
साध्वी श्री पीयूष प्रभा	मुमुक्षु प्रेम सेठिया	३० वर्ष	स्नातक प्रथम वर्ष	५ वर्ष
साध्वी श्री अमृत प्रभा	मुमुक्षु राकेश नौलखा	२६ वर्ष	सस्था का सम्पूर्ण अध्ययन	१० वर्ष

साध्वीश्री अमृत प्रभा सस्था मे अध्यापन भी करा रही थी।

इस अवसर पर सरदार शहर निवासी श्री अभय कुमार वैद को आचार्य प्रवर ने दीक्षा प्रदान की। लगभग २० वर्षो तक सयम पर्याय पालने के पश्चात् वे एक वर्ष पूर्व धर्मसघ को छोड गृहस्थ बन गये थे, किन्तु उन्हे अपने कृत्य का भान हुआ और पुन सघ मे प्रविष्ट होने की आचार्यवर से भावभरी प्रार्थना की। आज इस अवसर पर उन्हे पुन दीक्षा प्रदान की और वे मुनि अभय कुमार बन गये।

दीक्षा समारोह मे भाग लेने के बाद मध्याह्न मे केन्द्रीय गृह राज्य मत्री श्रीमती रामदुलारी सिन्हा ने आचार्यवर, युवाचार्यश्री से राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओ पर बातचीत की । पजाब, असम एव गुजरात की स्थिति पर भी सक्षिप्त चर्चा चली । एक घण्टे चली इस वार्ता मे आचार्यवर ने अणुव्रत को मानवीय आचार-सहिता एव प्रेक्षाध्यान को आन्तरिक परिवर्तन की प्रक्रिया बताया । युवाचार्यश्री ने प्रेक्षाध्यान को रासायनिक प्रक्रिया का उपक्रम बताते हुए कहा—"आवेश से असतुलित व्यक्ति का इस प्रक्रिया से आतरिक शोधन हो जाता है । अणुव्रत की आचार-सहिता को जीवन मे अवतरित करने के लिये प्रेक्षाध्यान भूमिका निर्माण का काय करती है । छात्रो मे भावनात्मक विकास हो, इस दृष्टि से जीवन-विज्ञान एक महत्त्वपूर्ण शिक्षा पद्धति है ।" युवाचार्यश्री ने जीवन-विज्ञान के बारे मे सविस्तार विवेचन किया । आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण विचारो से श्रीमती सिन्हा काफी प्रभावित हुई ।

रात्रि मे जनता की ओर से आचार्यवर को भावभीनी विदाई दी गई ।

२ जून को भीलवाडा से विहार कर आरजिया पधारे । रावले मे आचार्यप्रवर का प्रवास होने से ठाकुर श्री भानुसिह तथा उनके पूरे परिवार ने अपने आपको कृतकृत्य माना । ३ जून को २० हजार की आबादी वाले तहसील क्षेत्र माडल पधारने पर आचार्यवर का भावभरा स्वागत किया गया । ४ जून को लुहारिया पधारने पर माडल तहसील के सरपच ठाकुर श्री शकरसिह, विधायक श्री बिहारीलाल पारीक ने आचार्यवर के स्वागत मे अपने विचार रखे । आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे कहा—"मनुष्य ने अपनी बुद्धि से आकाश मे पक्षी की भाति उडना सीख गया है, जल मे मछली की तरह तैरना सीख गया है, चन्द्रलोक पर भी उसकी पहुच हो गई है, पर जब तक जीवन मे धर्म की कला का अवतरण नही होता, तब तक अन्य कलाये अकिंचित्कर है ।" अन्य सैकडो ग्रामीण भाइयो ने व्यसन मुक्त जीवन जीने का नियम लेकर आचार्यश्री को अच्छी खासी भेट दी । ६ जून को बाकली ग्राम मे विधायक श्री पारीक ने अपनी मातृभूमि की ओर से हार्दिक स्वागत किया । ७ जून को गोविन्दपुरा मे भी अनेको ने धूम्रपान न करने तथा शराब न पीने का नियम ग्रहण किया ।

८ जून/गौहाटी तेरापथी सभा भवन को लेकर स्थानीय श्रावको मे

दीक्षा-समारोह

१ जून/भीलवाडा/स्थान-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,
समय-८ ३० बजे/उपस्थिति-१० हजार।

प्रात काल से हो रही वर्षा से कार्यक्रम मे विघ्न उपस्थित होने का अंदेशा था, पर कार्यक्रम के पूर्व ही वर्षा प्राय थम गई। कई दिनो की भीषण गर्मी सुहावने मौसम मे परिवर्तित हो गई। सरदारशहर निवासिनी दीक्षार्थिनी बहिनो का सर्व प्रथम परिचय प्रस्तुत किया पारमार्थिक शिक्षण सस्था की बहिन मुमुक्षु शाता जैन ने। दोनो के पिताओ ने लिखित आज्ञा पत्र पूज्य गुरुदेव को समर्पित किया। इन दोनो बहिनो ने अपने मजे हुए विचार रखते हुए शीघ्र दीक्षा देने का निवेदन किया।

इस दीक्षा समारोह मे केन्द्रीय गृह राज्य मत्री श्रीमती रामदुलारी सिन्हा भी उपस्थित थी। उन्होने अपने भाषण मे कहा—"सत्य और अहिंसा के उपदेश का जमाना लदगया है, अब उसका हमारे जीवन मे प्रयोग होना चाहिये। भाषा, जाति प्रात और धर्म के नाम पर आज जो हिंसा का वातावरण बन रहा है, उसका मुकाबला हम आचार्यश्री के बताये हुए मार्ग पर ही चलकर कर सकते है।" युवाचार्य श्री एव साध्वी प्रमुखाश्री के प्रेरक प्रवचन हुए। आचार्यश्री ने आर्ष वाणी का उच्चारण करते हुए उन्हे अपनी अन्तरग परिषद मे शामिल किया। उनका परिचय इस प्रकार है—

नाम	पूर्वनाम	आयु	अध्ययन	सस्था
साध्वी श्री पीयूष प्रभा	मुमुक्षु प्रेम सेठिया	३० वर्ष	स्नातक प्रथम वर्ष	५ वर्ष
साध्वी श्री अमृत प्रभा	मुमुक्षु राकेश नौलखा	२६ वर्ष	सस्था का सम्पूर्ण अध्ययन	१० वर्ष

साध्वीश्री अमृत प्रभा सस्था मे अध्यापन भी करा रही थी।

इस अवसर पर सरदार शहर निवासी श्री अभय कुमार बैद को आचार्य प्रवर ने दीक्षा प्रदान की। लगभग २० वर्षो तक सयम पर्याय पालने के पश्चात् वे एक वर्ष पूर्व धर्मसघ को छोड गृहस्थ बन गये थे, किन्तु उन्हे अपने कृत्य का भान हुआ और पुन सघ मे प्रविष्ट होने की आचार्यवर से भावभरी प्रार्थना की। आज इस अवसर पर उन्हे पुन दीक्षा प्रदान की और वे मुनि अभय कुमार बन गये।

दीक्षा समारोह मे भाग लेने के बाद मध्याह्न में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्रीमती रामदुलारी सिन्हा ने आचार्यवर, युवाचार्यश्री से राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओ पर बातचीत की । पंजाब, असम एव गुजरात की स्थिति पर भी संक्षिप्त चर्चा चली । एक घण्टे चली इस वार्ता मे आचार्यवर ने अणुव्रत को मानवीय आचार-संहिता एव प्रेक्षाध्यान को आन्तरिक परिवर्तन की प्रक्रिया बताया। युवाचार्यश्री ने प्रेक्षाध्यान को रासायनिक प्रक्रिया का उपक्रम बताते हुए कहा—"आवेश से असतुलित व्यक्ति का इस प्रक्रिया से आन्तरिक शोधन हो जाता है । अणुव्रत की आचार-संहिता को जीवन मे अवतरित करने के लिये प्रेक्षाध्यान भूमिका निर्माण का कार्य करती है । छात्रो मे भावनात्मक विकास हो, इस दृष्टि से जीवन-विज्ञान एक महत्त्वपूर्ण शिक्षा पद्धति है ।" युवाचार्यश्री ने जीवन-विज्ञान के बारे मे सविस्तार विवेचन किया । आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण विचारो से श्रीमती सिन्हा काफी प्रभावित हुई ।

रात्रि मे जनता की ओर से आचार्यवर को भावभीनी विदाई दी गई ।

२ जून को भीलवाडा से विहार कर आरजिया पधारे । रावले मे आचार्यप्रवर का प्रवास होने से ठाकुर श्री भानुसिंह तथा उनके पूरे परिवार ने अपने आपको कृतकृत्य माना । ३ जून को २० हजार की आबादी वाले तहसील क्षेत्र माडल पधारने पर आचार्यवर का भावभरा स्वागत किया गया । ४ जून को लुहारिया पधारने पर माडल तहसील के सरपंच ठाकुर श्री शकरसिंह, विधायक श्री बिहारीलाल पारीक ने आचार्यवर के स्वागत मे अपने विचार रखे । आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे कहा—"मनुष्य ने अपनी बुद्धि से आकाश मे पक्षी की भांति उडना सीख गया है, जल मे मछली की तरह तैरना सीख गया है, चन्द्रलोक पर भी उसकी पहुच हो गई है, पर जब तक जीवन मे धर्म की कला का अवतरण नही होता, तब तक अन्य कलाये अकिंचित्कर है ।" अन्य सैकडो ग्रामीण भाइयो ने व्यसन मुक्त जीवन जीने का नियम लेकर आचार्यश्री को अच्छी खासी भेट दी । ६ जून को बाकली ग्राम मे विधायक श्री पारीक ने अपनी मातृभूमि की ओर से हार्दिक स्वागत किया । ७ जून को गोविन्दपुरा मे भी अनेको ने धूम्रपान न करने तथा शराब न पीने का नियम ग्रहण किया ।

८ जून/गौहाटी तेरापथी सभा भवन को लेकर स्थानीय श्रावको मे

मनोमालिन्य उत्पन्न हो गया था । इस मनोमालिन्य को मिटाने हेतु जसोल म एक लिखित फसला भी हुआ, फिर भी उससे यथेष्ट समाधान नही निकल पाया । आखिर नाथडियास गाव मे दोनो पक्षो के प्रतिनिधि आचायवर की सन्निधि मे पहुचे । पूव निणय को कुछ सशोधनो के साथ पुन स्वीकार कर लिया । इस मामल का सलटान मे श्री शुभकरण दसाणी की भी अहम् भूमिका रही ।

रायपुर मे भावभीना स्वागत :

६ जून/ आचायवर के रायपुर पदापण पर स्थानीय जनता द्वारा भावभीना आभनदन किया गया । राजस्थान के शिक्षामत्री श्री रामपाल उपाध्याय न कहा—"मुझ अनक बार आपके दशनो का लाभ मिला ह । आचायश्री क प्रति मर मन मे श्रद्धा ह, विश्वास ह, इसलिए मै जयपुर, दिल्ली या आर अन्य कही भी रहू, आपके दशन अन्तर्मन से हा जात हे ।" शिक्षामत्री न आचायश्री क कायक्रमो पर विस्तार से अपन विचार रखे । इस प्रसग पर आचायश्री, युवाचायश्री एव सा०वी प्रमुखाश्री के भी महत्त्वपूण वक्तव्य हुए ।

रायपुरवासियो की विशेप प्रायना के कारण आचायवर दूसरे दिन रायपुर ही रुक । युवाचायश्री प्रात बोराणा पधारे गये । आचायश्री शाम को पधार । स्थानीय सरपच श्री वृद्धिचद मुणोत, उपखड अधिकारी श्री दीक्षित, उप पुलिस अधिक्षक श्री माहनलाल शर्मा न आचायवर का स्वागत किया । ११ जून को आचायश्री बागोलिया पधार गये । गाव के सरपच श्री लालूराम कुमावत न आचायश्री का स्वागत किया । १२ जून को आचायश्री राजाजी का करेडा पधार गय । स्थानीय सरपच श्री भरुलाल मेडतवाल ने आचायवर का भावभीना अभिनदन किया । गगाशहर चातुर्मास सानन्द सपन्न कर लव-लवे विहार करत हुए मुनिश्री राकेशकुमार न आज आचायश्री के दर्शन किये । विधायक श्री बिहारीलाल पारीक न अपन क्षेत्र की ओर से स्वागत किया । आचायश्री न वतमान युग म धम आर मजहब को आधुनिक सदर्भो मे व्याख्यायित करन पर बल दिया । साथ ही आचार्यश्री ने राकेश मुनि के काम करने के तौर तरीको पर प्रसन्नता प्रकट की तथा इस चिलचिलाती धूप मे आन को समपण का द्योतक माना ।

तत्त्वज्ञान प्रशिक्षण शिविर .

६ जून से राजाजी का करेडा मे मुनि सुमेरमल "लाडनू" के निर्देशन

मे एक सप्तदिवसीय तत्त्वज्ञान प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई । पुर के बाद मेवाड मे यह दूसरा शिविर था । १६ गावो के १३५ लडको ने इसमे भाग लिया । शिविर मे ली गई तत्वज्ञान परीक्षा का परिणाम ६२ प्रतिशत रहा ।

१४ जून को आचार्यवर के सान्निध्य मे शिविर समापन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमे प्रधानाध्यापक माधोलाल कोठारी ने अपने विचार रखे । शिविर के प्रमुख सचालक श्री हस्तीमल सेठिया ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की । विभिन्न परीक्षाओ मे विशेष स्थान प्राप्त लडको को स्थानीय सभा के अध्यक्ष श्री कालूराम मेडतवाल के हाथो पुरस्कार प्रदान किया गया । मुनि सुमेरमल "लाडनू" ने अभिभावको से ऐसे शिविरो मे बच्चो को बार-बार अध्ययन करवाने का आह्वान किया ।

आचार्यश्री ने शिविरो को एक स्वस्थ उपक्रम एव रचनात्मक कार्य बताते हुए वर्तमान की शिक्षा मे समय, शक्ति व अनुशासन के महत्त्व को प्रतिपादित किया । उन्होने शिविरार्थियो से यह अपेक्षा महसूस की—"वे शिविर मे प्राप्त तात्त्विक तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा अनुशासन को अपने जीवन मे स्थायी बनाये ।

१५ जून को करेडा का त्रिदिवसीय प्रवास सपन्न कर आचार्यवर निम्बाहेडा जाटान पधारे । स्थानीय ठाकुर श्री शिवचरण, सरपच श्री रामलाल ने गाव की ओर से आचार्यश्री का स्वागत किया । साय आचार्यश्री चिलेसर पधार गये ।

१६ जून को आचार्यश्री भीटा होते हुए सरेवडी पधारे । भीटा मे स्थानकवासी भाइयो के विशेष आग्रह पर एक घटा रुके तथा प्रवचन दिया । वहा से मेवाड के परपरागत उबड खाबड पहाडी रास्ते से होते हुए सरेवडी मे ऊची पहाडी पर स्थित स्कूल पधारे । आचार्यश्री के मगल प्रवचन से प्रभावित होकर कई व्यक्तियो ने मद्य-मास का परित्याग किया ।

१७ जून को आचार्यवर कमेडी पधारे । साय ऊमरी पधार गये । ऊमरी मे रात्रिकालीन कार्यक्रम साध्वी प्रमुखाश्री के सान्निध्य मे हुआ । मुनि श्री कमल कुमार ने रात्रि कार्यक्रम कमेडी मे किया ।

१८ जून प्रात प्रवचन ऊमरी मे हुआ । साय कून्दवा पधार गये । १९ जून को प्रात युवाचार्यश्री पालडी पधार गये । आचार्यश्री प्रात कून्दवा विराजे । साय पालडी पधार गये ।

२० जून को प्रात बागड के लिए विहार किया रास्ते मे एक कि० मी०

का चक्कर लेकर आचायश्री डीडवाना पधारे। यह ठाकुर हरिदानजी का गाव है। २५ वष पूर्व जो खूखार व कुख्यात डाकु थे। जिनके नाम मात्र से कप-कपी छूट जाती थी। वे माध्वियो के सपर्क मे आये। विचार बदले। जीवन बदला। व्यवहार बदला और वे डाकुपन का बाना छोडकर एक सहज सद् गृहस्थ बन गये। उनके विशेप आग्रह पर ही आचार्यश्री पधारे। प्रवचन दिया और आगे बागड पधार गये। स्वागत-कायक्रम रावले मे रखा गया। ठाकुर मूलसिह तथा श्री मोहनलाल ओस्तवाल ने स्थानीय जनता की ओर से भावभीना स्वागत किया।

२१ जून को आचायवर माकरडा होते हुए साकरडा पधारे। आज मुनि सुमेरमल (लाडनू) बागड से सीधे आमेट तीन सतो से पहुच गये। २२ को जिलोला और २३ को आचायश्री चारभुजा रोड स्टेशन पधार गये। मुनि श्री अभयकुमार के पैर मे "मचरोड" पड जाने पर साधन से आमेट लाये।

शोक विमोचन :

गगापुर व आमेट के मध्य शोक विमोचन हेतु कई परिवार आचायश्री के दशनाथ पहुचे। स्वर्गस्थ व्यक्तियो के नाम निम्नोक्त है—

- श्री मूलचन्द चपलोत (राजनगर) उनका ८२ वर्ष की अवस्था मे २० मिनट के सथारे मे स्वगवास हो गया। वे धम सघ के सेवाभावी श्रावक थे।
- श्रीमती हुलासी देवी सुराणा (राजगढ) उनका चार दिन के चोविहार अनशन मे स्वर्गवास हुआ। वह एक धमनिष्ठ व श्रद्धालु श्राविका थी।
- श्री सोहनलाल बोथरा (लूनकरणसर) श्री बोथरा को मृत्यु के तीन पूर्व मृत्यु का आभास हो गया और अपने स्वजनो को मृत्यु के अनन्तर शोक सताप नही करना, जल्दी आचार्यश्री जहा विराजते है वहा पहुच कर दशन कर लेने की बात कही। वे एक धार्मिक व सस्कारी श्रावक थे।
- श्री हणूतमल बैद (चूरू) श्री बैद का कलकत्ता मे स्वर्गवास हो गया। वे स्वर्गीय श्रावक श्री सागरमल के पुत्र थे।
- श्री चुन्नीलाल नवलखा (लावा सरदारगढ) वकील श्री नाथूलाल के कनिष्ठ भ्राता श्री चुन्नीलाल एक निष्ठावान श्रावक थे। दोनो भाइयो

मे घनिष्ठ प्रेम था। भाई-भाई मे ऐसा प्रेम बहुत कम देखने को मिलता है।

- श्री राजकरण दूगड (सरदारशहर/अहमदाबाद) ४१ वर्ष की अल्पावस्था मे हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वरिष्ठ श्रावक श्री शुभकरण दूगड के पुत्र तथा श्री श्रीचद नाहटा के वे जामाता थे। व्यवसाय के क्षेत्र मे उन्होने नाम कमाया। धार्मिक सस्कार उन्हे विरासत मे मिले थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मपत ने बडी हिम्मत का परिचय दिया। पाच दिन के भीतर पूरे परिवार न रायपुर मे आचार्य श्री के दर्शन कर लिये।
- श्री चौथमल सेठिया (छापर) वे एक अर्थसपन्न व निष्ठाशील श्रावक थे। साधु-साध्वियो को दवा की अपेक्षा होने पर अच्छी दलाली करते थे।
- श्रीमती सुखीदेवी मालू (सुजानगढ) वह एक मनोबली श्राविका थी। अन्त समय मे डाक्टरो द्वारा दवा लेने के लिए जोर दिया, अन्यथा लकवा की चेतावनी दी। इतना भय दिखाने पर भी वह स्वीकृत व्रत पर अडिग रही और उसने रात्रि मे दवा नही ली।

मेवाड की कहानी

मेवाड पर्वतीय इलाका है। अरावली पर्वतमाला की चोटियो के मध्य छोटे-छोटे गाव बसे हुए है। दिल्ली से बम्बई को जोडने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग न० ८ मेवाड मे जरूर है, पर सैकडो-सैकडो गाव ऐसे है जहा रोड नाम की चीज ही नही है और यदि है, तो वह ककरो का मलवा मात्र है। मेवाड जहा राणा सागा, महाराणा प्रताप जैसे वीरो की वीरता के लिए विख्यात है, वहा मीरा की भक्ति मेवाड की रग-रग मे समाई हुई है। भामाशाह जैसा राष्ट्रभक्त एव दानवीर भी इसी मेवाड भूमि का सपूत था। शील की अखडता के लिए हजारो राजकुमारियो एव रानियो का जौहर भी इसी धरती का दस्तावेज है। तेरापथ की जन्मस्थली बनने का गौरव भी इसी भूमि को प्राप्त है। अमृत-पुरुष आचार्यश्री तुलसी के अमृत-महोत्सव के भव्य आयोजन का सौभाग्य भी इसी भभाग को सप्राप्त हो रहा है।

करीब २१ वर्षो की प्रलम्ब अवधि के बाद आचार्यश्री मेवाडव्यापी दौरा कर रहे है। होली चौमासा टाडगढ करने के बाद आचार्यश्री छोटे-बडे

गावो मे जा रहे है। कई गाव ऐसे भी है, जहा ऊवड-खावड, टेढी-मेढी, ऊची-नीची पगडडियो से होकर पहुचना पडता है। आचार्यश्री ने कई स्थानो पर यह फरमाया—"मै जव मेवाड की मार्गगत कठिनाइयो को देखता हू, तो वहा जाने की इच्छा तक भी नही होती। पर जव श्रद्धा एव भक्ति से लवालब आग्रह ओर विनती को देखता हू, त्याग-प्रत्यारयान के क्रम को देखता हू, तो मन मे आता है कि इन गावो मे रहकर कुछ काम करना चाहिए।'

मेवाड के जिन गावो मे श्रद्धा के मात्र दस-वीस घर ही होते ह, किन्तु आचार्यश्री के पधारने के साथ ही हजारो-हजारो लोग इकट्ठे हो जाते है। मेवाडी लोगो की भावना और उत्साह वस्तुत श्लाघनीय है। सघ और सघ-पति के प्रति अगाध श्रद्धा है। आचायश्री के पास सभी जाति और धर्मो के व्यक्तियो के निस्सकोच ओर वेरोकटोक आगमन को देखकर अनेको व्यक्ति, जो समाज, धर्म, राजनीति आदि क्षेत्रो मे अपनी अर्हता रखते है, अतिशय प्रभावित होते हैं। एक वार सर्वोदयी कार्यकर्ता श्री मनोहरजी मेहता ने कहा—'आचायश्री! आप हमारे है यह अभिमान चूर-चूर हो गया है। आप तो जैनो के नही, जन-जन के पूज्य बन गए ह। आपकी प्रवचन सभाओ मे जैनो की अपेक्षा अजैनो की सख्या अधिक है। यह भेद करना मेरे लिए मुश्किल है कि इनमे कौन हिन्दू है? कौन जैन है? कौन मुसलमान है और कोन हरि-जन है?'

कोसो दूर से समागत ग्रामीणो की थकान उस समय काफूर हो जाती है, जव आचार्यश्री उनकी ही भाषा मे कुछ वोलते है। वे घण्टो आचार्यश्री को अपलक निहारते रहते है। आचार्यश्री उनसे न वोट मागते, न नोट मागते केवल उनके जीवन की खोट मागते है। आचायश्री जव शराव, तम्वाकू धूम्रपान से मुक्त जीवन जीने का उपदेश देते है, तो वर्षो से शराव आदि बुराइयो मे ग्रस्त ग्रामीण जन एक झटके के साथ उनको अलविदा कर देते है। लाखागुडा गाव मे जहा अध्यापक रामसिह व डूगरसिह ने वर्षो से पटी धूम्र-पान की लत को छोडा। वहा कटार गाव मे अध्यापक वशीलाल शर्मा पर आचार्यश्री के वचनो का ऐसा जादूई असर हुआ कि वीस वर्षो से निरन्तर शराव पीने की आदत को वदल दिया। इस यात्रा मे सैकडो-हजारो व्यक्तियो ने आचार्यश्री के पास अपनी वुराइयो को छोडकर सात्त्विक जीवन जीने का सकल्प लिया है।

जीवन के ७२ वसन्त पार करने के वाद भी आचायश्री मे वही युवकत्व,

वही स्फूर्ति और वही ताजगी है। उनका परिश्रम भी कमाल का है। वे दिन मे दो-दो गावो का स्पर्श कर लेते है। दस-दस, पन्द्रह-पन्द्रह कि०मी० विहार करते है। दिन मे दो-दो, तीन-तीन सभाओ को सम्बोधित करते है। श्रद्धालु परिवार और गाव की पूरी जानकारी हासिल करते है। जिस गाव मे आचार्यश्री का पदार्पण होता है, उस क्षेत्र के सासद, विधायक, सरपच, सरकारी अधिकारी आचार्यश्री से सम्पर्क, अभिनन्दन उनके विचारो को सुनना अपना सौभाग्य समझते है। आचार्यश्री की यह करीब सवा तीन महीने की मेवाड यात्रा यत्र-तत्र अध्यात्म की सुरभि बिखेरती हुई आमेट मे परिसपन्न हो गई। जोधपुर से आमेट की सीधी दूरी कोई अधिक नही है, पर आचार्यश्री के लिए जोधपुर से आमेट की दूरी १२०० किलोमीटर हो गई।

पलक पावडे बिछाये

जोधपुर चातुर्मास मे आगामी चातुर्मास आमेट घोषित होने के साथ ही आमेटवासी पलक पावडे बिछाये उस शुभ घडी का इन्तजार कर रहे थे, जिस दिन आचार्यश्री का मगलप्रवेश हो। आमेट वह नगर है जहा का इतिहास बडा ही गरिमामडित रहा है। रानी पद्मिनी को पाने हेतु ललचाई आखो से आए अलाउद्दीन खिलजी के साथ वीर योद्धा जयमल और पत्ता ने जमकर जग किया और उस युद्ध मे पत्ता खेत रह गया। उसी पत्ता की जन्मभूमि आमेट मे तेरापथ के बहुश्रुत सन्त मुनिश्री नथमलजी 'रीछेड' की ५४ दिन सलेखणा व १४ दिनो का प्रभावशाली अनशन हुआ, उस समय ८० साधु-साध्विया एकत्रित हो गये। साध्वीश्री भूराजी की भी यह अनशन भूमि रही है। बहुश्रुत, ज्योतिषवेत्ता, आगम मर्मज्ञ मुनिश्री भीमजी स्वामी इसी भूमि के लाडले सपूत थे। आचार्यश्री की शासन-सगीत गीतिका मे दृढ आस्था के लिए जिस चन्दू बाई श्राविका का उल्लेख है, वह इसी धरती पर जन्मी थी।

आमेटवासियो को तेरापथ के आचार्य का चातुर्मास पाने के लिए १७५ वर्ष तक लबी प्रतीक्षा करनी पडी। द्वितीय आचार्यश्री भारमलजी स्वामी के सवत् १८६६ के चातुर्मास के बाद सप्रति नवम आचार्यश्री तुलसी का चातुर्मास होने जा रहा है। तेरह हजार की आबादी वाले इस नगर मे तेरापथ के ३५० घर तथा अन्य जैन आम्नायनो के १०० घर है। गाव, लक्ष्मीबाजार व स्टेशन इन तीन खडो मे विभक्त इस आमेट कस्बे के डाकघर, स्टेशन

आदि का नाम चारभुजा रोड हे।

हैप्पी हाऊस मे

आमेटवासियो के लिए उस दिन खुशी का पार नही रहा, जब चिर प्रतीक्षा के वाद आचार्यश्री को अपने नगर मे अपनी नजरो से देख रहे थे।

२३ जून का शुभ प्रभात। आचायश्री जिलोला से विहार कर आमेट स्टेशन (चार भुजा रोड स्टेशन) पधारे। वहा 'हैप्पीहाऊस' आचार्यश्री का प्रवास स्थल बना। कच्छारा परिवार अपने वीच आचार्यश्री को पाकर प्रसन्नता का अनुभव कर रहा था।

खचाखच भरे पण्डाल मे आयोजित स्वागत कायक्रम मे बबई की प्रमुख समाज सेविका श्रीमती जयती वहिन मेहता, ब्लिट्ज के मपादक श्री नन्दकिशोर नौटियाल, भारत जैन महामडल के मत्री श्री चन्दमल चाद आदि उपस्थित थे।

श्रीमती मेहता ने कहा—'वतमान मे आचार्यश्री जो काय कर रहे है, उसकी हम किसी मे तुलना नही कर सकते ह। देश मे अनेक धम है, अनेक मप्रदाय हैं, अनेक आचाय हे, किन्तु आचार्यश्री के समान कोई भी सक्रिय नही है। आचायश्री अपने समाज की ही नही, मपूर्ण मानव ममाज की वहुमूल्य सेवा कर रहे ह।

श्री नौटियाल ने कहा—आज विश्व की महाशक्तियो मे शास्त्रो की होड लगी हुई हे। ससार विनाश के कगार पर खडा ह। सारा जगत् भयभीत है। अगर उसे कोई वचा सकता हे, तो वह अणुव्रत ही बचा सकता है।

इस अवसर पर आचार्यश्री, युवाचार्यश्री व साध्वी प्रमुखाश्री के महत्त्वपूर्ण उद्‌वोधन हुए। कार्यक्रम का सयोजन श्री चन्दनमल 'चाद' ने किया। रात्रि प्रवास हेप्पी हाऊस मे ही हुआ।

अमृत-समवसरण मे अमृत पुरुष का भव्य अभिनन्दन

२४ जून / आमेट के प्रसिद्ध स्थल अखाडा से स्वागत जुलूम का प्रारभ हुआ। पक्तिवद्ध रग-विरगी पोशाको मे शोभित स्वागत-जुलूम मे आचार्यश्री अपने उत्तराधिकारी युवाचायश्री महाप्रज्ञ, साध्वी प्रमुखाश्री जी समेत ३१ साधु ६५ साध्वियो के साथ मन्थर गति से चल रहे थे। जिम गली से आचायश्री गुजरते, किनारे खडे हजारो-हजारो लोगो के हाथ जुड जाते, मस्तक झुक जाते। अमृत-समवसरण पहुचते ही स्वागत जुलूस एक विशाल-

स्वागत-सभा के रूप मे परिणत हो गया ।

समाज की सभी सस्थाओ के द्वारा मुक्तको, कविताओ, गीतिकाओ के माध्यम से अपने आराध्य का अभिनन्दन किया गया ।

राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष तथा आमेट क्षेत्र के विधायक श्री हीरालाल देवपुरा ने आचार्यश्री का भावभीना स्वागत किया । चातुर्मास व्यवस्था समिति के कार्याध्यक्ष श्री कन्हेयालाल कच्छरा ने भी अपने विचार रखे । स्वागत समिति के अध्यक्ष महन्तश्री जयरामदासजी महाराज ने आचायश्री को देश की महान विभूति बताया ।

साध्वी प्रमुखाश्री ने आचार्यश्री से ऐसी अमृत की बूदे प्राप्त करने का आह्वान किया, जो नई चेतना, नई शक्ति को जगा सके । युवाचायश्री ने अहिसा की तेजस्विता पर बल दिया । आचार्यश्री ने चातुर्मासिक प्रवास काल मे अधिकाधिक समत्व की साधना मे रहने का आह्वान किया ।

२५ जून / तेरापथ धममघ ने कुछ ऐसे अवदान दिये हे, जो न केवल तेरापथ और जैनो के लिए, अपितु समग्र मानव-जाति के लिए ह । उन अवदानो मे एक है—प्रेक्षाध्यान । अणुव्रत जहा चारित्रिक धरातल को ठोस बनाता हे, वहा प्रेक्षाध्यान उसे प्रायोगिक स्तर पर परिपक्व बनाता हे । सैकडो सैकडो व्यक्तियो के आदतो ओर व्यवहारो मे बहुत बडा अन्तर आया है । कइयो के लिए तो यह वरदान के रूप मे साबित हुआ है । पारमार्थिक शिक्षण सस्था की मुमुक्षु बहिने, उपासिकाए एव समणिया एक पावन उद्देश्य की सप्राप्ति के लिए अहर्निश प्रयत्नशील है । वे भी प्रेक्षाध्यान के सैद्धातिक व प्रायोगिक स्वरूप को समझे । स्वय पर प्रयोग करे तथा दूसरो को भी इस विधि से आकृष्ट करे, इस दृष्टि से केवल उनके लिए श्रद्धेय युवाचायश्री के निदेशन मे सप्तदिवसीय शिविर प्रात कालीन कार्यक्रम मे प्रारभ हुआ । शिविर-स्थल था रमणीक एव मनोहारी 'सूर्या निवास' ।

२५ जून से २६ जून तक रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' ने प्रवचन किया । अन्त मे आचायवर का महत्त्वपूण उदबोधन हुआ ।

२६ जून / नीमली (पाली) निवासी श्री मिश्रीमल धोका का मद्रास मे ६ जून को हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया । नियमित सामायिक व प्रतिक्रमण करने वाले ७४ वर्षीय धोकाजी के पौत्र मुनिश्री धर्मेश कुमार एक वष पूव दीक्षित हुए थे । आज रात्रि मे उनके पारिवारिक जनो ने आचार्यवर के दर्शन किये ।

२७ जून / चूरू के सासद श्री मोहरसिंह राठौड का २४ जून को हृदयगति रुक जाने से देहान्त हो गया। उनके पारिवारिक जनो को प्रदत्त अपने सदेश मे आचार्यप्रवर ने कहा—'चूरू जिले के अन्तर्गत लाखाऊ ग्राम के श्री मोहरसिंह का दिल्ली मे स्वर्गवास हो गया। श्री राठौड तीन वार विधान सभा के सदस्य चुने गए। इस वार वे लोकसभा के सदस्य चुने गए। राजनैतिक व्यक्ति के जीवन और आचरण के बारे मे निश्चित रूप से कुछ भी कहना कठिन होता है, पर मोहरसिहजी के बारे मे कहा जा सकता है कि वे नीति निष्ठ, चरित्रवान और प्रामाणिक व्यक्ति थे। उनका जीवन व्यसनो से मुक्त था। यहा तक कि वे चाय भी नही पीते थे। ऐसा सुना है कि वे सप्ताह मे एक दिन उपवास करते थे। उस दिन वे अन्न, जल आदि कुछ भी नही लेते थे।

मोहरसिंह जी का हमारे धर्मसघ के साथ बहुत निकट का सबध था। सघ प्रवक्ता चदनमल जी वैद के वे मित्र थे। समाज के और भी अनेको लोगो के साथ उनका घनिष्ट सम्बन्ध था। वे पक्के अणुव्रती और श्रद्धालु थे। प्राय प्रतिवर्ष दर्शन करने आते थे। हमारे मन मे भी उनके प्रति बहुत आदर था।

मोहरसिंह जी ने आयुष्य कम पाया, वह किसी के हाथ की बात नही है, किंतु उन्होने राजनीति मे सक्रिय रूप से भाग लेते भी हुए अपने जीवन मे नैतिक मूल्यो को अक्षुण्ण रखा, वह वास्तव मे ही बहुत बडी बात है।

मोहरसिंहजी के परिवार के लोग इस दुख के समय अपने मनोबल का परिचय देंगे। उनकी चारित्रिक विशेषताओ को अपने जीवन मे सजोकर रखेंगे। यही उनकी सच्ची स्मृति होगी।

३० जून / रात्रिकालीन कार्यक्रम मुमुक्षु बहिनो का रहा, जिसमे उन्होने मुक्तक, कविता, भाषण आदि के द्वारा अपने विचारो की अभिव्यक्ति दी। १ जुलाई को रात्रि मे मुमुक्षु बहिनो ने रोचक चन्दनबाला परिसवाद प्रस्तुत किया।

२२६ वा तेरापथ स्थापना दिवस

२ जुलाई / आज का दिन तेरापथ धर्मसघ का महत्त्वपूर्ण दिन है। इस दिन एक ऐसी मशाल प्रज्वलित हुई थी, जिसने अज्ञान के आवरण को अनावृत कर यथार्थ के धरातल पर एक प्रकाशपुज का अभ्युदय किया। उस प्रकाशपुज के रश्मिवलय से सवा दो सौ वर्षो से सपूर्ण मानव जाति की राह आलोकित होती रही है।

विचार संगोष्ठी के रूप मे आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्त श्री मीठालाल मेहता ने लोगो को सलाह दी कि वे दया, दान व दमन करना सीखे।

उन्होने आगे कहा—'मेरा सप्रदाय मे विरोध नही है। बधन को मैं आवश्यक मानता हू। नदी पार करनी है, तो छलाग नही लगाई जा सकती। नौका का बधन स्वीकार करना होगा। धर्म की साधना के लिए सप्रदाय एक सहारा है। उसमे रहते हुए धर्म व्यापक बने, कोई कठिनाई नही है। कठिनाई वहा होती है, जहा वैचारिक स्वतन्त्रता से परे रहकर धर्म को जन्म के साथ ओढ लिया जाता है।'

मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए डा० के० एल० कोठारी व डा० के० सी० सोगानी ने 'भारतीय धर्म सस्कृति मे तेरापथ का योगदान' विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिए। गीतिकाओ, भाषणो के अनन्तर युवाचार्यश्री ने कहा—'तेरापथ की नीव त्याग व अनुशासन पर रखी गई है। अनुशासन के कारण इस पथ की विशिष्ट परम्परा बनी व एक नए समाज का उदय हुआ।'

युवाचार्यश्री ने आगे कहा—'तेरापथ की स्थापना आचार्य भिक्षु ने की, पर वस्तुत स्थापना की नही गई, स्वत हुई। तीर्थंकर तीर्थ का प्रवर्तन करते नही, होता है। तीर्थंकर जब कैवल्य की भूमिका पर पहुचते है, उनके पीछे अपने आप समाज खडा हो जाता है। आचार्य भिक्षु त्याग की भूमिका पर खडे हुए, उनके पीछे स्वत समाज बन गया।'

आचार्यश्री ने कहा—'तेरापथ की परम्परा विष पीने की रही है, विष वमन की नही। हमने दूसरो की अच्छाइयो को हमेशा ग्रहण किया, पर उनकी बुराइयो की कभी आलोचना नही की। हम एक सप्रदाय मे रहते हुए भी असाप्रदायिक नीति मे है।' आचार्यश्री ने उपस्थित जनसमूह से अर्जन के साथ विसर्जन करने की बात कही।

मध्याह्न मे मत्र दीक्षा का कार्यक्रम था। नौ वर्ष तक की उम्र के सैकडो बच्चो को आचार्यश्री ने मत्र दीक्षा के सस्कार से सस्कारित किया। बच्चो को 'मत्र दीक्षा' पुस्तक व एक माला भेट की गई। इस कार्यक्रम के बाद जैन विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमे आचार्यश्री, युवाचार्यश्री के अलावा अनेक विद्वानो ने जैन धर्म के विविध आयामो पर अपने विचार रखे।

३ जुलाई / मुमुक्षु बहिनो, उपासिकाओ एव समणियो के लिए २५ जून को प्रारम्भ हुए शिविर का आज समापन कार्यक्रम था। मुनिश्री

किशनलाल, श्री सीताराम दाधीच, श्री आनन्दकुमार तिवारी, श्री श्यामलाल, कुमारी वीणा, श्री नाथूलाल 'जिज्ञासु' आदि ने अपने विचार रखे।

युवाचार्यश्री ने इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वभाव परिवर्तन तथा नई आदतो के निर्माण को माना। उन्होने आत्म-निरीक्षण की शक्ति को जगाने के लिए उपदेश की अपेक्षा प्रयोग को महत्त्वपूर्ण बताया। आचार्यश्री ने अपने आशीर्वचन मे इस शिविर को लाभदायक बताया।

रात्रि मे युवाचार्यश्री का विशेष प्रवचन हुआ। विषय था—'क्या आपने अपना घर बना लिया।' विषय प्रवेश किया मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट' ने।

श्री रूपचन्द गोखरू गगापुर, श्री रोशनलाल एव श्री प्रकाशचद्र सुत-रिया अडसीपुरा इन तीनो युवको ने मेवाड यात्रा मे मार्ग की लबी व अच्छी सेवा की। रात्रि मे वे आचार्यवर की सन्निधि मे बैठे थे। आचार्य श्री ने उनके बारे मे यह पद्य फरमाया—

जीभर गुरु सेवा करी, रोशन रूप प्रकाश।
दिवस रात पल-पल , भारी वरी सुवास॥

४ जुलाई/मध्याह्न मे ब्यावर कॉलेज के प्रोफेसर एव पुनर्जन्म के प्रमुख शोधकर्ता, हिन्दी मे प्रकाशित "परा मनोविज्ञान" पुस्तक के लेखक श्री कीर्तिस्वरूप रावत ने सपत्नीक आचार्यश्री से भेट की। सद्य घटित घटनाओ पर स्वय की शोध से अवगत कराया और कहा—'अब पुनर्जन्म सिद्धान्त स्पष्ट होता जा रहा है।'

रात्रि मे 'महाभारत और उत्तराध्ययन' विषय पर युवाचार्यश्री का तुलनात्मक वक्तव्य हुआ। प्राग् वक्तव्य मुनिश्री मुदित कुमार ने दिया।

५ जुलाई/'शात सहवास' विषय पर युवाचार्यश्री, आचार्यश्री के महत्त्व-पूर्ण प्रवचन हुए। अध्यात्म साधना केन्द्र, मेहरोली दिल्ली के प्रमुख श्री मोहनलाल कठोतिया तथा श्री धर्मानन्द जैन, जो विदेश यात्रा कर अभी-अभी लौटे है, ने आचार्यवर के दर्शन किये। प्रवचन मे उन्होने अपनी यात्रा के सस्मरण सुनाये और विदेशी जनता की प्रेक्षाध्यान के प्रयोगो के प्रति जागृत अभिरुचि के बारे मे भी बताया।

६ जुलाई/रात्रि प्रवचन का विषय था "क्या आप दिन मे सोते हैं?" प्रारम्भ मे मुनिश्री किशनलाल ने इस विषय पर प्रकाश डाला। युवाचार्यश्री ने कहा—"वही व्यक्ति जीवित है, जो जागृत है। जो व्यक्ति सोया रहता है

वह श्वास लेते हुए भी जीवित नहीं है। आयुर्वेद के अनुसार सामान्यत दिन मे सोना वर्जित है। दिन मे सोने से स्नायु तत्र सुस्त बनता है। स्नायुतत्र को सुस्त बनाने वाला रोगो को निमत्रण देता है।"

७ जुलाई/प्रात प्रवचन मे आचार्यश्री ने तेरापथ का मूल सिद्धान्त बताते हुए कहा—"जिस क्रिया मे ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप की वृद्धि हो, उसमे धर्म है तथा जिस क्रिया मे इनकी वृद्धि न हो, उसमे धर्म नही है। लोक धर्म अवश्य है।"

एकाग्रता का जिक्र करते हुए आचार्यवर ने कहा—"सरसा मे एक भव्य जुलूस मेरे सामने से गुजरा। घटे भर तक वह मेरे सामने से गुजरता रहा। मैंने एकाग्रता का अभ्यास किया। एक बार भी मेरा मन उधर नही गया। मुझे विश्वास हो गया—जयाचार्य की भाति आज भी एकाग्र बना जा सकता है।"

रात्रि मे अवधान का भव्य कार्यक्रम आचार्यश्री के सान्निध्य मे रखा गया। अवधानकार थे मुनिश्री श्रीचद्र "कमल"। उन्होंने सूक्ष्म गणित व स्मृति के विलक्षण प्रयोग किए। दो घटे चले इस कार्यक्रम मे मुनिश्री ने जनता का मन मोह लिया।

८ जुलाई/जीवन-विज्ञान प्रशिक्षण शिविर का प्रारभ हुआ। युवाचार्य श्री ने आतरिक आवेगो पर नियत्रण की क्षमता प्राप्त करने को अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण बताया। राजस्थान राज्य शैक्षिक व अनुसधान विभाग के निदेशक श्री भवरलाल शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

लोगोवाल का आगमन

९ जुलाई/पजाब कुछ अर्से से आतक, हत्या के गभीर दौर से गुजर रहा था। पूरे देश को यह समस्या घुण की तरह खाये जा रही थी, ऐसे मे आचार्यश्री निरन्तर प्रयत्नशील थे कि पजाब मे शान्ति, सौहार्द एव समन्वय का वातावरण निर्मित हो। समय-समय पर आचार्यश्री ने अपनी मशा भी जाहिर की और अपनी समाधानपरक बातो से भारत सरकार एव अकाली दल को भी अवगत कराया गया। दोनो ने इन विचारो का खुले दिल से स्वागत किया।

समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री शुभकरण ,दसाणी अकाली दल के अध्यक्ष श्री हरचदसिह लोगोवाल से मिले और उन्हे आचार्यश्री के विचारो से अवगत कराया। अन्तत दोनो सतो के मिलन का कार्यक्रम तय हुआ।

६ जुलाई को प्रात श्री हरचदसिह लोगोवाल तथा श्री सुरजीतसिह बरनाला विमान द्वारा उदयपुर और वहा से कार द्वारा आमेट पहुचे ।

मध्याह्न मे लगभग चार बजे से पौने छह बजे तक पौने दो घण्टे आचार्यवर तथा लोगोवाल के बीच वार्तालाप हुआ । बातचीत मे युवाचायश्री, साध्वी प्रमुखाश्री, श्री सुरजीतसिह बरनाला, श्री शुभकरण दसाणी उपस्थित थे । वार्तालाप के पश्चात् आचार्यश्री एव श्री लोगोवाल ने पत्रकारो के सवालो का जवाब दिया ।

रात्रि मे साढे आठ बजे सार्वजनिक सभा का आयोजन हुआ । श्री शुभकरण दसाणी ने अतिथियो का सक्षिप्त परिचय दिया । श्री लोगोवाल एव बरनाला के अमृत-कलश मे पचसूत्री सकल्प पत्र डालने के साथ ही समवसरण तालियो की गडगडाहट से गूज उठा ।

युवाचार्यश्री ने इस अवसर पर कहा—"जैन, सिख, हिन्दू, मुसलमान सब भाई है । एक ही भारतीय परपरा के मूल स्रोत और इसी मातृभूमि का सिंचन करने वाले सब भाई-भाई है । नाना जातिया, नाना सप्रदाय और नाना विचार फिर भी सब मिलजुल कर रहे ह । ऊपर की बातो को कभी महत्त्व नही मिला ।" युवाचार्यश्री ने आमेट को ऐतिहासिक क्षेत्र बताते हुए तुलसी-लोगोवाल मिलन को सुखद वातावरण की निर्मिति मे महत्त्वपूण माना ।

आचायश्री ने इस मिलन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा—"आतक एव अशान्ति के वातावरण को मिटाकर अहिसा व अमन चैन का साम्राज्य स्थापित करना सतो का पहला काम हे । मैने श्री लोगोवाल के साथ हुई बातचीत से यह पाया है कि उनके मन मे देश की एकता व अखण्डता के प्रति अटूट विश्वास है । हिसा के प्रति उनके मन मे पीडा हे । शान्ति स्थापना की गहरी तडफ है ।"

आचार्यश्री ने आगे कहा—"मै अपनी ओर से कुछ विशेष बाते कहना चाहता हू । पहली बात कि पजाब-समस्या का समाधान बातचीत के जरिये होना चाहिए, इसमे हिंसा को कोई प्रश्रय न मिले । दूसरी बात यह है कि बातचीत के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो । तीसरी बात यह हे कि जहा कही किसी भी व्यक्ति या समुदाय के द्वारा हिसा होती है । उसकी खुले शब्दो मे भर्त्सना होनी चाहिये । चौथी बात यह हे कि कोई व्यक्ति खराब हो सकता ह, किन्तु उसे लेकर पूरी कौम को खराब बताना, बदनाम करना कभी उचित नही ह ।" आचार्यश्री ने इस काय मे छाया की तरह

गुरु दर्शन री सदा सुरगी चाह राखतो
गुरु अनुशासन री इकरगी राह झाकतो।
कारणीक मुनि सतियारी, सेवा रो मोको,
कभी न चूक्यो बो हो, शासन भक्त अनोखो ।।२।।

दोहा

सभी तरह सपन्न था, शात सुखी परिवार।
भींवराज तातेड री, स्मृति रहसी हर वार ।।३।।

० श्री चैनरूप सचेती मोमासर का पूर्णिया (विहार) मे निधन हो गया। वे एक धार्मिक तथा गणगणी के प्रति समर्पित श्रावक थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रतनदेवी एक तपस्विनी महिला है।

० श्री सोहनलाल हीरावत (चूरु) एक विश्वासी श्रावक थे। साधु-साध्वियो की सेवा जिम्मेदारी से करते थे। सघ व समाज के लिए उनके विचार ऊचे थे। वे अन्तिम श्वास तक सक्रिय रहे।

० प्रेक्षाध्यान के साधक श्री मोहनलाल आचलिया के पुत्रश्री निर्मलकुमार का बोलपुर पश्चिम वगाल मे २९ वप की स्वल्पावस्था मे निधन हो गया। ऐसे दु ख भरे क्षणो मे उनके माता-पिता ने दृढता व वैराग्य वृत्ति का परिचय दिया।

० श्री खेमचद चौपडा (गगाशहर) एक गुण सपन्न, वेदाग और समाज के दीपते श्रावक थे। वे अपनो के ही नही, वहुतो के काम आते थे। कोई भी व्यक्ति उनके पास कुछ अपेक्षा लेकर आता, वह निराश नही लोटता था। पूरे परिवार के वे प्रेरणास्रोत थे। श्री चौपडा दिन मे तीन समय सामायिक किया करते थे। सपन्नता के साथ जितने उदार थे उतने ही सादगी के प्रतीक थे।

राजस्थान शिक्षक सघ के अध्यक्ष श्री बिशनसिंह शेखावत ने एक लाख सा5 हजार शिक्षको की ओर से आचार्यवर को अपनी अभिवदना प्रस्तुत करते हुए कहा—"आचार्य तुलसी ने देश मे चरित्र निर्माण की दिशा मे जो ठोस कार्य किया है, वह अभिनन्दनीय है। राजस्थान का शिक्षक समुदाय चरित्र निर्माण के इस महान् यज्ञ मे आपके साथ है।" श्री राजकुमार वरडिया ने राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसघ तथा श्री शेखावत ने राजस्थान शिक्षक मघ द्वारा पारित अणुव्रत प्रस्ताव पढकर सुनाया। छात्र सघ के प्रस्ताव मे उन्होने हिंसात्मक आन्दोलनो के वजाय अहिसात्मक आन्दोलन के जरिये अपने मतव्य को प्रकट करने का निर्णय लिया। प्रस्ताव २० सितम्बर को पारित किया गया। पूरा पत्र अविकल इस प्रकार है।

"लोकतत्र मे अपने हितो और अधिकारो के लिए सबको सघर्ष करने का अधिकार है। किन्तु वह सघर्ष अहिसक मार्ग से होना चाहिए।

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी ने जहा अन्याय का प्रतिकार जरूरी बताया है, वहा शाति और अहिसा के मार्ग पर भी विशेप बल दिया है।

हमारा सगठन अहिसा के माग मे आस्था रखता है। आचाय श्री तुलसी के आचार्य पदारोहण के ५० वर्ष के उपलक्ष मे आयोजित अमृत-महोत्सव के अवसर पर हमारा सगठन यह सकल्प प्रकट करता है कि यदि कोई भी समस्या हमारे सामने होगी, तो शान्ति और अहिसा के मार्ग से हम उसका समाधान करेगे, हिंसा और तोडफोडमूलक प्रवृत्तियो से दूर रहेगे।

हस्ताक्षर—सुभाप स्वामी चन्द्रशेखर खटेटा
महासचिव उपाध्यक्ष

मुनि सुमेरमल "लाडनू" के सयोजकत्व मे साहित्य-समर्पण एव अन्य भेट का क्रम चला। भेट मे हेदराबाद सघ द्वारा कलात्मक कल्प-वृक्ष, श्री सुभाप कच्छारा द्वारा विशेप निर्मित प्लेट जिसमे आचार्यवर के महत्त्वपूर्ण अवदानो की चर्चा थी, श्री भवरलाल डागलिया द्वारा अचना के श्लोको से अकित चादी का श्रीफल मुख्य थे। ववई, मगरूर, कर्नाटक आदि अनेक स्थानो से हजारो सकल्प पत्र अमृत-कलश मे समर्पित किए गए। वोरा-वड कन्यामण्डल ने अमृत-महोत्सव के उपलक्ष मे एक लाख पद्य कठस्थ किए।

युवाचार्यश्री ने तीस मिनट तक खडे रहकर आचार्यप्रवर का समस्त सघ की ओर से विनम्र अभिवन्दन किया। यह इस समारोह का सर्वाधिक

दर्शनीय एव ऐतिहासिक कार्यक्रम था। समूचे सघ की ओर से युवाचार्यश्री ने आचार्यवर को शाल ओढाई तथा अभिनन्दनपत्र समर्पित किया, जिसका चित्राकन साध्वीश्री विमलप्रज्ञा ने किया। साध्वी परिवार द्वारा निर्मित कलात्मक वस्तुए, पात्र, अमृत कलश, पीले कागज का हार, ओघा आदि आचार्यवर को अर्पित किए गए। इन कलात्मक वस्तुओ मे साध्वीश्री रामकुमारी "लाडनू" की कुशल अगुलियो का योग था। युवाचार्यश्री ने हस्तलिखित कविता सग्रह "पुरुषार्थ के पचास वर्ष" आचार्यवर को भेट की। डायरीनुमा इस कविता सग्रह की साज सज्जा मुनिश्री राजेन्द्रकुमार ने बडे ही मनोयोग पूर्वक की। भाव-विभोर होते हुए युवाचार्यश्री ने पीले कागज तथा 'नमीतिये' से निर्मित हार आचार्यश्री के गले मे अर्पित कर दिया।

युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ ने अपने उद्बोधन मे आचार्यश्री द्वारा प्रदत्त त्रिसूत्री अभियान अणुव्रत, प्रेक्षाध्यान एव जीवन-विज्ञान की महत्त्वपूर्ण चर्चा की। उन्होने अपरिग्रह सिद्धान्त का उल्लेख करते हुए कहा—"अमृत महोत्सव के इस महान् अवसर पर आचार्यश्री ने एक ओर सूत्र दिया है—विसर्जन का, जो अपरिग्रह की दिशा मे मील का पत्थर है। व्यक्ति हिसा के लिए परिग्रह नही, परिग्रह के लिए हिसा करता है। समूची मानव जाति की चेतना को जागृत करने मे यह विसर्जन सूत्र बहुत मददगार साबित होगा। अपेक्षा है—अर्थ के प्रति ममत्व त्याग को हर व्यक्ति समझे और अपने जीवन मे उतारे।" युवाचार्य श्री के नेतृत्व मे समूचे सघ की ओर से "भैक्षव शासन के शृगार" बधाई गीत प्रस्तुत किया।*

आचार्यश्री तुलसी ने अमृत सदेश मे कहा—"आज विश्व की सबसे बडी आवश्यकता है—मैत्री। मैत्री के लिए विश्वास का वातावरण बनाया जाये। अणु-अस्त्रो की होड समाप्त की जाए। मनुष्य-मनुष्य के बीच मे वर्ण, जाति के आधार पर पडने वाली खाई को पाटी जाए। मै उस सवेरे की प्रतीक्षा मे हू जिस दिन भेदमुक्त मानवजाति मुक्त वातावरण मे जीने का आनन्द लेगी तभी अध्यात्म मे प्रगति सभव है।" आचार्यश्री ने अपरिग्रह, आज की शिक्षा पद्धति व धर्म और सप्रदाय की व्याख्या करते हुए वर्तमान की राष्ट्रीय समस्याओ के सदर्भ मे अपने बहुमूल्य विचार रखे। आचार्यश्री ने समग्र मानव जाति के प्रति मगलकामना करते हुए अध्यात्म रस लेने तथा जीवन की ज्वलन्त समस्याओ के समाधान मे योगभूत बनने का आह्वान किया।

* देखे परिशिष्ट—३।

आचार्यश्री ने अमृत-महोत्सव गीत का समुच्चारण किया† तथा अमृत महोत्सव का नवीन घोष दिया—"नया सवेरा आये, सोया मन जग जाए।" आचार्यश्री ने युवाचार्यश्री एव साध्वी प्रमुखाश्री को स्वय द्वारा निर्मित एव लिखित कुछ पद्य प्रदान किए। इस चातुर्मास मे आचार्यश्री ने गुरुकुलवासरत सभी साधु-साध्वियो के लिए उनके गुणो के अनुरूप पद्य बनाए है तथा समणियो के लिए भी पद्यो की रचना की हे।* आचार्यवर ने इस अवसर पर प्रेक्षा-गीत व जीवन-विज्ञान गीतो का भी सगान किया।•

"तुलसी जीवन दशन प्रदशनी" का आचायश्री के सान्निध्य मे सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री जैनेन्द्रकुमार के हाथो उद्घाटन हुआ। आज के इस अर्चना समारोह मे प्रकृति ने भी अपने श्रद्धासुमन दस मिनट तक चढाये। हल्की वर्षा व तेज हवा से वातावरण सुरम्य हो उठा। कार्यक्रम का प्रभावी सयोजन डा० महेन्द्र कर्णावट ने किया।

२२ सितवर/द्वितीय कार्यक्रम/अमृत महोत्सव का रात्रिकालीन कार्यक्रम श्री जैन श्वे० तेरापन्थी महासभा के अध्यक्ष श्री विजयसिह सुराणा की अध्यक्षता मे हुआ। प्रारम्भ मुनिश्री विजय कुमार के सुमधुर गीत से हुआ। युवा-साधुओ ने ३० मिनट का 'आचाय तुलसी अतीत के झरोखे मे' नामक एक रोचक परिसवाद प्रस्तुत किया। श्रोताओ द्वारा प्रशसित तथा मुनिश्री मोहनलाल "आमेट" द्वारा निर्मित इस परिसवाद मे मुनिश्री श्रेयासकुमार, मुनिश्री अरविंद-कुमार, मुनिश्री धनजय कुमार, मुनिश्री प्रशान्तकुमार, मुनिश्री दिनेशकुमार, मुनिश्री जिनेश कुमार, मुनिश्री लाभरुचि तथा मुनिश्री लोकप्रकाश ने भाग लिया।

अर्चना के इन क्षणो मे अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष श्री मोतीलाल एच० राका, श्री मागीलाल सेठिया, पुर वैरवा समाज की ओर से श्री देवी-लाल पचायत प्रधान खारची (मारवाड) ठाकुर चक्रवर्तीसिह, स्थानकवासी कान्फ्रेस के उपाध्यक्ष श्री हस्तीमल मुणोत, कविश्री माधव दरक, सुमधुर गायिका सुश्री सन्ध्या शर्मा, ससद सदस्य श्री रामचद्र विकल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री विजय सिह सुराणा ने अपनी भावनाए व्यक्त की। मुनिश्री श्रेयासकुमार, मुनिश्री दिनेशकुमार, मुनिश्री लाभरुचि, मुनिश्री लोकप्रकाश ने गीत प्रस्तुत

---

† दखे परिशिष्ट—४

* देखे परिशिष्ट—५।

• देखे परिशिष्ट—६।

किया।

नवभारत टाइम्स के उपसपादक श्री पारसदास जैन ने कहा—"आचार्यश्री ने तेरापथ और जैन धर्म के उन्नयन के लिए ही नही, वरन् समग्र मानव समाज के लिए कार्य किया है। अस्पृश्यता निवारण के लिए आपने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" दैनिक ट्रिब्यून" के सपादक श्री राधेश्याम शर्मा ने कहा—"आचार्य तुलसी सप्रदाय विशेष के आचार्य है, किन्तु आपके कायक्रम बहुत व्यापक है। आपके कायक्रम एक विचारधारा से घिरे हुए नही है। आप आधुनिक विचारो के पृष्ठ-पोपक है।"

आचार्यश्री व युवाचायश्री के महत्त्वपूण उद्बोधन हुए। श्री मानव मित्र (मानमलजी आचलिया—सरदारशहर) ने आचायवर से एक वप के लिए उपासक दीक्षा ग्रहण की। पिछले वर्ष जोधपुर मे चरमोत्सव के दिन उन्होने एक वष की उपासक दीक्षा स्वीकार की थी। पिछले वप तो उनके पैसे तक छूने का परित्याग था। वे साथ मे एकान्तर तप भी करते है।

२३ सितबर/तृतीय कार्यक्रम/मध्याह्न १२ १५ वजे अमृत महोत्सव कार्यक्रम के साथ अखिल भारतीय महिला मडल के ११ वे वार्पिक अधिवेशन के प्रारम्भ का कार्यक्रम भी था। साध्वी श्री मधुस्मिता के सुमधुर गीत से कार्यक्रम का प्रारभ हुआ। प्रारभिक औपचारिकताओ के वाद मडल की अध्यक्षा श्रीमती सज्जन देवी चौपडा ने अपने विचार रखे। साध्वी समाज ने एक सुमधुर सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। श्रीमती सरला रायजादा के स्वर मे महिला समाज ने आचार्यश्री की गीत-अर्चना की। मुनिश्री किशनलाल ने आचार्यवर का काव्यमय अभिनन्दन किया। मडल की मत्री श्रीमती निर्मला दूगड ने वार्पिक रिपोर्ट पेश की।

राजस्थान के पूव वित्तमत्री श्री चन्दनमल वैद ने कहा—"आचार्य श्री के सतत सान्निध्य एव मार्ग-दर्शन से समाज मे बहुमुखी परिवतन आया है। देश मे व्याप्त हिंसा को समाप्त करने के लिए आपने महत्त्वपूण भूमिका निभाई है।" जीवन-साहित्य के सपादक, गाधीवादी विचारक श्री यशपाल जैन ने कहा—"आचायश्री तुलसी ने मानवता की सेवा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। मानव सच्चे अर्थो मे मानव बने, यही इनके जीवन का ध्येय है।"

सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री जैनेन्द्रकुमार ने कहा—"तेरापथ समाज जो वेहद पिछडा माना जाता था और आज से चालीस वर्ष पूव मै सुनता था

आचार्यश्री ने अमृत-महोत्सव गीत का समुच्चारण किया† तथा अमृत महोत्सव का नवीन घोष दिया—"नया सवेरा आये, सोया मन जग जाए।" आचार्यश्री ने युवाचार्यश्री एव साध्वी प्रमुखाश्री को स्वय द्वारा निर्मित एव लिखित कुछ पद्य प्रदान किए। इस चातुर्मास मे आचार्यश्री ने गुरुकुलवासरत सभी साधु-साध्वियो के लिए उनके गुणो के अनुरूप पद्य बनाए है तथा समणियो के लिए भी पद्यो की रचना की है।* आचार्यवर ने इस अवसर पर प्रेक्षा-गीत व जीवन-विज्ञान गीतो का भी सगान किया।•

"तुलसी जीवन दर्शन प्रदर्शनी" का आचार्यश्री के सान्निध्य मे सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री जैनेन्द्रकुमार के हाथो उद्घाटन हुआ। आज के इस अर्चना समारोह मे प्रकृति ने भी अपने श्रद्धासुमन दस मिनट तक चढाये। हल्की वर्षा व तेज हवा से वातावरण सुरम्य हो उठा। कार्यक्रम का प्रभावी सयोजन डा० महेन्द्र कर्णावट ने किया।

२२ सितबर/द्वितीय कार्यक्रम/अमृत महोत्सव का रात्रिकालीन कार्यक्रम श्री जैन श्वे० तेरापन्थी महासभा के अध्यक्ष श्री विजयसिह सुराणा की अध्यक्षता मे हुआ। प्रारम्भ मुनिश्री विजय कुमार के सुमधुर गीत से हुआ। युवा-साधुओ ने ३० मिनट का 'आचाय तुलसी अतीत के झरोखे में' नामक एक रोचक परिसवाद प्रस्तुत किया। श्रोताओ द्वारा प्रशसित तथा मुनिश्री मोहनलाल "आमेट" द्वारा निर्मित इस परिसवाद मे मुनिश्री श्रेयासकुमार, मुनिश्री अरविदकुमार, मुनिश्री धनजय कुमार, मुनिश्री प्रशान्तकुमार, मुनिश्री दिनेशकुमार, मुनिश्री जिनेश कुमार, मुनिश्री लाभरुचि तथा मुनिश्री लोकप्रकाश ने भाग लिया।

अर्चना के इन क्षणो मे अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष श्री मोतीलाल एच० राका, श्री मागीलाल सेठिया, पुर वैरवा समाज की ओर से श्री देवीलाल पचायत प्रधान खारची (मारवाड) ठाकुर चक्रवर्तीसिह, स्थानकवासी कान्फ्रेम के उपाध्यक्ष श्री हस्तीमल मुणोत, कविश्री माधव दरक, सुमधुर गायिका सुश्री सन्ध्या शर्मा, ससद सदस्य श्री रामचद्र विकल, कायक्रम अध्यक्ष श्री विजय सिंह सुराणा ने अपनी भावनाए व्यक्त की। मुनिश्री श्रेयासकुमार, मुनिश्री दिनेशकुमार, मुनिश्री लाभरुचि, मुनिश्री लोकप्रकाश ने गीत प्रस्तुत

---

† देखे परिशिष्ट—४

* देखे परिशिष्ट—५।

• देखे परिशिष्ट—६।

किया।

नवभारत टाइम्स के उपसपादक श्री पारसदास जैन ने कहा—"आचार्यश्री ने तेरापथ और जैन धर्म के उन्नयन के लिए ही नही, वरन् समग्र मानव समाज के लिए कार्य किया है। अस्पृश्यता निवारण के लिए आपने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" दैनिक ट्रिब्यून" के सपादक श्री राधेश्याम शर्मा ने कहा—"आचार्य तुलसी सम्प्रदाय विशेप के आचाय है, किन्तु आपके कायक्रम बहुत व्यापक है। आपके कार्यक्रम एक विचारधारा से घिरे हुए नही है। आप आधुनिक विचारो के पृष्ठ-पोपक है।"

आचायश्री व युवाचायश्री के महत्त्वपूण उद्‌बोधन हुए। श्री मानव मित्र (मानमलजी आचलिया—सरदारशहर) ने आचायवर से एक वप के लिए उपासक दीक्षा ग्रहण की। पिछले वर्ष जोधपुर मे चरमोत्सव के दिन उन्होने एक वर्ष की उपासक दीक्षा स्वीकार की थी। पिछले वर्प तो उनके पैसे तक छूने का परित्याग था। वे साथ मे एकान्तर तप भी करते है।

२३ सितवर/तृतीय कार्यक्रम/मध्याह्न १२ १५ बजे अमृत महोत्सव कायक्रम के साथ अखिल भारतीय महिला मडल के ११ वे वार्पिक अधिवेशन के प्रारम्भ का कार्यक्रम भी था। साध्वी श्री मधुस्मिता के सुमधुर गीत से कायक्रम का प्रारभ हुआ। प्रारभिक औपचारिकताओ के बाद मडल की अध्यक्षा श्रीमती सज्जन देवी चोपडा ने अपने विचार रखे। साध्वी समाज ने एक सुमधुर सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। श्रीमती सरला रायजादा के स्वर मे महिला समाज ने आचार्यश्री की गीत-अर्चना की। मुनिश्री किशनलाल ने आचार्यवर का काव्यमय अभिनन्दन किया। मडल की मत्री श्रीमती निर्मला दूगड ने वार्पिक रिपोर्ट पेश की।

राजस्थान के पूव वित्तमत्री श्री चन्दनमल वैद ने कहा—"आचार्य श्री के सतत सान्निध्य एव मार्ग-दर्शन से समाज मे बहुमुखी परिवतन आया है। देश मे व्याप्त हिसा को समाप्त करने के लिए आपने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" जीवन-साहित्य के सपादक, गाधीवादी विचारक श्री यशपाल जैन ने कहा—"आचार्यश्री तुलसी ने मानवता की सेवा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। मानव सच्चे अर्थो मे मानव बने, यही इनके जीवन का ध्येय है।"

सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री जैनेन्द्रकुमार ने कहा—"तेरापथ समाज जो बेहद पिछडा माना जाता था और आज से चालीस वर्प पूव मे सुनता था

कि कोई एक समाज है जिसके बारे मे जो कुछ कहा जाता था वह मै आज नही कह सकता। आज वही तेरापथ समाज जैनो मे ही नही, समस्त भारत मे इस वक्त सबसे अधिक प्रगतिशील, मर्यादित और नैतिक समाज माना जाता है। यह सब आचार्यश्री के द्वारा सभव हुआ है।" उन्होने साध्वी-समाज की प्रगति पर आश्चर्य व्यक्त किया। साप्ताहिक हिन्दुस्तान की सपादिका श्रीमती शीला झुनझुनवाला ने कहा—"आचार्य तुलसीजी ने अधविश्वासो और रूढियो मे भटकी नारी को नई चेतना प्रदान की है। आज महिलाओ का शैक्षणिक स्तर बढ रहा है, पर आवश्यकता है इसके साथ सस्कारो का निर्माण हो।"

कार्यक्रम का सयोजन मेवाड प्रान्तीय महिला मडल की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा कोठारी ने किया। इस अधिवेशन मे श्रीमती निर्मला जैन (जगराओ-पजाब) को "नारी रत्न" के अलकरण से सम्मानित किया। सूरत के विशिष्ट श्रावक श्री कुसुम भाई जवेरी की सेवाओ का स्मरण करते हुए आचार्यवर ने उन्हे 'सघ-प्रभावक' के सबोधन से सबोधित किया। जयपुर-मोमासर के श्रावक श्री उत्तमचद सेठिया की माता श्रीमती मनोहरी देवी सेठिया को मरणोपरान्त 'श्राविका रत्न' के सम्मान मे विभूषित किया। इस अवसर पर आचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण वक्तव्य हुए।

२३ सितबर/चतुर्थ कार्यक्रम/रात्रि कायक्रम के अध्यक्ष अखिल भारतीय अणुव्रत समिति के अध्यक्ष श्री गिरीश भगवतप्रसाद तथा प्रमुख वक्ता जय तुलसी फाउण्डेशन के सयोजक श्री धरमचद चौपडा थे। विभिन्न सस्थाओ का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री धरमचद चौपडा, अणुव्रत कार्यकर्ता श्री सावित्री प्रसाद गौतम, अ० भा० ते० युवक परिषद् के अध्यक्ष श्री पदमचद पटावरी, अणुव्रत विश्वभारती के श्री मोहनलाल जैन, मित्र परिषद् कलकत्ता के अध्यक्ष श्री मन्नालाल बरडिया ने आचार्य-अर्चना मे श्रद्धा सुमन चढाये। समारोह का सयोजन मुनि सुमेरमल "लाडनू" ने किया।

२४ सितम्बर/पचम व अतिम कार्यक्रम/मध्याह्न १२ ३० बजे समणी परिवार की अमृत-वन्दना से समारोह का प्रारम्भ हुआ। मुनिश्री किशनलाल, मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट', साध्वीश्री कनकश्री, समणी कुसुमप्रज्ञा द्वारा आचार्यप्रवर का भावभीना अभिवन्दन किया गया। देवगढ कन्यामडल द्वारा गीत अर्चना तथा युवा साधुओ द्वारा आचायप्रवर का 'ओ जीवन के निर्माता जीवन की लो सौगाते' गीत से समूह अभिवदना की। मुनिश्री उदितकुमार

एव मुनिश्री मुदित कुमार ने आचार्यवर के शासनकाल के ऐसे रोचक पचास कीर्तिमान प्रस्तुत किये, जो पूर्व आठ आचार्यों के शासनकाल मे नही हुए। पत्रकार श्री राजेन्द्रशकर भट्ट, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री खेमचन्द सेठिया, राज्यसभा सदस्य श्री भवरलाल पवार, श्री शोभासार जोशी, श्री सोहनलाल गाधी, डा० आर० भटनागर ने अपनी भावनाए व्यक्त की।

जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित एव डा० भटनागर तथा एस० एल० गाधी द्वारा सपादित अग्रेजी पुस्तक 'आचाय तुलसी समपण के पचास वर्ष' का विमोचन हुआ। श्री मोतीलाल राका व श्री खेमचद सेठिया द्वारा अखिल भारतीय अमृत महोत्सव राष्ट्रीय समिति एव जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित नवीन साहित्य आचायवर को भेट किया। अहमदाबाद सूरत, पाली, बगडी, पचपदरा, श्रीडूगरगढ, लाडनू तथा मेवाड की ओर से आचायवर के आगामी चातुर्मास की प्रार्थना की गई। आमेट क्षेत्र के सत्तर ग्रामीण भाइयो ने मद्यपान न करने का सकल्प लिया। धम की व्यापक प्रस्तुति देते हुए युवाचार्यश्री ने सम्यक् दृष्टिकोण के निर्माण की प्रेरणा दी।

आचायश्री ने अपने उद्बोधन मे जनता के सामने तीन मागे प्रस्तुत की—

१ पचास अणुव्रती कार्यकर्ता मिले, जो स्वय अणुव्रती रहते हुए वष भर मे चार महीने अणुव्रत कार्यक्रम को व्यापक बनाने मे लगाये।
२ पचास ऐसी महिला कायकर्त्री हो, जो कही भी जाकर समय-समय पर काम करने मे सक्षम हो।
३ पचास समर्पित व्यक्ति सामने आए, जो वर्ष मे कम से कम चार महीने का समय समाज-सेवा मे लगाये।

आचार्यश्री ने इन तीन मागो के अनुरूप प्रयत्न करने का आह्वान किया। सयोजन के दायित्व का निर्वहन डा० महेन्द्र कर्णावट ने कुशलतापूर्वक किया।

तेरापथ धमसघ व समाज की निष्ठापूवक एव निष्काम सेवा करने वाले को २१००१ रुपये का 'श्रीमती मनोहरी देवी डागा समाज सेवा पुरस्कार' प्रारम्भ किया गया। सरदारशहर के वरिष्ठ श्रावक श्री रिद्धकरण नौरतनमल डागा द्वारा इस वष का यह पुरस्कार समाज के वरिष्ठ कायकर्ता श्री शुभकरण दसाणी को प्रदान किया गया।

अमृत-महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर अमृत-महोत्सव राष्ट्रीय

समिति द्वारा 'तुलसी जीवन दर्शन' प्रदर्शनी का वृहद् निर्माण किया गया। प्रदर्शनी मे आचार्य तुलसी के जीवन से सबधित तीन सौ से अधिक बडे चित्र एव एक सौ के लगभग चार्टस जिनमे आचार्यश्री के व्यक्तित्व एव कर्तृत्व को दर्शाया गया। आचार्य तुलसी साहित्य, प्रथम मर्यादा-महोत्सव ब्यावर के समाचारो की कटिंग, रेखा चित्र, अभिनन्दन पत्र एव दुर्लभ चित्र प्रदर्शनी के आकर्षण बिन्दु थे। इस प्रदर्शनी को मूर्त रूप देने वाले थे—अखिल भारतीय राष्ट्रीय समिति के सयुक्त मत्री श्री डा० महेन्द्र कर्णावट।

इस प्रकार अमृत-महोत्सव का त्रिदिवसीय कार्यक्रम सानन्द सपन्न हुआ।

निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत-महोत्सव के उपलक्ष मे साधु-साध्वियो की निबध प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का विषय था—आचार्यश्री का जीवन एव उनके महत्त्वपूर्ण अवदान। प्रतियोगिता मे १२ साधु तथा १४ साध्वियो ने भाग लिया। दो श्रेणियो मे विभक्त इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा है—

	प्रथम श्रेणी	**द्वितीय श्रेणी**
प्रथम	मुनिश्री राजेन्द्रकुमार	मुनिश्री प्रशान्त कुमार
द्वितीय	मुनिश्री धनञ्जयकुमार	साध्वीश्री अमृतप्रभा
	साध्वीश्री निर्वाणश्री	
तृतीय	साध्वीश्री सिद्धप्रज्ञा	साध्वीश्री अर्हत्प्रभा
	साध्वीश्री विमलप्रज्ञा	मुनिश्री अरविन्दकुमार

भिक्षु चरमोत्सव

२६ सितम्बर / अमृत समवसरण मे आचार्यश्री के सान्निध्य मे मध्यान्ह एक बजे १८६वा भिक्षु चरमोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। तेरापन्थ के आद्य प्रवतक आचार्य भिक्षु को भावपूर्ण श्रद्धाजलि देने वाले थे—मुनि सुमेरमल 'लाडनू', मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट', साध्वीश्री उज्ज्वलरेखा, साध्वीश्री अर्हत् प्रभा, समणी मधुरप्रज्ञा, श्री सोहनराज कोठारी। साध्वीश्री चदनबाला आदि साध्विया, साध्वीश्री मधुस्मिता तथा पारमार्थिक शिक्षण सस्था की मुमुक्षु बहिनो ने सुमधुर गीतिकाओ के द्वारा अपने आराध्य की अर्चना की। साध्वीश्री मनीषाश्री ने कविता प्रस्तुत की।

साध्वी प्रमुखाश्री ने आचार्य भिक्षु के प्रति अपनी अभ्यर्थना समर्पित करते हुए उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। युवाचार्यश्री ने स्वामीजी को सत्य-पथ का महान् अन्वेषक बताया। आचार्यश्री ने आचार्य भिक्षु के गुणो की एक प्रभावशाली गीतिका समुच्चारित की।* आचार्यश्री ने कहा—'स्वामीजी ने न केवल विचार के क्षेत्र मे क्राति की है, अपितु आचार के क्षेत्र मे भी की है। उसी का परिणाम है कि आज तेरापथ धर्मसघ का व्यवस्था पक्ष उतना ही मजबूत है जितना सैद्धान्तिक पक्ष'। आचार्यश्री ने आचार्य भिक्षु के जीवन-प्रसगो का रोचक वर्णन किया।

रात्रि मे चरमोत्सव का अवशिष्ट कार्यक्रम चला, जिसमे श्रद्धालु जनो ने गीतिका, मुक्तक एव अपने विचारो से अपने आराध्य की अभ्यर्थना की।

स्वामीजी की समाधि पर समाधिमरण

पूना निवासी स्वर्गीय श्री प्रेमराज मरलेचा के सुपुत्र श्री शातिलाल मरलेचा का हृदयगति रुक जाने से उपवास मे सिरियारी मे निधन हो गया। आचार्यवर ने उनके बारे मे कहा—'भाई शान्तिलाल आचार्य भिक्षु के साथ अपना इतिहास जोडकर युग-युग के लिए अपना स्मृति चिह्न अकित कर गया। स्वामीजी का जन्म त्रयोदशी का। शान्ति का जन्म भी त्रयोदशी का। स्वामीजी की जन्म स्थली कटालिया। शान्ति की जन्म स्थली भी कटालिया। स्वामीजी का परिनिर्वाण भाद्रव शुक्ला त्रयोदशी, सिरियारी। शान्ति की भी वह त्रयोदशी, वही सिरियारी। स्वामीजी के चरमोत्सव के माहौल के बीच। इस घटना को मै इतिहास की विरल घटना मानता हू। शान्तिलाल शासन का भक्त श्रावक था। गुरु के प्रति उसमे अटूट श्रद्धा थी। उसके परिवार ने विशेषकर उसकी माता एव पत्नी ने इस अवसर पर जिस दृढता का परिचय दिया है, सचमुच मे वह श्लाघनीय है।

नवाह्निक प्रेक्षा-प्रयोग

यह वर्ष अमृत-महोत्सव का वर्ष है। इस वर्ष कुछ नूतन काय, नूतन प्रयोग प्रारम्भ होने है। चातुर्मास के प्रारभ मे आचार्यवर ने अपनी इच्छा जाहिर की कि गृहस्थो के लिए इतने शिविर आयोजित होते है। क्यो नही साधु-साध्वियो के लिए भी ऐसा शिविर लगे, जिससे उन्हे प्रेक्षाध्यान का सैद्धान्तिक एव प्रायोगिक स्वरूप समझाया जा सके। आचार्यवर एक प्रयोग-

* देखे परिशिष्ट—७।

धर्मा व्यक्तित्व है न जाने उन्होने अपने जीवन मे कितने प्रयोग किए है। उन्ही प्रयोगो की शृखला मे यह 'नवान्हिक प्रेक्षा-प्रयोग' था। अमृत-महोत्सव के द्वितीय-चरण की विराट् समायोजना के वाद ३० सितवर से ८ अक्टूवर का यह शिविर आयोजित हुआ।

३० सितम्बर/प्रात ८ ३० बजे आचार्यवर के सान्निध्य मे व युवाचायश्री के निदेशन मे उपसपदा ग्रहण के साथ नवाह्निक प्रेक्षा-प्रयोग प्रारभ हुआ। उपमपदा को विवेचित करते हुए युवाचार्यश्री ने शिविर मे करणीय कार्यो का दिशा-दर्शन दिया। इस तरह के पहले प्रयोग मे आचार्यवर, युवाचायवर सहित सभी साधु और साध्वी प्रमुखाश्री आदि प्राय सभी साध्विया सम्मिलित हुई। इस प्रयोग के दौरान साधु-साध्वियो का अधिकाश समय विभिन्न प्रयोगो मे बीता। इस अवधि मे गृहस्थो से सम्पर्क नही जैसा रहा।

प्रात ४ ३० बजे से रात्रि ९ ३० बजे तक के समय मे ध्यान, जप, मोन, स्वाध्याय, कायोत्सर्ग आदि उपक्रमो को कराने वाला यह एक अनुठा प्रयोग था।

प्रात आचार्यवर साधु-परिवार के साथ योगासन कराते। उस समय का दृश्य वहुत आकर्षक होता था। नवपदी जप का प्रयोग भी हुआ। नमस्कार महामत्र के पाच पद तथा एसो पच णमुक्कारो के चार पद, इस प्रकार नौ पदो का उच्चारण करते हुए नौ रगो के साथ नौ केन्द्रो पर सामूहिक जप का प्रयोग करवाया गया।

मध्याह्न १ ३० से ३ ३० तक सामूहिक सगोष्ठी का आयोजन हुआ करता था। पृथक्-पृथक् विपयो पर चर्चा चलने के साथ जिज्ञासा समाधान का क्रम भी चला। इस सगोष्ठी मे आचार्यश्री व युवाचार्यश्री के महत्त्वपूर्ण उद्बोधन हुए। आहार-विवेक, शरीर-विज्ञान, श्वास-प्रेक्षा, चैतन्य-केन्द्र-प्रेक्षा, अनुप्रेक्षा आदि विभिन्न विपयो पर युवाचार्यश्री के मार्मिक प्रवचन हुए।

सगोष्ठी मे कैसे चलना, कैसे प्रमाजन करना, कैसे सफाई करना आदि छोटी-छोटी वातो का आचार्यवर ने स्वय सक्रिय प्रशिक्षण दिया।

इस प्रयोगकाल मे प्रतिदिन दो अतरग गोष्ठियो का आयोजन हुआ। उन गोष्ठियो मे साधना, शिक्षा, साहित्य, मर्यादा, व्यवस्था आदि अनेक विपयो पर चर्चा चली। आचायश्री, युवाचार्यश्री की सन्निधि मे कुछ चुने हुए साधु-साध्विया उन गोष्ठियो मे सम्मिलित हुए।

इस प्रेक्षा-प्रयोग के दौरान जनता के लिए आचार्यप्रवर का सान्निध्य निर्धारित समय पर ही उपलब्ध होता। तीन समय निश्चित थे प्रात और साय वन्दना व प्रतिक्रमण तथा प्रवचन के समय। इस प्रयोग मे आचायवर का चरण स्पर्श साधु-समाज व श्रावक-समाज दोनो के लिए निषिद्ध था।

शिक्षामत्री का आगमन

६ अक्टूवर/राजस्थान के शिक्षामत्री श्री रामपाल उपाध्याय आज आचार्यवर के दर्शनार्थ आमेट पहुचे। प्रात प्रवचन के वक्त अपने विचारो की प्रस्तुति करते हुए शिक्षामत्री ने कहा—'मै ऑपरेशन कराने विदेश गया, तव आपके दर्शन करके गया था और अब भारत आते ही आपके श्रीचरणो मे पहुच गया। मैंने इस यात्रा मे कई जगहो पर जीवन-विज्ञान की चर्चा की। मुझे ऐसा लगता है कि शिक्षा जगत् मे व्याप्त विसगतियो को दूर करने मे जीवन-विज्ञान परियोजना बहुत महत्त्वपूण है।' शिक्षामत्री ने रूढि उन्मूलन तथा पजाब समस्या के सन्दभ मे आचार्यवर की भूमिका पर अपनी ओर से प्रशस्तिपूर्वक अभ्यर्थना की।

युवाचार्यश्री ने समस्त समस्याओ का समाधान भौतिक ससाधनो से करने की प्रवृत्ति को मिथ्याधारणा बतलाया। इसके लिए उन्होंने जीवन-विज्ञान व प्रेक्षाध्यान को उत्तम प्रक्रिया बताया। आचार्यश्री ने नई पीढी के निर्माण मे इन प्रयोगो को व्यापक प्रभावशील माना।

ज्ञानशाला की बदौलत

कर्नाटक की राजधानी, फूलो की नगरी बैगलूर मे पिछले कई वर्षो से नियमित ज्ञानशाला चल रही है। इसके मुख्य सयोजक हे श्री सोहनलाल कटारिया। इस ज्ञानशाला मे सौ-सौ, दो-दो सौ, कभी-कभी चार सौ लडके-लडकिया शामिल होते है और धार्मिक ज्ञान प्राप्त करते हे। इस ज्ञानशाला से सैकडो विद्यार्थी ऐसे निकले हे जिनको पच्चीस बोल प्रतिक्रमण, भक्तामर आदि कठस्थ है। समाज सहयोग, अभिभावको की रुचि, लडके-लडकियो की लगन, कायकर्ताओ की कर्मठता का ही यह सुपरिणाम है कि बैगलूर तेरापथ ज्ञानशाला व्यवस्थित चल रही हे। अमृत-महोत्सव के सदर्भ मे श्री सोहनलाल कटारिया के नेतृत्व मे कई कायकर्ता व ४० लडके-लडकिया एक अक्टूबर को आमेट पहुचे। यहा वे पाच दिन ठहरे। इन दिनो आचार्यवर साधु-साध्वियो के साथ नवाह्निक प्रेक्षा-प्रयोग के तहत एकान्तवास कर रहे थे, उसके बाव-

जूद आचार्यवर प्रतिदिन मध्याह्न मे आधा घटा उनको समय देते। प्रात प्रवचन व रात्रि मे लडके-लडकियो ने सुमधुर गीतिका, लयबद्ध कव्वाली आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, साथ ही साथ सामूहिक प्रतिक्रमण किया। उन्होने कुछ सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

शोक विमोचन

इन दिनो शोक विमोचन हेतु कुछ परिवार दर्शनार्थ आमेट पहुचे। दिवगत व्यक्तियो का परिचय इस है—

- श्री सतोषचद सेठिया (बीदासर) वे पिछले कुछ अर्से से अस्वस्थ थे। आचार्यवर ने उनके बारे मे कहा—'बीदासर का सेठिया परिवार श्रद्धानिष्ठ परिवार है। सतोषचदजी एक सघनिष्ठ, व भक्त श्रावक थे। पैंतीस वष की छोटी अवस्था मे ही उन्होने ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार कर लिया। तेरह वर्ष की किशोर वय से वे चतुर्दशी का उपवास करते थे।'
- श्री मूलचद शामसुखा (गगाशहर) का बगाईगाव (असम) मे हृदय-गति रुक जाने से स्वर्गवास हो गया। वे एक सघनिष्ठ श्रावक थे मुनिश्री श्रेयासकुमार, मुनिश्री अजितकुमार एव साध्वी अनुशासनाश्री के वे ससारपक्षीय पिता थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रूपादेवी की श्रद्धा उल्लेखनीय है। बच्चो को सस्कार देने वे मे बेजोड है।
- श्रीमती तिलोकचद बोरड (लाडनू) का धम जागरण करते स्वगवास हो गया। वह एक श्रद्धालु श्राविका थी। गुरु-उपासना मे उन्हे अधिक आनन्द की अनुभूति होती थी। उन्होने अपने जीवन मे रूढि को प्रश्रय नही दिया।
- श्री राणमल बूरड (बायतू) का ससार पक्षीय पुत्री साध्वीश्री राकेशकुमारी की सेवा मे सरदारपुरा (जोधपुर) मे निधन हो गया आचार्यवर के शब्दो मे 'राणमलजी अपने क्षेत्र के एक जिम्मेदार श्रावक थे। बायतू मे उन्हे शय्यातर होने का लाभ भी प्राय मिलता रहा है। वे उस क्षेत्र मे विचरण करने वाले साधु-साध्वियो की अच्छी सेवा करते थे।'
- श्रीमती मोहनदेवी सेठिया (चाडवास) का १० दिन के अनशन मे स्वर्गवास हो गया। वह साध्वीश्री विवेकश्री की ससार पक्षीय दादी थी।

० श्री ताराचद सेठिया (शार्दूलपुर) की माताजी का गौहाटी मे १७ दिनो के चौविहार अनशन मे स्वर्गवास हो गया। श्री सेठिया की माताजी ने निर्मल भावो व मजबूती से इतना लबा व महत्त्वपूर्ण अनशन कर सघ की उल्लेखनीय प्रभावना की।

० श्रीमती भूरादेवी जैन (टोहाणा) प्रसिद्ध श्रावक लाला रणजीतसिंह की धर्म पत्नी थी। उनके निधन पर उनके पुत्र श्री लाजपतराय जैन के नेतृत्व मे पूरे परिवार ने दर्शन किये। आचार्यवर ने श्रीमती भूरादेवी को मरणोपरान्त 'दृढधर्मिणी' के रूप मे सबोधित करते हुए कहा—'चौरासी वर्षीया भूरादेवी गुरुदर्शन के नाम पर हर वक्त तैयार रहती थी। वह अपने परिवार को एक ही शिक्षा देती थी कि धर्म को कभी मत भूलना। यही वजह है कि उनका पूरा परिवार संस्कारी है। लगभग ७० वर्षों तक टोहाना मे उनके घर चातुर्मास हुए है।'

० युवा कार्यकर्ता श्री करजनकुमार जैन (दिल्ली) की माताजी एक श्रद्धालु श्राविका थी। दिल्ली मे साधु-साध्वियो की अच्छी सेवा करती थी। वह एक सस्कारी माता थी।

० वाव के सिंघवी परिवार मे एक मास की अवधि मे तीन व्यक्तियो का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। तीनो व्यक्ति थे—श्री बाघजी भाई, केशवभाई, एव नरपत भाई। केशव भाई और नरपत भाई दोनो सगे भाई थे। बाघजी उनके चाचा थे। उनके पारिवारिक-जन आचार्यश्री की पावन सन्निधि मे पहुचे। आचार्यवर ने सिंघवी परिवार को अपने सबोधन मे कहा—'वाव श्रद्धा का अच्छा क्षेत्र है। तीन सदस्यो के चले जाने पर भी परिवार के लोगो ने जिस दृढता का परिचय दिया है, वह विशेष रूप से उल्लेखनीय है।'

० श्रीमती मक्खूदेवी लूणिया (चाडवास) एक दृढ सकल्पी श्राविका थी। वह धर्म सघ के प्रति आस्थाशील थी। उसने परिवार को अच्छे सस्कार दिये।

१० अक्टूबर/रात्रि मे 'क्या आप सुनना चाहते है?' विषय पर युवाचार्यश्री का मार्मिक प्रवचन हुआ। विषय की भूमिका पर मुनिश्री किशनलाल ने प्रकाश डाला।

२१ अक्टूबर/दस दिवसीय चालीसवे प्रेक्षाध्यान शिविर का समापन

समारोह आयोजित हुआ। मगलाचरण के रूप मे कार्यक्रम का प्रारभ शिविरार्थिनी बहिनो द्वारा प्रेक्षा-सगान से हुआ। मुनिश्री किशनलाल ने प्रेक्षा-ध्यान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री के इस अवसर पर प्रेरक उद्बोधन हुए। शिविरार्थियो ने अपने प्रेरणादायी मस्मरण सुनाये। कायक्रम का मयोजन श्री रसिक भाई मेहता ने किया।

अ० भा० अणुव्रत का ३४ वा वार्षिक अधिवेशन

२२ अक्टूबर/प्रात ९ बजे अखिल भारतीय अणुव्रत समिति का ३४वा वार्षिक अधिवेशन प्रारम्भ हुआ। अणुव्रत गीत के द्वारा समणी वृन्द ने मगला-चरण प्रस्तुत किया। मुनि सुमेरमल 'लाडनू ने कायक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अमृत-महोत्सव वष के अन्तर्गत आयोजित इस अधिवेशन की एक विशेषता यह थी कि इसमे देश के जाने-माने कुछ शिक्षाविद् विशेष रूप से आमन्त्रित थे। उनमे श्री ईश्वर भाई पटेल, श्री यशवत भाई शुक्ल, श्री चिनु-भाई नायक, डा० रामजी सिंह, डा० दयानद भागव आदि प्रमुख थे। अ० भा० अणुव्रत समिति के अध्यक्ष श्री गिरीश भाई ने समागत अतिथियो का स्वागत किया। मत्री श्री शुभकरण सुराणा ने समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

श्री ईश्वर भाई ने कहा—"जीवन का परिष्कृत करने वाला शिक्षण ही सही शिक्षा ह।" श्री दयानद भार्गव ने कहा—"साक्षर हाने वालो के लिए प्रज्ञा का जागरण व मस्कार परिष्कार होना बहुत जरूरी है। सत्सस्कारो के अभाव मे मस्कृत का 'साक्षर' शब्द उलटा होकर 'राक्षस' वन जाता है। बुद्धि और प्रज्ञा का समन्वय हो जाए, तो भारत विश्व का अग्रणी वन सकता ह।" श्री रामजीसिंह ने कहा—"आज हमारा देश भ्रष्टाचार से विनाश की ओर अग्रसर हो रहा हे। जिस देश मे मरस्वती की अधिक पूजा-वदना होती है उसी देश मे निरक्षरता हे। यह एक क्रूर व्यग्य ह। स्वतत्र भारत के पहले वप मे शिक्षा पर कुल आय का साढे मात प्रतिशत खर्च हुआ और आज ढाई प्रतिशत खच हो रहा ह। अव कैसे प्रगति हो शिक्षा के क्षेत्र मे। अणुव्रत आन्दोलन लोक प्रशिक्षण का एक उत्तम माध्यम ह। आचाय तुलसी जन चेतना को जगाने का महान् काय कर रहे ह।"

युवाचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—"अणुव्रत आन्दोलन स्वय मे एक विद्यापीठ है। इसकी शिक्षा सावधिक न होकर जीवन पयन्त होती है। शिक्षित व्यक्ति को ईमानदार होना आवश्यक ह, तभी वह समाज मे उपयोगी

बन सकता है ।" उन्होने समाज के लिए तीन अपेक्षाओ का निरूपण किया—श्रम, ईमानदारी व समन्वय वृत्ति । उन्होने कहा—"इस त्रिवेणी का प्रत्येक व्यक्ति मे अवतरण आवश्यक है । इन तीनो मे एक का अभाव भी जीवन को पगु बना देता है । इस त्रिवेणी के अवतरण मे जीवन-विज्ञान परियोजना सहायक सिद्ध हो रही है । इस शिक्षा-प्रणाली के द्वारा सकल्प शक्ति, सृजनात्मक शक्ति व भावनात्मक शक्ति के विकास का प्रयोग किया जा रहा है ।"

आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे कहा—"अणुव्रत आन्दोलन पुरुषार्थ का प्रतीक है । उसके कतिपय निष्कर्ष है—धर्म किसी जाति, वर्ग व वर्ण की बपौती नही, जन-जन की सम्पत्ति है । धर्म परमार्थ का पथ प्रशस्त करता है । धर्म अधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाता है । इसलिए प्रत्येक आदमी अपने जीवन मे धर्म को अवतरित करे ।"

मध्यान्ह मे आचार्यवर के सान्निध्य मे कार्यकर्ताओ की गोष्ठी हुई । गोष्ठी के मुख्य उद्देश्य थे—अणुव्रत कार्यक्रम को गतिदेना, कार्यकर्ताओ की टीम तैयार करना, इस कार्य मे आनेवाली बाधाओ पर चिंतन करना आदि । इस गोष्ठी मे विभिन्न क्षेत्रो से समागत बीस कार्यकर्ताओ ने अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये । उन सुझावो का निष्कर्ष था—अणुव्रत कार्यक्रम मे तेरापथी लोगो को विशेष रूप से सहयोग करना चाहिए । अणुव्रत की भूमिका स्पष्ट हो, सक्रिय हो तथा इसके प्रचार-प्रसार का दायित्व नई पीढी को सौंपा जाना चाहिए । स्थान-स्थान पर कार्यकर्ता सक्रिय हो, अपना समय दे, तभी अणुव्रत कार्यक्रम को गति मिल सकती है । समय-समय पर कार्यकर्ताओ को प्रोत्साहित किया जाये । कार्यकर्ताओ को चरित्र-निष्ठ होना अत्यन्त अपेक्षित है ।

अन्त मे गोष्ठी को सबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा—"अणुव्रत-कार्यक्रम मानवता के साथ जुडा हुआ है । आज अनैतिकता से सभी दुखी है, उधर कार्यकर्ताओ की बहुत कमी है । इसको मैं अपनी कमी मान सकता हू क्योकि त्रुटि का स्वीकरण ही त्रुटि के परिष्कार का रास्ता है । अणुव्रत कार्यक्रम को गति देने के लिए आज ईमानदार कार्यकर्ताओ की महती अपेक्षा है ।"

२३ अक्टूबर/दूसरे दिन प्रात खुले अधिवेशन का प्रारभ मुनिश्री अरविन्द कुमार के मगलाचरण से हुआ । अधिवेशन के इस सत्र मे अणुव्रत-प्रवक्ता श्री देवेन्द्र कर्णावट, श्री चीनूभाई, श्री राधेश्याम, श्री यशवत भाई ने

समारोह आयोजित हुआ। मगलाचरण के रूप मे कार्यक्रम का प्रारभ शिविरार्थिनी बहिनो द्वारा प्रेक्षा-सगान से हुआ। मुनिश्री किशनलाल ने प्रेक्षा-ध्यान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री के इस अवसर पर प्रेरक उद्बोधन हुए। शिविरार्थियो ने अपने प्रेरणादायी मस्मरण सुनाये। कार्यक्रम का सयोजन श्री रसिक भाई मेहता ने किया।

अ० भा० अणुव्रत का ३४ वा वार्षिक अधिवेशन

२२ अक्टूबर/प्रात ९ वजे अखिल भारतीय अणुव्रत समिति का ३४वा वार्षिक अधिवेशन प्रारम्भ हुआ। अणुव्रत गीत के द्वारा समणी वृन्द ने मगला-चरण प्रस्तुत किया। मुनि सुमेरमल 'लाडनू' ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अमृत-महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत आयोजित इस अधिवेशन की एक विशेषता यह थी कि इसमे देश के जाने-माने कुछ शिक्षाविद् विशेष रूप से आमन्त्रित थे। उनमे श्री ईश्वर भाई पटेल, श्री यशवत भाई शुक्ल, श्री चिनु-भाई नायक, डा० रामजी सिह, डा० दयानद भार्गव आदि प्रमुख थे। अ० भा० अणुव्रत समिति के अध्यक्ष श्री गिरीश भाई ने समागत अतिथियो का स्वागत किया। मन्त्री श्री शुभकरण सुराणा ने समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

श्री ईश्वर भाई ने कहा—"जीवन को परिष्कृत करने वाला शिक्षण ही सही शिक्षा है।" श्री दयानद भार्गव ने कहा—"साक्षर होने वालो के लिए प्रज्ञा का जागरण व सस्कार परिष्कार होना बहुत जरूरी है। सत्सस्कारो के अभाव मे सस्कृत का 'साक्षर' शब्द उलटा होकर 'राक्षस' बन जाता है। बुद्धि और प्रज्ञा का समन्वय हो जाए, तो भारत विश्व का अग्रणी बन सकता है।" श्री रामजीसिंह ने कहा—"आज हमारा देश भ्रष्टाचार से विनाश की ओर अग्रसर हो रहा है। जिस देश मे सरस्वती की अधिक पूजा-वदना होती है उसी देश मे निरक्षरता है। यह एक क्रूर व्यग्य है। स्वतत्र भारत के पहले वर्ष मे शिक्षा पर कुल आय का साढे सात प्रतिशत खर्च हुआ और आज ढाई प्रतिशत खर्च हो रहा है। अब कैसे प्रगति हो शिक्षा के क्षेत्र मे! अणुव्रत आन्दोलन लोक प्रशिक्षण का एक उत्तम माध्यम है। आचार्य तुलसी जन चेतना को जगाने का महान् कार्य कर रहे है।"

युवाचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—"अणुव्रत आन्दोलन स्वय मे एक विद्यापीठ है। इसकी शिक्षा सावधिक न होकर जीवन पर्यन्त होती है। शिक्षित व्यक्ति को ईमानदार होना आवश्यक है, तभी वह समाज मे उपयोगी

बन सकता है।" उन्होने समाज के लिए तीन अपेक्षाओ का निरूपण किया—श्रम, ईमानदारी व समन्वय वृत्ति । उन्होंने कहा—"इस त्रिवेणी का प्रत्येक व्यक्ति मे अवतरण आवश्यक है। इन तीनो मे एक का अभाव भी जीवन को पगु बना देता है । इस त्रिवेणी के अवतरण मे जीवन-विज्ञान परियोजना सहायक सिद्ध हो रही हे । इस शिक्षा-प्रणाली के द्वारा सकल्प शक्ति, सृजनात्मक शक्ति व भावनात्मक शक्ति के विकास का प्रयोग किया जा रहा है।"

आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे कहा—"अणुव्रत आन्दोलन पुरुषार्थ का प्रतीक है । उसके कतिपय निष्कर्ष ह—धर्म किसी जाति, वर्ग व वर्ण की बपौती नही, जन-जन की सम्पत्ति है । धर्म परमार्थ का पथ प्रशस्त करता है। धर्म अधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाता हे। इसलिए प्रत्येक आदमी अपने जीवन मे धर्म को अवतरित करे ।"

मध्यान्ह मे आचार्यवर के सान्निध्य मे कार्यकर्ताओ की गोष्ठी हुई । गोष्ठी के मुख्य उदेश्य थे—अणुव्रत कार्यक्रम को गतिदेना, कार्यकर्ताओ की टीम तैयार करना, इस कार्य मे आनेवाली बाधाओ पर चितन करना आदि। इस गोष्ठी मे विभिन्न क्षेत्रो से समागत बीस कार्यकर्ताओ ने अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये। उन सुझावो का निष्कर्ष था—अणुव्रत कार्यक्रम मे तेरापथी लोगो को विशेष रूप से सहयोग करना चाहिए । अणुव्रत की भूमिका स्पष्ट हो, सक्रिय हो तथा इसके प्रचार-प्रसार का दायित्व नई पीढी को सौंपा जाना चाहिए। स्थान-स्थान पर कार्यकर्ता सक्रिय हो, अपना समय दे, तभी अणुव्रत कार्यक्रम को गति मिल सकती है। समय-समय पर कार्यकर्ताओ को प्रोत्साहित किया जाये। कार्यकर्ताओ को चरित्र-निष्ठ होना अत्यन्त अपेक्षित है।

अत मे गोष्ठी को सबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा—"अणुव्रत-कार्यक्रम मानवता के साथ जुडा हुआ है। आज अनैतिकता से सभी दुखी है, उधर कार्यकर्ताओ की बहुत कमी है । इसको मैं अपनी कमी मान सकता हू क्योकि त्रुटि का स्वीकरण ही त्रुटि के परिष्कार का रास्ता हे। अणुव्रत कार्यक्रम को गति देने के लिए आज ईमानदार कार्यकर्ताओ की महती अपेक्षा हे।"

२३ अक्टूबर/दूसरे दिन प्रात खुले अधिवेशन का प्रारभ मुनिश्री अरविन्द कुमार के मगलाचरण से हुआ । अधिवेशन के इस सत्र मे अणुव्रत-प्रवक्ता श्री देवेन्द्र कर्णावट, श्री चीनूभाई, श्री राधेश्याम, श्री यशवत भाई ने

अपने उपयोगी विचारो से जनता को लाभान्वित किया । अ० भा० अणुव्रत समिति ने अमृत-कलश पदयात्रियो मे से श्री पूर्णचद बडाला तथा श्री रामनारायण चेचाणी को शाल ओढाकर सम्मानित किया । श्री चेचाणी ने अणुव्रत-ग्राम स्थापना मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओ को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया ।

महाश्रमणी साध्वी प्रमुखाश्री ने वतमान की सवसे वडी जरूरत चरित्र को वताते हुए कहा—"आचार्यश्री ने स्वतत्रता के साथ ही अणुव्रत आदोलन के माध्यम से यह कार्य प्रारभ किया है । भीतर के खोखलेपन को भरने के लिए अणुव्रत वहुत उपयोगी है ।" आचायश्री एव युवाचायश्री के भी महत्त्वपूण प्रासगिक उद्बोधन हुए ।

द्वि-दिवसीय अणुव्रत अधिवेशन की सबसे वडी विशेपता थी शिक्षा सगोष्ठी का आयोजन । प्रधानमत्री श्री राजीवगाधी की इस घोपणा से पूरे देश मे नई नीति पर खुली वहस चल रही है—शिक्षा नीति मे व्यापक फेर वदल किया जायेगा ।, जिसमे स्वतत्रता सग्राम तथा नैतिक मूल्यो को वल मिल सके "इस दृष्टि से देश के जाने-माने शिक्षा-शास्त्रियो ने परिसवाद मे "नई शिक्षा नीति" पर विचार मथन किया । वे शिक्षाशास्त्री थे—श्री ईश्वरभाई पटल, श्री यशवत शुक्ल, श्री चीनुभाई, नायक, डा० दयानद भार्गव डा० रामजी सिह । युवाचायश्री के सान्निध्य मे इस परिसवाद की तीन सगोष्ठिया हुई । अधिवेशन के अत मे इस सगोष्ठी द्वारा किये गये विचार सचय को श्री रामजीसिह ने प्रस्तुत किया । वह इस प्रकार है—

१ प्राक्कथन :

शिक्षा आज देश की ज्वलन्त समस्या है । इसका उद्देश्य व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास करना है, फिर भी इसका मूल प्रयोजन मानव की अन्तर चेतना को जाग्रत करना है । शिक्षा के माध्यम से आज बुद्धि और मन को तो जगाया जा रहा है लेकिन हमारे अन्तर की चेतना जागृत नही होती और जव तक ऐसा नही होता, हमारी शिक्षा शिक्षा की चुनौतियो को उत्तर नही दे सकती, हमारी समस्याओ का समाधान भी नही कर सकती । वुद्धि के विकास के साथ प्रज्ञा का उदय और सस्कार-परिष्कार के साथ सम्यक् जीवन का निर्माण आवश्यक है । शारीरिक विकास और वौद्धिक विकास के द्वारा प्रामाणिकता और कर्त्तव्यनिष्ठा पैदा नही की जा सकती । यही नही हम अपने आवेगो और सवेगो पर नियत्रण नही कर सकते । बुद्धि से भापा का

परिष्कार, तर्क शक्ति की प्रखरता और उपादेय जानकारियो की उपलब्धि तो हो सकती है किन्तु नैतिकता का विकास एव चरित्र-निर्माण सभव नही है । जब तक भावना का विकास नही होगा, हमारे व्यक्तित्व मे उदारता, सहृदय्ता सहिष्णुता आदि के गुण भी पल्लवित नही होगे और सामाजिक सामजस्य की कल्पना भी दिवास्वप्न रहेगी । आचारण-शून्य शिक्षण कोरी बौद्धिकता है, उससे सद्‌गुण और सदाचार का विकास कोई अनिवार्य नही है ।

शिक्षा और समाज-व्यवस्था के बीच गहरा अनुबन्ध है । दुर्भाग्य से हमारी शिक्षा समाज-व्यवस्था से कटी हुई है। इसलिए इसकी प्रासगिकता दिनो-दिन क्षीण होती जा रही है । शिक्षा समाज-व्यवस्था के अनुरूप होकर ही प्रासगिक होती है । इसलिये न केवल व्यक्ति के निर्माण के लिए, बल्कि समाज-व्यवस्था को युगानुरूप ओर गतिशील बनाने के लिए शिक्षा अत्यन्त सशक्त उपकरण है । जीर्ण-शीण सामाजिक—सास्कृतिक मूल्यो के परिवर्तन तथा लोकतत्र, समाजवाद एव सर्व-धम समभाव एव अहिसा आदि के जीवन-मूल्यो के प्रति निष्ठा जागृत करना शिक्षा का मुख्य प्रश्न है । यदि हमारी शिक्षा व्यवस्था समाज मे धर्मान्धता, अन्धविश्वास, आर्थिक विषमता, हिसा और आतकवाद की चुनौतियो का उत्तर नही दे सकती तो वह अप्रासगिक है । वह ठीक है कि समाज मे बढती हुई हिसा और विघटन के अनेक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक कारण है, किंतु सबके मूल मे मुख्य रूप से अभाव है, जो सामान्यत श्रम निष्ठा की कमी से उत्पन्न होता है । दुर्भाग्य से हमारी शिक्षा पद्धति मे निकले बुद्धिजीवी श्रम से भी कतराते है और आचरण से भी । यदि उनकी बौद्धिकता और विशेषज्ञता मे श्रम-निष्ठा और चरित्र-निष्ठा जुड जाती, तो समाज का स्वास्थ्य बहुत कुछ ठीक हो जाता ।

२ नैतिक ह्रास और जीवन-विज्ञान के प्रयोगो की भूमिका

नैतिक और चारित्रिक शिक्षा पर विभिन्न शिक्षा आयोगो एव विशेषज्ञ समितियो ने समय-समय पर अपनी महत्त्वपूर्ण अनुशमाये दी है, किंतु उनके ठोस कार्यान्वियन का कभी गभीर प्रयास नही हुआ है । आज मूल्यो की इस सकटग्रस्त स्थिति को अत्यन्त खतरनाक माना जा रहा है और शिक्षा की प्रक्रिया को सुसगत और व्यवहार्य मूल्य—प्रणाली तथा तर्कसगत, वैज्ञानिक एव नैतिक दृष्टिकोण पर आधारित करने की आवश्यकता को महसूस किया

जा रहा है। यह एक शुभ लक्षण है।

मूल्यो के उत्तरोत्तर ह्रास को रोकने के लिये बौद्धिक पाठ्यक्रम मे भी बच्चे से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक यथायोग्य महापुरुषो की जीवनिया, महाकाव्यो से त्यागमय जीवन घटनाये, कला-साहित्य का ज्ञान, स्वातन्त्र्य सग्राम के इतिहास के साथ-साथ मानवीय सस्कृति के विकास की गाथा, धर्म के मूल तत्त्वो की जानकारी, विज्ञान और अध्यात्म का सामजस्य, तुलनात्मक धर्मदर्शन के अध्ययन आदि का समावेश अपेक्षित हे, किन्तु केवल बौद्धिकता एव विचारवादिता से भावना का विकास सभव नही। इसलिये हमे इसका अनुसधान करना होगा कि हम किस प्रकार शिक्षार्थियो मे नैतिकता एव चरित्र विकसित कर सके।

सौभाग्य से आचार्यश्री तुलसी के मार्गदर्शन मे उनके पट्टशिष्य युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ ने इस सदर्भ मे "जीवन-विज्ञान" की कल्पना और योजना रखी हे जो वैज्ञानिक एव तर्कसगत तो हे ही, अब प्रयोगसिद्ध भी हो चुकी हे। केवल सिद्धान्त बोध के द्वारा विद्यार्थी अपनी अस्मिता को पहचान सके और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पित हो सके, यह कम सभव है। इसके लिये सिद्धान्त एव प्रयोग दोनो का समन्वय आवश्यक है। जीवन-विज्ञान मे अध्यात्म और विज्ञान, तत्वमीमासा और योग, मानविकी और भौतिकी, रसायनविज्ञान, मनोविज्ञान और समाजविज्ञान तथा सृष्टि सतुलनशास्त्र का समन्वय हे। सक्षेप मे जीवन-विज्ञान यह मानता है कि मस्तिष्क मे असीम शक्ति की जागृति तनाव और थकान के बिना की जा सकती हे। मस्तिष्क विद्या के अनुसार मस्तिष्क का बाया भाग तर्क, गणित, भाषा और भौतिक विचार के लिये उत्तरदायी है, उसका दाया भाग आध्यात्मिक जागृति, अन्त-र्प्रज्ञा, स्वप्न और कल्पना के लिये उत्तरदायी हे। अनुकपी नाडी तत्र की अति-सक्रियता से व्यक्ति आक्रामक, उद्धत एव अशान्त रहता हे, जबकि परानुकपी नाडी तत्र की अति सक्रियता से व्यक्ति डरपोक, दब्बू, हीनभावना से ग्रसित होता हे। यह स्नायविक असतुलन हे। जीवन-विज्ञान इन दोनो का सतुलन कर व्यक्ति को एक शात मानव एव स्वस्थ नागरिक बनाता हे। मनुष्य के अन्दर बुद्धि एव सवेग मे सघर्ष होता है। बुद्धि उचित अनुचित का भेद तो बता देती हे किंतु सवेग ही प्रबल होकर आचरण मे प्रवृत्त करता हे। इसलिये ज्ञान और आचरण की दूरी बनी रहती हैं। जीवन-विज्ञान का अभ्यास सवेग को नियत्रण मे रखने की पद्धति हे। उसी प्रकार सवेग निरन्तर

क्रियाशील रहते है जिससे शक्ति का बहुत अपव्यय होता है । अत सक्रियता से मस्तिष्क एव मेरु प्रणाली पर दबाव पडता है स्वचालित नाडी तत्र भी दबाव का अनुभव करता है, जीवन-विज्ञान सवेग का भी नियत्रण करता है । जीवन-विज्ञान के द्वारा चेतना प्रक्रिया को कम कर विव प्रक्रिया को बढाया जा सकता है ताकि मस्तिष्क पर दबाव न पडे। पीनियल ग्लैड की निष्क्रियता से नियत्रण की क्षमता और थाइमस ग्लैड की निष्क्रियता से आनन्द की अनुभूति मे कमी आ जाती है और वृत्ति बाह्यमूलक हो जाती है । हमे यह समझना चाहिये कि व्यवहार एव आचरण का मुख्य आधार भाव-धारा है। भाव दो भागो मे विभक्त है—विधेयात्मक एव निषेधात्मक । जीवन-विज्ञान के द्वारा विधेयात्मक भाव का विकास कर निषेधात्मक भाव से मुक्ति पायी जा सकती है । इस प्रकार जीवन-विज्ञान तनाव-मुक्ति की भी प्रक्रिया है । इसके साथ स्मृति सम्वधन और ग्रहण क्षमता का मौलिक आधार, लयबद्धश्वास जिससे मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सिजन मिल जाता है और मानसिक तनाव कम कर अध्ययनशीलता को केन्द्रित एव प्रभावी बनाता है। सक्षेप मे जीवन-विज्ञान मस्तिष्क प्रशिक्षण की वह प्रवृत्ति है जिसमे सवेग, एव विचार—नियत्रण की पद्धति है, जिसके सात साध्य तत्व एव पाच साधन तत्व है।

भारतीय सस्कृति की परपरा मे ऋषिमुनियो ने हमारी उच्च चेतना को जगाने के लिये योग, ध्यान आदि के अभ्यास पर बल दिया है । श्रवण, मनन के साथ निदिध्यासन हमारी शिक्षा का अनिवार्य अग था । दुर्भाग्य से आज श्रवण और पठन तक बात रह गयी। मनन और निदिध्यासन दोनो हमने भुला दिये है। जब तक मनुष्य की भावना नही बदलती या दूसरे शब्दो मे जब तक उसका अन्त परिवर्तन या हृदय परिवर्तन नही होता, मात्र व्यवस्था परिवर्तन से उसका बदलाव नही होगा । भाव-परिष्कार एव आचरण परिवर्तन के लिये "जीवन-विज्ञान" एक अभिनव प्रयोग है । इसके अभ्यास से हम विद्यार्थियो मे एक ओर तो उनकी स्मृति, अवधान एव ग्रहण-शीलता को प्रखर कर सकते है, दूसरी ओर उनमे कर्तव्यनिष्ठा, दायित्वबोध और अनुशासन सरलता से ला सकते है ।

अत सगोष्ठी की यह सशक्त अनुशसा है कि "जीवन-विज्ञान" के अध्ययन और प्रयोग को "नयी शिक्षा नीति" मे प्रारभिक स्तर से ही यथा-योग अनिवार्य स्थान दिया जाए। इसमे परपरागत धार्मिक शिक्षा को लागू -करने के विवाद भी नही खडे होगे एव भारतीय सविधान की धारा २८ का

भी किंचित् उल्लघन नही होगा । जीवन-विज्ञान वास्तव मे केवल नैतिक शिक्षा का ही विकल्प नही, यह शिक्षा को सार्थक, समयोपयुक्त एव समग्र बनाने का एक विज्ञान है । इसमे न धर्म या अध्यात्म की एकागिता है, न विज्ञान की। यह अन्तर विषयानुबधी होने के कारण इसके अन्तर्गत एक साथ सामान्यीकरण एव विशिष्टीकरण दोनो का समन्वय है। सबसे महत्त्व की बात तो यह है कि जीवन-विज्ञान अब काफी हद तक प्रयोगसिद्ध हो चुका है। जीवन-विज्ञान शिविरो मे अनेको साधु-साध्वियो एव हजारो लोगो ने इसका लाभ तो उठाया ही है, अब तो राजस्थान सरकार ने जीवन-विज्ञान का पाठ्यक्रम प्रथम चरण मे २८ माध्यमिक विद्यालयो मे लागू कर दिया है। इसकी उपादेयता महसूस कर गुजरात विश्वविद्यालय ने अहमदाबाद मे एव राजस्थान पुलिस अकादमी ने जयपुर मे शिविर आयोजित किये । अहमदाबाद मे मेडिकल ऐसोसिएशन ने "अत स्रावी ग्रथियो एव प्रेक्षाध्यान" पर एक विशेप सगोष्ठी की। सबो को उत्साहवर्धक परिणाम मिले हे । अब तो जीवन-विज्ञान का विद्यार्थियो के लिए माध्यमिक स्तर तक एव शिक्षको के लिये शिक्षक-प्रशिक्षक का पूरा पाठ्यक्रम भी तैयार किया जा चुका है। इसको देखते हुए यदि भारत का कोई विश्वविद्यालय आगे बढकर अध्ययन एव शोध के लिए स्नातकोत्तर डिप्लोमा या डिग्री स्तर पर जीवन-विज्ञान का पाठ्क्रम प्रारभ कर देश को नेतृत्व दे सके तो एक बहुत बडा काम होगा ।

३ शिक्षा और आजीविका ·

शिक्षा मे जीवन-विज्ञान के साथ आजीविका का भी प्रश्न कम महत्त्वपूण नही हे। शिक्षा यदि हमारी जीविका का साधन नही बन सकती तो शिक्षा का प्रयोजन भी सिद्ध नही होगा और इसलिए पद्धति मे प्रवेश पाने या उसमे टिकने के लिए प्रेरणा भी नही रहेगी। यही कारण है कि सामजिक रूप से उसमे उपयोगी उत्पादक श्रम को शिक्षा का अनिवार्य अग बनाना ही चाहिये । इससे एक ओर तो हम शिक्षार्थियो को आजीविका के लिये आश्वस्त कर उनमे आत्मविश्वास और स्वावलबन की भावना का सचार कर सकेगे, साथ-साथ व्यक्तिगत एव सामाजिक जीवन मे शरीर श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित कर ऊच-नीच के सामाजिक भेदभाव को भी कम कर सकेगे । श्रम जीवन का एक मूल्य हे। बिना हाथ-पाव हिलाये हम जी ही नही सकते । प्रश्न इतना ही है कि हम शरीर-श्रम को सामाजिक उपयोगिता से कितना जोड

सकते है। सगोष्ठी का स्पष्ट चितन है कि शिक्षा को हमे हस्त-शिल्प उद्योग और व्यवसाय से जोडना ही होगा। हाथ-पाव पैर से काम करने वालो को केवल कर्म कौशल ही प्राप्त नही होता है, वल्कि श्रम का अभ्यास बहुत हद तक उसका हृदय भी शुद्ध करता है। दूसरे शब्दो मे क्रियाशक्ति के विकास से हृदय या भाव-शक्ति का भी विकास होता है। इसलिए प्रायोगिकी के साथ शिक्षा का अनुबन्ध होना ही चाहिये। भारतीय सदर्भ मे प्रायोगिकी को ग्राम विकास तथा सामान्य लोगो के जीवन से अधिकाधिक जोडना होगा। इसके लिए शिक्षा को गावो मे कृषि, पशुपालन, कुटीर एव व्यावसायिक नगरो मे कल-कारखानो एव व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से जोडकर इसे अधिक सार्थक बनाया जाना चाहिये। इस सदभ मे हमे शिक्षा—नीति का राष्ट्र की अर्थनीति के साथ मेल बैठाना होगा ताकि हमारे भौतिक एव मानवीय ससाधनो का सम्यक् उपयोग हो सके। जन शक्ति-योजना के साथ चूकि हम शिक्षा के क्षेत्र मे तकनीक एव उद्योग का मेल नही बिठा पाये। इसलिए देश की शिक्षा निर्जीव हो गयी और शिक्षित बेरोजगारी की समस्या भी विकराल बनती जा रही है। इस सबध मे समिति जहा भारत के औद्योगिक विकास का स्वागत करेगी वहा उद्योग के त्वरित आधुनिकीकरण के स्थान पर समुचित तकनीक अपनाने के लिये सरकार से आग्रह रखेगी क्योकि भारत की विराट् जनसख्या एव सीमित पूजी का खयाल रखना होगा। फिर तकनीक और प्रायोगिकी मनुष्य के लिये है, मनुष्य प्रायोगिकी के लिए नही।

कुछ लोगो को अभिभ्रम है कि जीविकोपार्जन की औद्योगिकी शिक्षा से साहित्यकला आदि का अध्ययन दुर्बल पडेगा। वास्तव मे कर्म से विच्छिन्न होकर साहित्य सचमुच साहित्य कहलाने लायक नही रहेगा। वेद, उपनिषद आदि के रचनाकारो के जीवन मे ज्ञान और कर्म अलग नही थे। प्राचीन युग मे सुक-रात और आधुनिक युग मे मस्क्यूलर ने दीर्घकालीन सैनिक जीवन व्यतीत किया। डिवी ने कार्यानुभव, क्रोमेको ने कर्म, माटेसरी ने क्रिया के द्वारा शिक्षण, माओ ने आधा काम-आधा पठन (हाफ-हाफ) एव गाधी ने उद्योग के माध्यम से शिक्षण का विचार रखा। इसलिये आभिजात्य प्रभाव के कारण शिक्षा मे कर्मकौशल की जो उपेक्षा हुई है उसका प्रायश्चित करना ही होगा एव हस्त-शिल्प-कृषि-उद्योग को पाठ्यक्रम एव परीक्षा का अनिवार्य अग बनाना होगा। प्रचलित पाठ्क्रम इतना बोझिल हो गया है कि इसमे न तो नैतिक शिक्षा और न आजीविका की शिक्षा के लिये गुजाइश है। जिस प्रकार प्राचीन भारतीय

सस्कृति मे ग्रहण शिक्षा के साथ आसेवन शिक्षा का समन्वय किया गया था। हमे भी साहस पूवक शिक्षा मे ज्ञान के साथ कर्म को जोडना होगा। हा, यह ध्यान रखना होगा कि जव बच्चे छोटे हो, तो उद्योग एव हस्त-शिल्प की शिक्षा उनके लिये बोझ नही, वल्कि आनन्द का पर्याय वने।

(४) शिक्षा का सार्वभौमीकरण एव अनौपचारिक शिक्षण तथा अणुव्रत की भूमिका

मूल्यो के ह्रास एव जीविकोपार्जन के दुर्दान्त सकट के साथ शिक्षा के सार्वभौमीकरण की समस्या शिक्षा को वडी चुनौती है क्योकि सविधान मे निरक्षरता निवारण के निर्देश के बावजूद भी देश मे आज लगभग ३/४ लोग निरक्षर है एव यदि ऐसी स्थिति रही तो इस शताब्दी के अन्त तक यहा के ५४ प्रतिशत लोग निरक्षर हो जायेगे।

इस दु स्थिति के निवारण के लिए शिक्षा पर हमे अपनी राष्ट्रीय आय का कम से कम ७ ५ प्रतिशत (जितना पहली पचवर्षीय योजना मे प्रावधान था) धन खर्च करना ही चाहिये एव उसमे प्राथमिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता देनी होगी। हमे यह बराबर याद रखना होगा कि शिक्षा राष्ट्र की सर्वोत्तम प्रतिरक्षा हे और हमारे सामाजिक, आर्थिक विकास का भी सशक्त उपकरण हे। शिक्षा का सावभौमीकरण केवल स्कूली शिक्षा को सशक्त करने से ही नही, अपितु अनौपचारिक शिक्षण को व्यापक बनाने से फलीभूत होगा। इस पवित्र काम मे सरकार के साथ परिवार, स्वयसेवी, सस्थाओ, धार्मिक-सास्कृतिक सगठनो आदि का पुरुपार्थ लगाना चाहिये। सरकार जहा विद्यालय-भवन नही बना सके, वहा हम मदिर, उपाश्रय, धर्मशालाए एव अन्य सार्वजनिक स्थानो का उपयोग करे। अनौपचारिक शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिये निवर्तमान शिक्षको का योगदान लेना चाहिए, क्योकि वे दक्ष भी होगे एव उन पर खर्चा भी कम होगा। साक्षरता की प्रेरणा के लिए अन्य उपायो के अतिरिक्त किसी भी नौकरी या अनुदान प्राप्ति तथा वोट देने के लिये साक्षरता की योग्यता अनिवार्य कर दी जाय। अनौपचारिक शिक्षण को जीवन एव जीवनपरक वनाने के लिये हमे इसे समाजोपयोगी तथा जीविकोपयोगी भी वनाना होगा।

लेकिन यह महसूस किया गया कि निरक्षरता का कलक मिटाने के लिये एक कठोर राजनैतिक सकल्प एव एक व्यापक जनान्दोलन आवश्यक ह।

इसके लिये तकनिकी एव शिल्प सस्थानो को छोड कुछ समय तक देश के सभी शिक्षण सस्थानो को बद करके ३५ लाख शिक्षको, लगभग एक करोड विश्व-विद्यालय के विद्यार्थियो एव राष्ट्र के समस्त स्वयसेवी एव धार्मिक-सास्कृतिक सस्थाओ की सम्मिलित शक्ति को सयोजित कर युद्ध स्तर पर १ वर्ष के भीतर निरक्षरता-निवारण का कार्य पूरा किया जा सकता है। जिस प्रकार गुजरात मे शिक्षण-नवनिर्माण दल बना है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर एक शिक्षा सेना बनाकर यह अभियान किया जाए।

यह सतोष और हर्ष की बात है कि अणुव्रत आन्दोलन विगत कई दशाब्दो से नैतिक-आध्यात्मिक जागरण के द्वारा अनौपचारिक रूप से लोक-शिक्षण का एक महान् कार्य रहा है। इस अमृत वर्ष मे अणुव्रत आन्दोलन ने निरक्षरता निवारण का पुनीत कार्य अपने कार्यक्रमो मे विशेष रूप से जोडकर भारत की अन्य स्वयसेवी एव धार्मिक सास्कृतिक सस्थाओ के लिये एक उदाहरण एव आदर्श प्रस्तुत किया है।

राष्ट्रीय परिस्थितियो मे महत्वपूर्ण चिंतन

ससद सदस्य श्री रामचद्र विकल अणुव्रत-कार्यक्रमो से प्रारभ से जुडे हुए है तथा उसमे रुचि भी लेते है। दिल्ली मे आयोजित होने वाले कार्यक्रमो मे प्राय सम्मिलित होते है। समय-समय पर आचार्यवर के सान्निध्य मे भी समुपस्थित हो जाते है। अमृत-महोत्सव कार्यक्रम मे भी उन्होने भाग लिया। श्री विकल का जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनाया गया। आचार्यवर ने इसके लिए एक सदेश भी प्रदान किया। उन्होने विकलजी के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनाने को वर्तमान की राष्ट्रीय परिस्थितियो मे एक महत्त्वपूर्ण चिंतन बताया।

जैन विद्या परिषद

२६ अक्टूबर / त्रिदिवसीय जैन विद्या परिषद का आज प्रात आचार्य-वर के सान्निध्य मे उद्घाटन हुआ। इस परिषद् मे साधु-साध्वियो, समणियो तथा समागत विद्वानो ने अपने शोध पत्र पढे। सभी शोध पत्रो का मुख्य प्रति-पाद्य था—पचम अग सूत्र भगवती। इस परिषद् के सयोजक थे श्री माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्यश्री महावीर राज गेलडा। जैन विश्व भारती के द्वारा आयोजित इस परिषद् का प्रारभ समणी वृन्द की प्राकृत भाषा की श्रुत अभिवदना से हुआ। भीलवाडा महाविद्यालय के प्रवक्ता

डा० डी० सी० जैन ने अपने सयोजकीय वक्तव्य मे जैन विद्या परिषद् का सक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। परिषद् के सयोजक श्री गेलडा ने स्वागत-भाषण किया। समणी सुप्रज्ञा ने २५ अक्टूबर को उदयपुर मे हुए राजस्थान व्याख्याता सघ के समापन समारोह की चर्चा की। राजस्थान के ग्रामीण विकास एव पचायत राजमत्री श्री रामपाल उपाध्याय ने इस कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

तीन दिनो मे आठ सत्रो के अन्तगत इस पहले सत्र मे सुखाडिया विश्वविद्यालय के व्याख्याता डा० प्रेमसुमन जैन ने 'भगवती सूत्र मे प्रतिपादित धार्मिक उदारता' विषय पर अपना शोध प्रबन्ध पढा।

युवाचार्यश्री ने इस उद्‌घाटन सत्र मे कहा—'भगवती सूत्र का मूल नाम व्याख्या प्रज्ञप्ति है। इस का गाथा परिमाण है २०,००० पद्य। इस सूत्र मे समागत 'जाव' शब्द की सपूर्ति की जाये, तो सवा लाख पद्य परिमाणकी बन जाती है इसलिए इसको 'सवालक्खी' भी कहा जाता है। सवाद शैली का ग्रन्थ होने से इसको 'व्याख्या-प्रज्ञप्ति' की सज्ञा से अभिहित किया गया है। इस सूत्र मे श्वेताम्बर मान्यता के अनुसार ३६,००० प्रश्नोत्तर, जबकि दिगबर मान्यता के अनुसार ६०,००० प्रश्नोत्तर है। इस ग्रन्थ मे तत्त्वो तथा सिद्धान्तो का सुन्दर विवेचन है ही, साथ मे दुनिया के ज्ञान-विज्ञान का शायद ही कोई विषय अछूता रहा हो, जिसका थोडा-बहुत वर्णन इस महान् ग्रथ मे न हुआ हो। इस ग्रथ मे कई विषय ऐसे है, जो पर्याप्त वैज्ञानिक खोज मागते है, जिनसे दुनिया को एक नूतन आलोक मिल सकता है।'

तेरापथ के चतुर्थ आचार्यश्री जयाचार्य ने राजस्थानी भाषा मे इस गूढ ग्रथ को पाच सौ एक गीतिकाओ मे आबद्ध किया है। 'भगवती री जोड' नामक गेय काव्य ८०,००० पद्य परिमाण है। इसका जिक्र करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा—जयाचार्य ने इस सूत्र के गूढ रहस्यो का मार्मिक वर्णन किया है। आज अगर पाच-दस जयाचार्य जन्म ले तब कही जाकर इस भगवती सूत्र के थोडे-बहुत रहस्यो का आधुनिक सदर्भ मे उद्‌घाटन हो सकता है।'

आचार्यवर ने अपने आशीर्वचन मे कहा—'भगवती एक ऐसा आगम ग्रथ है, जिसमे अढाई हजार पूर्व ही असाम्प्रदायिक धर्म की विवेचना दी है। उसके पुष्ट प्रमाण है—मिथ्यादृष्टि का देशाराधकत्व, असोच्चा केवली का प्रकरण आदि।'

वाद आचायवर भ्फोर पधारे । खचाखच भरे चौक मे आमेट पचायत समिति के प्रधान श्री गिरिवर जोशी, सरपच, उपसरपच आदि ने स्वागत-भापण किये । आचायश्री ने दृढ शव्दो मे कहा—"इसानियत के विना कोई भी व्यक्ति धार्मिक नही वन सकता । यदि कोई गैर इसानियत व्यक्ति अपने को धार्मिक कहने का दभ भरता हे, तो वह धम के साथ मखौल करता है ।" मध्यान्ह मे मुनिश्री विजयकुमार के वक्तव्य के वाद आचाय श्री का प्रवचन हुआ । पाश्ववर्त्ती गावो से लोगो का दिन भर ताता सा लगा रहा । रात्रि मे मुनि सुमेरमल "लाडनू" का प्रवचन हुआ । माढा (पाली) से दो मेटाडोर लेकर पीतल्या परिवार शोक मुक्ति के लिए भ्फोर पहुचा । उनके परिवार के वरिष्ट सदस्य श्री पन्नालाल पीतल्या का ८० वष की आयु मे निधन हो गया था । खिवाडा निवासी श्री वक्तावरमल काठेड अपनी पुत्री को लेकर आचायवर के दशनाथ पहुचे । उनके चालीस वर्षीय दामाद श्री हेमराज गादिया का चिकमगलूर (कर्नाटक) मे देहान्त हो गया ।

आम की होड आमली नही कर सकती

६ दिसबर/आचायवर भ्फोर से मात्र डेट कि० मी० का विहार कर नेगडिया का खेडा पधारे । आचायवर पहले यहा एक घटे ही ठहरना चाहते थे, पर कल भ्फार गाव मे सरपच समेत इस गाव के सैकडो व्यक्ति आये । आचायश्री ने उनको समझाया—कल हमे कई गावो मे जाना है । इसलिए तुम्हारे गाव मे घटा भर रहकर आगे गावो मे चले जाये, तो हमारे सुविधा रहेगी ।

लोग बोल उठे—यह कैसे सभव हो सकता हे । हम पच्चीस वर्षो से आपकी वाट निहार रहे है । कितने घर हे हमारे गाव मे । आप एक घटे मे कैसे जा सकते है ?

आचार्यश्री—पीछे सतो को छोड दूगा, उनका लाभ लेना, मुझे आगे जाने दो ।

इतने मे सरपच वोल पडे—साधु सती तो हर साल आवै ही हे, ओर आगे भी आसी, पर आम की होड आमली कदै नी कर सके । तकलीफ तो हवेसी किंतु पधारणो भी पडी और रहणो भी पडी ।"

गाववासियो की अतिशय भुक्ति को देख आचार्यवर रीझ गये । मध्यान्ह दो वजे तक वहा विराजे । श्री कजोडीमल कोठारी ने सपत्नीक शीलव्रत स्वीकार किया । नेगडिया का खेडा से विहार कर छापरी, गोवल

खजूरिया होते हुए माय खाखला पधारे। इन गावो मे सैकडो लोगो ने व्यसन, धूम्रपान आदि छोडा। खाखला मे रात्रि मे आचार्यवर से पूर्व मुनि श्री मोहनलाल "आमेट" ने प्रवचन दिया। उसके बाद आचार्यवर का प्रवचन हुआ। अनेक लोगो ने विविध त्याग-प्रत्याख्यान किये। खाखला मे तेरापथ के ९ घर है। वणोल निवासी एक तेरापथी युवा सरकारी कर्मचारी है। अब तक उन्होने किसी प्रकार की रिश्वत नही ली। इस कारण उन्हे एक बार जेल की शिकचो मे बद कर दिया गया। उन्हे पुन फसाने की चेष्टा की गई पर उच्च न्यायालय से वे मुकदमा जीत गये। आज उन्होने आजीवन रिश्वत न लेने सकल्प ले लिया।

८ दिसबर/प्रात आचार्यवर सालेरा होते हुए कागनी पहुचे। सालेरा मे आचार्यवर ने कुछ भिक्षा ग्रहण की तथा प्रवचन दिया। ५० लोगो ने दारू छोडी। १० ३० बजे कागनी मे स्वागत गीत, भाषण के बाद आचार्यवर का प्रवचन हुआ। प्रवचनोपरान्त १५ व्यक्तियो ने धूम्रपान तथा ६५ जनो ने शराब न पीने का नियम लिया। मध्यान्ह मे राजस्थान के ग्रामीण विकास मत्री श्री रामपाल उपाध्याय ने आचार्यवर के दर्शन किये। वे अभी चुरू लोक सभा उपचुनाव मे पार्टी के इचार्ज ह, फिर भी समय निकाल कर आये। मध्यान्ह २ बजे विहार कर गगापुर गाव बाहिर "देव रमण" पधारे। स्वागत का सक्षिप्त कायक्रम रहा। मेवाड के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री देवेन्द्रकुमार हिरण ने अपने घर पधारने पर आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया। रात्रि मे पुन श्री रामपाल उपाध्याय आये और कुछ समय बातचीत की।

आचार्य तुलसी अमृत-महाविद्यालय का शिलान्यास

आचार्य श्री तुलसी अमृत महोत्सव वर्ष मे मेवाड मे रचनात्मक कार्यो का नया युग प्रारम्भ हुआ है। मेवाडव्यापी अमृत कलश पदयात्रा के रचनात्मक अभियान से अमृत महोत्सव का शुभारम्भ हुआ, वही दूसरी ओर रचनात्मक सस्थाओ की शृखला भी प्रारम्भ हुई। मेवाड के विभिन्न अचलो से शिक्षात्मक एव रचनात्मक सस्थाओ का उद्भव हुआ है।

९ दिसबर/गगापुर के लाखोला चौराहे पर आचायवर के सान्निध्य मे राजस्थान के राज्यपाल श्री वसन्तराव पाटिल ने आचार्यश्री तुलसी अमृत महाविद्यालय की आधारशिला रखी। समारोह मे पूर्व कार्यवाहक प्रधानमत्री श्री गुलजारीलाल नन्दा, पूर्व मुख्यमत्री श्री शिवचरण माथुर, पूव सिचाई मत्री श्री रामप्रसाद लड्ढा, राजस्थान के ग्रामीण विकास मत्री श्री रामपाल उपा-

ध्याय, श्री शुभकरण दसाणी, विशेष रूप से उपस्थित थे।

साध्वी परिवार के समूह गान "विद्या के प्रागण मे अब व्यापक जीवन विज्ञान हो, शिक्षा का नव अभियान हो" से समारोह का शुभारभ हुआ। श्री सुन्दरलाल मेहता, श्री देवेन्द्रकुमार हिरण एव श्री रामपाल उपाध्याय ने समागत अतिथिगणो का विनम्र अभिनन्दन किया तथा आगन्तुक अतिथियो को शिरोपाव व आचाय श्री तुलसी का वडा फोटो भेट किया। भीलवाडा कालेज के प्राचाय महावीर राज गेलडा, श्री शिवचरण माथुर, श्री रामप्रसाद लढ्ढा ने भी सभा को सबोधित किया।

स्वागताध्यक्ष श्री रामपाल उपाध्याय ने कहा—"प्रस्तावित महाविद्याय मे आध्यात्मिक नैतिक शिक्षा, जीवन-विज्ञान तथा प्रेक्षाध्यान के आयाम होगे। यह महाविद्यालय अपनी अलग पहचान का होगा।"

राज्यपाल महोदय ने अपने वक्तव्य मे कहा—"आध्यात्मिकता के आधार पर दी जाने वाली शिक्षा से एक आदर्श शैक्षणिक प्रवृत्ति का सचालन हो, जो लोगो म नैतिकता, मित्रता और आदश चरित्र की भावना भर कर उसे अच्छा नागरिक बनाने मे महत्त्वपूण भूमिका अदा करेगी।" उन्होने आचायश्री को महान् व्यक्तित्व का धनी बताया।

साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभा, मुनिश्री सुखलाल ने भी सभा को सबोधित किया। मुनिश्री सुखलाल ने भीलवाडा चातुर्मास परिसपन्न कर गाव-गाव मे अणुव्रत की अलख जगाते हुए आज आचायवर के दर्शन किये। उन्होने स्वागत मे दो मुक्तक भी बोले। दस हजार की विशाल उपस्थिति मे आचार्य प्रवर ने अपने उद्बोधन मे कहा—"शिक्षा जीवन का अभिन्न अग है। जीवन-विज्ञान आज की शिक्षा मे व्याप्त विसगतियो को दूर करने मे सक्षम ह। प्रेक्षाध्यान और जीवन-विज्ञान अणुव्रत के काय को प्रभावी बनाने मे सहयोगी हे। आज का आयोजन रचनात्मक एव प्रयोजनात्मक ह।"

आचायश्री तुलसी अमृत महाविद्यालय की योजना के क्रियान्वयन मे राज्य के मत्री श्री रामपाल उपाध्याय का अपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा ह। शिलान्यास समाराह का सयोजन श्री देवेन्द्रकुमार हिरण ने प्रभावी ढग से किया।

आचार्य तुलसी अमृत-महाविद्यालय के लिए आज जो अनुदान घोपित हुआ, वह इस प्रकार है—

११ लाख ५० हजार—अ० भा० रा० स० द्वारा श्री शुभकरण

दसाणी

५ लाख—को-ओपरेटिव मिल, गगापुर

३ लाख—पचायत समिति, गगापुर

२ लाख—नगरपालिका, गगापुर

१ लाख—कृषि उपज मडी, गगापुर

२ लाख—रायपुर व साहडा विधानसभा क्षेत्र।

५१ हजार—श्री राजमल सिंघवी (आशाहोली)

इस प्रकार कुल २५ लाख रुपयो की राशि चद क्षणो मे ही हो गई। कार्यक्रम के वाद राजस्थान के पूर्व मुख्यमत्री श्री शिवचरण माथुर ने कालू कल्याण कुज मे आचार्यवर के साथ एकान्त मे वातचीत की। उन्होने २२ दिसवर को रेलमगरा मे दर्शन करने की बात कही। कार्यक्रम से कालू कल्याण कुज लौटते वक्त आचार्यवर गगाबाई के मदिर मे पधारे। वहा के न्यासियो ने आचार्यप्रवर का स्वागत किया। गगाबाई ग्वालियर की महारानी थी। वह यहा स्वर्गस्थ हो गई। उसी क नाम पर यह गगापुर नगर बसा। पूर्व मे इस गाव का नाम लालपुरा था।

सत्ता शाश्वत नहीं : इन्सानियत शाश्वत है

मध्यान्ह महामहिम राज्यपाल श्री बसन्तराव पाटिल आचार्यवर से मिलने आये। साथ मे उपाध्याय जी तथा अनेक कार्यकर्ता थे। आचार्यश्री ने राज्यपाल महोदय से कहा—राजस्थान मे सेवा का मौका पहली बार मिला है।

राज्यपाल—हा आचार्यश्री! पहली बार मिला है। यहा भी मैं महाराष्ट्र की भाति सेवा करता रहूगा।

आचायश्री—महाराष्ट्र की राजनीति कैसी है?

राज्यपाल—अच्छी नही है।

आचार्यश्री—आपको अब नैतिक कार्यो पर वल देना हे।

राज्यपाल—अव मेरी शक्ति इसी काम मे लगेगी।

आचार्यश्री—हमने एक विना मजहव का धर्म अणुव्रत चलाया है। हर कौम का व्यक्ति अणुव्रती वन सकता है। इसमे उपासना गौण है, आचरण मुख्य है। सत्ता शाश्वत नही है, इसानियत शाश्वत हे। सच्चा इन्सान वनने वाला महान् हे। हमने प्रेक्षाध्यान के जरिये व्यक्ति के भाव परिवर्तन, रसायन परिवर्तन का काय प्रारभ किया है।

राज्यपाल—मै अणुव्रत कार्यक्रम से सपर्क मे हू । आचार्यश्री! मै जहा जाता हू वहा आनन्द पाता हू । परिस्थितियो को भोग चुका हू और भोग रहा हू ।

आचायश्री—आज आपने जिस कालेज का शिलान्यास किया है । उस के साथ आप जुड गये है, अब आपको विशेष ध्यान रखना होगा ।

राज्यपाल—पूरा ख्याल रखूगा ।

आचायश्री—लाडनू मे जैन विश्व भारती नाम का एक विशाल सस्थान है । वहा शिक्षा, शोध, सेवा, साधना का अच्छा काय सपादित हो रहा हे । हम वहा चले जायेगे, तो आपको एक बार वहा याद करेगे ।

राज्यपाल—मै अवश्य वहा आऊगा ।

आचार्यश्री एव राज्यपाल के बीच करीब ४० मिनट की यह वार्ता आत्मीयपूण वातावरण मे सपन्न हुई ।

रात्रि मे बालक बालिकाओ की कव्वाली, स्वागत-गीत के बाद आचायश्री का प्रवचन हुआ । सयोजन श्री देवेन्द्रकुमार हिरण ने किया । रात्रि प्रवास रग-भवन मे हुआ । यह वही भवन है जहा पचास वर्ष पूव पूज्य कालूगणी का स्वगवास हुआ तथा मुनि तुलसी तेरापथ के भाग्य विधाता बने । उस समय के कुछ सस्मरण आचायवर के मुखारविन्द से निसृत होकर बडे ही रोचक प्रतीत हो रहे थे । मत्री श्री उपाध्याय ने आचायवर से एकान्त मे बातचीत की ।

१० दिसबर/प्रात आचार्यवर का लाखोला के लिए विहार हुआ । मार्ग मे रामद्वारा मे पधारे । वहा के सतरामजी ने आचार्यश्री से कुछ देर बातचीत की । ये सत राम स्नेही सप्रदाय के हे । इस सप्रदाय के प्रवतक रामचरणदास जी तथा तेरापथ के प्रवतक आचार्यश्री भिक्षु स्वामी दोनो मित्र थे । रामस्नेही सप्रदाय अमूर्तिपूजक है, उनमे आचार्य एक होते है । करीब १० बजे आचार्यवर लाखोला पधार गये । प्रधानाध्यापक, सरपच श्री बहेडिया ने स्वागत-भाषण किया । आचार्यवर ने अपने भाषण मे कहा—"गरीब वह हे जो आचारहीन है । आचारवान्-चरित्रवान् व्यक्ति सदैव समृद्ध होता है । ज्ञान अमृत है, रसायन है । ज्ञान को पाना अमृत को पाना है । ब्यावर चातुर्मास सपन्न कर साध्वी श्री सरोजकुमारी (बबई) ने आचार्यवर के दर्शन किये । आज रात्रि प्रवचन मुनि सुमेरमल "लाडनू" ने दिया ।

११ दिसबर/प्रात लाखोला से चलकर सोनियाणा पधारे । वहा के

'वैरवा' जाति के लोग विशेष श्रद्धा रखते है। एक घटे के प्रवास मे मुनिश्री कमलकुमार के प्राग् प्रवचन के बाद आचार्यवर का प्रवचन हुआ। सोनियागा से आचार्यवर रेवाडा पधारे गये। रेवाडा पधारते के साथ ही भीलवाडा जिला की सीमा समाप्त हो गई और चित्तौडगढ जिला की सीमा शुरू हो गई। रेवाडा मे अपने प्रवचन मे आचार्यवर ने ऊच और नीच का मापदड जाति नही, आचारण को बताया। साय आचार्यवर मानियास पधार गये। स्वागत मे ठाकुर श्री शिवराज सिंह तथा कुवर श्री राजेन्द्रसिंह ने अपने विचार रखे।

हिन्दू धर्म नही, समाज है

रात्रि मे कुवर श्री राजेन्द्रसिह आचार्यश्री की सन्निधि म पहुचे। कुवर काफी सुलझे हुए विचारो के व्यक्ति है। आचार्यश्री की अनुमति लेकर उन्होने कुछ प्रश्न पूछे और उन प्रश्नो को आचार्यश्री ने समाहित किया। प्रश्नोत्तर इस प्रकार है—

कुवर—धम की परिभापा क्या है ?

आचार्यश्री—आत्मा मे स्थिर रहने का नाम धम है। धर्म और मजहब पृथक्-पृथक् है।

कुवर—मै पहले नास्तिक था। विज्ञान का अध्ययन करते-करते मै धार्मिक बना।

आचायश्री—मजहव का धर्म से वैसे कोई लेन देन नही है। झगडा धर्म मे नही, मजहब मे है। ईसाई-ईसाई लड रहे है, बौद्ध-बौद्ध लड रहे है। मजहब परस्पर म लड रहे है।

कुवर—थाईलैड के बौद्ध भिक्षु सामाजिक सेवा मे लगे है। जैन मुनियो के लिए भी ऐसा कुछ होना चाहिये। उन्हे स्वास्थ्य का ज्ञान करवाया जाए। गाव-गाव मे घूम-घूम कर गरीबो का इलाज करना चाहिये।

आचार्यश्री—बौद्ध भिक्षु हर परिवार से बनते है। उनकी सख्या अधिक है। जैन मुनि विशेष विरक्ति से बनते है, अत उन्हे आतरिक शुद्धि मे ही लगने दीजिए। वैसे हम आतरिक बीमारियो को मिटाने का कार्य निरन्तर करते ही है।

कुवर—दीक्षा कब दी जाती है ?

आचायश्री—जब विरक्ति के भाव जागृत होते है, तभी दीक्षा दी जाती है। योग्यता की कसौटी पर खरा उतरने पर ही दीक्षा दी जाती है।

दीक्षा मे अवस्था का वधन नही है। जैनो मे तेरापथ की दीक्षा विशेष परीक्षा के वाद ही दी जाती है।

कुवर—अहिसा व्यक्तिगत हो सकती है, समाज गत नही ?

आचार्यश्री—अहिसा ही नही, धर्म मात्र व्यक्तिगत है, किन्तु धर्म करने वालो का समूह भी वन जाता है।

कुवर—पहले जैन लोग अपने को हिन्दु कहते थे, अव जैन लिखते है।

आचार्यश्री—हिन्दू धर्म नही, समाज है। समाज की दृष्टि से कहने मे हमे कोई कठिनाई नही है। धार्मिक दृष्टि से आप वैदिक है, मैं जैन हू। इस लिए हिन्दू शब्द समाज का सूचक है (प्रसग वदलते हुए) क्षत्रिय कौम ऊची कौम है। इस कौम मे शराव का आना अवनति का कारण वन गया है।

रात्रि मे मुनि सुमेरमल "लाडनू के वक्तव्य के वाद आचार्यवर का प्रवचन हुआ। अनेक व्यक्तियो ने विविध नियम ग्रहण किये।

१२ दिसवर/प्रात १० वजे आचार्यवर पहुना पधार गये। स्वागत मे गीतिकाओ के अनन्तर पहुना के सरपच श्री शातिलाल विराणी का वक्तव्य हुआ। स्वागत समारोह मे जिला प्रमुख श्री विक्रमसिंह, जिलाधीश श्री धर्मवीर सागर, ब्रिगेडियर श्री जसवतसिंह, खादी ग्रामोद्योग मत्री श्री रामस्वरूप अजमेरा आदि उपस्थित थे। उन्होने अपने मजे हुए विचार रखे। आचार्यश्री ने धर्म और धार्मिक की विस्तृत व्याख्या की।

पहुना के कार्यकर्ता व पत्रकार श्री गणेशकुमार कूकडा ने आभार प्रदर्शन किया। श्री नाथूलाल गावी ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत स्वीकार किया। रात्रि मे मुनि सुमेरमल "लाडनू" का प्रवचन हुआ।

उद्घाटन एव शिलान्यास

१३ दिसवर / पहुना के इस प्रवास मे अणुव्रत विद्यापीठ, लोक कला भारती व तुलसी अमृतायन का उद्घाटन एव शिलान्यास हुआ। यह सब रचनात्मक कार्यो की शृखला मे महत्त्वपूण कदम था। मध्याह्न अणुव्रत विद्यापीठ का उद्घाटन श्री मागीलाल विनाकिया तथा लोक कला भारती का उद्घाटन श्री शकरलाल कोठारी तथा श्री देवीलाल कच्छारा ने किया। तीनो ने अपना आर्थिक सहयोग भी घोषित किया। श्री गणेशकुमार कूकडा ने दोनो सस्थाओ का परिचय दिया। साध्वी-समुदाय व लोक कला भारती के कलाकर श्री रामपाल शर्मा ने गीत प्रस्तुत किया। प्रमुख अतिथि के रूप मे स्थानीय ठाकुर तथा ब्रिगेडियर उपस्थित थे। वयाना वाले नानालालजी छाजेड ने

अणुव्रत प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। श्री मोहनलाल हींगड ने सपत्नीक शीलव्रत स्वीकार किया। मान्य भोजन व्यवस्था का उल्लघन करने पर आचार्यवर ने कल मध्याह्न का विहार फरमा दिया। पहले वे तीन दिन रात विराजने वाले थे।

१४ दिसबर / आज आचार्यप्रवर तुलसी अमृतायन स्थल पधारे। जहा एक ऐसे गाव की सरचना करने की योजना है, जो अणुव्रत आदर्शों के अनुरूप होगी। तुलसी अमृतायन की आधार शिला अमृत महोत्सव राष्ट्रीय समिति के मत्री श्री देवेन्द्रकुमार कर्णावट ने रखी। स्थानीय सरपच श्री शातिलाल चिराणी ने अपने विचार रखे। श्री कर्णावट ने कहा—"अमृत महोत्सव के इस कार्यक्रम के साथ रचनात्मक प्रवृत्तिया भी बहुत तेजी से जुडती जा रही हैं। मेवाड मे इस दृष्टि से अब तक तेरह सस्थाए सस्थापित हो चुकी हैं। आज पहुना क्षेत्र भी इसी श्रृखला मे जुड रहा है।" मुनिश्री सुखलाल तथा ब्रिगेडियर श्री जसवतसिंह ने भी अपने विचार रखे।

आचार्यवर ने अपने उद्‌बोधन मे कहा—"समाज के व्यक्तियो को महत्व देने का जो क्रम प्रारम्भ हुआ है, वह एक शुभ सकेत है। समाज के चरित्र-निष्ठ व्यक्तियो का महत्त्व आका जाना चाहिए। आज का आदमी जड होता जा रहा है। सवेदनशीलता समाप्त होती जा रही है, कुठा बढती जा रही है। इन परिस्थितियो मे प्राण का सचार अपेक्षित है। इस दृष्टि से हमने प्रेक्षाध्यान का उपक्रम चालू किया है।" आचार्यवर ने मेवाड क्षेत्र मे श्री देवेन्द्र कुमार कर्णावट, श्री मोहनलाल जैन, तथा श्री गणेश कूकडा के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की।

मध्याह्न मे बनास नदी पार करने के बाद मरोली गाव पधारे। ठाकुर, तथा उनके परिवार ने आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया। ठाकुर साहब व उनका परिवार एक श्रद्धालु परिवार है। रात्रि कार्यक्रम मे मुनि सुमेरमल "लाडनू" के प्राग् प्रवचन के बाद आचार्यवर का उद्‌बोधन हुआ। अनेक लोग इस अवसर पर व्यसन मुक्त बने।

तुम मेरे गुरु हो ?

प्रवचन के बाद आचार्यवर स्थान पर पधार गये। घडी १० बजे की सूचना दे रही थी। आचार्यश्री सोने ही वाले थे, इतने मे ही भीमगढ से पचासो व्यक्ति आ गए। उनमे प्रमुख श्री चादमल पीछोल्या मकान मे प्रवेश करते ही तेज आवाज मे बोले—अगर आचार्यश्री हमारे गाव भीमगट रात्रि

प्रवास नही करते है, तो मेरे तथा मेरे पूरे परिवार के चारो आहार का त्याग है ।

आचार्यश्री ने कडाई के साथ कहा—"तुम श्रावक कहलाते हो । वदना तो की ही नही और इधर त्याग करते हो । क्या तुम गुरु के गुरु बन कर आए हो ? तुम मेरे गुरु हो या चेले ?

श्री चादमल—है तो चेले ।

आचार्यश्री—चेले हो, तो त्यागकर तुम मुझे डराना चाहते हो ? धमकी देकर खरीदना चाहते हो ? यदि ऐसी मूर्खता की, तो हम भीमगढ नही जायेंगे । ७२ वर्ष की उम्र मे इन मेवाडी ऊवड-खावड रास्तो मे चलने से क्या मुझे मजा आता है ? वैसे भी भीमगढ हमारे रास्ते मे नही था, मैने जानबूझकर लिया है, फिर भी तुम मेरे पर हावी होते हो। गावो मे कितनी कठिनाइया होती हैं । थोडा बहुत भी तुम्हे विचार नही ।

श्री चादमल—लागच रात्रि प्रवास की वात सुनकर मेरा दिल हिल गया । सारी कौमो के आदमी आए है । आपको भीमगढ मे रात्रि प्रवास तो करना ही होगा ।

आचार्यश्री—फिर वही वात, तेरापथ की रीति-नीति और व्यवस्था को नहीं जानते । इतना सा भी विवेक नही है तुम्हारे मे । थोडा समझपूर्वक बोलो । तुम्हारे लडके सामने खडे है । उनमे क्या सस्कार आयेगा ।

श्री चादमल—गुरुदेव ! हमारी भावना है । हम एक ट्रेक्टर भर कर लाए हैं।

आचार्यश्री—एक नही, हजार ट्रेक्टर ले आओ तो भी भीमगढ जाने का भाव नही है ।

आखिर श्री चादमल ने मेवाडी पगडी को आचार्यवर के चरणो मे रखा । अपनी गलती के लिए पुन पुन क्षमा मागी । उनकी भक्ति व भावपूर्ण प्रार्थना पर आचार्यवर पसीजे और उन्होने कहा—चादमलजी ! तुम्हारी इतनी भावना है, तो कल दिन का प्रवास भीमगढ करेंगे । दूसरे दिन लागच से पुन लौटते वक्त भीमगट आयेंगे । वहा कुछ समय रुककर राशमी जायेंगे, ऐसा विचार ह ।

"आचार्यश्री तुलसी की जय हो" इस तरह जय-जयकार करते हुए लोग उठे और चले गये । पहले भीमगढ मे आचार्यवर का १५ दिनवर का पूरा प्रवास तय था ।

१५ दिसबर / मरोली से भीमगढ की दूरी मात्र ६ कि० मी० थी, पर आचार्यवर को १० कि० मी० पड गया। उसका निमित्त बना "लसाडिया" गाव। वहा केवल एक बहिन तेरापथी है। शादी के चद दिनो बाद ही उसका पति गुजर गया। उसके बाद उसने गुरु नाम पर अपने आपको समर्पित कर दिया। आचार्यवर को अपने आगन मे पाकर वह बहिन बासो खिल उठी। उसकी भावना को मद्देनजर रखते हुए ही आचायवर लसाडिया पधारे थे। करीब सात सौ की उपस्थिति मे आचार्यवर का प्रवचन हुआ। अनेको ने विविध सकल्प लिए। वहा से विहार कर आचायवर जाडाणा पधारे। वहा तेरापथ के आठ परिवार रहते है। वहा भी आचायश्री का प्रवचन हुआ। जाडाणा से आचायश्री भीमगढ पधार गये। लसाडिया के सरपच भीमगढ तक पैदल साथ थे। पहुना के सरपच श्री शातिलाल की अध्यक्षता मे आयोजित स्वागत समारोह मे अध्यापक श्री देवडा ने अपने विचार रखे। कन्या मडल एव महिला मडल के गीत हुए। आचायश्री ने अपने सारगर्भित प्रवचन मे कहा—"धर्म किसी की बपोती नही है। व्यक्ति आत्महित मे जो करता है, वही उसका धर्म ह।" मध्याह्न २ बजे विहार कर आचायवर खटावटी होते हुए लागच पधार गए।

अडिग आस्था

लागच मे आयोजित स्वागत समारोह मे आचायवर ने अपये लागच आगमन का निमित्त श्री मागीलाल खाव्या को माना। श्री मागीलाल पिछले कई दिनो से आचायवर को लागच पधारने की विनती कर रहे थे, किन्तु १४ कि० मी० का अतिरिक्त चक्कर पडने से पधारना सभव नही था। ३१ दिसवर तक का पूरा विहार-कायक्रम निर्णीत हो चुका था। फिर भी उसने अपनी कोशिश जारी रखी। मरोली गाव मे वह गाव के अन्य लोगो को साथ लेकर आया और लागच पधारने की भावभरी प्रार्थना की। आचार्यश्री ने लोगो को सबोधित करते हुए कहा—"तुम्हारे गाव मे झझट है, पहले उसे मिटाओ।" कुछ ही मिनटो मे पहुना के सरपच श्री शातिलाल बीराणी आए। उन्होने आचार्यवर से निवेदन किया कि मागीलाल जी ने अपने गाव के लोगो से कहा है—"मै गाव के सब घरो की जूतिया सिर पर धर लूगा, पर आप सब एक होकर गुरुदेव को पधारने की अज करे।" आचायश्री को यह अटपटा लगा। उन्होने लागच के लोगो को याद किया और मागीलालजी को अपमान-

जनक शर्त न रखने की शिक्षा दी और साथ मे यह भी कहा कि तुम्हारी इतनी तीव्र उत्कठा है, तो लागच जाने का भाव है। वातावरण मे एक विचित्र मोड आ गया। आज लागच पधारने पर श्री मागीलाल व उनका पूरा परिवार खुशी से फूला नही समा रहा था।

लागच गाव मे २५ घर स्थानकवासी आम्नाय के है। तेरापथका केवल श्री मागीलाल खाब्या का घर है। उसने ३२ वर्ष पूर्व तेरापथ की गुरु धारणा की। यह अन्य जैन भाइयो को अप्रिय लगा। उन्होने श्री मागीलाल से सारे सामाजिक व्यवहार बन्द कर दिये। फिर भी वह अपनी आस्था पर अचल रहा। रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' के प्राग् प्रवचन के बाद आचार्यवर ने बारह सौ की उपस्थिति मे कहा—'धर्म करने की आजादी सबको है। उसमे प्रलोभन एव जबर्दस्ती अनुपयुक्त है। कोई व्यक्ति किसी भी धर्म की मान्य उपासना करता है, उसे लेकर किसी की छीटाकशी करना पाप है।' इस अवसर पर कई व्यक्तियो ने धूम्रपान छोडा। रात्रि मे आचार्यवर की सन्निधि मे स्थानीय जैन लोग इकट्ठे हुए। श्री मागीलाल के साथ पुन सामान्य सामाजिक व्यवहार शुरु करने की चर्चा चली। कुछ लोगो के पूर्वाग्रह के कारण बातचीत का कोई नतीजा नही निकल सका।

१८ दिसम्बर/लागच से विहार कर आचार्यश्री चटावटी पधारे। सक्षिप्त उद्बोधन के बाद पुन भीमगढ पधारे। वहा भिक्षा की, प्रवचन किया। भीमगढ से चलकर १० ३० बजे तहसील क्षेत्र राशमी पधारे। तहसील मे आयोजित स्वागत समारोह मे तहसीलदार के भापण के पश्चात् जिला पुलिस अधीक्षक श्री ओ० पी० सक्सेना ने कहा—'आपके चित्तोड जिले मे पधारने पर हम आपके आभारी हैं। मैं आपके कई बार दर्शन कर चुका हू। मैंने देखा है आपके हृदय मे मानवजाति के प्रति पीडा है। यह मैं आपकी महानता मानता हू। यही वजह है कि आपकी परिषद मे सभी वर्गों के लोग समुपस्थित है।' पचायत प्रधान श्री शान्तिलाल तातेड ने कहा—आचार्यश्री की जो अमूल्य शिक्षाए है उन्हे अपने जीवन मे उतारने का सलक्ष्य प्रयास होना चाहिए। आपके राशमी पधारने पर मैं राशमी पचायत समिति की ओर से स्वागत करता हू।

आचार्यश्री ने स्वागत के प्रत्युत्तर मे कहा—हम न तो राजनैतिक है, न ही सत्ताधीश। हम तो अकिंचन भिक्षु है। हमारा स्वागत भी हमारे अनुरूप होना चाहिये। जो व्यक्ति दूसरो को पीडा देने मे पाप नही समझता उसका

सीखा हुआ ज्ञान-अज्ञान है, अर्थहीन है, भारभूत है ।'

मध्याह्न करीब १००० की उपस्थिति मे आचार्यवर की सन्निधि मे पुन कार्यक्रम चला, जिसमे जिला पुलिस अधीक्षक श्री ओ० पी० सक्सेना ने अपने विचार रखे । आचार्यश्री ने जन्मना जैनो की कम तथा कर्मणा जैनो की सख्या ज्यादा बताई । रात्रि मे मुनिश्री सुखलाल का वक्तव्य हुआ ।

१७ दिसबर/राशमी से विहार कर आचार्यप्रवर १ घटे के लिए मातृकुडिया रुके । राशमी से विहार करते वक्त आकाश मे बादल छाये हुए थे । बूदाबादी भी शुरू हो गई थी । चित्तौड जिले का अन्तिम गाव मातृकुडिया एक प्राचीन तीर्थ है । कहा जाता हे कि परशुरामजी यहा मातृहत्या के पाप से मुक्त हुए थे । पार्श्व मे बह रही नदी पर 'मेजा बाध' का निर्माण जोरो से हो रहा है । वहा आचार्यश्री का सक्षिप्त प्रवचन हुआ । वहा से आचार्यवर गिलूड पधारे । गिलूड उदयपुर जिले मे है । मध्याह्न आयोजित स्वागत-कार्यक्रम मे विकास अधिकारी श्री माधव लाल दाधीच, राजसमन्द-रेलमगरा क्षेत्र के विधायक श्री मदनलाल खटीक ने आचार्यश्री को विश्व विश्रुत सत बताया । आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—'मेरा प्रयास हमेशा आदमी को आदमी बनाने का रहा है और रहेगा । धर्म के पीछे विशेषण लगाकर हमने उसे सकीर्ण बना दिया, जबकि धर्म निर्विशेषण होना चाहिये ।' आचार्यश्री ने अणुबम के प्रतिकार के लिए अणुव्रत को उपयोगी माना । रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' के प्राग् वक्तव्य के बाद आचार्यश्री का प्रवचन हुआ । उपस्थिति करीब एक हजार थी । जैन विश्व भारती के कुलपति श्री श्रीचद रामपुरिया, सर्वोदयी विचारक श्री कृष्णराज मेहता कुछ अमरीकी जनो के साथ आचार्यवर के दर्शन किये । काफी बातचीत चली ।

१८ दिसबर/प्रात जूणदा के लिए आचार्यश्री ने विहार किया । मार्ग मे पनोतिया गाव आया । वहा के लोगो की बलवती प्रार्थना को देखते हुए आचार्यवर कुछ समय के लिए रुके । ११ १५ बजे जूणदा पधार गये । वहा सरपच श्री रूपचद चौधरी ने स्वागत मे दो शब्द कहे । आचार्यश्री का महत्त्व पूर्ण प्रवचन हुआ । आज साध्वीश्री रूपाजी (लाडनू) ने दर्शन किये ।

१९ दिसबर/आचार्यश्री १६ सतो के साथ कुवारिया पधारे । कुवारिया मे बस व रेल की सुविधा होने पर केलवा, दिवेर, आमेट, लावा-सरदारगढ, देवगढ आदि क्षेत्रो के सैकडो लोग पहुचे । स्कूल मे आयोजित स्वागत-कार्यक्रम मे स्थानीय सरपच व स्थानकवासी समाज के मत्री श्री

जनक शर्त न रखने की शिक्षा दी और साथ मे यह भी कहा कि तुम्हारी इतनी तीव्र उत्कठा है, तो लागच जाने का भाव है। वातावरण मे एक विचित्र मोड आ गया। आज लागच पधारने पर श्री मागीलाल व उनका पूरा परिवार खुशी से फूला नही समा रहा था।

लागच गाव मे २५ घर स्थानकवासी आम्नाय के है। तेरापथका केवल श्री मागीलाल खाव्या का घर हे। उसने ३२ वर्ष पूर्व तेरापथ की गुरु धारणा की। यह अन्य जैन भाइयो को अप्रिय लगा। उन्होने श्री मागीलाल से सार सामाजिक व्यवहार वन्द कर दिये। फिर भी वह अपनी आस्था पर अचल रहा। रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' के प्राग् प्रवचन के बाद आचार्यवर ने बारह सौ की उपस्थिति मे कहा—'धर्म करने की आजादी सबको है। उसमे प्रलोभन एव जबर्दस्ती अनुपयुक्त है। कोई व्यक्ति किसी भी धर्म की मान्य उपासना करता है, उसे लेकर किसी की छीटाकशी करना पाप हे।' इस अवसर पर कई व्यक्तियो ने धूम्रपान छोडा। रात्रि मे आचार्यवर की सन्निधि मे स्थानीय जैन लोग इकट्ठे हुए। श्री मागीलाल के साथ पुन सामान्य सामाजिक व्यवहार शुरु करने की चर्चा चली। कुछ लोगो के पूर्वाग्रह के कारण बातचीत का कोई नतीजा नही निकल सका।

१६ दिसम्बर/लागच से विहार कर आचार्यश्री चटावटी पधारे। सक्षिप्त उद्बोधन के बाद पुन भीमगढ पधारे। वहा भिक्षा की, प्रवचन किया। भीमगढ से चलकर १० ३० बजे तहसील क्षेत्र राशमी पधारे। तहसील में आयोजित स्वागत समारोह मे तहसीलदार के भाषण के पश्चात् जिला पुलिस अधीक्षक श्री ओ० पी० सक्सेना ने कहा—'आपके चित्तौड जिले मे पधारने पर हम आपके आभारी हैं। मे आपके कई बार दर्शन कर चुका हू। मैंने देखा ह आपके हृदय मे मानवजाति के प्रति पीडा है। यह मैं आपकी महानता मानता हू। यही वजह है कि आपकी परिषद मे सभी वर्गों के लोग समुपस्थित है।' पचायत प्रधान श्री शान्तिलाल तातेड ने कहा—आचार्यश्री की जो अमूल्य शिक्षाए हे उन्हे अपने जीवन मे उतारने का सलक्ष्य प्रयास होना चाहिए। आपके राशमी पधारने पर मैं राशमी पचायत समिति की ओर से स्वागत करता हू।

आचार्यश्री ने स्वागत के प्रत्युत्तर मे कहा—हम न तो राजनैतिक है, न ही सत्ताधीश। हम तो अकिंचन भिक्षु हे। हमारा स्वागत भी हमारे अनुरूप होना चाहिये। जो व्यक्ति दूसरो को पीडा देने मे पाप नही समझता उसका

सीखा हुआ ज्ञान-अज्ञान है, अर्थहीन है, भारभूत है।'

मध्याह्न करीब १००० की उपस्थिति मे आचार्यवर की सन्निधि मे पुन कार्यक्रम चला, जिसमे जिला पुलिस अधीक्षक श्री ओ० पी० सक्सेना ने अपने विचार रखे। आचार्यश्री ने जन्मना जैनो की कम तथा कर्मणा जैनो की सख्या ज्यादा बताई। रात्रि मे मुनिश्री सुखलाल का वक्तव्य हुआ।

१७ दिसबर/राशमी से विहार कर आचार्यप्रवर १ घटे के लिए मातृकुडिया रुके। राशमी से विहार करते वक्त आकाश मे बादल छाये हुए थे। बूदाबादी भी शुरु हो गई थी। चित्तौड जिले का अन्तिम गाव मातृकुडिया एक प्राचीन तीर्थ है। कहा जाता है कि परशुरामजी यहा मातृहत्या के पाप से मुक्त हुए थे। पार्श्व मे बह रही नदी पर 'मेजा बाध' का निर्माण जोरो से हो रहा है। वहा आचार्यश्री का सक्षिप्त प्रवचन हुआ। वहा से आचार्यवर गिलूड पधारे। गिलूड उदयपुर जिले मे है। मध्याह्न आयोजित स्वागत-कार्यक्रम मे विकास अधिकारी श्री माधव लाल दाधीच, राजसमन्द-रेलमगरा क्षेत्र के विधायक श्री मदनलाल खटीक ने आचार्यश्री को विश्व विश्रुत सत बताया। आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—'मेरा प्रयास हमेशा आदमी को आदमी बनाने का रहा है और रहेगा। धर्म के पीछे विशेपण लगाकर हमने उसे सकीर्ण बना दिया, जबकि धर्म निर्विशेपण होना चाहिये।' आचार्यश्री ने अणुबम के प्रतिकार के लिए अणुव्रत को उपयोगी माना। रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू के प्राग् वक्तव्य के बाद आचार्यश्री का प्रवचन हुआ। उपस्थिति करीब एक हजार थी। जैन विश्व भारती के कुलपति श्री श्रीचद रामपुरिया, सर्वोदयी विचारक श्री कृष्णराज मेहता कुछ अमरीकी जनो के साथ आचार्यवर के दर्शन किये। काफी बातचीत चली।

१८ दिसबर/प्रात जूणदा के लिए आचार्यश्री ने विहार किया। मार्ग मे पनोतिया गाव आया। वहा के लोगो की बलवती प्रार्थना को देखते हुए आचार्यवर कुछ समय के लिए रुके। ११ १५ बजे जूणदा पधार गये। वहा सरपच श्री रूपचद चौधरी ने स्वागत मे दो शब्द कहे। आचार्यश्री का महत्त्व पूर्ण प्रवचन हुआ। आज साध्वीश्री रूपाजी (लाडनू) ने दर्शन किये।

१९ दिसबर/आचार्यश्री १६ सतो के साथ कुवारिया पधारे। कुवारिया मे बस व रेल की सुविधा होने पर केलवा, दिवेर, आमेट, लावा-सरदारगढ, देवगढ आदि क्षेत्रो के सैकडो लोग पहुचे। स्कूल मे आयोजित स्वागत-कार्यक्रम मे स्थानीय सरपच व स्थानकवासी समाज के मत्री श्री

शकरलाल चडालिया तथा प्रमुख अतिथि श्री भारतभूषण मूदडा ने अपने विचार रखे । श्री मोतीलाल ने आजीवन सपत्नीक शीलव्रत ग्रहण कर स्वागत किया । दीर्घ तपस्विनी साध्वीश्री पन्नाजी ने आचार्यश्री के दर्शन किये । इस अवसर पर आचार्यश्री का प्रभावी प्रवचन हुआ । मध्याह्न प्रात काल का अवशिष्ट कार्यक्रम चला । साय श्रद्धेय युवाचार्यश्री की सन्निधि व निदेशन मे सपन्न शिविर के शिविरार्थियो ने आचार्यश्री के दर्शन किये । रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' का व्याख्यान हुआ । गगापुर से काफी लोग रात्रि मे दर्शनार्थ आये ।

२० दिसबर/कुरज/साध्वी प्रमुखाश्री समेत सभी साध्विया तथा कुछ मुनिजन सीधे रास्ते कुरज पधार गये । आचार्यश्री प्रारम्भ मे सडक-सडक, फिर कच्चे रास्ते होते हुए पधारे । माग काफी ऊबड-खावड था । जागोटिया-भवन मे आयोजित स्वागत कार्यक्रम मे राजस्थान के पूव राज्यमत्री श्री नाना-लाल वीरवाल ने आचार्यश्री को महान् सत बताया । आचायश्री ने उपस्थित जनसमूह को प्रामाणिक जीवन जीने की प्रेरणा दी । रात्रि मे मुनि सुमेरमल 'लाडनू' का प्रवचन हुआ । प्रवचन के बाद ग्रामीण विकास एव पचायत राज मत्री श्री रामपाल उपाध्याय ने आचार्यश्री के दशन किए । वे इन दिनो चूरू लोकसभा उपचुनाव मे पार्टी के पयवेक्षक थे । उन्होने वहा के सस्मरण सुनाये ।

२१ दिसम्बर/रेलमगरा/आचार्यवर का लबी अवधि के बाद पधारने पर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया । जिला विकास अधिकारी श्री जगदीश प्रसाद, स्थानीय सभा के मत्री श्री गभीरमल सोनी ने स्वागत मे अपने विचार रखे । आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे इन्द्रियो को नियन्त्रित करने की बात कही । कानोड चातुर्मास परिसपन्न कर साध्वीश्री कमलप्रभा ने आज दर्शन किये ।

२२ दिसम्बर/रेलमगरा/आचार्यश्री प्रात तेरापथ सभा भवन पधारे । आचार्यश्री ने वहा उपस्थित जनसमूह को सबोधित करते हुए कहा—'तेरापथ भवन बन जाना ही पर्याप्त नही है, पदाधिकारी बन जाना ही पूणता नही है । नीव के पत्थर बनकर सगठन को मजबूत बनाने वाला अधिक महत्त्वपूर्ण है । मै चाहता हू प्रत्येक तेरापथी तेरापथ की मर्यादा एव व्यवस्था की समुचित जानकारी प्राप्त करे ।'

एक मनोहारी दृश्य

श्रद्धेय युवाचार्यश्री राजसमन्द तुलसी साधना शिखर पर दो शिविरो

की सफल समायोजना के वाद आज रेलमगरा पहुचे। प्राय सभी गत व सैकडो की सख्या मे भाई-वहिन युवाचार्यश्री की अगवानी मे पहुचे। गाव के मध्य 'देवली चबूतरे' पर दो महान् आत्माओ का मिलन बडा ही मनोहारी लग रहा था। सहस्रो-सहस्रो आखे यह दृश्य देखकर कृतार्थ हो गई। विशाल एव सयत जुलूस के साथ आचार्यश्री, युवाचार्यश्री विद्यालग प्रागण पहुचे।

मेवाड क्षेत्रीय तेरापंथ युवक परिषद् का अधिवेशन

रेलमगरा/आज आचार्यश्री एव युवाचार्यश्री के सन्निधि मे मेवाड क्षेत्रीय तेरापथ युवक परिषद् का ११वा वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। इस अधिवेशन मे मेवाड के विभिन्न अचलो से समागत ३०० युवक-प्रतिनिधि सम्मिलित थे। प्रात सूर्योदय के वक्त परिषद् के अध्यक्ष श्री उत्तमचद सकलेचा (देवगढ) के झडारोहण से अधिवेशन प्रारभ हुआ। मुनिश्री मोहजीत कुमार ने योगासनो का अभ्यास करवाया।

प्रारम्भिक गीत के बाद श्री भगवती कोठारी ने स्वागत भाषण किया। आज की चर्चा का विषय था—'युवक ऊर्जा स्रोत कैसे वने' इस विषय पर उदयपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्री सुरेश मेहता ने अपने महत्त्वपूण विचार रखे। श्री उत्तमचद के अध्यक्षीय भाषण के बाद मत्री श्री अरुण हिरण (गगापुर) ने परिषद् का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

युवाचार्यश्री ने आचायश्री को महान् ऊर्जा स्रोत बताते हुए कहा—'वे हमारे सामने है। मै आज प्रसन्न हू क्योकि पिछले कुछ दिनो से मैं इस ऊर्जा स्रोत से दूर था, आज वह भौगोलिक दूरी समाप्त हो चुकी हे। यदि युवको को ऊर्जा स्रोत वनना है, तो उनको समर्पण का गुर सीखना होगा। समपण मे स्वाथ स्वयमेव विलीन हो जाता है।'

आचार्यश्री ने युवको को सवोधित करते हुए कहा—'समाज की वास्तविक शक्ति युवा शक्ति होती है। तेरापथी युवक तेरापथ को पाकर गौरव की अनुभूति करे। एक अनुशासित धर्मसघ की प्राप्ति अपना प्राण होती है।' आचायश्री ने तेरापथ की दो विशेषताओ का विस्तृत विवेचन किया—गुरु व लक्ष्य के प्रति समर्पण। २ लौकिक व लोकोत्तर कार्य की भेदरेखा का निर्धारण। आचार्यश्री ने तेरापथ की समग्र अवगति हेतु युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा लिखित 'भिक्षु विचार दर्शन' मनन पूवक पढने की प्रेरणा दी। दोपहर मे मुनिश्री मधुकर के सान्निध्य मे युवक प्रतिनिधियो की महत्त्वपूर्ण गोष्ठी

हुई । मुनिश्री ने युवक प्रतिनिधियो को सगठित एव अनुशासित बने रहने की प्रेरणा दी ।

मध्याह्न राजस्थान के पूर्व मुख्यमत्री श्री शिवचरण माथुर ने आचार्यश्री, युवाचार्यश्री से एकात मे वातचीत की । उन्होने वार्तालाप मे लाडनू मे स्थापित जैन विश्व भारती व पारमार्थिक शिक्षण सस्था की प्रवृत्तियो की प्रशसा की । वे अभी-अभी चूरु लोकसभा उपचुनाव मे पार्टी का प्रचार कर लौटे है । उन्होने इस दौरान लाडनू मे इन मस्थाओ की गतिविधियो को बारीकी से झाका और उनसे अतिशय प्रभावित हुए । तासोल से बोहरा परिवार शोक विमोचन के लिए आचार्यवर के दर्शनार्थ पहुचा । चित्तौडगढ जिले की कपासन तहसील के तहसीलदार श्री शातिलाल जैन ने आचार्यवर के दर्शन किये, वातचीत की । रेलमगरा के निकट स्थित 'दडीबा माइस' मे कार्यरत कुछ जैन लोगो ने रात्रि मे आचार्यश्री के दर्शन किये । मुनि सुमेरमल 'लाडनू' के प्राग् वक्तव्य के वाद युवाचार्यश्री का 'जवानी की खोज' विपय पर सारगर्भित प्रवचन हुआ । आज साध्वीश्री भीखाजी तथा राजनगर चातुर्मास करने वाली साध्वीश्री सोमलता ने दर्शन किये ।

२३ दिसम्बर/रेलमगरा से आचार्यवर बनेडिया पधारे । स्वागत कार्यक्रम मे आचार्यवर ने लोगो को सौहार्दपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी । करीब ७०० की उपस्थिति मे रात्रि कार्यक्रम साध्वी प्रमुखाश्री के सान्निध्य मे हुआ। अनेक साध्वियो ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये । अत मे साध्वी प्रमुखाश्री का प्रेरक प्रवचन हुआ । ठाकुर गणपत सिहजी तथा ठकुरानीजी ने आचार्यवर की उपासना की । ठाकुरजी ने मद्य का पीने के रूप मे त्याग किया ।

२४ दिसवर/खरताणा पधारने पर स्थानीय जनता द्वारा आचार्यवर का भावभीना स्वागत किया गया । मध्याह्न आचार्यश्री के सान्निध्य मे साधु-साध्वियो की एक विशेप गोष्ठी हुई । रात्रि मे मुनिश्री मोहजीत कुमार के प्राग् वक्तव्य के वाद मुनि सुमेरमल 'लाडनू' का प्रवचन हुआ । वहा तेरापथ के १६ घर है । वहा तेरापथी सभा का विधिवत् गठन हुआ ।

२५ दिसवर/खरताणा से विहार कर सनवाड होते हुए फतहनगर पधारे । सनवाड मे स्थानकवासी समाज के सौ से भी अधिक घर है । गाववासियो के विशेप अनुरोध पर वहा कुछ समय के लिए रुकना तय हुआ था । आचार्यवर जहा प्रवचन करने वाले थे, वहा सघ से वहिर्भूत साध्वी फूलकुमारी ने प्रवचन देना प्रारभ किया । ऐसा करने के पीछे कुछ स्थानकवा

समाज के दूसरे लोगो का हाथ था, ऐसा विश्वस्त सूत्रो से ज्ञात हुआ। आचार्यश्री सीधे स्थानक मे पधारे। मुश्किल से दो मिनट रुके और फतहनगर के लिए विहार कर दिया। इस कार्यवाही की स्थानीय जनता मे मिश्रित प्रतिक्रिया हुई।

ठीक ६ ३० बजे आचार्यवर भव्य जुलूस के साथ फतहनगर पधारे। मण्डी के रूप मे प्रसिद्ध इस आठ हजार की आबादी वाले कस्बे मे आयोजित स्वागत समारोह मे राजस्थान के पूर्व सहकारिता मत्री वर्तमान मे मावली क्षेत्र के विधायक श्री हनुमान प्रसाद प्रभाकर ने कहा—राजस्थान की धरती का यह सौभाग्य है कि यहा कर्मवीर एव धर्मवीर दोनो ने जन्म लिया। उन महापुरुषो मे एक आप है। राजस्थान के इस लाडले सपूत पर न केवल राजस्थान को, बल्कि पूरे भारत को नाज है। आज समाज दिग्भ्रमित है, उसे आप दिशा प्रदान कर हमे कृतार्थ करें।' नगर पालिका अध्यक्ष श्री राम-राय बागड ने नगर की ओर से आचार्यवर को अभिनन्दन पत्र समर्पित किया। महाश्रमणी साध्वी-प्रमुखाश्री ने सक्षेप मे आचार्यश्री के जीवन चित्र को विभिन्न कोणो से खीचा।

आचार्यश्री ने उमास्वाति की एक पक्ति 'इहेव मुक्ति सुविहितानां' का उच्चारण करते हुए कहा—'काम, क्रोध, मद को जीतने वालो की यही मुक्ति होती है।' आचार्यश्री ने आगे कहा—आज भारत के वर्तमान हालात सतोष-जनक नही है। राजनेता पार्टियो मे बटे हुए है। समाज के लोग स्वार्थ के दलदल मे फसे हुए है। धार्मिक लोग सप्रदायो मे विभक्त है। इन पेचीदी परिस्थितियो मे व्यक्ति को सहनशील बनना अत्यन्त अपेक्षित है। आज हमारे सामने महात्मा गाधी, स्वामी विवेकानन्द, मार्टिन लूथर किंग, आचार्य भिक्षु सहिष्णुता के आदर्श रूप है।' चित्तोडगढ से समागत तेरापथ समाज ने आचार्यश्री के चित्तौड पधारने की पुरजोर प्रार्थना की। उपस्थिति करीब २५०० थी। कार्यक्रम के बाद निकाय व्यवस्था प्रमुख मुनिश्री बुद्धमल ने आचार्यवर के दर्शन किये। उनका गतवर्ष चातुर्मास बालोतरा था।

मध्याह्न मे भीलवाडा तेरापथ समाज के दोनो पक्ष सुलह के लिए आचार्यवर की सन्निधि मे उपस्थित हुए। सबकी सहमति से श्री गणपतमल हिरण (गगापुर) तथा श्री चादमल दूगड (आसीन्द) को प्रेक्षक के रूप मे नियुक्त किये। साय 'गाव री खबरां' पाक्षिक पत्र के सपादक आचार्यश्री से मिले। रात्रि मे युवाचार्यश्री का 'धर्म की जरूरत है खुद को समझने के लिए'

विपय पर सारगर्भित प्रवचन हुआ। मुनिश्री सुखलाल ने विपय-प्रवेश किया। उपस्थिति करीव ३००० थी।

२६ दिमबर / आचायवर के आकोला पदापण पर स्थानीय जनता द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। इस अभिनन्दन समारोह मे चित्तौडगढ जिले के जिलाधीश, उपजिलाधीश, पुलिस उपअधीक्षक, मजिस्ट्रेट, कपासन तहसील के तहसीलदार श्री शातिलाल जैन, पचायत प्रधान श्री नाथूलाल मेहता आदि विशिप्ट व्यक्ति मौजूद थे। कुमारी लता चपलोत के स्वागत गीत के बाद स्थानीय प्रमुख कार्यकर्ता श्री शातिलाल चपलोत ने युवादृप्टि का नूतन अक आचायवर को भेट किया। आचार्यवर ने अपने प्रवचन मे कहा—"आज हम आकोला पचीस वर्षो के लवे अतराल के बाद आए है। आकोला काफी कुछ बदल गया है, किंतु आदमी को जितना बदलाव चाहिए था, उतना नही बदला। यह शोचनीय बात है।" आचार्यवर ने ज्ञान का सार आचार बताया। कायक्रम का सयोजन श्री राजकुमार चपलोत ने किया।

रात्रि मे करीव २००० की उपस्थिति मे साध्वीश्री कनकश्री की निश्रा मे साध्वियो का रोचक कायक्रम रहा। उधर आचार्यवर एव युवाचायश्री के सान्निध्य मे कुछ चुने हुए मुनियो की एक लघु गोप्ठी हुई, जिसमे कानोड श्रावक-सम्मेलन के चितनीय बिदुओ पर विचार विमश चला।

एक महान् तपस्या

उदासर निवासी श्री रूपचद मोहनोत की पुत्री उन्नीस वर्षीया कुमारी किरण मोहनोत ने आज ५१ दिनो की लम्बी तपस्या आचायवर के सान्निध्य मे परिसपन्न की। कुमारी किरण दो वप पूर्व पारमार्थिक शिक्षण सस्था मे उपासिका के रूप मे दाखिल हुई। तव से वह साधनामय जीवन जी रही है। उसे कुछ ऐसा आभास हुआ कि पोप कृष्णा १३ को उसकी इहलीला समाप्त हो जायेगी। दो-तीन वार ऐसे सकेत मिलने पर किरण ने तपस्या प्रारम्भ कर दी। तीस दिन की तपस्या मे उसे विविध उपसर्ग हुए। इकतीसवे दिन उसे फिर सकेत मिला कि उसे पूव मे जो कुछ कहा था, वह उसकी परीक्षा मात्र था। वह इस परीक्षा मे शत-प्रतिशत सफल रही ह। अव वह जव चाहे, अपनी तपस्या पूरी कर ले। आयुष्य समाप्ति की वात केवल उसकी कसाटी करने के लिए कही गई थी। अव वह सभी प्रकार के उप-सर्गो से मुक्त थी। परिवार के लोगो का आग्रह रहा कि वह पारणा कर ले, किन्तु वहिन किरण ने कहा—परमाराध्य आचायवर का अमृत-महोत्सव

मनाया जा रहा है । इसलिए ५१ दिन की तपस्या कर गुरुदेव के चरणो मे अपना अर्घ्य चढाना चाहती हू ।

उसकी उत्कृष्ट भावना व दृढ इच्छा शक्ति देखकर परिवार वाले मौन हो गये । उसने अपनी भावना के अनुरूप तपस्या सपन्न की और उदासर (बीकानेर) से चलकर २५ दिसबर को फतहनगर मे अपने पारिवारिक जनो के साथ आचार्यश्री के दर्शन किए । आज आचार्यश्री के आकोला पधारने पर बहिन किरण ने प्रसन्नतापूर्वक अपनी तपस्या सपन्न की । आचार्यश्री ने इस तपस्या की भूरि-भूरि प्रशसा की ।

२७ दिसबर / आकोला/पश्चिम रात्रि मे आचार्यवर के सान्निध्य मे सभी साधुओ की उपस्थिति मे जैन समन्वय प्रकोष्ठ के उपसयोजक श्री भीखमचद कोठारी "भ्रमर" ने विभिन्न जैन आचार्यो, विशिष्ट मुनियो के सस्मरण सुनाये । एक सवत्सरी व एक मच के उद्देश्य के लिए यात्रा पर निकले श्री भ्रमर विभिन्न आचार्यो एव मुनियो से मिले थे ।

प्रात मुनिश्री उदितकुमार के प्राग् प्रवचन के पश्चात् आचार्यवर का प्रवचन हुआ । आचार्यश्री ने कहा—"लक्ष्य के लिए तपने वाले व्यक्ति ही अपने लक्ष्य को पा सकते है ।" रात्रि मे 'त्याग और भोग' विषय पर युवाचार्य श्री का विशेष वक्तव्य हुआ । मुनि श्री सुखलाल ने विषय की भूमिका पर प्रकाश डाला । प्रवचनोपरान्त सरपच श्री मोहनलाल शर्मा आदि कुछ व्यक्ति आचार्यवर की सन्निधि मे पहुचे । आचार्यश्री की विशेष प्रेरणा से सरपच ने खडे होकर धूम्रपान न करने का त्याग कर दिया । गुरु प्रेरणा से उन्होने गाव के झगडे-फसाद कोर्ट मे ले जाने के त्याग कर दिए ।

२८ दिसबर को लोठियाना व २६ दिसबर को मगलवाड चौराहा पधारे । वहा से मगलवाड गाव २ कि० मी० दूर है, जहा जैनो के चालीस घर है । आज बाडमेर चातुर्मास परिसपन्न करने वाले मुनिश्री रोशनलाल ने दर्शन किए । आज पार्श्ववर्ती गावो से आचार्यवर के दर्शनार्थ जैन भाइयो का ताता लगा रहा । रात्रि मे मुनिश्री कमलकुमार के प्राग् वक्तव्य के बाद मुनिश्री किशनलाल का प्रवचन हुआ ।

चरस आदि से मस्ती

मगेसरा अखाडा के बाबा चन्द्रमलेश्वर स्वामी रात्रि मे आचार्यश्री से मिलने आये । उन्होने कुछ देर बातचीत भी की । उन्होने कहा—"स्वामी

जी ! आज साम्प्रदायिकता इतनी घर कर चुकी है कि उससे ऊपर उठकर चितन करना हेय मान लिया गया है । आज का धार्मिक अपने-अपने कठघरे मे वद है । आपका उदार दृष्टिकोण व व्यवहार देखकर मुझे अतिशत प्रसन्नता हुई, तभी मे सगेसरा से चलकर आपके पास पहुचा हू ।

आचार्यश्री—आप ठीक कह रहे हैं । आज साम्प्रदायिकता का जहर धर्म को लील रहा है । धार्मिको को उदार एव आचरणशील बनना चाहिए । आज के सन्यासी धूम्रपान करते है, चरस, गाजा, सुलफा आदि पीते है । यह उचित नही है ।

बावाजी—(मुस्कराते हुए) यह तो सब धडल्ले से चलता हे । हमारे मे एक कहावत है—

यह जूना अखाडा, इसमे उठता खूब धूमाडा ।
रोटी की बचत करो, नोटो का होता यहा कबाडा ॥

स्वामीजी ! साठ रुपये तोला चरस बिकती ह । एक तोले चरस की चार चीलम होती है । चरस पीने वाले की भूख मर जाती हे और रुपयो का धुआ उठता रहता हे ।

आचार्यश्री—ऐसा क्यो करते हे सन्यासी लोग ?

बावाजी—मस्ती मे रहने के लिए ऐसा करते है । चरस, गाजा, सुलफा आदि पीने से एक ऐसी मस्ती छाई रहती हे, जिसके आलम मे वे दुनियादारी की चिता से मुक्त बन जाते हे ।

युवाचार्यश्री—आज सर्वत्र मस्ती के लिए नशा किया जाता हे । यही काम प्रेक्षा-ध्यान से किया जा सकता है । आदमी हर परिस्थिति मे शात, निश्चित बने रह सकता हे ।

बावाजी ने अखाडा की गतिविधि की जानकारी दी ।

३० दिसबर / आचायवर तहसील क्षेत्र डूगला पधारे । वहा स्कूल मे आचायवर का हार्दिक अभिनन्दन किया गया । वहा स्थानकवासी समाज के १८४ घर है । विशाल जनमेदिनी को सबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा—"जैन धम बहुत ही व्यावहारिक व वैज्ञानिक है । हम ऐसे धम को पाकर गोरवान्वित ह । जैन धर्म मे साधुओ व श्रावको के बीच एक निश्चित सीमाकन ह, जो जरूरी भी ह ।" मध्याह्न मे मुनिश्री विजयकुमार के प्राग् प्रवचन के बाद आचार्यवर का प्रवचन हुआ । रात्रि मे युवाचार्यश्री का प्रवचन हुआ । प्राग् प्रवचन मुनि सुमेरमल "लाडनू" तथा प्रेक्षा अभ्यास मुनिश्री

किशनलाल ने करवाया। रात्रि मे बैंगलूर तेरापथ समाज के एक घटक ने आचार्यश्री के सम्मुख अपना पक्ष रखा। आचार्यश्री ने उनकी बातो को धैर्य से सुना।

कानोड मे भव्य स्वागत

सन् १९८५ का अतिम दिन ३१ दिसबर/आचार्यवर के कानोड पदार्पण पर स्थानीय जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रावले मे आयोजित स्वागत-समारोह मे राजस्थान के सिचाई व अकाल राहत मत्री श्री गुलाबसिह शक्तावत ने कहा—"देश मे चारित्रिक मूल्यो की स्थापना के लिए आचार्यश्री ने जो कार्य किया है, वह अभिनन्दनीय है। आज देश एव समाज को सतो के सही मार्ग दर्शन की आवश्यकता है।" साध्वी प्रमुखाश्री तथा प्रदेश काग्रेस महामत्री व विधायक श्री सी० पी० जोशी ने भी सभा को सबोधित किया।

आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन मे कहा—"आज धार्मिक आदमी के जीवन मे जो परिवर्तन आना चाहिये, वह दृष्टिगोचर नही हो रहा है। इसका कारण स्पष्ट है—धर्म अनुभूति शून्य बन गया है। केवल ग्रन्थो पर भरोसा रह गया है। इसलिए हर क्रिया के पीछे प्रयोग जरूरी है।" उपस्थिति करीब २५०० थी।

मध्याह्न स्वागत का अवशिष्ट कार्यक्रम चला। आचार्यवर का महत्त्वपूर्ण वक्तव्य हुआ। रात्रि मे करीब ५००० की उपस्थिति मे युवाचार्यश्री का महत्त्वपूण वक्तव्य हुआ। विषय था—नया सवेरा दस्तक दे रहा है। विषय की भूमिका पर प्रकाश डाला मुनिश्री सुखलाल, मुनिश्री किशनलाल ने। कल से प्रारम्भ हो रहे श्रावक सम्मेलन की रूपरेखा के लिए कुछ चुने हुए साधुओ एव श्रावको की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई।

पच दिवसीय श्रावक सम्मेलन

१ जनवरी / सन् १९८६ की सुरम्य मगलवेला मे विराट अखिल भारतीय श्रावक सम्मेलन का प्रारम्भ हुआ। इस सम्मेलन का निर्णय आमेट चातुर्मास मे ही ले लिया गया था। भौगोलिक दृष्टि से कानोड एक तरफ होते हुए भी आहूत लोग समय पर पहुच गये। आचार्यश्री की दृष्टि को ध्यान मे रखकर नेपाल असम, बगाल आदि उत्तरी पूर्वी राज्यो, उत्तर प्रदेश, बिहार तथा दक्षिणी भारत आदि सुदूरवर्ती क्षेत्रो के आमन्त्रित श्रावको ने बडे ही उत्साह के साथ इस सम्मेलन मे भाग लिया। सौभाग्य से आज आचार्यवर का ६१ वा

दीक्षा दिवस था, जो प्रतिवर्ष "युवा दिवस" के रूप मे मनाया जाता है। षष्टीपूर्ति दीक्षा-दिवस के कार्यक्रम का प्रारम्भ मुनिश्री विजयकुमार की सुमधुर गीतिका से हुआ। साध्वीश्री कनकश्री ने आचार्यश्री के व्यक्तित्व को बहु आयामी बताया। मुनिश्री मोहनलाल "शार्दूल" जिनका इस वर्ष चातुर्मास बारडोली था, आचार्यवर के दर्शन किए। उन्होने अपनी दक्षिण-यात्रा के सस्मरण सुनाते हुए "युवा दिवस" पर आचार्यवर का अभिनन्दन किया।

साध्वी प्रमुखाश्री जी ने इस अवसर पर कहा—"हिंसा, अराजकता ओर आतक के माहोल मे आज अहिंसा, मैत्री और प्रेम की अपेक्षा है। इस परिस्थिति मे आचार्यवर का लक्ष्य हे शाति और अहिंसा के नए-नए स्रोतो की खोज करना, उन्हे प्राप्त करना ओर जनता को बाटना। इस ढलती उम्र मे जो उत्साह, क्षमता, सृजनशीलता और नित नए स्वप्न लेने की वृत्ति है वह हम सबके लिए अनुकरणीय हे।"

शक्ति, भक्ति और अभिव्यक्ति-इन तीन प्रमुख तत्त्वो का उल्लेख करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा—"कौन कैसा है, इसकी कसौटी व्यक्ति की शक्ति ह। शक्तिहीन व्यक्ति को जीने का कोई अधिकार नही ह जीने का मूल स्रोत है शक्ति। शक्ति को सही दिशा मे नियोजित करना भक्ति है। भक्ति के अभाव मे शक्ति सपन्न आदमी खूखार साबित हो सकता है। शक्ति और भक्ति का योग ही अभिव्यक्ति ह। आज आचार्यवर का दीक्षा दिवस हे। मे मानता हू कि शक्ति, भक्ति और अभिव्यक्ति का माध्यम दीक्षा है।"

युवाचार्यश्री ने आगे कहा—"आचार्यश्री ने हर स्थिति मे शक्ति का जीवन जीया। आप हर स्थिति मे आशावान बन सपने सजोते रहते ह, कल्पना के लोक मे विचरण करते रहते हे, श्रम के माहात्म्य को समझते हैं, आप जिस अदम्य उत्साह व प्रसन्नता के साथ श्रम को आह्वान करते हे, युवा कहलाने वाले भी उस श्रम से कतराते हे।"

आचार्यवर ने अपने मगल उद्बोधन मे कहा—"मे बहत्तर वर्ष का होने के बावजूद भी अपने आपको बूढा नही मानता। अवस्थावान बन जाना ही बुढापा नही हे। जहा उत्साह हे, श्रम हे, कल्पना हे वहा बुढापा कहा? मेरे साथ कुछ विसगतिया भी पल रही ह। प्रशसा और निंदा दोनो मे सम रहने का अभ्यास किया हे और आगे भी समत्वशील बनने का प्रयास करता रहूगा।"

पिछले कुछ अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि कुछ काय ऐसे

हो रहे हैं जो दर्शाते हैं कि हमारे धार्मिक आयोजनों में प्रदर्शन एवं फिजूल खर्ची बढ़ती जा रही है। हमारी भावी पीढी तेरापथ के मौलिक सिद्धांतों से परे हटती जा रही है। प्रचलित रूढिया हमारे सामाजिक जीवन को घुण की तरह खाये जा रही है। धर्मसघ से सबधित श्रावकीय व्यवस्थाओं को आज स्वय बोझिल बना दिया है। इन परिस्थितियों में सुधार, परिष्कार, परिवर्तन हेतु इस सम्मेलन का समायोजन हुआ।

जिस तरह हजारों मीलों की यात्रा की शुरुआत एक छोटे से कदम उठाने से होती है, उसी तरह इस सम्मेलन ने भी अपनी परपराओं को अपने वर्तमान मे सन्तुलित रखते हुए एक नन्हा सा कदम उठाया है। यह पहला मौका है, जब समाज के सामूहिक निर्णयों को सघीय-सभा सस्थाओं ने अपना परम कर्तव्य समझकर क्रियान्वित करने का दायित्व स्वीकार किया है।

इस सम्मेलन मे देश के कोने-कोने से समागत ३३१ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन मे कुल १२ गोष्ठिया हुई, जिसमे कुल समय २१ घटे लगा। इन १२ गोष्ठियों मे पृथक्-पृथक् विषय रखे गये थे। उन निर्धारित विषयों के मानक बिंदुओं पर सतों और साध्वियों का महत्त्वपूर्ण वक्तव्य होता। उस पर उपस्थित प्रतिनिधि अपने बहुमूल्य सुझाव देते। उन सुझावों एव मानक बिंदुओं के आधार पर एक मसौदा तैयार करने हेतु एक उपसमिति का गठन होता और वह अगली गोष्ठी होने तक अपनी पूरी रिपोर्ट सम्मेलन मे रखती। उस रिपोर्ट को पुन पढा जाता और मामूली सशोधनों के साथ उस पर मोहर छाप लग जाती। इस सम्मेलन की आयोजक सस्थाए थी—जैन विश्व भारती, जैन श्वेताम्बर तेरापथी महासभा, नियोजन मण्डल, जैन श्वेताम्बर तेरापथी सभा (कानोड), तेरापथ भवन मे आयोजित पच दिवसीय इस सम्मेलन मे सम्पन्न विभिन्न गोष्ठियों के मुख्य विषय इस प्रकार है—

१ भावी पीढी और सस्कार निर्माण, २ भावी पीढी और तत्त्व ज्ञान, ३ धार्मिक आयोजन और व्यवस्थाओं का सरलीकरण, ४ हमारा सगठन। ५ अमृत महोत्सव पर सपादित होने वाले कार्य, ६ जैन समन्वय, ७ सामाजिक रूढियों का परिष्कार, ८ सांस्कृतिक व शैक्षणिक विकास आदि। श्रावक सम्मेलन द्वारा इन विषयों पर पारित प्रस्ताव[1] समाज पर प्रभावी हो गये।

---

[1] नियोजन मण्डल द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति "कानोड-प्रस्ताव" शीर्षक से विस्तृत विवरण देखें।

इन प्रस्तावो को लागू करने हेतु अलग-अलग धाराओ की क्रियान्विति की जिम्मेवारी विभिन्न सस्थाओ की होगी ।

इस अखिल भारतीय श्रावक-सम्मेलन का भविष्य मे क्या नाम होगा ? क्या स्वरूप होगा ? इस पर यह निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन का नाम "तेरापथ अमृत ससद" रहेगा । इसका गठन व सचालन नियोजन मन्डल करेगा । नियोजन मडल के सयोजक श्री धरमचद चौपडा है ।

अणुव्रत के कार्य को गतिशील बनाने की दृष्टि से एक समिति श्री देवेन्द्रकुमार कर्णावट के सयोजन मे बनी । वृहत् आयोजनो मे प्रवन्ध एव व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने की दृष्टि से "वृहत् आयोजन परामर्श समिति" बनी । इसके सयोजक श्री खेमचद सेठिया होगे । दोनो समितियो मे अन्य अनेक सदस्यो को भी नामजद किया गया ।

पाच दिवसीय यह अखिल भारतीय श्रावक सम्मेलन वडे ही हर्ष एव उत्साहपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ । श्री देवेन्द्रकुमार कर्णावट, श्री पन्नालाल बाठिया, श्री माणकचद बाठिया, मुनिश्री किशनलाल ने समापन के अवसर पर अपने विचार रखे । युवाचार्यश्री ने अपने उद्‌बोधन मे श्रावको को दिशादर्शन दिया । आचार्यश्री ने सम्मेलन को अभूतपूर्व बताते हुए कहा—'सभी गोष्ठियो मे महत्त्वपूर्ण विषयो पर गहन चर्चाए हुई । कानोड आगमन के बाद समय पर सो भी नही सके । वहुत व्यस्त कायक्रम रहा, फिर भी हमे प्रसन्नता का अनुभव हुआ क्योकि हमने यह समय जन-जागरण के लिए लगाया । भौतिक विकास के सभी ससाधनो से अध्यात्म उत्कृष्ट होता हे । इसे मुख्य मानकर चलने वाला आदमी सदा आनन्द को हस्तगत कर सकता है ।'

मध्याह्न मे राजस्थान के मत्री श्री रामपाल उपाध्याय, विधायक सुश्री गिरिजा व्यास भी उपस्थित थी । जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री खेमचदजी सेठिया ने सुन्दर व्यवस्था के लिए कानोड के श्रावको को वधाई दी । श्रावक सम्मेलन को सफल बनाने मे श्री सेठिया का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा । श्रावक सम्मेलन मे समागत प्रतिनिधियो को यह सूचना दी गई कि काठमाडु, नेपाल सरकार ने श्री हसराज गोलछा को नेपाल का सर्वोच्च अलकरण प्रदान किया है ।

६ जनवरी/प्रात प्रवचन मे पडित गिरजाशकर व्यास ने सस्कृत पद्यों के माध्यम मे आचायवर का गुणगान किया । आचार्यवर के उद्‌गार—'आजकल 'जीओ और जीने दो' का नारा बुलन्द हे, पर इसमे गाभीय नही है ।

जीना और मरना महत्त्वपूर्ण नही है। महत्त्वपूर्ण है गिरते हुए व्यक्ति को ऊचा उठाना। महत्त्वपूर्ण है जीने का सही तौर-तरीका। वर्तमान का यही ज्वलन्त प्रश्न है कि कैसे जीया जाए।" जीने का यथार्थ ढग कोई भी हमारे से सीख सकता है। हमारे पास ऐसे साधन विकसित है।"

दोपहर युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ कॉलेज मे पधारे। विद्यार्थियो के बीच युवाचार्यश्री का प्रेरक उद्‌बोधन हुआ। मध्याह्न एक अमरीकी पार्टी आई, जो पूरे विश्व का दौरा कर रही है। उसका उद्देश्य एक ऐसी फिलम का निर्माण करना है जिसमे अहिंसा के लिए काम करने वाले व्यक्तियो, सस्थाओ का अतरग चित्रण हो। अणु अस्त्रो की विभीषिका से त्रस्त इस जगत् को अहिसा की बात कहना इस अमरीकी पार्टी का मुख्य ध्येय है। इस पार्टी ने आचार्यश्री, युवाचार्यश्री के इन्टरव्यू लिए। साय आचार्यवर कानोड नगर बाहिर जवाहिर विद्यापीठ पधारे। कानोड नगर की ओर से आचार्यवर को विदाई दी गई।

५ जनवरी को प्रात प्रवचन के मध्य मुनिश्री सुमनकुमार आचार्यवर को अपना "मुक्ति-पत्र" देकर चला गया और सघ से अपना सबध तोड लिया। काफी समय से उसकी प्रकृति का सघीय व्यवस्थाओ के साथ तालमेल नही हो पा रहा था। उसकी प्रकृति को रूपान्तरित करने का प्रयास किया गया, पर वह असफल रहा। आखिर उसकी परिणति सघ से बहिर्गमन के रूप मे हुई।

कानोड-प्रवास के दौरान शोक विमुक्ति हेतु एक परिवार आया। श्री दुलीचद बाठिया (सगरिया मडी) का जीप दुर्घटना मे देहान्त होने पर उनके पारिवारिक लोग दर्शनार्थ पहुचे। कई स्थानो के अर्वाचीन व प्राचीन झझट समाप्ति की दिशा मे कुछ उपयोगी काय सपादित हुए। बैंगलूर का झझट जो काफी पुराना था, समाप्त हो गया। इसी तरह विराटनगर (नेपाल) तथा जयपुर निवासी श्री चन्दनमल दूगड की पत्नी की सपत्ति लेकर चल रहा तयालीस वर्ष पुराना झझट दूर हो गया। यह शमन आचार्यवर के सान्निध्य मे तथा वरिष्ट श्रावक श्री खेमचद सेठिया की मध्यस्थता मे हुआ।

६ जनवरी/आचार्यवर का कानोड से विहार। २५ सतो के साथ विलोदा आगमन। श्रद्धेय युवाचार्यश्री ने आचार्यश्री से पृथक् सीधे कानोड से भीण्डर, वल्लभनगर होते हुए थामला की ओर विहार किया। आचायवर के चित्तौडगढ यात्रा के आकस्मिक निर्णय से सारे यात्रा कार्यक्रम मे फेरबदल हो

गया। जो मार्ग पूर्व मे आचार्यवर के लिए निर्णीत था, उसी रास्ते से युवाचार्यश्री ठाणा १६ से प्रस्थित हो गये। प्रात व रात्रि बिलोदा मे आचार्यवर का प्रवचन हुआ।

८ जनवरी/बीलोदा से आचार्यवर भादसोड पधारे। आज मार्ग लबा, ऊबड-खाबड व कष्टप्रद था। आचार्यवर के कमर मे दर्द होने से रास्ते मे कई जगह विश्राम लेना पडा। रास्ते मे मोखण गाव आया। पैंतीस जैन घरो वाले इस गाव मे आचार्यवर कुछ देर रुके, प्रवचन दिया। भादसोड मे करीब ७०० की उपस्थिति मे आचार्यवर का प्रवचन हुआ। रात्रि मे मुनिश्री मुनि सुव्रत के सक्षिप्त वक्तव्य के बाद मुनिश्री रोशनलाल का प्रवचन हुआ।

९ जनवरी/प्रात बानसेन, साय हाज्याखेडी तथा १० जनवरी को प्रात देवारी साय बोजूदा प्रजनन केन्द्र के मुख्यालय मे विराजे। वहा देश-विदेश की विभिन्न किस्मो की भेडे है। रात्रि मे वहा के अधिकारियो ने आचार्यवर से बातचीत की।

देश मे चारित्रिक सकट गहराया

बोजून्दा/आचार्यवर कल चित्तौडगढ पधार रहे है, इसलिए रात्रि मे राजस्थान प्रदेश के कुछ पत्रो के सवाददाता आचार्यवर से मिले और उन्होने कुछ प्रश्न पूछे। दूसरे दिन कई प्रमुख पत्रो मे इस वार्ता की अच्छी चर्चा रही। आचार्यवर ने सवाददाताओ के प्रश्नो का उत्तर देते हुए कहा—"देश मे आजादी के बाद लोगो मे स्वाभिमान जागा है और स्वतत्रता की भावना पैदा हुई हे। नैतिक पतन के कारण चारित्रिक सकट गहराया है। मैने पिछले साठ वर्षों मे लगभग ६० हजार कि० मी० से भी ज्यादा पैदल यात्रा कर आजादी के पहले और उसके बाद लगभग सारे भारत को नजदीकी से देखा हे और पाया हे कि आजादी के बाद भौतिकवाद के प्रवाह मे इतने अधिक बह गये ह कि नैतिकता, प्रामाणिकता और धर्म को भूल गये। चारित्रिक सकट का यह माहोल समाज के सभी वर्गो मे व्याप्त है, पर ऐसे सकट के समय मे धर्माचाय भी अपना कर्त्तव्य भूल गए और चरित्र के स्थान पर उपासना पद्धति को ही प्रमुख मान लिया। जबकि उपासना भी उसी व्यक्ति को करने का अधिकार है जो चरित्रवान् हो। पर आज हो यह रहा हे कि चरित्रहीन लोग उपासना कर रहे हे।

आचार्यश्री ने कहा कि देश मे कई एक योजनाओ के माध्यम मे विकास की गति को तेज करने का प्रयास किया जा रहा हे पर उसका प्रतिफल उस-

लिए पूरा नही मिल पा रहा है कि सर्वत्र चारित्रिक मकट विद्यमान है। जब तक हम मानवीय आचार-सहिता को जीवन और व्यवहार मे स्वीकार नही करते है तब तक न तो योजनाओ का लाभ मिलेगा, न हम गरीवी से मुक्ति पा सकते है।

आचार्यश्री ने आगे कहा कि इसी भावना को लेकर देश मे अणुव्रत आदोलन प्रारम्भ किया है जिसमे उपासना को गौण और चरित्र को प्रमुख, मजहब और सम्प्रदाय को गौण और मानव धम को मुख्य माना है तथा परलोक की चिता न कर इस लोक को सुधारने पर वल दिया है। अणुव्रत आदोलन मानवीय आचार-सहिता के रूप मे आज काफी लोकप्रिय हो रहा है और एक नया वातावरण वना है।

राजनीति और शिक्षा पर पूछे गये प्रश्न के उत्तर मे उन्होने कहा कि कोई भी नीति हो, वह अध्यात्म के विना अधूरी है। ऐसी राजनीति देश के लिए घातक होगी जो इन्सान को इन्सानियत के रास्ते से ही हटा दे और वह शिक्षा नीति वेकार होगी जो जीवन को जीने का ज्ञान नहीं दे सके। उन्होने कहा कि एक जीवन-विज्ञान कार्यक्रम प्रारम्भ किया है जिसमे जीवन के मर्वागीण विकास की पद्धति के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। उसके अनुकूल साहित्य तैयार कर सरकार को दिया जायेगा। ताकि वह शिक्षण सस्थाओ मे इसे भेज सके। राजस्थान विद्यापीठ के तत्वावधान मे अगले माह उदयपुर मे इसी विपय पर एक कायक्रम आयोजित किया गया है।

'अणुव्रत आन्दोलन' के माध्यम से आचार्यश्री ने जीवन भर नैतिक मूल्यो को राष्ट्रव्यापी स्तर पर सुप्रतिष्ठित करने का काय एक अभियान की तरह किया है। अमृत-महोत्सव के महान्तम अवसर पर उसी कार्य को अग्रसर करने के लिए यह यात्रा आयोजित हुई।

युवाचायश्री के दिशादर्शन एव श्री पूर्णचद वडाला के सयोजन मे प्रारम्भ इस पचास दिवसीय पदयात्रा का समापन १७ जून १९८५ को हुआ। सात चरणो मे सपन्न व ५९० कि० मी० की इस यात्रा मे ११९ पदयात्री शामिल हुए, जिनमे १६ समणिया ३२ पदयात्री तथा ७१ सहयात्री थे।

पद-यात्रा का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

चरण	क्षेत्र	दल सयोजक	सकल्प पत्र
प्रथम	गगापुर से भीलवाडा	श्री पूणचद बडाला	३३५६
द्वितीय	भीलवाडा से आसीन्द	श्री मोहनलाल जैन	४४१८
तृतीय	आसीन्द से देवगढ	श्री पारसमल मेहता	५६१३
चतुर्थ	देवगढ से रीछेड	श्री उग्रसिह मेहता	३२४२
पचम	रीछेड से गोगुन्दा	श्री नरेन्द्रकुमार जैन	१७११
षष्टम	गोगुन्दा से राजसमन्द	श्री मानमल आचलिया	४०९३
सप्तम	राजसमन्द से आमेट	श्री देवेन्द्रकुमार हिरण	२६३४
	अमृत कलश समपण समारोह, आमेट मे समर्पित		१००९३
	सकल्प-पत्रो का योग		३५४६०

इस पदयात्रा मे चार समणियो के दल शामिल थे, जिनका नेतृत्व कर रही थी—समणी कुसुमप्रज्ञा, समणी मधुरप्रज्ञा, समणी परमप्रज्ञा, समणी सुप्रज्ञा। श्री मानमल आचलिया (सरदारशहर) ने, जो वर्षीतप कर रहे हैं, सर्वाधिक छत्तीस दिन इस यात्रा मे साथ रहे। पदयात्रा सयोजक श्री पूणचद बडाला इकतीस दिन, श्री जीतमल जैन (सायरा) इक्कीस दिन तथा श्री चदनमल सिंघवी (पुर) चौदह दिन साथ रहे। अमृत कलश पदयात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ। कई जगहो पर तोरण द्वार बाधे गये। हजारो लोगो ने अपनी-अपनी बुराइयो को छोडा।

अमृत-कलश समपण समारोह २४ जून को आमेट मे मध्याह्न २ ३० बजे आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री शुभकरण दसाणी ने की तथा प्रमुख अतिथि राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री हीरालाल देवपुरा थे। समारोह के पूव बोइग विमान दुघटना पर हार्दिक सवेदना एव दुख व्यक्त करते हुए सभा ने दिवगत आत्माओ के सम्मान मे दो मिनट मौन रखा। मच पर पदयात्रा के सयोजक, नेता प्रमुख के साथ साधक श्री मानमल आचलिया भी उपस्थित थे। पदयात्रा के सयोजक श्री पूणचद बडाला की अस्वस्थता के कारण उप सयोजक श्री राजेन्द्रकुमार कावडिया ने पदयात्रा का सक्षिप्त विव-रण प्रस्तुत किया। श्री सीताशरण शर्मा एव समणी कुसुमप्रज्ञा ने पदयात्रा के अनुभवो के साथ सभा को सबोधित किया।

युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन के साथ

पद-यात्रियो को साधुवाद दिया। आचार्यप्रवर को आठो सयोजको द्वारा ३५,४६० सकल्प-पत्र समर्पित किये गये, जिन्हे स्वीकार करते हुए आचार्यप्रवर ने अमृत-कलश पदयात्रा को रचनात्मक अभियान की सज्ञा दी। पदयात्रा के सभी सयोजको को श्री देवपुरा ने सम्मानपत्र भेंट किये।

अमृत-कलश समर्पण के बाद भी पूरे देश से सकल्प पत्रो का भरना जारी रहा। १७ फरवरी १९८६ तक करीब ८० हजार सकल्प-पत्र भरे जा चुके थे।

अमृत-महोत्सव के सन्दर्भ मे अन्य कई रचनात्मक प्रवृत्तिया प्रारभ हुई। उनका विवरण निम्नोक्त है।

आमेट-तुलसी अमृत विद्यापीठ, अमृत स्तम्भ
राजसमन्द—तुलसी साधना शिखर, अणुव्रत विश्व भारती
गगापुर—कालू कल्याण कुज तुलसी अमृत महाविद्यालय
केलवा—भिक्षु चिकित्सालय
पहुना—अणुव्रत विद्यापीठ, अणुव्रत लोक कला भारती, तुलसी अमृतायन

घर-घर तपः घर-घर जप

आमेट मे अमत-महोत्सव के द्वितीय चरण पर भारत के अनेक छोट-बडे पत्र-पत्रिकाओ मे आचायश्री के व्यक्तित्व एव कर्तृत्व को उजागर करने वाने लेख प्रकाशित हुए वे लोग युवाचार्यश्री, साध्वी प्रमुखाश्री, साधु-साध्वियो, लेखको, साहित्यकारो, पत्रकारो द्वारा लिखे गये।[1] अमृत-महोत्सव प्रसग पर 'घर-घर तप घर-घर जप' की योजना प्रारभ हुई। तप मे आयविल तथा जप मे 'अभीराशिको नम' मत्र निर्णीत था। सतरह महीने चलने वाले इस अमृत-महोत्सव मे हजारो-हजारो लोगो ने आयविल व जप का क्रम प्रारम्भ किया। बहिर्विहारी साधु-साध्वियो के विशेष प्रयत्नो से इस कार्यक्रम को गति मिली। उसका विवरण खण्ड-२ मे यत्र-तत्र मिल सकेगा। गुरुकुलवास मे इस कायक्रम को बढावा देने हेतु मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट' तथा मुनिश्री कमलकुमार ने सश्रम प्रयास किया, तभी हजारो श्रावक-श्राविकाओ मे इस अनुष्ठान का व्यवस्थित रूप बन सका। आचाय-अचना मे यह एक महत्त्वपूण कार्यक्रम सावित हुआ ह।

---

१ देखे परिशिष्ट—९

पद-यात्रा का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

चरण	क्षेत्र	दल सयोजक	सकल्प पत्र
प्रथम	गगापुर से भीलवाडा	श्री पूणचद बडाला	३३५६
द्वितीय	भीलवाडा से आसीन्द	श्री मोहनलाल जैन	४४१८
तृतीय	आसीन्द से देवगढ	श्री पारसमल मेहता	५९१३
चतुर्थ	देवगढ से रीछेड	श्री उग्रसिंह मेहता	३२४२
पचम	रीछेड से गोगुन्दा	श्री नरेन्द्रकुमार जैन	१७११
षष्टम	गोगुन्दा से राजसमन्द	श्री मानमल आचलिया	४०९३
सप्तम	राजसमन्द से आमेट	श्री देवेन्द्रकुमार हिरण	२६३४
	अमृत कलश समर्पण समारोह, आमेट मे समर्पित		१००९३
	सकल्प-पत्रो का योग		३५४६०

इस पदयात्रा मे चार समणियो के दल शामिल थे, जिनका नेतृत्व कर रही थी—समणी कुसुमप्रज्ञा, समणी मधुरप्रज्ञा, समणी परमप्रज्ञा, समणी सुप्रज्ञा। श्री मानमल आचलिया (सरदारशहर) ने, जो वर्षीतप कर रहे है, सर्वाधिक छत्तीस दिन इस यात्रा मे साथ रहे। पदयात्रा सयोजक श्री पूर्णचद बडाला इकतीस दिन, श्री जीतमल जैन(सायरा) इक्कीस दिन तथा श्री चदनमल सिंघवी (पुर) चौदह दिन साथ रहे। अमृत कलश पदयात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत हुआ। कई जगहो पर तोरण द्वार बाधे गये। हजारो लोगो ने अपनी-अपनी बुराइयो को छोडा।

अमृत-कलश समर्पण समारोह २४ जून को आमेट मे मध्याह्न २ ३० बजे आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री शुभकरण दसाणी ने की तथा प्रमुख अतिथि राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री हीरालाल देवपुरा थे। समारोह के पूर्व बोइग विमान दुघटना पर हार्दिक सवेदना एव दुख व्यक्त करते हुए सभा ने दिवगत आत्माओ के सम्मान मे दो मिनट मौन रखा। मच पर पदयात्रा के सयोजक, नेता प्रमुख के साथ साधक श्री मानमल आचलिया भी उपस्थित थे। पदयात्रा के सयोजक श्री पूणचद बडाला की अस्वस्थता के कारण उप सयोजक श्री राजेन्द्रकुमार कावडिया ने पदयात्रा का सक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। श्री सीताशरण शर्मा एव समणी कुसुमप्रज्ञा ने पदयात्रा के अनुभवो के साथ सभा को सबोधित किया।

युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन के साथ

पद-यात्रियो को साधुवाद दिया । आचार्यप्रवर को आठो सयोजको द्वारा ३५,४६० सकल्प-पत्र समर्पित किये गये, जिन्हे स्वीकार करते हुए आचार्यप्रवर ने अमृत-कलश पदयात्रा को रचनात्मक अभियान की सज्ञा दी । पदयात्रा के सभी सयोजको को श्री देवपुरा ने सम्मानपत्र भेट किये ।

अमृत-कलश समपण के बाद भी पूरे देश से मकल्प पत्रो का भरना जारी रहा । १७ फरवरी १९८६ तक करीव ८० हजार मकल्प-पत्र भरे जा चुके थे ।

अमृत-महोत्सव के सन्दर्भ मे अन्य कई रचनात्मक प्रवृत्तिया प्रारभ हुई । उनका विवरण निम्नोक्त हे ।

आमेट-तुलसी अमृत विद्यापीठ, अमृत स्तम्भ

राजसमन्द—तुलसी साधना शिखर, अणुव्रत विश्व भारती

गगापुर—कालू कल्याण कुज तुलसी अमृत महाविद्यालय

केलवा—भिक्षु चिकित्सालय

पहुना—अणुव्रत विद्यापीठ, अणुव्रत लोक कला भारती, तुलसी अमृतायन

घर-घर तप: घर-घर जप

आमेट मे अमृत-महोत्सव के द्वितीय चरण पर भारत के अनेक छोटे-बडे पत्र-पत्रिकाओ मे आचायश्री के व्यक्तित्व एव कर्तृत्व को उजागर करने वाले लेख प्रकाशित हुए वे लोग युवाचार्यश्री, साध्वी प्रमुखाश्री, साधु-साध्वियो, लेखको, साहित्यकारो, पत्रकारो द्वारा लिखे गये ।[1] अमृत-महोत्सव प्रसग पर 'घर-घर तप घर-घर जप' की योजना प्रारभ हुई । तप मे आयविल तथा जप मे 'अभीराशिको नम' मत्र निर्णीत था । सतरह महीने चलने वाले इस अमृत-महोत्सव मे हजारो-हजारो लोगो ने आयविल व जप का क्रम प्रारम्भ किया । बहिर्विहारी साधु-साध्वियो के विशेप प्रयत्नो से इस कार्यक्रम को गति मिली । उसका विवरण खण्ड-२ मे यत्र-तत्र मिल सकेगा । गुरुकुलवास मे इस कायक्रम को बढावा देने हेतु मुनिश्री मोहनलाल 'आमेट' तथा मुनिश्री कमलकुमार ने सश्रम प्रयास किया, तभी हजारो श्रावक-श्राविकाओ मे इस अनुष्ठान का व्यवस्थित रूप बन सका । आचाय-अचना मे यह एक महत्त्वपूण कार्यक्रम सावित हुआ है ।

---

१ देखें परिशिष्ट—९

तत्त्वज्ञान

अमृत-महोत्सव वर्ष मे यह चितन चला कि चतुर्विध धर्म-सघ मे तात्विक ज्ञान के प्रति अभिरुचि कैसे जागृत हो, कैसे विकास हो ? इस दृष्टि से पाच थोकडे कण्ठस्थ करने का एक उपक्रम प्रारभ हुआ। आमेट चातुर्मास मे केन्द्र से साधु-साध्वियो को नामोल्लेख पूवक इगित किया गया था। उस इगित के अनुरूप अनेक साधु-साध्वियो ने सोत्साह, सलक्ष्य उन थोकडो को याद किया और आचाय-अभिवन्दना मे अपने श्रद्धा सुमन चढाये। इसी तरह श्रावक-श्राविकओ मे भी इस उपक्रम को प्रचारित किया गया। साधु-साध्वियो के विशेष प्रयास से अनेक स्थानो पर इस दिशा मे महत्त्वपूर्ण कार्य सपादित हुआ। तेरापथ की जनसख्या के आधार पर अधिक थोकडे कण्ठस्थ करने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय, क्षेत्र को पुरस्कृत करने का आमेट चातुर्मास व्यवस्था समिति ने निर्णय लिया। जिसमे प्रथम बोरावड, द्वितीय बाव तथा तृतीय मोमासर रहा। सैकडो-सैकडो छात्र-छात्राओ तथा युवक-युवतियो ने परिश्रम कर थोकडो को कण्ठस्थ करने का स्तुत्य प्रयास किया हे व कर रहे है।

अमृत-महोत्सव वर्ष मे आचार्यश्री दो महत्त्वपूण पुरस्कारो से सम्मानित हुए। पहला 'भारत-ज्योति' अलकरण, जो राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर द्वारा १४ फरवरी, १९८६ उदयपुर मे महामहिम राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह के हाथो प्रदान किया गया। दूसरा राजाजी मच, जयपुर द्वारा 'राजाजी रत्न' अलकरण दिया गया। प्रतिवर्ष यह मच कला, पत्रकारिता, सगीत, नैतिकता आदि विभिन्न ग्यारह क्षेत्रो मे विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियो को इस अलकरण से अलकृत करता है। पजाब-समस्या के शान्तिपूर्ण समाधान मे आचार्यवर की महत्त्वपूण भूमिका के लिए यह अलकरण दिया गया।

अमृत-महोत्सव की समायोजना, आचायश्री के कायक्रमो की अवगति, विविध मुखी प्रवृत्तियो से परिचित कराने हेतु आचायश्री तुलसी अमृत-महोत्सव राष्ट्रीय समिति का गठन हुआ। श्री देवेन्द्रकुमार कर्णावट डॉ० महेन्द्रकुमार कर्णावट इस सस्था के जन्म के साथ जुडे हुए है। उनकी सूझबूझ एव सक्रियता से आचायश्री के जीवन एव उनकी प्रवृत्तियो से सबधित अनेको फोल्डर तथा छोटी-छोटी पुस्तिकाए प्रकाशित हुई।[1]

---

१ देखे परिशिष्ट—१०

अमृत-महोत्सव वर्ष के चुनिन्दा महत्त्वपूर्ण पत्र

पूज्यपाद श्रद्धेय आचार्यप्रवर,

सादर साष्टाग प्रणाम ।

मेरे शरीर की हालत ठीक नही है । अत इस पत्र द्वारा मन से ही श्री चरणो मे उपस्थित हो रहा हू । डॉ० देव कोठारी विगत अज करेंगे ।

आपके अमृत-महोत्सव पर राजस्थान विद्यापीठ कुल, उदयपुर आप श्रीमद् को 'भारत ज्योति' सबोधन से पुकारना चाहता है । नवीन भारत के आध्यात्मिक तथा सामाजिक नव-नवोन्मेप तथा उत्थान के लिये 'अणुव्रत' सुदर्शन ही नहीं, शक्ति, सयम तथा सौन्दर्य प्रदान करवाने वाला शिक्षात्मक आन्दोलन और प्रवृत्ति है । महात्मा गाधीजी और महर्षि दयानन्दजी के पश्चात् आप श्रीमद् ने ही अणुव्रत द्वारा भारत ही नही, विश्व मानव को शान्ति, सयम तथा आत्म-ज्योति प्राप्त करने का मत्र दिया है ।

सौभाग्य से आप श्रीमद् का अमृत-महोत्सव राजस्थान विद्यापीठ कुल की स्वर्ण-जयन्ति के ही वर्ष मे पडा है । अत सोना और सुगन्ध स्वरूप इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सब आपको 'भारत-ज्योति' के सर्वोच्च सबोधन से पुकारेगे । 'भारत-ज्योति' सबोधन से हमने श्रीमान् डॉ० दौलतसिंहजी कोठारी तथा श्रीमती इन्दिराजी को (मरणोपरान्त) पुकारा है ।

कृपया आशीर्वाद सहित स्वीकृति प्रदान करे ताकि हम उसकी तैयारी मे अभी से लगे । प्रभावशाली 'आचार्य तुलसी भारत-ज्योति सबोधन समिति' आपश्री की स्वीकृति प्राप्त होते ही गठित कर अखिल भारतीय स्तर पर कार्य आरम्भ किया जायेगा । श्रीमान् देवेन्द्र कर्णावटजी को हमारा योग करने के लिये आज्ञा प्रदान करे ।

श्रीचरणो का विनीत
(जनार्दन राय नागर)
सस्थापक उपकुलपति
राजस्थान विद्यापीठ
उदयपुर

पूज्य आचार्यश्रीजी,

सादर वन्दन ।

आशा एवम् पूर्ण विश्वास है कि आप धर्म परिवार सहित सुखसाता

मानता हू।

आपकी षष्टिपूर्ति मनाई जा रही है, यह समाज के लिए प्रेरणा बनेगी। इस वर्ष आचार्यश्री तुलसी आचार्यत्व काल के ५० वर्ष सपन्न कर रहे है। पूरी जैन परपरा मे इतने दीर्घकाल तक आचाय पद पर आसीन आचार्य विरल ही हुए है।

आचार्यप्रवर ने अध्यात्म के क्षेत्र मे अनेक नए आयाम उद्घाटित किए है। आध्यात्मिक अनुशासन के ५० वर्ष की सपन्नता के अवसर पर अध्यात्म के अग्रणी पुरुषो द्वारा आचायश्री का अभिनन्दन किया जाए, ऐसी योजना बनी है। इस काय मे मैं आपका योगदान चाहता हू। परोक्षत समर्थन तो प्राप्त है ही, माघ शुक्ला सप्तमी के आस-पास (फरवरी ८६) उदयपुर मे मैं आपकी साक्षात् उपस्थिति चाहता हू। मै आपको स्मरण दिलाना चाहता हू—मर्यादा महोत्सव के अवसर पर एक बार आपका मिलन चाहिए, यह चर्चा चली थी और आपने ऐसा चाहा भी था, इससे बढिया अवसर और कब मिलेगा ?

मेरा विश्वास है आप अपना भावी कायक्रम इस स्थिति को ध्यान मे रखकर बनाएगे। हम प्रतीक्षा करेंगे उदयपुर मे फिर एक बार सौहार्दपूर्ण सम्मिलन की।

समदडी —**युवाचार्य महाप्रज्ञ**

८ फरवरी, ८५

युवाचार्य महाप्रज्ञजी,

आपका समदडी से प्रेषित ८ फरवरी ८६ का पत्र यथासमय मिल गया था, किंतु विहार मे होने के कारण तुरन्त ऐसा कोई सुयोग नही बना कि आपके इस महत्वपूर्ण पत्र का उत्तर दे पाता।

मैंने देखा कि विगत आधी शताब्दी मे तेरापथ ने अपने साधु-साध्वियो के माध्यम से एक काफी सशक्त/स्वस्थ/सुखद भूमिका सरचित की है। सस्कृति, राष्ट्र, सदाचार, चिन्तन मे गतिशीलता ध्यान और योग के क्षेत्र मे नये क्षितिजो का उद्घाटन आदि कुछ ऐसी जीवन्त उपलब्धिया है, जिनके लिए आचार्यश्री तुलसीजी को भुलाया नही जा सकेगा। सामाजिक और नैतिक क्रान्ति का जो बीजारोपण उन्होने किया है, यदि उसे पूरी अप्रमत्तता के साथ सीचा-पोसा गया तो समाज, राष्ट्र का अपूर्व कायाकल्प सभव है। साहित्य-प्रकाशन के क्षेत्र मे भी आचायश्री तुलसीजी के साधु परिकर ने कुछ नये

आयाम उन्मुक्त किये है। आगम-प्रकाशन तथा कोश-सपादन-जैसे दु साध्य कार्यों को, अपनी दैनदिन आध्यात्मिक साधना पर अविचल रहकर करना, कराना सचमुच एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुझे विश्वास है स्वाध्याय और प्रकाशन की यह अनुकरणीय/प्रशस्त परपरा तेरापथ मे अविच्छिन्न बनी रहेगी।

यह गौरव-गरिमा का विषय है कि आचार्यश्री तुलसीजी अपने जयवत आचार्यत्व की अर्द्धशती सपन्न कर रहे है। मैने उन्हे सदैव एक पराक्रमी, साहसी, तेजोमय, उदारचेता, असकीर्ण साधु मनीषी के रूप मे देखा है। वस्तुत जो परपराए उन्होने प्रवर्तित की है तथा उनके इस प्रवर्तन मे से जो नव नूतन सदर्भ प्रकट हुए है, वे निखिल मानवता के लिए हितकारी है। मै महत्व के इन क्षणो मे उनका अभिनन्दन करता हू और साधुवाद देता हू।

इन्दौर मे गोम्मटगिरि जैन तीर्थ जिस तरह विकसित हो रहा है वह हम सबके लिए/जैनमात्र के लिए गौरव का विषय है। मै इसे विश्वधर्म के वैश्विक केन्द्र के रूप मे परमोत्कर्ष देना चाहता हू। इन्दौर और उदयपुर की दूरी काफी है अत आचार्यश्री तुलसी जी के इस अध्यात्म पर्व के महत्क्षणो मे मेरा वहा पहुच पाना सभव नही है तथापि मुझे आशा है कि ये क्षण सबके लिए मगलमय सिद्ध होगे और उनका आचार्यत्व दिनो-दिन यशस्वी होगा। और इस समारोह मे से अहिंसा एव व्यसनमुक्त जीवन के लिए एक ऐसी उद्दीप्त/रचनात्मक ज्योति जन्म लेगी, जिसके फलस्वरूप प्राणीमात्र के कल्याण के लिए आशा की कोई उज्ज्वल किरण सामने आयेगी। वैसे उन-जैसे साधुओ के जीवन का तो एक-एक पल ही महोत्सव है, क्योकि वे पल-पल पग-पग प्राणिमात्र के कल्याण के निमित्त कटिबद्ध है और कामना कर रहे है कि सब सुखी हो, निरापद, निर्विघ्न और मगलमय हो।

—ऐलाचार्य विद्यानन्द मुनि
गोम्मटगिरि, इन्दौर (म० प्र०)

आलोच्य वर्ष मे महाप्रज्ञ

सघ का विकास तब ही अबाध रूप से चल सकता है, जब युवा साधु-साध्विया हर क्षेत्र मे निष्णात बने। जब तक विद्या, कला, साधना आदि मे साधु-साध्विया रुचि नही लेते, उन आयामो को अपनी प्रगति का आधार नही मानते, उन क्षेत्रो मे विशिष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी सपूर्ण शक्ति का नियोजन नही कर पाते तब तक हमे धर्म सघ के उज्ज्वल भविष्य का स्पष्ट आश्वासन नही मिलता। युवा साधु-साध्विया धर्मसघ की रीढ है। उन्हे तैयार करना धर्मसघ के निश्चिन्त और देदीप्यमान भविष्य का निर्माण करना है। यह दायित्व सहज रूप से युवाचार्यश्री के कधो पर आ जाता है। उन्होने इस महान् कार्य को प्राथमिकता दी। युवाचार्यश्री ने सघीय सपदा को निरन्तर बढाते रहने के अपने इस दायित्व को बखूबी निभाया है।

अध्यापन

आलोच्य वर्ष मे युवाचार्यश्री ने साधु-साध्वी समाज के बौद्धिक विकास के लिए कुछ सार्थक प्रयत्न किए है। मर्यादा महोत्सव जसोल से युवाचार्यश्री ने अपनी पाठशाला के विद्यार्थियो को तर्क और न्याय के प्राचीनतम ग्रथ सन्मतितर्क को प्राचीन और अद्यतन सदर्भो मे पढाया। जैन-योग और पातजल योग दर्शन का तुलनात्मक दृष्टि से अध्ययन भी उसके साथ कुछ महीनो तक व्यवस्थित रूप-से चला।

भगवती सूत्र

अक्षय तृतीया के पावन प्रसग पर प्रस्तुत अध्यनन क्रम मे एक नया मोड आया। आचार्यश्री के सान्निध्य मे जैन परपरा के प्रसिद्ध आगम भगवती का वाचन शुरु हुआ। वाचन के साथ-साथ पाठसशोधन, अनुवाद, टिप्पण लेखन कार्य भी अपनी गति से चलता रहा। इस विशाल आगम के गहनतम रहस्य सवादशैली मे गुथे हुए है। स्पष्टीकरण, समीक्षा, जिज्ञासा-समाधान तथा आधुनिक वैज्ञानिक सदर्भ आदि अनेक प्रकार से उन रहस्यो का प्रतिदिन स्पर्श, उन्हे सुलझाने, परत-दर-परत अनावृत करने मे सफल सिद्ध हुआ। गूढतम तात्विक और दार्शनिक तथ्यो की सरस, सरल और युगीन शैली मे प्रस्तुति महाप्रज्ञ की प्रज्ञा का अकथ्य अवदान कहा जा सकता है।

साध्वियो की सुप्त प्रतिभा को झकझोरा। उन्होने जैसे-तैसे अपनी समग्र शक्ति जुटाकर इस कार्यक्रम मे भाग लिया। युवाचार्यश्री द्वारा प्रदत्त विषय, सुझाव और मार्ग-दर्शन के आधार पर साधु-साध्विया अपने-अपने शोध पत्र को पूरा करने के लिए जुट पडे। पन्द्रह-बीस दिन तक अनवरत श्रम और शक्ति को नियोजित कर साधु-साध्वियो ने अपने-अपने शोध पत्रो को एक कच्चा रूप दे दिया। युवाचार्यश्री ने अपने अत्यन्त व्यस्त क्षण उन्हे अतिम रूप देने मे लगाए। परिणामस्वरूप साधु-साध्वियो ने जैन विद्या परिषद् मे अपने-अपने शोध पत्रो को अच्छे ढग से प्रस्तुत किया। जैन विद्या परिषद् या किसी भी शोध सगोष्ठी मे इतने युवा साधु-साध्वियो के शरीक होने और शोध पत्र पढने का यह प्रथम अवसर कहा जा सकता है और इसका सारा श्रेय आचार्यश्री के आशीर्वाद तथा युवाचार्यश्री की आतरिक प्रेरणा और सकल्प को जाता है।

अध्ययन के इस समग्र क्रम मे युवा साधु-साध्वियो को शरीक होने का अवसर मिला। यह उनके भावी विकास मे, उनकी दृष्टि को पैनी और सर्वतोमुखी बनाने मे सक्षम कदम सिद्ध हुआ है। मुनिश्री राजेन्द्र कुमार, मुनिश्री उदितकुमार, मुनिश्री मुदितकुमार, मुनिश्री धनजयकुमार, मुनिश्री प्रशातकुमार, साध्वीश्री जिनप्रभा, साध्वी कल्पलता, साध्वीश्री अशोकश्री, साध्वीश्री सिद्धप्रज्ञा, साध्वीश्री विमलप्रज्ञा, साध्वीश्री निर्वाणश्री, साध्वीश्री वर्धमानश्री, साध्वीश्री मधुस्मिता, समणी नियोजिका स्मितप्रज्ञा आदि साधु-साध्वियो, समणियो को अध्ययन के इस कल्याणकारी-क्रम से लाभान्वित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

स सपादन

आचायश्री तुलसी ने आगम-सपादन का जो गुरुतर कार्य अपने समर्पित एव प्रबुद्ध साधु-साध्वियो के बलबूते पर झेला था, उसे मूर्तरूप देने मे युवाचार्य श्री की अह भूमिका सदा रही है। इस वर्ष भी वह महत्त्वपूर्ण कार्य अपनी गति से चला है। युवाचार्यश्री ने सूत्रकृताग सूत्र के द्वितीय खड के सपादन, अनुवाद, प्राक्कथन, टिप्पण लेखन, आमुख आदि कार्य को प्राथमिकता देकर उन्हे अतिम रूप दिया। मुनिश्री दुलहराज का इस काय मे अनवरत सपूण सहयोग युवाचार्यश्री को सहज रूप से प्राप्त रहा है जिसे पा यह सूत्र प्रकाशन के योग्य बन पाया है।

आगम साहित्य की अनवरत साधना, आराधना मे आचाराग भाष्य का लेखन भी आलोच्य वर्ष की एक महत्त्वपूण उपलब्धि है। आयारो के पाच

भगवती की इस वाचना मे आचार्य तुलसी की प्रासगिक टिप्पणियो, भगवती जोड का सराग-सगान एव साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभा की उपस्थिति का भी स्वयभू मूल्य रहा है।

अध्ययन की इस शृखला मे युवाचायश्री ने उत्तराध्ययन के उनतीसवे अध्ययन को भी सम्मिलित किया। यह अध्ययन साधना की दृष्टि से कितना महत्वपूण है, कितने गहन तत्त्व इसमे समाए हुए है इस दृष्टि से यदि इस अध्ययन का विस्तृत और समग्र रूप से विवेचन किया जाए तो एक स्वतत्र ग्रथ बन सकता है। वैज्ञानिक दृष्टि से आज के सदर्भो मे इस अध्ययन की मूल्यवत्ता का बोध पा साधु-साध्वी समाज एक नई दृष्टि और आलोक से सपन्न बन गया।

शोध पत्र

अध्यापक का काम केवल इतना ही नही होता कि वह विद्यार्थियो को पाठ पढा दे, उसका अर्थ समझा दे उसका काय तव पूर्ण कहलाता है, जब विद्यार्थी उस पाठ के भीतर आवद्ध रहस्यो को समझ पाए। अध्यापक का यह दायित्व उसके अध्यापन की महत्वपूण कसौटी होती है। युवाचार्यश्री ने अपने विद्यार्थियो की ग्रहण-क्षमता को वढाने, परखने के लिए भी कुछ उपक्रम किए।

अध्ययन का एक चेप्टर (विभाग) पूर्ण होने पर अध्ययनरत सभी साधु-साध्वियो को युवाचायश्री एक निश्चित विपय देते। साधु-साध्विया उस विपय पर आचार्यश्री के सान्निध्य मे भापण देत। कौन विषय को कितना छू पाया है? किसने विपय का समग्रता से विवेचन किया हे? आदि-आदि मानदडो से प्रत्येक विद्यार्थी के भापण की समीक्षा की जाती हे। वह विपय का कैसे प्रतिपादन करता तो ज्यादा अच्छा रहता। उसने कहा, क्या त्रुटि की या नही की? आदि से उसके गृहीत ज्ञान को परिभापित और परिष्कृत करते। युवाचार्यश्री कभी-कभी मौखिक परीक्षा से भी विद्यार्थियो की बुद्धि और ग्रहण क्षमता को पैनी वनाते।

अध्ययन के इस क्रम को प्रभावी वनाने और विद्यार्थी साधु-साध्वियो के भीतरविद्यमान साहस, क्षमता और शक्ति को जगाने का एक और सशक्त कदम था भगवती सूत्र के आधार पर शोध-पत्र का लेखन। जैन विद्या परिपद् द्वारा आयोजित विद्वत् परिपद् मे प्रवुद्ध जैन विद्वानो ने अपने-अपने शोध पत्र पढे। आचायश्री की प्रेरणा और युवाचार्यश्री के निदेशन से विद्यार्थी साधु-

साध्वियो की सुप्त प्रतिभा को झकझोरा। उन्होने जैसे-तैसे अपनी समग्र शक्ति जुटाकर इस कार्यक्रम मे भाग लिया। युवाचार्यश्री द्वारा प्रदत्त विषय, सुझाव और मार्ग-दर्शन के आधार पर साधु-साध्विया अपने-अपने शोध पत्र को पूरा करने के लिए जुट पडे। पन्द्रह-बीस दिन तक अनवरत श्रम और शक्ति को नियोजित कर साधु-साध्वियो ने अपने-अपने शोध पत्रो को एक कच्चा रूप दे दिया। युवाचार्यश्री ने अपने अत्यन्त व्यस्त क्षण उन्हे अतिम रूप देने मे लगाए। परिणामस्वरूप साधु-साध्वियो ने जैन विद्या परिषद् मे अपने-अपने शोध पत्रो को अच्छे ढग से प्रस्तुत किया। जैन विद्या परिषद् या किसी भी शोध सगोष्ठी मे इतने युवा साधु-साध्वियो के शरीक होने और शोध पत्र पढने का यह प्रथम अवसर कहा जा सकता है और इसका सारा श्रेय आचार्यश्री के आशीर्वाद तथा युवाचार्यश्री की आतरिक प्रेरणा और सकल्प को जाता है।

अध्ययन के इस समग्र क्रम मे युवा साधु-साध्वियो को शरीक होने का अवसर मिला। यह उनके भावी विकास मे, उनकी दृष्टि को पैनी और सर्वतोमुखी बनाने मे सक्षम कदम सिद्ध हुआ है। मुनिश्री राजेन्द्र कुमार, मुनिश्री उदितकुमार, मुनिश्री मुदितकुमार, मुनिश्री धनजयकुमार, मुनिश्री प्रशातकुमार, साध्वीश्री जिनप्रभा, साध्वी कल्पलता, साध्वीश्री अशोकश्री, साध्वीश्री सिद्धप्रज्ञा, साध्वीश्री विमलप्रज्ञा, साध्वीश्री निर्वाणश्री, साध्वीश्री वधमानश्री, साध्वीश्री मधुस्मिता, समणी नियोजिका स्मितप्रज्ञा आदि साधु-साध्वियो, समणियो को अध्ययन के इस कल्याणकारी-क्रम से लाभान्वित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आगम सपादन

आचार्यश्री तुलसी ने आगम-सपादन का जो गुरुतर कार्य अपने समर्पित एव प्रबुद्ध साधु-साध्वियो के बलबूते पर झेला था, उसे मूतरूप देने मे युवाचार्य श्री की अह भूमिका सदा रही है। इस वर्ष भी वह महत्त्वपूण कार्य अपनी गति मे चला है। युवाचार्यश्री ने सूत्रकृताग सूत्र के द्वितीय खड के सपादन, अनुवाद, प्राक्कथन, टिप्पण लेखन, आमुख आदि कार्य को प्राथमिकता देकर उन्हे अतिम रूप दिया। मुनिश्री दुलहराज का इस कार्य मे अनवरत सपूण सहयोग युवाचार्यश्री को सहज रूप से प्राप्त रहा है जिसे पा यह सूत्र प्रकाशन के योग्य बन पाया है।

आगम साहित्य की अनवरत साधना, आराधना मे आचाराग भाष्य का लेखन भी आलोच्य वर्ष की एक महत्त्वपूण उपलब्धि है। आयारो के पाञ्च

न कोई आधार होता है, न भविष्य होता है। तेरापन्थ के साहित्य से उसका आधार और भविष्य सुदृढ बना है, आलोकित बना है। युवाचार्य महाप्रज्ञ की साहित्यिक साधना ने तेरापथ साहित्य के क्षेत्र मे कुछ कीर्तिमान गढे है। मौलिक एव युगीन साहित्य का सर्जन उनकी अप्रतिम मेधा से सभव हुआ है।

आलोच्य वर्ष मे कुछ नयी साहित्यिक कृतिया—अर्हम्, कर्मवाद, उत्तरदायी कौन, प्रेक्षा-ध्यान कायोत्सर्ग, प्रेक्षा-ध्यान चैतन्य केन्द्र प्रेक्षा आदि जनता के हाथो मे पहुची है। मैं हू अपने भाग्य का निर्माता, आभामडल, मैं कुछ होना चाहता हू, भिक्षु-विचार दर्शन, जीवन-विज्ञान, कैसे सोचे, एकला चलो रे, एसो पचणमुक्कारो, महावीर की साधना का रहस्य, मैं मेरा मन मेरी शान्ति आदि अनेक पुस्तको के नवीन सस्करण भी प्रकाश मे आए है।

प्रस्तुत वर्ष मे युवाचार्यश्री के साहित्य पर अनेक विद्वानो ने अपनी सम्मतिया भेजी है। अनेक पत्र-पत्रिकाओ ने उनके साहित्य का मूल्याकन किया है। उदाहरण के रूप मे हम यहा दैनिक नवभारत के इन्दौर सस्करण मे छपी एक पुस्तक की समीक्षा उद्धृत करना चाहते है।

समीक्ष्य पुस्तक है—मेरी दृष्टि मेरी सृष्टि

समीक्षक है—रत्नेश 'कुसुमाकर'

आत्मार्थियो का दीपक—मेरी दृष्टि : मेरी सृष्टि

जैन जगत् मे युवाचार्य महाप्रज्ञ का नाम बहुश्रुत है। उस बहुश्रुतता के पीछे उनकी साधना का तेजोवलय, उनके तप की चन्द्रिका, उनका क्रान्त और विज्ञानपरक चिन्तन तथा उनकी दार्शनिकता की बुलन्दगी प्रमुख है। जैनियो की तेरापथ शाखा के वह एक अलौकिक पुष्प है, जिनके सौरभ ससार मे मनुष्य को देवत्व की ओर आगे बढाने और उसका आमूल रूपान्तरण कर देने की ऊर्जा छिपी हुई है। तेरापथ के वर्तमान आचार्य और अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्यश्री तुलसी ने उन्हे अपने उत्तराधिकारी के रूप मे मनोनीत किया है। उन्होने युवाचार्य महाप्रज्ञ की गुणवत्ता और प्रभामडल को एक रत्नपारखी की दृष्टि से देखा-परखा है। यही कारण है कि आज जैन श्वेताम्बर को आत्मोदय की एक ओर उन्मुख और अनुप्रेरित करने का एक गहन गभीर दायित्व महाप्रज्ञ के ज्योतिर्मय कन्धो पर है। इस दृष्टि से युवाचार्य महाप्रज्ञ की प्रत्येक कृति आत्मदेव के साक्षात्कार को सुलभ बनाने का एक ऐसा माध्यम है, जिसके बिना जीवन की मगल यात्रा कभी पूर्ण नही हो सकती।

मेरे समक्ष उनकी अमूल्य कृति 'मेरी दृष्टि मेरी मृष्टि' उपस्थित हे, जिसके अन्तराल मे बैठने का मुझे अलभ्य अवसर प्राप्त हुआ। लेकिन इसके लिए एक शर्त है, पाठक को, जिज्ञासु या अभिप्सु को सवप्रथम पूर्वाग्रहो से मुक्त होना होगा। इसके विना वे इस कृति को न आत्मसात् कर पाएगे और न ही इसके अन्तर्निहित तथ्यो, प्रभावो और इसकी वैज्ञानिक, आध्यात्मिक सपदा से अवगत हो सकेगे।

युवाचाय ने अपनी इस कृति के महद् उद्देश्य का उद्घाटन करते हुए कहा—'मेरी दृष्टि है—हम अपने निर्मल चैतन्य को देखने का प्रयत्न करे, उसमे जो प्रतिविंव होगा, वह वास्तविक होगा। लेकिन साथ ही वह यह भी कहते है कि जिसे देखना चाहिए, वहा दृष्टि नही जाती। जिसे देखना चाहिए, वहा देखने का प्रयत्न होता है। यह कैसा विपर्यय ! काच मे मनुष्य अपने-आपको ही देखता हे। कव किसने काच की निमलता को देखा ? इस लिहाज से जिसे वास्तव मे हमे देखना है, वहा तक दृष्टि-प्रसार कैसे हो, हम वही देखना चाहते है, जो कि हमारा अभीष्ट है। लेकिन उस तक नजर नही जाती, यह भौतिक धरातल पर एक ऐसी विवशता है, जो कि आत्म-साक्षात्कार के माग मे एक वडी वाधा वन जाती हे। निमल चैतन्य को देखना है, किंतु दृष्टि धूमिल या कहरिल हे तो वास्तविक देखना कैसे सभव होगा—एक कठिन पहेली ह। इसके लिए 'महाभारत' के मजय की दृष्टि चाहिए या अर्जुन की दृष्टि, जिसने जगदीश्वर के विराट स्वरूप को देखा था। युवाचाय ने जीवन और जगत् से साक्षात्कार करने के लिए उसी दिव्य दृष्टि का एक अमोघ फार्मूला प्रस्तुत किया ह। यह वह फार्मूला हे जो व्यक्ति, साधक, जिज्ञासु या अभीप्सा करने वाले तथ्यान्वेपी की सहायता करता ह।

जहा तक सजन या दृष्टि का मवध है, वतौर युवाचाय, सर्जन का मूलमत्र है—मतत जलते रहना, कभी नही वुझना। यह ह—अप्रमाद का सूत्र तुम कभी मत वूझो, निरन्तर जलते रहे वही सृष्टि प्रिय हो सकती है जो नए-नए उन्मेप पैदा कर सके, उन्हे मभाल सके, उनका सरक्षण और पोपण कर सके। इसके अलावा महाप्रज्ञ ने सृष्टि का आदि और चरमविन्दु आत्मा माना है। उन्होने आत्मोपलब्धि होने तक पुरुपार्थ करते रहने पर पूरा वल दिया है। पुरुपार्थ विरहित होने का अर्थ उन्होने मर्जन का चुक जाना माना है—इसी निकप पर इस कृति का मूल्याकन मम्भव हुआ है।

महाप्रज्ञ की यह कृति वहुआयामी है। सैतीस शीर्पको मे इसका

निवन्धन हुआ हे। जिनमे युवाचाय ने समुद्र-मथन का देवोपम पुरुपाथ किया है। परपरित तरीको से हटकर दार्शनिक और आध्यात्मिक पीठिका पर महाप्रज्ञ का जो नवोन्मेप हुआ है, वह एक अनूठी उपलव्धि हे।

समीक्ष्य पुस्तक एक गभीर ग्रथ है। इसमे दर-पर्त-दर उघाड कर उन्होने जिन तत्त्वो/तथ्यो का साक्षात्कार किया हे, वह सब पाठको के लिए ज्यो का त्यो परोस दिया गया है। अतल स्पर्शी है। विज्ञानसम्मत हे। उनमे रूढि, आग्रह और आडम्बर नही—यह सब चिन्तन उनकी इस कृति मे प्रतिफलित हुआ है। पुस्तक आत्मार्थियो के लिए एक ऐसा दीपक ह, जिसकी वाती पूर्वाग्रहो, तर्को-कुतर्को और मत-वैभिन्य की आधियो मे भी निष्कप वने रहने की क्षमता से सपन्न/समृद्ध है।

प्रेक्षा-ध्यान

प्रत्येक व्यक्ति धर्मसघ मे आत्म कल्याण के उद्देश्य से दीक्षित होता है। दीक्षा के माध्यम से वह अपने इस लक्ष्य को शीघ्र पा सकता हे। दीक्षा यानि साधना। साधना के क्षेत्र मे बिना मार्गदर्शन गति हो पाना कठिन हे। साधना शून्य जीवन मात्र वेशधारी साधुत्व को बढावा देता हे। साधु के भीतर सावुता जगाने मे उसे अपनी आन्तरिक शक्तियो का अहसास कराना होता है, उसके लिए सावना के क्षेत्र मे गति आवश्यक होती हे। युवाचार्यश्री ने प्रेक्षा-ध्यान को सघ के प्रत्येक साधु-साध्वी तक पहुचाने का अनथक प्रयत्न किया है। साधुता का पेरामीटर हे चरित्र। साधना का यह उपक्रम चारित्रिक निष्ठा को बनाये रखने एव वढाने से महत्त्वपूर्ण साबित हुआ है।

बीता हुआ यह वप इस दृष्टि से भी कुछ अमिट रेखाए खीचने मे सफल रहा हे। तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा आयोजित होने वाले सार्वजनिक शिविरो के अतिरिक्त मुमुक्षु वहिनो, अध्यापको, प्रशिक्षको तथा साधु-साध्वियो के शिविरो ने कुछ नई आशाओ को जन्म दिया है। पारमार्थिक शिक्षण सस्था के शिविर से मुमुक्षु वहिनो को एक नई दिशा मिली है, वोध मिला हे, अपने भविष्य को सुखद और जागृत वनाने का मार्ग मिला है। साधु-साध्वियो के एकातवास शिविर का अभिनव प्रयोग भी उनकी तेजस्विता और अध्यात्म निष्ठा को वढाने मे उपयोगी बना है।

जसोल मर्यादा महोत्सव से लेकर उदयपुर तक युवाचार्यश्री से अनेक साधु-साध्वियो ने सम्पर्क किया है, अपनी कठिनाइयो, उलझनो का जिक्र किया

है, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक समस्याओ को एक बच्चे की भाति सरलता से रखा है। युवाचार्यश्री ने उन साधु-साध्वियो को प्रेक्षा-अनुप्रेक्षा के अनेक प्रयोग बतलाए है, उनकी समस्याओ के समाधान के मार्ग सुझाये है, एकातवास के विशिष्ट प्रयोग के दौरान भी अनेक साधु-साध्वियो ने अपनी जटिल आदतो को मिटाने के लिए युवाचार्यश्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। साधु-साध्वियो ने श्रद्धा के साथ उन प्रयोगो को अपना कर अपनी समस्याओ, उलझनो को काफी अशो मे सुलझाया है।

जीवन-विज्ञान

प्रेक्षाध्यान से सबद्ध एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम है जीवन-विज्ञान। अमृत-महोत्सव के इस वर्ष को जीवन-विज्ञान वर्ष घोषित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र मे क्रातिकारी कदम के रूप मे जीवन-विज्ञान चर्चित हुआ है। अनेक सम्मेलन और सगोष्ठियो के माध्यम से जीवन-विज्ञान ने जन चेतना और राजस्थान सरकार को प्रभावित किया। इस वर्ष के अन्त तक यह उपक्रम व्यापक रूप से चर्चित हुआ है। इसकी उपयोगिता मूल्यवत्ता और प्रयोग-धर्मिता पद्धति ने भारतीय समाज का ध्यान अपनी ओर खीचा है। जीवन-विज्ञान से प्राप्त परिणामो से सम्पूर्ण शिक्षा जगत् मे तहलका-सा मचा दिया है। शिक्षा के सन्दर्भ मे आज उस कार्यक्रम को उपयोगी और ग्राह्य माना जाता है जिससे ३३ प्रतिशत सफलता हासिल हो जाए। जीवन-विज्ञान ने ५० से ६० प्रतिशत पोजिटिव (विधायक) परिणाम को प्राप्त कर शिक्षा क्षेत्र के नियताओ को हतप्रभ-सा कर दिया है। शिक्षा-मत्रालय, शैक्षिक सगठनो आदि से सम्बन्ध विद्वानो को जीवन-विज्ञान मे एक नये दर्शन, सत्य का आभास हुआ है। वे जीवन-विज्ञान प्रणाली को शिक्षा के क्षेत्र मे लागू कराने के लिए कृतसकल्प बने है। अनेक शिक्षा शास्त्रियो, उद्भट्ट मनीपियो, शिक्षको का जीवन-विज्ञान के साथ जुडना उसे प्रभावी और सफल बनाने मे योग भूत बनना आलोच्य वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि बन गई है।

महत्त्वपूर्ण घटना

जीवन-विज्ञान का महान् वातावरण निर्मित करने के लिए आलोच्य वर्ष मे कुछ सार्थक प्रयत्न हुए हैं। अखिल भारतीय अणुव्रत समिति के अधि-वेशन पर नई शिक्षा नीति और जीवन-विज्ञान पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। आचार्यश्री तुलसी के सान्निध्य और युवाचार्यश्री के निदेशन मे

हुए इस कार्यक्रम मे गुजरात युनिवर्सिटी के उपकुलपति श्री चिनुभाई नाईक, श्री यशवत भाई शुक्ल, जोधपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष दयानन्द भार्गव आदि ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। उस परिचर्चा के सयोजक भागलपुर युनिवर्सिटी के प्रोफेसर, गाधीवादी विचारक डा० रामजीसिंह ने चर्चा के निष्कर्षो से एक अनुशसा तैयार की। जिसे भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा अनेक शिक्षा शास्त्रियो के विचारार्थ प्रेषित किया गया।

६ नवबर को पचायती राज विभाग राजस्थान सरकार द्वारा 'अनौपचारिक शिक्षा और जीवन-विज्ञान' पर आयोजित सेमिनार का आशातीत सफल होना भी आलोच्य वर्ष की एक महत्त्वपूर्ण घटना है, इस सेमिनार मे पचायत राज मत्री श्री रामपाल उपाध्याय राज्यमत्री महेन्द्र परमार, प्रमुख शिक्षाविद् कालूलाल श्रीमाली, शिक्षा उपसचिव श्री तेजकरण, विधायिका गिरिजा व्यास, मेवाड मडलेश्वर महत श्री मुरली मनोहरशरण आदि अनेक विशिष्ट व्यक्तियो ने आचार्यश्री तुलसी, युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा प्रस्तुत जीवन-विज्ञान को एक सशक्त, रचनात्मक और अपूर्व अभिक्रम के रूप मे स्वीकार किया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का पन्द्रहवा राष्ट्रीय सम्मेलन, उदयपुर (राजस्थान) मे आयोजित हुआ। इस त्रिदिवसीय सगोष्ठी मे दूसरा दिन जीवन-विज्ञान की परिचर्चा के लिए निर्धारित था। ७ फरवरी को पूरे देश से आए हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमेनो एव सचिवो की मीटिंग मे आचार्यश्री, युवाचार्यश्री का वक्तव्य हुआ। नई शिक्षा नीति के सदर्भ मे जीवन-विज्ञान की उपयोगिता पर युवाचार्यश्री के विचार सुनने के बाद अनेक प्रान्तो के शिक्षा बोर्डो के अध्यक्षो, सचिवो ने जीवन-विज्ञान से सबधित सामग्री की माग की। उन्होने कहा—'शिक्षा नीति पर ऐसे प्रभावी और इस प्रकार के विचार सर्वप्रथम सुनने को मिले है।'

१२-१३ फरवरी उदयपुर मे ही राजस्थान विद्यापीठ एव अमृत-महोत्सव राष्ट्रीय समिति द्वारा जीवन-विज्ञान शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। शिक्षा मत्री हीरालाल देवपुरा द्वारा उद्घाटित इस सम्मेलन के पाच सत्रो मे अनेक विद्वानो द्वारा जीवन-विज्ञान पर शोध पत्र पढे गए। जीवन-विज्ञान के उद्देश्य, कार्यक्रम आदि समस्त पक्षो पर युवाचार्यश्री के विचार मुख्य रूप से सामने आए।

जीवन-विज्ञान वर्तमान स्थिति

राजस्थान सरकार द्वारा चयनित २७ स्कूलो मे सम्प्रति जीवन-विज्ञान

है, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक समस्याओ को एक बच्चे की भाति सरलता से रखा है। युवाचार्यश्री ने उन साधु-साध्वियो को प्रेक्षा-अनुप्रेक्षा के अनेक प्रयोग बतलाए है, उनकी समस्याओ के समाधान के मार्ग सुझाये हैं, एकातवास के विशिष्ट प्रयोग के दौरान भी अनेक साधु-साध्वियो ने अपनी जटिल आदतो को मिटाने के लिए युवाचार्यश्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। साधु-साध्वियो ने श्रद्धा के साथ उन प्रयोगो को अपना कर अपनी समस्याओ, उलझनो को काफी अशो मे सुलझाया है।

जीवन-विज्ञान

प्रेक्षाध्यान से सबद्ध एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम है जीवन-विज्ञान। अमृत-महोत्सव के इस वर्ष को जीवन-विज्ञान वर्ष घोषित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र मे क्रातिकारी कदम के रूप मे जीवन-विज्ञान चर्चित हुआ है। अनेक सम्मेलन और सगोष्ठियो के माध्यम से जीवन-विज्ञान ने जन चेतना और राजस्थान सरकार को प्रभावित किया। इस वर्ष के अन्त तक यह उपक्रम व्यापक रूप से चर्चित हुआ है। इसकी उपयोगिता मूल्यवत्ता और प्रयोग-धर्मिता पद्धति ने भारतीय समाज का ध्यान अपनी ओर खीचा है। जीवन-विज्ञान से प्राप्त परिणामो से सम्पूर्ण शिक्षा जगत् मे तहलका-सा मचा दिया है। शिक्षा के सन्दर्भ मे आज उस कार्यक्रम को उपयोगी और ग्राह्य माना जाता है जिससे ३३ प्रतिशत सफलता हासिल हो जाए। जीवन-विज्ञान ने ५० से ६० प्रतिशत पोजिटिव (विधायक) परिणाम को प्राप्त कर शिक्षा क्षेत्र के नियताओ को हतप्रभ-सा कर दिया है। शिक्षा-मत्रालय, शैक्षिक सगठनो आदि से सम्बन्ध विद्वानो को जीवन-विज्ञान मे एक नये दर्शन, सत्य का आभास हुआ है। वे जीवन-विज्ञान प्रणाली को शिक्षा के क्षेत्र मे लागू कराने के लिए कृतसकल्प बने ह। अनेक शिक्षा शास्त्रियो, उद्भट्ट मनीषियो, शिक्षको का जीवन-विज्ञान के साथ जुडना उसे प्रभावी और सफल बनाने मे योग भूत बनना आलोच्य वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि बन गई ह।

महत्त्वपूर्ण घटना

जीवन-विज्ञान का महान् वातावरण निर्मित करने के लिए आलोच्य वर्ष मे कुछ सार्थक प्रयत्न हुए हैं। अखिल भारतीय अणुव्रत समिति के अधि-वेशन पर नई शिक्षा नीति और जीवन-विज्ञान पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। आचार्यश्री तुलसी के सान्निध्य और युवाचार्यश्री के निदेशन मे

हुए इस कार्यक्रम मे गुजरात युनिवर्सिटी के उपकुलपति श्री चिनुभाई नाईक, श्री यशवत भाई शुक्ल, जोधपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष दयानन्द भार्गव आदि ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। उस परिचर्चा के सयोजक भागलपुर युनिवर्सिटी के प्रोफेसर, गाधीवादी विचारक डा० रामजीसिह ने चर्चा के निष्कर्षों से एक अनुशसा तैयार की। जिसे भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा अनेक शिक्षा शास्त्रियो के विचारार्थ प्रेषित किया गया।

६ नवबर को पचायती राज विभाग राजस्थान सरकार द्वारा 'अनौपचारिक शिक्षा और जीवन-विज्ञान' पर आयोजित सेमिनार का आशातीत सफल होना भी आलोच्य वर्ष की एक महत्त्वपूर्ण घटना है, इस सेमिनार मे पचायत राज मत्री श्री रामपाल उपाध्याय राज्यमत्री महेन्द्र परमार, प्रमुख शिक्षाविद् कालूलाल श्रीमाली, शिक्षा उपसचिव श्री तेजकरण, विधायिका गिरिजा व्यास, मेवाड मडलेश्वर महत श्री मुरली मनोहरशरण आदि अनेक विशिष्ट व्यक्तियो ने आचार्यश्री तुलसी, युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा प्रस्तुत जीवन-विज्ञान को एक सशक्त, रचनात्मक और अपूर्व अभिक्रम के रूप मे स्वीकार किया।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का पन्द्रहवा राष्ट्रीय सम्मेलन, उदयपुर (राजस्थान) मे आयोजित हुआ। इस त्रिदिवसीय सगोष्ठी मे दूसरा दिन जीवन-विज्ञान की परिचर्चा के लिए निर्धारित था। ७ फरवरी को पूरे देश से आए हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमेनो एव सचिवो की मीटिंग मे आचार्यश्री, युवाचार्यश्री का वक्तव्य हुआ। नई शिक्षा नीति के सदर्भ मे जीवन-विज्ञान की उपयोगिता पर युवाचार्यश्री के विचार सुनने के बाद अनेक प्रान्तो के शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षो, सचिवो ने जीवन-विज्ञान से सबधित सामग्री की माग की। उन्होने कहा—'शिक्षा नीति पर ऐसे प्रभावी और इस प्रकार के विचार सर्वप्रथम सुनने को मिले है।'

१२-१३ फरवरी उदयपुर मे ही राजस्थान विद्यापीठ एव अमृत-महोत्सव राष्ट्रीय समिति द्वारा जीवन-विज्ञान शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। शिक्षा मत्री हीरालाल देवपुरा द्वारा उद्घाटित इस सम्मेलन के पाच सत्रो मे अनेक विद्वानो द्वारा जीवन-विज्ञान पर शोध पत्र पढे गए। जीवन-विज्ञान के उद्देश्य, कार्यक्रम आदि समस्त पक्षो पर युवाचार्यश्री के विचार सुन्दर रूप से सामने आए।

जीवन-विज्ञान : वर्तमान स्थिति

राजस्थान सरकार द्वारा चयनित २७ स्कूलो मे [illegible] जीवन-विज्ञान

का क्रम चल रहा है। राजस्थान शैक्षिक अनुसधान एव प्रशिक्षण सस्थान उदयपुर एव तुलसी अध्यात्म नीडम् जैन विश्व भारती के सयुक्त तत्वावधान मे इस कार्य की व्यवस्था तथा गति-प्रगति का जायजा निरतर लिया जा रहा है। इन दोनो सस्थाओ द्वारा इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए अध्यापको के दो शिविरो का आयोजन भी किया। आचायश्री के सान्निध्य तथा युवाचार्यश्री के निदेशन मे लगे इन शिविरो मे प्रत्येक विद्यालय से दो-दो अध्यापको ने भाग लिया। इन शिविरो मे प्रशिक्षित अध्यापक अपनी-अपनी स्कूल मे चुने गए विद्यार्थियो मे जीवन-विज्ञान के प्रयोग चला रहे ह। विद्यार्थी मे होने वाले प्रभावो, परिणामो की रिपोट भी प्रतिमास दे रहे हैं। इन स्कूलो मे जीवन-विज्ञान कार्यक्रम लगभग आठ महीनो से चल रहा है। इन आठ महीनो के दरम्यान युवाचार्यश्री का कुछेक विद्यालयो मे सहज रूप से पदापण हुआ। उदयपुर, भीण्डर, वल्लभनगर राजसमद आदि क्षेत्रो के बच्चो ने जीवन-विज्ञान के प्रयोगो से होने वाले अनुभवो का जिक्र किया।

जीवन-विज्ञान का प्रभाव

युवाचायश्री से वार्तालाप के अनन्तर विद्यार्थियो ने कहा—हमे यह कायक्रम थोपा हुआ जैसा नही लग रहा है। जीवन-विज्ञान के प्रयोग हमे बहुत ही अच्छे लगते हे।' कुछ विद्यार्थियो ने कहा—'हमारी विस्मृति की आदत कम हुई है। हमारा क्रोध कम हुआ है तनाव नही रहता ह पटने मे मन पहले से ज्यादा लगता है, एकाग्रता पहले से ज्यादा बटी है।' आदि-आदि।

कुछ उग्र प्रकृति के विद्यार्थियो के अभिभावको ने अध्यापको से कहा—मास्टर साहब ! क्या बात है ? पहले हमारे बच्चे घर आते थे उससे पूर्व पाच-सात शिकायते पहुच जाती थी, आजकल एक भी नही आती, आपने उन पर क्या जादू कर दिया है?' अध्यापको का सविस्मय उत्तर था—यह सब जीवन-विज्ञान का प्रभाव है।

विद्यार्थी अभिभावक के बाद अध्यापको की प्रतिक्रिया कुछ इस प्रकार रही। उन्होने कहा—'जीवन-विज्ञान के प्रयोग मे बच्चे कितना क्या भला कर पाएगे ? हम नही कह सकते किंतु इन प्रयोगो से हमे जो राहत मिली ह शान्ति का अनुभव हुआ है वह रोमाचक ह। इन प्रयोगो से गुजरने के बाद हमे हमारा परिवार, हमारा स्वास्थ्य, हमारी आदते सब कुछ बदला-बदला सा नजर आ रहा ह, हमे विश्वास है कि हमारा भविष्य निश्चित ही शान्ति और आनन्द

से भरा-पूरा होगा ।'

महाप्रज्ञ का अवदान

विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक इस त्रिकोण को सतुष्ट एव प्रभावित कराने वाला यह उपक्रम युवाचार्यश्री की एक महत्त्वपूर्ण देन बनकर उभरा है। आचार्यश्री तुलसी के शासनकाल के पचासवे वर्ष की इस अनुपम उपलब्धि का मूल्याकन अभी शेष है। बुद्धिजीवियो, वकीलो, डॉक्टरो, वैज्ञानिको एव नास्तिको की आस्था को प्राप्त करने वाला यह उपक्रम युग के लिए वरदान बना है। अनेक असहाय, दु खी, तनावग्रस्त व्यक्तियो को सुखद नियति का सृजन करने वाला यह सजीवन तेरापथ की धरोहर-थाती बन गया है। महाप्रज्ञ का यह अवदान महाप्रज्ञ का नही समूचे सघ का है। महाप्रज्ञ की प्रज्ञा से नि सृत यह अमृत न केवल सघ के लिए अपितु सपूर्ण मानवजाति के लिए है। इसकी रक्षा, वृद्धि एव विकास मे अपने कर्तृत्व को समर्पित करना अपने ही भविष्य को सुरक्षित, विकासी और आनन्ददायी बनाना है।

अमृत-महोत्सव

आचार्यश्री तुलसी ने अपने शासनकाल के पचासवे वर्ष को अमृत-महोत्सव के रूप मे मनाने की स्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की थी कि मुझे निमित्त बनाकर मनाया जाने वाला उत्सव आयोजन प्रधान नही होकर, रचनात्मक होगा। युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ के नेतृत्व मे चतुर्विध धर्मसघ अपने आचार्य के इगित को पूरा करने के लिए तत्पर बना। अमृत महोत्सव कहा मनाया जाए ? कैसे मनाया जाए, उसमे क्या-क्या कार्यक्रम होने चाहिए ? आदि का सारा भार युवाचार्यश्री के कन्धो पर था, जिसका उन्होने कुशलता-पूर्वक निवहन किया है।

आचार्यश्री तुलसी की तिलकभूमि गगापुर मे मुख्यमत्री हरिदेव जोशी की उपस्थिति मे उद्घाटित अमृत महोत्सव का प्रारभ अमृत कलश पद यात्रा से हुआ। इस रचनात्मक अभिक्रम के तहत हजारो सकल्प पत्र भरे गए। दहेज, मिलावट, अस्पृश्यता, मद्यपान आदि के खिलाफ जन-चेतना जागृत हुई है। साम्प्रदायिक सौहार्द का सशक्त वातावरण बना है। स्वस्थ समाज रचना की दृष्टि से इसे महत्त्वपूर्ण उपक्रम कहा जा सकता है।

रचनात्मक अभिक्रम

आचार्यश्री तुलसी के सार्वजनिक, सघीय अभिनन्दन समारोह का

पृथक् रहना पडा है। युवाचार्यश्री की आचार्यश्री से पृथक् यात्राओ का सक्षिप्त लेखा-जोखा यहा प्रस्तुत किया जा रहा है—

देवगढ—आसीद

अमृत-महोत्सव का ऐतिहासिक अवसर उपलब्ध हुआ है मेवाड की पावन भूमि को। तिलकभूमि के नाते निश्चय ही इसका उसे अधिकार भी है। आचार्यवर अपने गौरवशाली शासनकाल के पचासवे वर्ष मे प्रवेश करने जा रहे है। ज्यो-ज्यो महोत्सव की समीपता आ रही थी, सभी मे कार्य की सक्रियता और उत्कण्ठा बढती जा रही थी, इसलिए युवाचार्यवर कुछ विशेष कार्यों को सम्पादित करने हेतु कुछ समय के लिए देवगढ रहे। साहित्य का काम जितनी सुगमता से एक स्थान पर हो सकता है, उतना यात्रा मे नही होता। युवाचार्यश्री ने मुख्य रूप से आचार्यवर की जीवनी लिखने का काय अपने हाथो मे लिया है। इस जीवनी के दो रूप है—एक सक्षिप्त तो दूसरा विस्तृत। इस प्रवास मे उनकी लेखनी द्वारा सक्षिप्त रूप ही लिखा गया है।

इस प्रवास काल मे युवाचायश्री का प्रात कालीन समय ज्ञान की आराधना मे बीतता, दोपहर का पठन-पाठन तथा जिज्ञासाओ के समाधान मे तथा रात्रि का जनता के लिए नए-नए विषय तथा आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत प्रवचन देवगढ की जनता, विशेषकर बौद्धिक वग के लिए आकर्षण के केन्द्र थे। इस प्रवास के दौरान प्रात कालीन प्रवचन मुनिश्री सुमेरमल 'सुदशन', प्रेक्षा अभ्यास मुनिश्री किशनलाल तथा ज्ञानशाला का कार्य मुनिश्री धर्मेन्द्रकुमार ने सभाला। २० माच को मुनिश्री श्रीचद द्वारा प्रस्तुत अवधान विद्या के प्रयोग बडे ही प्रभावोत्पादक रहे। स्वय देवगढ के राव साहव श्री नाहरसिंह ने इसमे विशेष दिलचस्पी ली। प्रतिदिन युवाचायश्री के रात्रि मे निम्न विषयो पर सावजनिक प्रवचन हुए।

दिनाक	विषय	विषय प्रवेश
१५ माच	हम क्या जीते है ?	मुनि सुखलालजी
१६ माच	मानसिक तनाव कारण और निवारण	मुनि लोकप्रकाशजी
१७ माच	भारतीय सस्कृति के मूल तत्त्व	मुनि धनजयजी
१८ माच	वतमान युग मे शिक्षा	मुनि सुखलालजी
		मुनि किशनलालजी
१९ माच	गीता और जैन धम	मुनि किशनलालजी

पृथक् रहना पडा है। युवाचार्यश्री की आचार्यश्री से पृथक् यात्राओ का सक्षिप्त लेखा-जोखा यहा प्रस्तुत किया जा रहा है—

देवगढ—आसींद

अमृत-महोत्सव का ऐतिहासिक अवसर उपलब्ध हुआ है मेवाड की पावन भूमि को। तिलकभूमि के नाते निश्चय ही इसका उसे अधिकार भी है। आचार्यवर अपने गौरवशाली शासनकाल के पचासवे वर्ष मे प्रवेश करने जा रहे है। ज्यो-ज्यो महोत्सव की समीपता आ रही थी, सभी मे कार्य की सक्रियता और उत्कण्ठा वढती जा रही थी, इसलिए युवाचायवर कुछ विशेष कार्यो को सम्पादित करने हेतु कुछ समय के लिए देवगढ रहे। साहित्य का काम जितनी सुगमता से एक स्थान पर हो सकता है, उतना यात्रा मे नही होता। युवाचार्यश्री ने मुख्य रूप से आचायवर की जीवनी लिखने का कार्य अपने हाथो मे लिया है। इस जीवनी के दो रूप है—एक सक्षिप्त तो दूसरा विस्तृत। इस प्रवास मे उनकी लेखनी द्वारा सक्षिप्त रूप ही लिखा गया है।

इस प्रवास काल मे युवाचायश्री का प्रातकालीन समय ज्ञान की आराधना मे बीतता, दोपहर का पठन-पाठन तथा जिज्ञासाओ के समाधान मे तथा रात्रि का जनता के लिए नए-नए विषय तथा आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत प्रवचन देवगढ की जनता, विशेषकर बौद्धिक वग के लिए आकषण के केन्द्र थे। इस प्रवास के दौरान प्रातकालीन प्रवचन मुनिश्री सुमेरमल 'सुदर्शन', प्रेक्षा अभ्यास मुनिश्री किशनलाल तथा ज्ञानशाला का काय मुनिश्री धर्मेन्द्रकुमार ने सभाला। २० मार्च को मुनिश्री श्रीचद द्वारा प्रस्तुत अवधान विद्या के प्रयोग वडे ही प्रभावोत्पादक रहे। स्वय देवगढ के राव साहब श्री नाहरसिंह ने इसमे विशेष दिलचस्पी ली। प्रतिदिन युवाचायश्री के रात्रि मे निम्न विषयो पर सावजनिक प्रवचन हुए।

दिनाक	विषय	विषय प्रवेश
१५ माच	हम क्या जीते हैं ?	मुनि सुखलालजी
१६ माच	मानसिक तनाव कारण और निवारण	मुनि लोकप्रकाशजी
१७ माच	भारतीय सस्कृति के मूल तत्व	मुनि धनजयजी
१८ मार्च	वतमान युग मे शिक्षा	मुनि सुखलालजी मुनि किशनलालजी
१६ मार्च	गीता और जैन धर्म	मुनि किशनलालजी

आयोजन भी प्रशस्तिपूर्ण नहीं था किन्तु उससे भी कुछ रचनात्मक अभिक्रमों ने जन्म लिया। तप आराधना की दृष्टि से तपस्याएं, आयंबिल आदि का व्यवस्थित एव दीर्घकालीन उपक्रम, श्रुत आराधना की दृष्टि से जैन विद्या परिषद् की समायोजना, तत्वज्ञान के विकास का प्रयत्न, चारित्राराधना की दृष्टि से साधु-साध्वियों का नवाह्निक शिविर, आदत परिवर्तन की दृष्टि से प्रेक्षाध्यान के प्रति सघन आस्था को जन्म देना ये सारे उपक्रम अमृत-महोत्सव की रचनात्मक उपलब्धियां बन पाई है।

संघीय दृष्टि से श्रावक सम्मेलन का आयोजन भी एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुआ है। जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में सौहार्द, सांवत्सरिक एकता एव एक मंच के निर्माण की प्राग्-भूमिका बनाने में जैन समन्वय सम्मेलन का महत्त्व भी असंदिग्ध है। विश्वशान्ति की दृष्टि से शान्ति यात्रा, अहिंसा सार्वभौम, अणुशस्त्रों के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान भी अमृत-महोत्सव के रचनात्मक रूप को उभारने में बहुत उपयोगी सिद्ध हुए है।

आचार्य तुलसी के बहुमुखी व्यक्तित्व को निखारने में आचार्य तुलसी जीवन दर्शन प्रदर्शनी एव उनके कर्तृत्व को अभिव्यक्ति देने में राष्ट्रपति जैलसिंह द्वारा भारत ज्योति का अलंकरण भी उनके प्रति मानव समाज की मात्र श्रद्धाभिव्यंजना है।

आचार्यश्री तुलसी अमृत-महोत्सव के प्रथम, द्वितीय, एव तृतीय चरण का प्रभावी ढंग से संपन्न हो जाना युवाचार्यश्री की सूझबूझ का निदर्शन है, आचार्य तुलसी की मानवीय, संघीय सेवाओं का सामयिक मूल्यांकन है।

पृथक् यात्राएं

आचार्यश्री महान् परिव्राजक है। उन्होंने यात्रा के संदर्भ में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य होता है स्वीकृत व्रत का सम्यक् पालन। स्व-कल्याण और जन-कल्याण दोनों ही दृष्टियों से प्रत्येक साधु परिव्रजन करता है। आचार्यश्री की प्रस्तुत यात्रा का मुख्य उद्देश्य मेवाड़ में व्याप्त बुराइयों के प्रति जन-चेतना जागृत करना और मेवाड़ में रहने वाले जैन परिवारों का सम्यक् मार्गदर्शन करना रहा है। मेवाड़ के २०० ग्रामों में तेरापथ को मानने वाले परिवार रहते है। उन्हें इतने स्वल्प समय में संभालना एक दुष्कर कार्य था। इस कार्य को सहज बनाने के लिए आचार्यश्री ने अनेक ऐसे क्षेत्रों में युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ को भेजा, जहां उनका जाना संभव नहीं हो पाया। युवाचार्यश्री को साहित्य एव साधना की दृष्टि से भी आचार्यवर से

पृथक् रहना पडा है। युवाचार्यश्री की आचार्यश्री से पृथक् यात्राओ का सक्षिप्त लेखा-जोखा यहा प्रस्तुत किया जा रहा है—

देवगढ—आसीद

अमृत-महोत्सव का ऐतिहासिक अवमर उपलब्ध हुआ है मेवाड की पावन भूमि को। तिलकभूमि के नाते निश्चय ही इसका उसे अधिकार भी है। आचार्यवर अपने गौरवशाली शासनकाल के पचासवे वप मे प्रवेश करने जा रहे है। ज्यो-ज्यो महोत्सव की समीपता आ रही थी, सभी मे कार्य की सक्रियता और उत्कण्ठा वढती जा रही थी, इसलिए युवाचार्यवर कुछ विशेष कार्यो को सम्पादित करने हेतु कुछ समय के लिए देवगढ रहे। साहित्य का काम जितनी सुगमता से एक स्थान पर हो सकता है, उतना यात्रा मे नही होता। युवाचार्यश्री ने मुख्य रूप से आचार्यवर की जीवनी लिखने का काय अपने हाथो मे लिया है। इस जीवनी के दो रूप है—एक सक्षिप्त तो दूसरा विस्तृत। इस प्रवास मे उनकी लेखनी द्वारा सक्षिप्त रूप ही लिखा गया है।

इस प्रवास काल मे युवाचायश्री का प्रात कालीन समय ज्ञान की आराधना मे बीतता, दोपहर का पठन-पाठन तथा जिज्ञासाओ के समाधान मे तथा रात्रि का जनता के लिए नए-नए विषय तथा आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत प्रवचन देवगढ की जनता, विशेपकर बौद्धिक वग के लिए आकषण के केन्द्र थे। इस प्रवास के दौरान प्रात कालीन प्रवचन मुनिश्री सुमेरमल 'सुदर्शन', प्रेक्षा अभ्यास मुनिश्री किशनलाल तथा ज्ञानशाला का काय मुनिश्री धर्मेन्द्रकुमार ने सभाला। २० माच को मुनिश्री श्रीचद द्वारा प्रस्तुत अवधान विद्या के प्रयोग वडे ही प्रभावोत्पादक रहे। स्वय देवगढ के राव साहव श्री नाहरसिह ने इसमे विशेप दिलचस्पी ली। प्रतिदिन युवाचायश्री के रात्रि मे निम्न विपयो पर सावजनिक प्रवचन हुए।

दिनाक	विषय	विषय प्रवेश
१५ माच	हम क्या जीते है ?	मुनि सुखलालजी
१६ माच	मानसिक तनाव कारण और निवारण	मुनि लोकप्रकाशजी
१७ माच	भारतीय सस्कृति के मूल तत्त्व	मुनि धनजयजी
१८ माच	वर्तमान युग मे शिक्षा	मुनि सुखलालजी
		मुनि किशनलालजी
१६ मार्च	गीता और जैन धम	मुनि किशनलालजी

२० माच धम और विज्ञान मुनि लोकप्रकाशजी
२१ मार्च वतमान समाज और राष्ट्रीय चरित्र मुनि राजेन्द्रकुमारजी

देवगढ के नवदिवसीय लाभकारी प्रवास पूर्ण कर २३ को युवाचार्यश्री ने भीम के लिए प्रस्थान किया। नाल, कूकरखेडा आदि का स्पर्श करते हुए २६ मार्च को भीम पधार गये। भीम मे दो दिन रुकने का कार्यक्रम था, पर आचार्यवर की अस्वस्थता (घुटनो मे दर्द) और विशेप निर्देश के कारण वैसा सभव न हो सका। जो पथ, आचायवर का पहले से निर्धारित था, उस पथ से युवाचाय की यात्रा का कार्यक्रम वन गया। जो पथ, युवाचायश्री के लिए निर्धारित था, उस पथ से आचायश्री प्रस्थित हो गये। युवाचार्यश्री के पूर्व मार्ग के वदले जाने तथा परिवर्तित माग से जाने से पचास किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर पडा। भीम से मागवर्ती ग्रामो मे विहार करते हुए २८ को वदनोर पधार गये।

प्राचीन एव ऐतिहासिक वदनोर क्षेत्र मे युवाचार्यश्री का भावभीना स्वागत किया गया। स्वागत कायक्रम का सयोजन श्री पारसमल राका ने किया। युवाचार्यश्री का दिनभर का प्रवास उच्च माध्यमिक कन्या पाठशाला मे रहा। दिनभर लोगो का ताता सा लगा रहा। मध्याह्न मे अध्यापक-अध्यापिकाओ के वीच जीवन-विज्ञान के सवध मे चर्चा चली। सभी ने इस विषय मे समुचित जानकारी प्राप्त की। रात्रि मे जीवन-विज्ञान के प्रयोग और उसके सैद्धान्तिक पक्ष पर विस्तार से चर्चा की गई। २९ मार्च को युवाचार्य-वर का विहार शभुगढ की ओर हो गया। माग मे कुछ समय के लिए जेतगढ और दुलहपुरा रुकते हुए लगभग ग्यारह वजे शभूगढ पधार गये। रात्रि मे युवाचायश्री का विशेप प्रवचन हुआ, जिसमे धम के विविध आयामो पर विस्तृत चर्चा की गई। ३० माच को जयनगर और जगपुरा का स्पर्श करते हुए युवाचायश्री पडासली पधार गये। स्थानीय जनता ने उपासना और धर्म प्रवचनो का पूरा-पूरा लाभ लिया।

३१ मार्च का दिन ऐतिहासिक दिन था। वाईस वर्प पूव आचायश्री आसीन्द पधारे थे, किन्तु उस समय मुनि नथमल युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ नही थे। आज आचार्यश्री के साथ युवाचार्यश्री को पाकर आसीद की धरती पुन एक नए इतिहास का सजन कर रही थी। आज युवाचार्यश्री छह किलोमीटर का विहार कर ज्यो ही मजिल के समीप आए, तो देखा आचार्यश्री, युवा-चार्यश्री के सामने आ रहे हैं। कितना मनमोहक था वह दृश्य गुरु और शिष्य

के सम्मिलन का। दोनो महापुरुषो के इस भरत-मिलाप को हजारो नर-नारियो ने देखा। आचार्यश्री ने युवाचार्यश्री की पीठ थपथपाते हुए उन्हे अपनी छाती से लगा लिया और एक मधुर मुस्कान भरते हुए आने वाले सभी को तरोताजा बना दिया। अपने वात्सल्य को उडेलते हुए आचार्यवर ने कहा—महाप्रज्ञ! तुम महा यात्रा कर आए। युवाचार्यश्री की इस अघोषित प्रभावी, सक्षिप्त यात्रा से मार्गवर्ती लोगो को प्रेक्षा-ध्यान, अणुव्रत के बारे मे सम्यक् अवगति मिली। युवाचार्यश्री के सारगर्भित प्रवचनो से मार्गवर्ती गावो के लोग केवल प्रभावित ही नही हुए अपितु उनके भीतर श्रद्धा एव आस्था का भाव भी अकुरित हुआ।

लावासरदारगढ—रेलमगरा

युवाचार्यश्री, आचार्यश्री से पृथक् विहार कर दिनाक ३० ११ ८५ को बणोल पहुचे। वहा पर तेरापथी समाज के अतिरिक्त स्थानीय सरपच आदि सभ्रान्त नागरिको ने युवाचार्यश्री का स्वागत किया। रात्रि मे 'कैसे बदले' विषय पर युवाचार्यश्री प्रवचन हुआ।

१ दिसम्बर/युवाचार्यश्री सुबह तासोल और शाम को भाणा पहुचे। दोनो ही ग्राम के नागरिक युवाचार्यश्री के अल्प प्रवास से लाभान्वित हुए।

२ दिसबर को युवाचार्यश्री आचार्य भिक्षु बोधि-स्थल मे पधारे। श्री धर्मेश मादरेचा ने सपत्नीक ब्रह्मचर्यव्रत स्वीकार कर युवाचार्यश्री का स्वागत किया। राजनगर के नागरिको की ओर से डा० मधुसुदन पाण्ड्या ने युवाचार्य श्री का स्वागत किया। कन्या मण्डल, महिला मण्डल, युवक परिषद् आदि सस्थाओ ने भी कार्यक्रम मे अपने विचार व्यक्त किए। रात्रि को युवाचार्यश्री का प्रेक्षाध्यान पर विशेष प्रवचन हुआ। कार्यक्रम का सयोजन श्री सागरमल कावडिया ने किया।

युवाचार्यश्री स्थानीय जनता के आग्रह पर अगले दिन भी राजनगर मे ही विराजे। रात्रि मे कार्यक्रम से पूर्व बाल-साधुओ की एक गोष्ठी आयोजित की। बाल साधु अपने जीवन-स्तर को किस प्रकार प्रभावी और उन्नत बनाए। इनके लिए युवाचार्यश्री ने कुछ महत्त्वपूर्ण शिक्षाए दी। उसी समय वक्तृत्व कला के विकास के लिए बाल-साधुओ को प्रेरित करते हुए युवाचार्यश्री ने कुछ साधुओ को वक्तव्य, सगीत आदि मे गति करने का निर्देश दिया। रात्रि मे मुनि श्री किशनलाल, मुनिश्री राजेन्द्र कुमार, मुनिश्री धर्मेन्द्र कुमार,

मुनिश्री धनजयकुमार, मुनिश्री लोकप्रकाश, ने युवाचार्यश्री द्वारा प्रदत्त विषय पर अपने-अपने विचार रखे। मुनिश्री विनाद कुमार, मुनिश्री ऋषभकुमार ने मगीत प्रस्तुत किया। सप्तर्षि के कायक्रम के पश्चात् युवाचार्यश्री का "धर्म क्यो जरूरी" विषय पर प्रवचन हुआ।

४ दिसबर को प्रात राजनगर से विहार कर युवाचार्य ने अणुव्रत प्रवक्ता देवेन्द्रकुमार कर्णावट के निवास स्थान पर कुछ देर प्रवास किया। वहा से प्रात ८ ३० वजे युवाचायश्री ने तुलसी सावना शिखर के लिए प्रस्थान किया। राजनगर, काकरोली के मध्य राजसमद झील के किनारे पहाडी पर स्थित यह सुरम्य स्थान एक अध्यात्म योगी को अपने बीच पा पुलकित, प्रसन्न हो उठा। इस स्थान की रमणीयता, पवित्रता, सुन्दरता और चित्ताकर्षक हवा प्रत्येक व्यक्ति को सहज रूप से आकृष्ट कर रही थी। आस-पास के ग्रामो से आए हुए सैकडो व्यक्तियो के प्रसन्न चेहरे इसके स्वयभू साक्ष्य थे। एक ओर आदिनाथ भगवान ऋषभ का मदिर, और आचाय भिक्षु बोधिस्थल तथा दूसरी ओर काकरोली मे द्वारिकाधीश का पवित्र धाम मध्य मे अवस्थित यह साधना शिखर आज युवाचार्य महाप्रज्ञ के आगमन से तपोभूमि जसा लग रहा था।

स्वागत समारोह कार्यक्रम मे तुलसी साधना शिखर पर लम्बे समय से सावनारत मुनिश्री शुभकरण ने कहा—"युवाचार्यश्री इससे पहले दो वप पूव भी आचायश्री के साथ यहा पधारे थे। लेकिन उस समय इस साधना शिखर का रूप एक नवजात शिशु जैसा था। और आज वह किशोरावस्था मे पादन्यास कर चुका हे। उसका शारीरिक कलेवर विशाल और सुन्दर लग रहा है लेकिन उसमे प्राण सचार होना अभी शेप हे। मेरा विश्वास ह कि युवाचायश्री का सान्निध्य उसमे आध्यात्मिक प्राण भरने मे सफल होगा।"

